श्री

हिदायतनामः मालगुज़ारी

मज़ारिय मुमालिक मग़रबी व शिमाली

जो कि सन् १८६४ ई० इलाहाबाद में दुरुस्त होकर

तब्अ हुआ है

उरदू से नागरी में तरजुमः होकर

बमूजिब फ़रमायश पंडित माधोराव साहब तहसील्दार तिरवाह ब पंडित गोबिन्दरा

ब साहब तहसील्दार रवदोह ब तहरीक मुन्शी देबीपरशाद साहब साबिक़ तहसी

ल्दार बदयूल्हाल सैदनपूर ज़िला गाज़ीपूर

बतवज्जः व क़दर दानी

जनाब साहब डिपटी कमिश्नर बहादुर ज़िला नमाड़ दाम इक़बालहू

वास्ते नफ़ा अवाम व ख़वास मख़सूस मुल्क नागपूर व मुमालिक मग़रबी

व शिमाली व अवध वग़ैरः अहदः दारान व तअल्लुक़दारान

मतबा मुन्शी नवलकिशोर में छापागया

सि. ७ मा होस. सन् १८६८ ई०

॥हिदायतनामा मालगुज़ारी॥

॥पहिली फ़स्ल॥

॥बतौर मुक़द्दमः के॥

दफ़ा १ बमूजिब क़वायद हिन्दोस्तानी सरकारों के ज़र आमदनी जो उनको ज़मी मिलता है हक़ीक़त में लगान ।।लगान उसे कहते हैं जो काश्तकार मालिक को देता है और उसको त और लगती और ज़र भेज भी कहते हैं ।। है इस वास्ते कि सिवाय मुक़द्दमात ख़ास ठेक: जागीर के हिन्दोस्तानी सरकारें अपनी तलबी नक़दी हो ख़्वाह बटाई असिल तकार से किया करते हैं मालिक हो या न हो और जो कुछ फ़ायदह क़लील व के मुहतमिम को मिलता है वह हक़ मिलकियत नहीं बल्कि बतौर हक़्क़ुलसई दिया जाता है मुमालिक मुतअल्लिक़े अहातः बंगालः में यह दस्तूर यहांतक मुब्दल ा है कि सब कहीं ठेक:जात मालगुज़ारों के साथ किये गये और बन्दोबस्त नरम जवीज़ हो के उसकी जमा बहुत मुद्दत तक ख़्वाह दवाम के वास्ते मुक़र्रर हुई रमालिकों को अख़्तियार दिया गया है कि जमा मुक़र्रर: के ऊपर और जो कुछ ज़ल वसूल कर सकें उसको अपने सर्फ़ में लावें इस सूरत में ज़र मालगुज़ारी लगा रा न रहा बल्कि उसका एक हिस्सा हक़ सरकार याने जमा ठहरा ॥

दफ़ा २ जिस जगह यह जमा इस्तिमरारी मुक़र्रर हुई जब तक मालगुज़ार उसको बर अदा करते रहें सरकार को तरक़्क़ी ज़िराअत से अपनी जमा के ज़्याद: होने की कु ाविक़: नहीं है मगर जिस जगह कि जमा सिर्फ़ एक मीआद के वास्ते मुक़र्रर हुई और तके मुनक़ज़ी होने पर कमी या बेशी जमा हो सकती है वहां अलबत्ता तरक़्क़ी ज़िरा त और ज़्यादती तरद्दुद से सरकार की बड़ी ग़रज़ है इस वास्ते कि ज़िराअत के हाल जमा की तरक़्क़ी या तनज़्ज़ुल मुमकिन है ग़रज़ जिस ज़िले में बन्दोबस्त इस्तमरारी हुआ साहब कलक्टर महज़ ख़िराज मुक़र्रर के तहसील ने वाले शुमार हो सकते हैं और जहां बन्दोब मीआद के वास्ते हुआ हो साहब कलक्टर को बड़े इलाक़े का मुहतमिम और मुन्तज़िम

समझना चाहिये॥ ❋

दफ़ा ३ फिर मिलकियत ज़मीन के तरीकों से मुमकिन है कि साहब कलक्टर के काम में एक और ख़ासियत पैदा हो मुमालिक मग़रबी और शिमाली में अकसर वक़्त अलहिद: अलाहिद: मालिकों के साथ अपनी अपनी मिलकियत का बन्दोबस्त नहीं हुआ बल्कि जिस हालत में कई पट्टीदार बाज़ आराज़ी में शिरकत रखते हैं वहां सिर्फ़ उनके कायम मुक़ाम ।।यानेलम्बरदार या सदर मालगुज़ार।। से तासील बन्दोबस्त की हुई ऐसे देहात के पट्टीदार अगर्चि बहुत हों मगर अपने अपने ख़ास रस्म व रवाज से एक गिरह में बंधे और अपने दस्तूरात से मुनाफ़ा की तक़सीम आपस में करते और इस वास्ते अदाय मालगुज़ारी सरकार के भी ज़िम्मेदार रहिते हैं ऐसे देहात के रवाज के मुवाफ़िक़ हर एक पट्टीदार अव्वल तो अपने अपने हिस्से: की जमा का ज़िम्मादार है लेकिन जो कोई पट्टीदार भाग जावै या मुफ़लिस हो जावै तो तमाम गांव उस्की बाक़ी के वास्ते बिलइज्माल ज़िम्मेदार होगा लिहाज़ा बसा औक़ात साहब कलक्टर को ऐसे मुक़द्दमात का फ़ैसला करना पड़ता है जो वाक़ै में लायक़ तजवीज़ अदालत दीवानी के हैं अलबत्ता जब तक जमा सरकार क़रार वाक़ई अदा होती रहै साहब कलक्टर को मदाखिलत का अख़्तियार नहीं है गांव में ख़्वाह एक ही शख़्स मालिक हो या हिस्सेदारों की एक जमाअत व: बेबाक़ रहने से अपने तईं इस ल: माल की दस्तअन्दाज़ी से बचा सकते हैं लेकिन जिस वक़्त बाक़ी पड़े तो साहब कलक्टर को मदाखिलत करनी ज़रूरियात से होती है क्योंकि उनको यह ठहराना पड़ता है कि मिन्जुम्ल: कई पट्टीदारों के किस किस शख़्स के ज़िम्म: बाक़ी वाजिब है और जिस हालत में असल बाक़ीदार से वसूल ग़ैर मुमकिन हो तब यह बात तजवीज़ करनी होती है कि जिस सूरत में कुल शुरकाय ऐसी बाक़ी के ज़िम्म:दार हो सकते हैं और तमाम गांव से किस हाल में और किस तदबीर से इस बाक़ी का वसूल करना चाहिये ॥❋

दफ़ा ४ इन दो ख़ासियतों ।।याने ख़ासियतें मज़कूरह दफ़आत २ और ३ से।। से ज़ाहिर है कि साहब कलक्टर अगर अपना काम बख़ूबी अनजाम किया चाहें तो ज़रूर है कि जितने तारीक़े मिलकियत और जितने दस्तूरात इस ज़िला के देहात में जारी हैं उनसे बख़ूबी वाक़िफ़ हों और जिन बातों से रिआया के हक़ूक़ और अहवाल में असर होता है उनसे भी आगाही रक्खै॥

दफ़ा ५ यह किताब इस वास्ते तस्नीफ़ की गई कि साहिबान कलक्टर असूरात मज़कूर: के अन्जाम में हिदायत और इस्तआनत पावें और कलक्टर माल के ओहद: से बहुत और काम जो मुतअल्लक़ हैं उस्के मुताला से उन्के अन्जाम में भी इआनत हो ॥❋

दफ़ा ६ साहब कलक्टर के काम में पांच सूरतें हैं जिन्के अनजाम के वास्ते पांच तर:

का अख़्तियार उनको हासिल है चुनांचि आसानी और तरतीब के लिये हरएक का बयान अलाहिदः अलाहिदः होगा तफ़सील उस्की यह है अव्वल साहब कलक्टर माल गुज़ारी के तहसील नेवाले हैं दोयम ज़िला की मिलकियत ज़मीन के जस्टरी करनेवाले सोम ज़मींदार और रिआया के दरमियान मुनसफ़ हैं चहारुम अदालत दीवानी के बाज़ क़िसम के फ़ैसलों के जारी करनेवाले पंजुम ज़िला के ख़ज़ाना और हिसाब किताब के रखने वाले ॥

दफ़ा ७ इन मरातिब की तफ़्तीश शुरू करने से पहले ज़रूर है कि ज़िक्र अमलः और अफ़सरों का जो उस काम के अंजाम के लिये उनके सिपुर्द हैं किया जाय अगर लिहाज़ कीजिये तो मालूम होगा कि यह अमलः कुछ थोड़ा नहीं बल्कि बहुत है और इस तरतीब और इन्तज़ाम से है कि अगर ब तदबीर मुनासिब उन्से काम लिया जावे तो ख़ूब काम चले ॥

दफ़ा ८ मुक़ाम सदर में हर साहब कलक्टर के पास एक डिपटी कलक्टर मुतअहिद और एक असिसटंट और एक दो डिपटी कलक्टर ग़ैर मुतअहिद मुअैयन हैं और उनकी कचहरी में एक सरिश्तेदार और कई मुहर्रिर और मुतसद्दियान हिसाब और मुहाफ़िज़ दफ़्तर और ख़ज़ानची और अमलः नज़ारत और कई किरानी हाज़िर रहते हैं ॥

दफ़ा ९ ज़िले में जा बजा मुक़ामात मुनासिब में एक तहसीलदार ब मुशाहिरे कसीर मुक़र्रर है कि वह एक या कई परगनह का यहतिमाम करता है और उसके नीचे एक तहसीलदार और कई मुहर्रिर और चपरासी ब क़दर ज़रूरत रहते हैं सिवा उनके हर परगनः के मुतअल्लिक़ एक क़ानूनगो और हर गांव के वास्ते एक पटवारी मुक़र्रर है और यह दोनों ओहदेदार अकसर मौरूसी समझे जाते हैं और उनका काम यह है कि क़ानूनगो अपने परगनः का और पटवारी अपने गांव का हिसाब किताब तैयार करता है ॥

दफ़ा १० जो ओहदेदार मुतअहिद कि सरकार से मातहत साहब कलक्टर किए गए हैं उनकी निसबत साहब मौसूफ़ के वास्ते एक अमर अहम है इसलिये कि जवाबदेह उनके काम के हैं और जिस क़दर काम कर सकें साहब कलक्टर को ज़रूर है कि उनके सिपुर्द करें इस तरह से कि सब क़िस्म का काम अच्छी तरह सीख जावें और ताहम जुमलः उमूरात में साहब मौसूफ़ के ताबेदार और बेशक यह बात साहब कलक्टर के अख़्तियार में है बशर्ते कि वह ख़ुद अपना काम जानते और तमीज़ और तदबीर वाजिबी रखते हों पस अगर वह इस अमर पर लिहाज़ करेंगे तो उनके नवाबअ़ मुतअहिद उनके पास रहने से ख़ूब वाक़िफ़कार और कारगुज़ार निकलेंगे और अंजामकार उन्हीं की शुक्रगुज़ारी करेंगे कि हमको आपही के वसीले से तरक़्क़ी हासिल हुई बरख़िलाफ़ इसके अगर साहब कलक्टर सब काम अपनेही अख़्तियार में रक्खैं और नवाबे के सिपुर्द करें

में देरी करें तो इसमें कई नुक़शान हैं एक तो अपने तवाबअ़ के हक़ में नाइन्साफ़ी है दूसरे अपना काम नाहक़ बढ़ाता है और ग़ालिबन् इसी सबब से काम भी नातमाम पड़ा रहेगा और रिआया को ज़रर पहुंचैगा अगर साहब कलक्टर मुतवज्जः होकर तक़सीम मुक़द्दमात और काम के तरीक़े अंजाम की फ़हमायश में थोड़ी सी तकलीफ़ उठावेंगे तो उनके तवाबईन को बहुत फ़ायदा और ख़ुद साहब कलक्टर को उन उमदः बातों के इन्सराम की फ़ुरसत मिलेगी जिनका वक़ूअ़ हमेशा ऐसे हर हाकम के काम में जिसको कार अज़ीम सिपुर्द है हुआ करता है यह बात ऐसी गौर तलब है कि इसके ज़िक्र में और तवालत करनी मुफ़ीद होगी इस वास्ते अब एक तरीक़ः मुनासिबः का ज़िक्र किया जाता है लेकिन कुछ ज़रूर नहीं कि ख़्वाही न ख़्वाही उसपर कार बन्द हों ॥ ❀

दफ़ा २१ अकसर दफ़तर की तरतीब बमूजिब अक़साम मुक़द्दमात के होती है मसलन एक तो सीग़ः सरसरी मुक़द्दमात का है और दूसरा सीग़ा दाख़िलख़ारिज का कि बाज़ सीग़ः ज़्यादः और बाज़ कम ज़रूरत के शुमार होते हैं पस साहब कलक्टर अपने गुमान के बमूजिब ख़्वाह वह गुमान वाक़ई हो या ग़ैर वाक़ई जिन मुक़द्दमात की अज़मत कम जान्ते हैं साहब असिसटन्ट के सिपुर्द करते हैं और कुछ अजब नहीं कि इन फ़िसाल के क़वायद और उन्के मतलब से नावाक़फ़ियत के बायस साहब असिसटंट की तजबीज़ में बड़ा मुग़ालतः पड़े इस्से साहब असिसटंट के हक़ में नाइन्साफ़ी होती है और रिआया की निसबत भी ज़ुल्म इसलिये कि उनकी हक़तलफ़ी का अहतमाल है और अगर चि इस्तियार मुराफ़ा से ज़रर फ़ात दारुक मुमकिन है तौभी तजवीज़ सानी बग़ैर तकलीफ़ और ख़र्च ज़ायद के नहीं होसक्ती ॥ ❀

दफ़ा २२ जब तक साहब असिसटंट कचहरी के मुहावरों और ज़वाबित और क़वायद तहक़ीक़ात से वाक़फ़ियत पैदा न करले मुक़द्दमात ईफ़साल के लिये उस्के सिपुर्द न करने चाहियें तरजुमा करने या मुक़द्दमात के ख़ुलासों या कैफ़ियत किसी अमर ख़ास की अंगरेज़ी में तैयार करने से पहिले वक़फ़ियत हासिल करले तो इस सूरत में साहब कलक्टर को भी कुछ मदद होगी और असिसटंट भी ख़ूब तालीम पावेगा जब साहब कलक्टर ज़्यादः ज़िम्मःदारी के काम करनी की इस्तेदाद हासिल करनी चाहिये कि कोई ख़ास काम उस्के सिपुर्द हो जिस्के अंजाम मुनासिब में साहब कलक्टर का जवाबदेः रहे ॥ ❀

दफ़ा २३ इस मतलब के वास्ते और भी और बातों के लिहाज़ से मुनासिब मालूम होता है कि काम किसी तक़सीम तहसील या परगनःवार हो न बमूजिब सीग़ः मुक़द्दमात के सो हर एक तहसीलदारी या परगनः के कुल मुक़द्दमात हर क़िस्म के मदद के किसी ख़ास असिस्टन्ट के सिपुर्द हों कि उस इलाक़े के कुल्ल काम की ख़बरगीरी उसी के मुतअ़ल्लिक़

होगी और ज़रूर है कि मुक़द्दमात की तक़सीम उन अह्काम के मुताबिक़ हो जो तीसरी फ़सल में इन्तज़ाम दफ़्तर के वास्ते मुक़र्रर हैं चुनांचि हर अमलः अपने अपने इलाकः के अक़साम मुक़द्दमात को अह्काम मज़कूर के खानजात के मुवाफ़िक़ तरतीब करे ऐसे बन्दोबस्त का यह फ़ायदः है कि साहब कलक्टर जो काम चाहें अपने इजलास में रक्खें और जो चाहें डप्टी या असिस्टंट के सिपुर्द करें और अपनी मरज़ी के म्वाफ़िक़ इनान अख़्तियार को तंग या फ़राख करें ख्वाह कुल काम के सिर्फ़ खबरगीर रहें अगर किसी इलाकः में बे इन्तज़ामी मालूम हो तो उसका सब काम ब आसानी साहब कलक्टर फिर अपने अख़्तियार में ले सक्ते हैं फिर जिस वक़्त साहब मौसूफ़ या कोई उन्के तबाबईन से मुफ़स्सल में दौरः करें तो जो अलाक़ः डेरे के क़रीब पड़े उस्के सब कागज़ात उन्के सिपुर्द करने चाहियें इस सूरत में काम का अन्जाम और रिआया का आराम मुतसौवर है क्योंकि दायरः दौलत हाकिम का गोया मुतखासमीन की डेवढ़ी पर क़ायम हुवा चाहिये कि हर हफ़्तः में रोज़ मुक़र्रर पर एक नक़शः उरदू तैयार हो कर साहब कलक्टर के इजलास में पेश किया जावे जिससे मालूम हो कितने मुक़द्दमात दायर और कितने फ़ैसल हुये और किस क़दर बाकी रहे इस तरह के नक़शः से हर शख़्स की कारगुज़ारी साहब कलक्टर पर बखूबी ज़ाहर और रोशन होगी ॥ ※

दफ़ः १४ जब साहब कलक्टर इस तिहज पर अपने तबाबईन में किसी साहब दानिशमन्द को किसी अलाकः का कुल्ल अहतिमाम सुपुर्द करैंगे तो वे शक वः साहब अपने काम में बखूबी दिल लगावेगा और हत्तुलमक़दूर उस इलाकः के काम में वाक़िफ़ीयत पैदा कर के हर बद इन्तज़ामी के इन्सिदाद में बहुत सई करैगा फ़िर यक़ीन है कि उस्को सब क़िस्म के काम में खूब आगाही भी हासिल होगी और जब कुल्ल ज़िला उस्के सिपुर्द हो तो उस्के इन्सिराम की लियाक़त रखता होगा ॥ ※

दफ़ः १५ अलबतः अख़्तियार कुल्ली किसी इलाकः का साहब असिस्टंट को यकबारगी न देना चाहिये लेकिन रफ़्तः रफ़्तः मुनासिब है और जब तक वि लइस्तिक़लाल काम न कर सके साहब कलक्टर या डिप्टी कलक्टर खयाल उसकी निगहबानी का रक्खें जिन मुक़द्दमात में असिसटंट को हुक्म नातिक़ देने का अख़्तियार नहीं चाहिये कि उनमें किसी जुज़ बात की तजवीज़ करे या मुक़द्दमात की तहक़ीक़ात मुकम्मिल करके कागज़ात अपनी राय के साथ हुक्म अख़ीर के लिये साहब कलक्टर के पास भेजदे ॥ ※

दफ़ः १६ क़ानून नम्बर ९ व १० क़ानून मज़कूर की दफ़आत १७ और २० पर देहान्ज़ हे ११ सन १८३३ ई: के मुताबिक़ डिप्टी कलक्टरान ग़ैर मुतअह्हिदहुक्काम भज लाय कौंसिल फ़ारिन से बहुक्म गवर्नमेंन्ट मुक़र्रर होते हैं और उनकी मौक़ूफ़ी भी सिर्फ़ गवर्नमेन्ट ◦

के हुक्म से हो सकती है अगर ख़ज़ाने का काम किसी ज़िला में कसरत से हो तो उस
डिप्टी कलक्टर आईन नहुम के सिपुर्द करना चाहिये जो अंगरेज़ी ज़बान और तरी-
के हिसाब से वाक़िफ़ हे लेकिन जब तक गवर्न्मेन्ट की ख़ास मन्ज़ूरी हासिल न हो
ऐसा डिप्टी कलक्टर मजाज़ नहीं कि हुन्डवी या बिल और ख़ज़ानों पर जारी करे इस
अम्र की बाबत ख़ुलासा गवर्न्मेन्ट मरक़ूमः १९ नवम्बर सन १८४१ ईः ज़ैल में लिखा जाता है ※
नौवाब लफ़टनन्ट गवर्नर बहादुर हुक्म साहिर फ़रमाते हैं कि जब तक गवर्न्मेन्ट से मन्ज़ूरी हासि-
ल हो कर गज़ट में न छापी जावे तब तक जायज़ नहीं कि साहब कलक्टर ख़ज़ानेः का काम कि-
सी डिप्टी कलक्टर आईन नहुम के सिपुर्द करें लेकिन हुक्म मज़कूर के जारी होने के बाद डिप्टी
कलक्टर हुन्डवी और बिल के इजराय औ ख़ज़ानेः के और काम अन्जाम करने का अख़्ति-
यार रखता है ख़ज़ान्ची और डिप्टी कलक्टर मौसूफ़ ख़ज़ाना और दुरुस्ती हिसाब और ए-
हतियात मामूली के ज़िम्मेःदार हैं मगर साहब कलक्टर या कोई और हाकिम मुतअल्लिक़ मुह-
तमिम ख़ज़ानेः का भी बदस्तूर ख़ज़ानेः के नुक़सान में जवाबदेः रहेंगे ※ ॥ ※

दफ़ः १७ जो मुलाज़िम मातहत साहब कलक्टर के दस रुपये मुशाहिरा या
इससे ज़ियादः पाते हैं उनकी मौक़ूफ़ी और तक़र्रुर के लिये साहब कमिश्नर माल-
दरकार है साहिबान कलक्टर को जायज़ नहीं है कि बग़ैर इत्तफ़ाक़ राय साहब
कमिश्नर के अपने सरिश्तः के किसी मुलाज़िम को फ़ौज्दारी में सिपुर्द ६ करें ॥ ※

॥ यह हुक्म दफ़ः १५ और २० क़ानून पंजुम सन १८०४ ईः और दफ़ः ३ क़ा-
नून हशतुम सन १८०९ ईः में मुन्दर्ज है इसवास्ते कि मिन्जुम्लः अहकामात दस्तूरुल
अमल मरक़ूमः दोम मार्च सन १८२९ इसवी के हुक्म नम्बर ६६ में लिखा है कि जो
अख़्तियारात साबिक़ में सदरबोर्ड को आईन की रू से हासिल थे अब साहब कमिश्न-
र माल को उनके मातहत के अमलों के तक़र्रुर और मौक़ूफ़ी और मन्ज़ूरी इस्तेफ़ा-
और मुअत्तली की निसबत मिले हैं ॥ ※

६ इसबाब में इक़्तिबास हुक्म गवर्न्मेन्ट मरक़ूमः इकुम अक्तूबर सन १८५५
ईः मसदरः सदरबोर्ड १२ अक्तूबर सन मज़्कूर का लिखा जाता है ॥ ※

नौवाब लफ़टनन्ट गवर्नर बहादुर यह हुक्म जारी करते हैं कि जिस हालत-
में साहब कलक्टर या कोई और ओहदेःदार माल अख़्तियार फ़ौजदारी का भी रखते
हों तो उनको अख़्तियार नहीं है कि अपने सरिश्ते के मुलाज़िम या किसी और शख़्स-
को बाबत इस जुर्म के जो दरबाब तहक़ीक़ात माल के ज़हूर में आया हो महकमे फ़ौ-
जदारी में सिपुर्द करें चाहिये कि पहिले मन्ज़ूरी साहब कमिश्नर की इस बाब में हासि-
ल करें और इस सूरत में साहब कमिश्नर को तजवीज़ करनी होगी कि इस मुक़द्द-

मः को दुरुस्ती साल और तहक़ीक़ात के वास्ते किस हाकिम के सिपुर्द करना चाहिये आ या साहब मजिस्ट्रेट के या जायन्ट मजिस्ट्रेट के और शायद तरफ़दारी के इन्सिदाद के लिये अगर यह मुनासिब मालूम हो

दफ़ः १८ क़ानूनगो और पटवारी का ओहदः अकसर मौरूसी होता है रअया भी साही चाहती है और उनकी मरज़ी इस अमर में तस्लीम करनी कई सबब से मुफ़ीद है क्योंकि नये आदमी की निस्बत क़ानूनगो और पटवारी मौरूसी ज़ियादः वाक़िफ़ीयत रखते हैं और उनका एत्बार भी ज़ियादः होता है बर मामूली या नालियाक़ती की सूरत में अलबत्तः इनका इस्तेःक़ाक़ बाकी न रहैगा मगर इस हालत में चाहिये कि उनके क़रीबों में कोई इस ओहदे पर मुक़र्रर हो और अगर यह भी ग़ैर मुमकिन हो और लायक़ आदमी बाहर से मुक़र्रर किया जावे तो आइन्दः जिस वक़्त ओहदः खाली हो और कोई अमर मानै भी न हो तो क़दीमी खानदान से फिर कोई शख्स उस ओहदे पर बहाल किया जावे जब से सरकार बमूजिब इन्तज़ाम मजरियः हाल के दफ़्तर के काग़ज़ात ब तसरीह तमाम रखती है तबसे अल्बत्तः क़ानूनगो और पटवारी का बनिस्बत साबिक़ के अख़्तियार और फ़ायदः कम हो गया तो भी क़रीन मसलहत नहीं कि साहब कलक्टर ऐसे क़दीम और मक़बूल उहदः की मदद और इस्तआनत से कनारा करें पटवारी के काग़ज़ात का तरीक़ः जो ज़ैल में दफ़आत १२२ वग़ैरः में बयान हुवा उसका जारी करना और सहूलत से क़ायम रखना क़ानूनगो की मारफ़त बख़ूबी होगा और भी दफ़्तर का इन्तज़ाम और तरतीब जो साहब कलक्टर फ़िलहक़ीक़त माहिर हों तो इसमें ग़नीमत जानेंगे कि उनके अमलः में बाज़ अशखास ऐसे हैं जिनकी तजवीज़ और तालीम और ओहदःदारी से जुदागाना तरीक़ः पर होती है क़ानूनगो और पटवारी के बाब में खास क़वानीन (यानी क़ानून ४ सन् १८०८ ईसवी और क़ानून १२ सन् १८१७ ई:) जारी हुए चाहियें कि बग़ौर तमाम मुतालः किये जावें ॥ *

दफ़: १९ जिन ओहदों का मुशाहरः दस रुपैयः से ज़ियादः है उनकी क़दर और मनज़िलत इस सबब से ज़ियादः होती है कि कुहनसाली की हालत में पेनशन मिलती है दस्तूर उसका यह है कि तनख्वाह मुतवस्सित पंज साल गुज़श्तः की लेकर बीस बरस के नौकर को सुल्स और तीस बरस के नौकर को निस्फ़ उस तनख्वाह का मिलता है तितिमः नम्बर १ में अहकाम पेनशन की दरख्वास्त और त करें

गों में दी जाती है चुनांचि जो अहकाम इनकी बाबत जारी हुये तितिम्मः नम्बर एक में मुन्दरिज हैं ॥ ※

दफ़: २० साहब कलक्टर उस वक़्त अपना काम बख़ूबी और ख़ुश असलूबी से अंजाम करेंगे जब सारे अमलः के अख़्तियार और लयाक़त से वाक़िफ़ व बवजः अहसन उनसे काम लेने का तरीक़: जानते हों पहले तो कार कलक्टरी की जुमलः शाखों जुज़ व कुल से वाक़फ़ीयत हासिल करें बाद अज़ां जिस क़दर काम औरों से हो सके उन के सिपुर्द करें और ख़ास अपने ज़िम्मः सिर्फ़ काम की तक़सीम और अफ़सरान मातहत की कारगुज़ारी की ख़बर गीरी और एहतिमाम समझें ॥ ※

दफ़: २१ बाज़े वक़्त मुक़द्दमात ज़रूरी के सबब या हुक्काम बाला के अहकाम के बमूजिब मामूली के सिवा कुछ ज़ायद काम अन्जाम करना पड़ता है सो ऐसी हालत में अमलः ज़ायद के तक़र्रुर की दरख़्वास्त अक्सर की जाती है उम्मेदवार हमेशः बहुत हाज़िर रहिते हैं और अमलः में उनके दोस्त और मुतवस्सिल नये अमलः की ज़रूरत के वास्ते बिला ताम्मुल सलाह देंगे लेकिन क़ब्ल इससे कि ज़रूरत मज़्कूरः तसलीम की जावे चाहिये कि इन बातों पर लहाज़ हो कि वः काम किस क़िस्म का है और किन लोगों से बाअमरकार बख़ूबी होगी और किस तरीक़: से उसका अन्जाम जलत और इसलाह से मुतसौवर है फिर उसके एक जुज़ की आज़मायश से दरयाफ़्त करना चाहिये कि उसका इनसिराम अमलः मौजूदः से बग़ैर हर्ज कार मामूली के मुमकिन है या नहीं दर सूरते कि ग़ैर मुमकिन हो तो साहब कलक्टर अमलः ज़ायद के वास्ते एक दरख़्वास्त तसरीह वजूहात और काम के अन्जाम की कैफ़ीयत के साथ सदर में इरसाल करें हुक्काम सदर बिलज़रूर उसपर लहाज़ और तवज्जः करेंगे ॥ ※

दफ़: २२ इन मरातिब की ज़्यादः तसरीह के वास्ते एक फ़र्ज़ी मुक़द्दमः का ज़िक्र किया जाता है हिदायत नामः बन्दोबस्त की दफ़: १७२ में हुक्म है कि हर कलक्टरी में देहात की फ़िहरिस्त मुनक़िसिम ब सीग़: ज़मींदारी और पट्टीदारी और भैयाचारः मुरत्तिब रहे अब फ़र्ज़ करो कि किसी ज़िला का वह नक़शः नातमाम या ग़लत निकले और उसकी तरमीम मतलूब हो ज़ाहिर है कि इस काम के अन्जाम के वास्ते ज़रूर है कि इस तक़सीम के क़वायद बख़ूबी समझे जायं और देहात में जो तरीक़े मिल्कीयत के रायज हैं उनकी ख़ासीयतों से आगाही हो ऐसे काम में अव्वलन: बहुत मेहनत मुतसौवर है और शायद पहले यह ख़याल आवे कि इसके अन्जाम के वास्ते सरिश्तः सदर से अमलः ज़ायद मुक़र्रर करना चाहिये लेकिन अगर ग़ौर किया जाय तो ज़ाहिर होगा कि ऐसा अमलः ज़ायद उन दोबार

तो मज़कूरः बाला से कुछ आगाही नहीं रक्खा लेहाज़ा क़ब्ल इसके कि नक़शः बनाना आग़ाज़ करें ऐसे अमलः को ज़रूर होगा कि तरीक़ः तक़सीम वसीक़ः ज़मींदारी पट्टीदारी वग़ैरः को समझें बाद अज़ां व दिक़्क़त तमाम हज़ारहा काग़ज़ और मिसलें दफ़्तर से निकाल कर दरयाफ़्त करें कि हर एक गांव किस किस्म का है लेकिन क़ानूनगो और अमलः मुफ़स्सल का पहिले से सब देहात के तरीक़ः हक़ीक़त से ख़ूब वाक़िफ़ होता है और अगर तक़सीम अक़साम मज़कूरः के क़वायद न जाने होंगे तो उनका सिखाना आसान होगा लिहाज़ा एक ऐसे काम का अन्जाम क़ानूनगो और मुफ़स्स के अमलः से बख़ूबी होगा चाहिये कि फ़िहरिस्त मुहालात हरएक परगनः की उनको मिले और हुक्म हो कि तर्ज़ हक़ीयत के बमूजिब नक़्शः की ख़ानःपुरी करें इस इन्तज़ाम से दो फ़ायदे निकलेंगे एक तो तालीम मज़कूर उहदःदारान मुफ़स्सल के वास्ते बहुत मुफ़ीद होगी दूसरे नक़्शः बसेहत और किफ़ायत तमाम बख़्ति मुफ़्त बन जावेगा और ऐसे नक़्शे का इम्तिहान उसी तरह करना चाहिये जैसा अमलः ज़ायद के नक़्शः का करना होता चुनांचि इश्तिफ़सार ज़बानी और जावता सिरिश्तः के काग़ज़ात पर रुजू करने से साहिब कलक्टर को जल्द मालूम होगा कि नया नक़्शः सहीः और मातबर है या नहीं॥

दफ़ः २४ जिस तरह से साहब कलक्टर अपने हिन्दोस्तानी अमलः के साथ काररबन्द रहते हैं उसी पर कारगुज़ारी का हाल बहुत मुनहसर हैं साहब मौसूफ़ और अमलः मज़कूर के दरमियान इख़्तिलाफ़ दीन और रह व रसम के सबब बाद इम्तियाज़ निकलती है कि आमद ओ रफ़्त वे तकल्लुफ़ानः ग़ैर मुमकिन है इसवास्ते साहब कलक्टर उहदःदारों की बाज़ा और एत्बार की तमीज़ कामिल रखने से कि सिर्फ़ अमद व रफ़्त ख़ानगी से बख़ूबी होती है महरूम रहते हैं इस कबाहत से वाक़िफ़ होकर चाहियें कि हत्तुल्वसा उसका इलाज इस तरह करें कि सरकारी बातों में हमेशः वे मुहावा आमद व रफ़्त की इजाज़त दें और जहद व जुहद भी करें कि सब लोग उनके राय सायब और सिदक़ दिली को देख कर बिलकुल उनपर एतमाद करें हिन्दोस्तानी उहदःदारों से ज़्यादः शक न करना चाहिये क्योंकि जैसा ज़ियादः एत्बार से वैसाही ज़ायदः इश्तिबाह से भी नुकसान और ख़राबी होती है अमलः मज़कूरे साहब कलक्टर के अहकाम के जारी करनेवाले हैं और उनकी मारफ़त साहब मौसूफ़ का हुक्म और इरादः अक्सर जारी होता है बईद नहीं कि दिक़्क़त के मुक़द्दमा में वः लोग उन के सलाहकार भी होंगे जो हाकिम हिन्दोस्तानी उहदःदारों की सलाह में निहायत शुबहः करता है वैसाही कासिरुल्इख़्तियार हो सकता है जैसा वः जो अमलः की हर बात पर चलता है पस सलाह यह है कि नसे मसलहत बख़ूबी मुमकि॰

की तजवीज़ के वक़्त उन की बात को बनज़र इनसाफ़ औ
न हो उनसे सलूक मसावत करें फिर ज़रूर है कि हाकिम ऐसी तदबीर करें जिस्से
र बेरफ़दारी के मीज़ान अव्वल में तौलें अपने मकान से देर तक हाज़िर
तकलीफ़ और दिक़्क़त नाहक़ अमलः को न हो मसलन कि उनका बैठना
वाजिब न रक्खें और कचहरी में खड़े होने की हालत में उनसे काम न लेंदर सूरते
नामुनासिब नहीं ऐसे हाल में वः मदद और कारगुज़ारी उनसे न निकलेगी जो और सूरत
में मुयस्सर थी साहब लोगों को चाहिये कि अपने अमूरात खानगी और कार सरका
री में ऐसा इन्तज़ाम करें कि अमलः को आराम मिले और उनको काम हलका मालूम हो
एक दस्तूर इलज़ाम शदीद के लायक़ यह है कि ज़रा ज़रा से कुसूर पर जुरवान ं हुआ
करता है रिश्वत सिताना के लिये इस दस्तूर से एक अज़्न पैदा होता है और इसी सबब
से जुरमाना का असर जाता रहिता है ग़लत फ़हमी और समझ के ॥

ं इस बात पर ज़यादः लेहाज़ करना चाहिये क्योंकि साहिबान कोर्ट आफ़ डायर
कटर्स ने बाज़ मर्त्बेः कसरत जुरबानः की मुमानियत की है खससन एक चिट्ठी नम्बर २०
मरक़ूमः २१ अगस्त सन् १८४५ ई० के दफ़आत १६ और १७ में जिसका खुलासः यह है कि जो
पुलीस की कुमेटी ने थानेदारों के हक़ में लिखा वः मुलाहज़े में गुज़रा उनकी तहरीर में मु
न्दर्ज है कि साहिबान मजिस्ट्रेट अक्सर मुक़द्दमः ख़फ़ीफ़ या इत्तहाम ग़ैर साबित में दारो
ग़ों को तलब करते और जुरबानः कसीर उनसे लेते या उनकी बदली करते हैं जब इस
तरह से ज़रासी बात के वास्ते उन की मौक़ूफ़ी या बे इज़्ज़ती होगी तो कुछ अजब नहीं है
कि असख़ास मातबर और कारगुज़ार इस ओहदः के लेने से कनारः करें और क्या अजब
है कि अक्सर थानःदार रिशवत भी लेते हों फ़क़त इस बात में साहिबान कोर्ट आफ़ डायर
कटर्स फ़रमाते हैं कि बारहा हमने यह बात की ताकीद फ़रमाई और चाहा कि आप मत
वज्जः होकर इस दस्तूर को बन्द करावें जब ऐसे ओहदःदारों से जिनकी तनख़्वाह सिर्फ़ उन
के गुज़ारे के वास्ते किफ़ायत करती है भारी जुरमानः लिया जाता है उसका अनजाम य
ह होता है कि उन का रिशवत की तरफ़ खिंचता है और जब हाकिम उन के इस्त
हक़ाक़ और हाल पर लहाज़ मुनासिब न करेंगे अमलः मज़कूर अपने नज़री
के और ख़ास व आम की नज़र में ज़लील हो जाते हैं लेहाज़ा अरबाब अख़्तियार
ऐसे अमूरः से जिसमें तंगी और ज़िल्लत का अन्देशः है दूर रहेंगे फ़क़त वाज़ः हो कि यह हु
क्म बनिसबत अमलः पोलीस के जारी हुआ मगर बनिसबत अमलः माल के भी मुना
सिब और लायक़ है ॥ ❖

इसी सबब से जुरमानः का असर जाता रहता है ग़लत फ़हमी और समझ के क़ुसूर के लिये

जुरमानः लेना बिल्कुल नामुनासिब है और ख़यानत या बद्दयान्ती के जुर्म के वास्ते एक औ
र तरह की सज़ा चाहिये ऐसे कुसूरों के लिये जुरमानः तजवीज़ करना बहुत बेजा और ख़ाय
स ज़रर है अल्बत्तः ग़फ़लत और अदूल हुक्मी के मुक़द्दमात में यह सज़ा मुनासिब और मु
फ़ीद होगी बशर्तेकि ग़रज़ जुरमानः क़लील और कुसूर में कुछ शक न हो और अगर कुसूर की
वल के वास्ते सिर्फ़ तहदीद या चश्मनुमाई पर किफ़ायत की जावे तो बेहतर है ॥ ❖

दफ़ेः २४ तहसीलदारों की मातबरी और इज़्ज़त महफ़ूज़ रखने में बड़ी ख़बरदारी की जा
य उनका तक़र्रुर इम्तियाज के साथ ज़रूर है और उसके पहिले फ़क़त उन्की लियाक़त और का
रगुज़ारी की तफ़्तीश दरकार नहीं बल्कि उसके साथ दयानतदारी भी साबित होनी चाहिये मुना
सिब है कि मुलाक़ात वग़ैरः में साहबकलक्टर उन्की ख़ातिरदारी करें और जो काम उन्के इलाक़ः
के मुतअल्लिक़ हो उसमें तहसीलदार से हत्तुल्मक़दूर मशवरः करें जब किसी तहसीलदार
को इल्ज़ाम देना या तम्बीह करनी ज़रूर हो तो अलानीयतन न करें बल्कि तनहाई में करनी चाहि
ये और जबतक कि वह अपने ओहदः पर बरक़रार रहे इज़्ज़त और एतबार के साथ ऐसा कि उस उ
हदः ओहदः के वास्ते मुनासिब है पेश आना चाहिये ऐसे सूरतें बहुत ही कम होती हैं जिस्से तहसी
लदार पर जुरमाना करना मुनासिब या जायज़ हो ॥ ❖

दफ़ेः २५ साहबकलक्टर की अच्छी कारगुज़ारी के लिये बहुत ज़रूर है कि मुतवातिर
और तकल्लुफ़ हरख़ासवोआम से मुलाक़ात किया करें और इसके वास्ते कोई अमर इस्से ज़्यादः
मुफ़ीद नहीं कि साहब मौसूफ़ जाड़े के मौसिम में हमेशः ज़िला के हरतरफ़ सैर करते हैं जिसका मका
अनजाम सदर में ज़रूर हो उसके वास्ते ऐसा बन्दोबस्त किया जावे कि साहब कलक्टर को फ़राग़
तहसिल करके हर साल देरतक मुफ़स्सल में दौरः करने का अख़्तियार हो और साहब ममदूह तमा
म मौसिम को जिस्में बेरूँजात का रहना मुमकिन है ग़नीमत जानें ताकि अपने इलाक़ः और रआया
की ख़बर और वाक़फ़ीयत हासिल हो चुनांचि बहुत मक़द्दमात उन्के सामने पेश आवेंगे जिन्के फ़ै
सल करने के लिये ऐसी वाक़फ़ीयत ज़रूर है यह बात मल्हूज़ ख़ातिर रहे कि वह लोगों के साथ
उनका चाल चलन महरबानी और शफ़क़त आमेज़ मालूम हो अगर्चि अंगरेज़ी ओहदःदार राब
साबक़ और इल्म और रहिमदिली रआया से अफ़ज़ल हैं लेकिन फ़िर भी चाहिये कि रआया के दोस्त
होकर उनके साथ ख़ैरख़्वाही और शफ़क़त से पेश आवें उनके रञ्ज और मुसीबत में दिलजो
ई करें और उनकी बेहबूदी के वास्ते इल्तफ़ात और तवज्जः ज़ाहिर करें तब रआया हमेशः
शुक्रगुज़ार होगी और ख़ुशी से अताअत करेगी ॥ ❖

दफ़ेः २६ मुमालिक मग़रबी और शिमाली में साहिबान कलक्टर और उहदःदारा
न मातहत अख़्तियार फ़ौजदारी का भी हमेशः रखते हैं इस दोहरी हकूमत से उन्का
इख़्तियार और मुफ़ीद तदबीरों के इजराय की क़ुदरत बढ़ जाती है हकूमत उमदः की
तरक़्क़ी के वास्ते जो साहब मौसूफ़ को मुफ़ौवज़ है निहायत ज़रूर है कि ख़िल्क़त

की जान व माल की हिफ़ाज़त कामिल की जावै फिर महनत कशोंके फ़ावाय द जब तक बखूबी हासिल नहीं हो सकते कि हंगामः और जबर के तरी के ऐसी तदबीरों से बन्द किये जावें कि रारीबो और फरमा बरदारों पर कम्त र तकलीफ़ हो पस ज़ाहिर है कि यह फ़ायदः अख़्तियार माल और फ़ौजदा री के मिला देने से बख़ूबी हासिल होते हैं इसतरह से कि पुलीस के इन्तज़ामः और तकवीयत में साहब कलक्टर के तवाबीन कसीर खूब मदद दे सकेंगे। फिर कार कलक्टरी के अन्जाम में साहब मजस्ट्रेट को वाक़फ़ीयत और अ ख़्तियार की हज़ारहा सबीलें निकलेंगी और अगर उनपर कमाहक़्क़ुहू लिहाज़ और अमल किया जाय तो इलाक़ः की बहतर और बड़ा फ़ायदः होगा॥ ❖

दफ़ः २७ साहब कलक्टर को चाहिये कि तमाम ज़िला के हाल जुज़ोकुल्ल से वाक़िफ़ और आगाह रहें उसमें कोई दक़ीक़ः पेशनहीं आता जिसके अन्जाम व आसार से ख़बर रखनी ज़रूर नहो चुनांचि बाज़ार में तिजारत का गर्म रहना या सर्द होना और रुपे पैसे का चलन और महकमात दीवानी की अदालत गु स्तरी और कारहाय आम ॰ मसलन सड़क या पुल तालाब वग़ैः का बनाना ॰ की तैया री के अहवाल ऐसे ऐसे बातों से नफ़ा और नुक़सान रआया का बिलज़रूर नि कलताहै जिनकी हिफ़ाज़त के वास्ते साहब कलक्टर मकर्रर हैं अल्बत्तः जोबातें उनके अख़्तियार से बाहर हैं उनमें नाहक़ मदाख़िलत करनी मुनासिब नहीं ले किन जिस वक़्त कोई कबाहत नज़र आवे तो उनपर वाजिब है कि नरमी और हुस्ने याक़से उस्पर इन्तज़ाम दें॥ ❖

दफ़ः २८ साहब कलक्टर के हाल और ज़िम्मःदारी की बाबत इतना ब तौर तमहीद के अम्मन ज़िक्र करके अब चिट्ठी दफ़ः की तफ़सील के मुताबिक़ उ नके कामका अलाहदः अलाहदः ज़िक्र किया जाता है॥ ❖

❖॥ दूसरी फ़स्ल॥❖

॥ ज़र मालगुज़ारी की तहसील की बाबत॥

दफ़ः २९ हिन्दोस्तान में सरकार की बड़ी आमदनी ज़मीन की मालगुज़ारीसे होती है उसकी तहसील के वास्ते अख़्तियार और अमलः बकसरत हुक्कामम ाल के सिपुर्द हुआ और आसानी की नज़र से आबकारी और इस्टांप का भीइन्तज़ाम उन्हीं हाकिमों के मुतअल्लिक़ किया गया पहिले तहसील मालगुज़ारी का ज़िक्र

चाहिये ॥ ❖

दफ़ः ३० सल्फ़ से हिन्दोस्तान में यही बन्दोबस्त चला आता है कि सरकार ज़मीन की सब पैदावारी का हिस्सः पाने की मुस्तहक़ है ॥ इसबातमे क़ानून ३१सन१८०३ई० के दीबाचः को देखना चाहिये ॥ दरसूरते कि सरकार ने खुद अपना हक़ किसी औरको बख्शा न दिया हो इससे लाज़िम आता है कि पैदावारी मज़कूर सरकार में मुस्तगरिक़ है और फ़सिल के उठने से पहिले सरकार अपने हक़ का मुतालबः करसक्ती है इब्तिदा में सरकार अंगरेज़ी ने भी इसी क़ायदेः पर अमल कि मालगुज़ारीकी किश्तें ऐसी तरतीब से बांधी थी फ़सिल कटने से पहिले ज़र किश्त देना पड़ता था फिर साहिबान कलक्टर और तहसीलदारों को अख्तियार ॥ दफ़ः २ ज़िमिन १२ क़ानून २७ सन१८०३ई०इस अमर के मुतअल्लिक़ है ॥ मिला था कि शहने यानें चौकीदार खेतों परमुक़र्ररकरें ताकि काश्तकार या ज़मींदार को मुमानियत करें कि ज़रमालगुज़ारी या उस्कीज़मानत दाखिल करने से पहिले फ़सिल काट न लेजावें पर ज़ाहिर है कि सरकारी मालगुज़ारी इस तरह से गोया पेशगी लेनी रआयत और मसलहत से बईद है ऐसाइन्तज़ामउन अय्यामकी एक तदबीर खामहै जिनमें बाशिन्दों को जान और मालका खतरःथा और इसी सबब से ज़मीन की क़दर और मंज़िलत बहुत कमहोगई है ॥ ❖

दफ़ः ३१ सन१८४०ई० और सन१८४१ई०में यह दस्तूर बदला गया आठ या नौ किश्तों की जगः में सिर्फ़ चार किश्तें मुकर्रर हुईं और उनका तक़र्रुर इस तरह पर हुआ कि जिस फ़सिल की मालगुज़ारी देनी हो खलियान उठ जाने के बाद किश्त देनी पड़े अब फ़सिल खरीफ़ की किश्तें तो माह नवम्बर व दिसम्बर ख्वाह जनवरी तक और रबीअ की अक़्सात मई मई और जून के महीने में वाजिबुलअदा होती हैं इस तरह से हालकी मालगुज़ारी के वास्ते सरकार ने फ़सिलका इस्तिग़राक़ साफ़ तर्क करदिया और यह तजवीज़ की कि जिस मुहाल में बाक़ी पड़े उस्से और मालगुज़ार की और जायदाद से ज़र मालगुज़ारी वसूल कियाजायगा यह नया इन्तज़ाम क़रीब अख्तिताम बन्दोबस्त क़ानून नहुम के अमल में आया और हुक्काम को यक़ीन था कि बन्दोबस्त मज़कूर से मिल्कीयत ज़मीन की क़दर ऐसी बढ़ गई है कि इस नये दस्तूर से कुछ सरकार का नुकसान न होगा लेकिन ऐसी बड़ी तबदील में ज़रूर था कि सख्तिलाफ़ात अपाराय पैदा होंगे चुनांचि ऐसाही हुआ ज़ाहिर है कि इस लिये अब मालगुज़ारी की तहसील साबिक़ से मुश्किल है क्योंकि अगिला दस्तूर जिससे बाक़ी न ल्ट और आसानी से वसूल की जाती थी मतरूक हो गया और उसके एवज़ कई और तरीके अब मुकर्रर हुए जिन के आसार में यक़ीन नहीं और जिनके इस्त्यामाल के वास्ते इम्तियाज़ ज़रूर है सो तहसीलदार और हिन्दोस्तानी अहलकारान सरका

र को यह इन्तज़ाम ना पसन्द आया क्योंकि हर तरह की तग़ैयर उनको नागवार होती है और इस सबब से भी कि उनका अख़्तियार उससे कम और काम में दिक़्क़त और पेच ज़्यादः हुआ बनिये और महाजन नाराज़ थे इसवास्ते कि नये इन्तज़ाम से काश्तकारों को उनकी मदद की ज़रूरत कम हो गई फिर ख़ुद जमींदारों और रआयाने इस बात में अपनी मुनफ़अत और ग़नीमत नहीं पहिचानी और जाहिलों की तरह शक में पड़े और शुबहः कि शायद कुछ और इरादः इसमें मख़फ़ी नहो मगर बावजूद इनसब बातों के इन्तज़ाम मज़्कूर चंद साल से बराबर जारी है और जहां कहीं सरकार की जमा मुनासिब और मुल्क आबाद है वहां बख़ूबी चलता है ॥ ❖

दफ़ः ३२ लेकिन याद रखना चाहिये कि इस्तग़राक़ फ़सल का अख़्तियार सरकार ने फ़क़त उस हालत में फ़रोगुज़ाश्त किया है कि मुहाल में कुछ बाकी नहीं है सब लोगों के अख़्तियार में है कि बाकी देकर फ़सल की क़ुरक़ी से बचें मगर जब बाक़ी पड़े तो चाहिये कि सरकार अपनी ज़र मालगुज़ारी को हर तरह की तदबीर से वसूल करे और अलाहाज़ुलक़ियास फ़सल को भी मुस्तग़रिक़ जाने ॥ ❖

दफ़ः ३३ क़ता नज़र इस से जब खेत की जायदाद पर क़बज़ः करना जायज़ नहीं रहा अब तफ़तीस करनी इस अमर की बहुत मुनासिब है कि क्या तदबीरें वसूल मालगुज़ारी के वास्ते साहब कलक्टर को बाकी रहीं और तदबीरात की तज़वीज़ में किस किस बात पर लिहाज़ करना चाहिये ॥ ❖

दफ़ः ३४ जब तक किसी मुहाल की मालगुज़ारी बर वक़्त वसूल होती हो बहुत ज़रूर है कि साहिब कलक्टर अपने अपने अख़्तियार माली से उस्के अमूरात में दस्त अन्दाज़ नहों सरकार की बड़ी ख़्वाहिश और मक़सद यह है कि रिआया ख़ुद अपने काम का बन्दोबस्त और इन्तज़ाम करना सीखें अगर ज़मींदार असामियों से बाक़ी वसूल न कर सकें या शुरकाय जमा के अपने अपने हिस्सः का तसफ़ीयः न कर सकें अल्ग़रज़ जो एक फ़रीक़ दूसरे पर ज़ुल्म करे तो अदालत मौजूद है और सब के अख़्तियार में है कि सहल तदबीर से तनाज़ा का फैसला करा लें चाहिये कि सभों को तालीम और तरग़ीब की जाय कि अपना अपना मामिलः इसी तरह से अन्जाम करें और हमेशः ज़र तलबी सरकार में वक़्त पर दाख़िल कर के अपने तईं अहलकारान माल की दस्त अन्दाज़ी से बचावें ॥ ❖

दफ़ः ३५ मगर जो किसी वजः से बाक़ी पड़े तो साहब कलक्टर को ज़रूर है कि अजलत और तनदिही से पेश आवें और पहिला काम यह है कि बाक़ी पड़ने का सबब दरियाफ़्त करें इस मतलब के वास्ते लाज़िम है कि अपने अमलः के ज़रयेः से जिनकी वसरत और लियाक़त मशहूर है मुक़द्दमः की हक़ीक़त हाल साफ़ साफ़ दरयाफ़्त करें असल हक़ीक़त किसी मामलः की उस हाकिम से कभी मख़फ़ी न रहेगी जो अपने अख़्तियार से बख़ूबी

वाक़िफ़ होकर चाहता है कि उस्को अमल में लावे ॥ ❖

दफ़: ३६ बाक़ी दो सबब से पड़ती है अौवल कमी जायदाद से दूसरे उस आमदनी में तग़ल्लुब और तसर्रुफ़ के सबब जिस्का मालगुज़ारी के वास्ते रखना लाज़िम था ॥ इस बात में दफ़: १७ क़ानून ६ सन १८९५ ई० और दफ़: १२ और १३ और १७ क़ानून २७ सन् १८०३ ई० मुलाहिज़: करना चाहिये ॥ पहिला सबब मामूली हालात में मालगुज़ार के अख़्तियार से बाहर और लाचारी का एक हादसः इल्तफ़ात के लायक़ है पिछली बात मालगुज़ार की कोतः अन्देशी ख्वाह उस्की सरकशी से वक़ूअ में आती है और कम या ज्यादः इलज़ाम का सज़ावार होता है ॥ ❖

दफ़: ३७ बाज़ वक़ू इमी जायदाद इस सबब से भी होती है कि मालगु ज़ार खुद अपने गांव को वैरान करते हैं और ज़िराअ़त से हाथ खींच लेते हैं अगर यह मन्ज़ जाहिल लोगों की एक तदबीर हो जिससे ज़ुल्म व तअद्दी का इनसिदाद चाहते हैं तो इस सूरत में उस्को मज़लूमों की शिकायत समझ कर शायद कुछ लिहाज़ मुनासिब हो लेकिन जो यह बात सिर्फ़ शहरःपुश्तों की शरारत और सरकशी से हो और इस हालत में सरकार का मुक़ाबिलः ठहरा तो उसकी सज़ा बहुत संगीन बल्कि क़ानून की हद्द तक देनी चाहिये जब बाक़ीदार न आप जोतें न औरों को जोतने दें बल्कि धमकी या ज़बरदस्ती से उनको तरद्दुद से बाज़ रक्खें तो लाज़िम है कि क़ानून फ़ौजदारी के मुताबिक़ उन्से मवाख़ज़ः किया जाय ऐसे सरकशों के तंग करने से मुमकिन है कि सरेदस्त बाक़ी पड़े और तहसील के हिसाब में कमी बसल्ल मालूम हो और शायद एक अरसे तक साहब कलक्टर को ऐसे मामलः में दिक़्क़त और तकलीफ़ बरदाश्त करनी पड़े लेकिन इन बातों का अन्देशः न करें बल्कि चुस्ती और चालाकी से कमर बांधकर शरीरों का मुक़ाबिलः करें अगर बाक़ी पड़ने से सरकार का नुक़सान भी हो जाय लेकिन सरकशों को सज़ा क़रार वाक़ई मिले तो ऐसे नुक़सान का कुछ मुज़ायक़ः नहीं क्योंकि तमाम ज़िला में सभों को इबरत होगी और आख़िर कार और लोग मेहनत में अपना फ़ायदः देखकर ज़िराअ़त में ज़ियादः जी लगावेंगे और सरकार के हक़ूक़ की मुहाफ़िज़त ज्यादः होगी·

दफ़: ३८ लेकिन अलल्अमूम कमी जायदाद किसी हादसः के सबब मसलन खुशकी या सैलाब और तुग़यानी दरया या पाला या ज़ालःज़दगी वग़ैरः से होती है जब ऐसी आफ़त की शिकायत होवे साहब कलक्टर जितनी उजलत और अहतियात से हो सके तहक़ीक़ात करें कि किस क़दर नुक़सान हुआ शायद किसी गांव में फ़सिल ऐसी बरबाद हुई हो कि असामियों की खोराक और अदाय मालगुज़ारी की किफ़ायत न करे तो इस सूरत में अगर मालगुज़ार अपनी किसी और जायदाद से ख्वाह क़र्ज़ लेकर ज़र तलबी

सरकार को दे दे तो खैर वर न बिल् ज़रूर मिल्कीयत किसी और शख्सके हाथ मुन्तक़िल होगी ऐसे मुक़द्दमः में साहब कलक्टर को मुक़ाम तजवी ज़ है कि आया सख्तगीरी करके मालगुज़ा को इस खराबी में डाल दे या व मूजिबजाय इनसाफ और मसलहत इस तलबी में कुछ तखफ़ीफ़ करें इस तज वीज़ में याद रखना जरूर है कि बन्दोबस्त में यह क़ायदः जारी है कि औसत निका सी लेकर उससे नरम जमा अरसः दराज तक मुक़र्रर होती है जब फसिल अच्छी होतो औसतजमाबन्दी से जो बढ़ता है जमीदारही लेता है सरकार ने बिल्कुल छो डु दिया इस सूरत में इन्साफ से बईद नहीं है कि जब फसिल खराबहो तो जिस क़ दर कमी पड़े मालगुज़ार अगले पिछले बरसों की फाज़िल आमदनी से अदाकरे लेहाज़ा अगर गांवकी जमामुनासिबहै और मालगुजार भी खुशहैगा जायदार में कमी हो तो भी साहब कलक्टर को शायद मुनासिब होगा कि अदाय जमाके वास्ते तंग तलबी करें दूसरी सूरत यह है शायद मालगुज़ार का मामिलः बिल्कु ल बिगड़ गया हो और जर तलबी में इल्तवया तखफ़ीफ़ की जावे तो भी उसकी मुखलसी के वास्ते मुफ़ीद नहो इसहालत में शायद सलाह होगी कि फिल्फौर मि ल्कीयत औरों के हाथ इन्तकाल की जाय फिर अगर साबित हो कि बन्दोबस्त स ख्त है या यह कि बन्दोबस्त के बाद गांव खराब या मालगुज़ार मुफ़लिस हो गया और साहब कलक्टर के नज़दीक सरकारी मुतालिबः में कुछ ढील देनी मुनासिब हो तो जि स तरीक़ों के बमूजिब रयायत करनी मुमकिन है तीन है अव्वल बाक़ी का मुल्तवी करना दूसरे बाक़ी का माफ़ करना तीसरे जमा में तखफ़ीफ़ करनी ॥ ❖

दफ़ः ३९ पहिली सूरत इल्तवाय बाक़ी — साहब कमिश्नर और सदरबोर्ड के अख्तियार में है कि बाक़ी मुल्तवी करें पस अगर गांव गुनजायशी हो और वह हादसा जिसके सबब से बाक़ी पड़ी है क़लीलुलवक़ूअ हो और मालगुज़ार खुद मुस तैद और किफ़ायत शआर हो तो यक़ीन है कि मुल्तवी करना किफ़ायत करेगा ऐसे मामिलः में चाहिये कि किश्तबन्दी आदाय बाक़ी के वास्ते मुक़र्रर की जावे और उसके मुवाफ़िक़ क़रार नामः मये ज़मानत या बिला जमानत मालगु ज़ारों से लिया जावे ॥ ❖

दफ़ः ४० दूसरे बाक़ी की माफ़ी — यह तजवीज़ उस सूरत में मुनासिब होगी जब साबित हो कि अगर ज़मानः आइन्दः में भी बाक़ी तलब हो तो मालगुज़ा र पर तशद्दुद नामुनासिब और गांवकी वीरानी और बरबादी दायमी का सबब हो गा इस सूरत में साहब कलक्टर बाक़ी मुल्तवी करके माफ़ी की वजूहात ब तसरी ह तमाम रपोर्ट में दर्ज करके सदर में वास्ते इरसाल ब हज़ूर गवर्नमेंट के भेजें क्योंकि

कि बाक़ी की मुआफ़ी सिर्फ़ गवर्न्मेंट के हुक्म से हो सकती है तितिम्मः नम्बर २ में कवा अद सदर बोर्ड इस बाब में मुन्तखिब हुये इसकी तजवीज़ में अहतियात ज़रूर है। किस सबब से और किस किस के वास्ते कोई रक़म माफ़ की जाती है वरन अगर किसी बड़े पट्टीदारी गांव में बाक़ी की सिर्फ़ मुआफ़ी का हुक्म हो तो बड़े तनाज़े का सबब हो सकता है ॥ ※

दफ़ः ४१ वाज़ह हो कि रपोर्ट में सिर्फ़ इतना ही लिखना कि बाक़ी ग़ैर मुमकिनुलवसूल है या जायदाद कम है काफ़ी नहीं ऐसी बातों से गवर्न्मेंट के नज़दीक मुआफ़ी की ज़रूरत कभी साबित न होगी अगर साहब कलक्टर को मन्ज़ूर है कि उनकी तजवीज़ का मुनासिब होना ज़ाहिर हो और उनके बयान पर कुछ इत्तिफ़ाक़ भी किया जाय तो ज़रूर है कि कैफ़ीयत व तफ़सील लिखें यानें किस सबब से जायदाद कम हुई और किस सबील से उनको इतमीनान हुई कि कमी जायदाद वाक़ा में और इसी क़दर हुई और किन वजूहात से इसी क़दर ज़र बाक़ी का छोड़ना बमुक़्तज़ाय मसलहत और इन्साफ़ के मुनासिब और मुकतफ़ी मुद्दआ होगा ॥ ※

दफ़ः ४२ तीसरे तख़फ़ीफ़ जमा —मुमकिन है कि बन्दोबस्त की जमा इसक़दर संगीन हुई या गांव ऐसा ख़राब होगया हो कि जमा का बहाल रखना ग़ैर मुमकिन हो इस सूरत में तरमीम बन्दोबस्त और जमा का तख़फ़ीफ़ ज़रूर होगी मुक़द्दमात की बाज़ क़िस्में हैं जिनमें तख़फ़ी जमा के वास्ते ख़ास शरायत मुक़र्रर हुई मसलन गंग शिकस्त और ज़मीन का किसी सरकारी काम में आजाना लेकिन बजुज़ इनके ऐसा मुक़द्दमः बहुत कम निकलेगा जिसमें कमी जमा की दरख़्वास्त मुनासिब हो जब तक उसके वसूल करने के वास्ते तदाबीर और तदारुक मनदरजः क़ानून व तिमामहीअमल में न आये हों मगर चूंकि ऐसा मुक़द्दमः मुमकिनात से है इसवास्ते यहां उसका ज़िक्र किया गया इस बात में यह न समझना चाहिये कि सरकारी निकासी का महज़ एक हिस्सः मुक़र्ररी है व बस और यह कि जिस वक़्त निकासी हाल निकासी मुंदर्जः बन्दोबस्त की निसबत कम होजाय ख़्वाह नख़्वाह जमा सरकारी भी बक़दर उसके कम करनी चाहिये ऐसे ख़यालात से सरकार के हक़ूक़ में नुक़सान और रआया की हिम्मत और तनदिही में भी ख़लल पैदा होगा बल्कि यह समझना चाहिये कि माल का बन्दोबस्त सरकार और मालगुज़ार के दरमियान बमनज़िलः अहद व पैमान के है और उसकी शरायत का बहाल रखना दोनो पर बराबर वाजिब व लाज़िम है सरकार की तलबी मुक़र्रर: बन्दोबस्त किसी नहज पर मीयाद बन्दोबस्त के दरमियान बढ़ाई नहीं जाती अलाह

ज़ुल्कयास मोश्रद मज़कूर में उसकी तख़फ़ीफ़ भी न चाहिये बजुज़ इसके कि क़वा ग्रद रुआयद और मसलहत आमेज़ के लिहाज़ से जिनके मवाफ़िक़ सरकार मामि लात माली में कार बन्द होती है ऐसी बात ज़रूर हो जो नक़शः सदरबोर्ड ने सर सरी बन्दोबस्त की रपूर्ट के वास्ते तजवीज़ किया तितिम्मः नम्बर ३ में मुन्दर्ज है॥ ※

दफ़ः ४३ दफ़आत बाला मुक़द्दमात मामूली ख्वाह इत्तफ़ाक़ी बाक़ी की बाबत लिखी गई हैं क़तग्र नज़र इस्से जब खुशकी या किसी और हादसः से क़हत साली वाक़ग्र हो तो तहसील के बाब में खास तदबीरात का ग्रमल में लाना ज़रूर पड़े गा और ऐसी हालत में गवरनेमन्ट तदबीरात मामूली के इल्तवा के वास्ते खुद हुक्म सादिर फ़रमाते हैं हिन्दोस्तान में क़हत साली की आफ़त अकसर खुशकी के सबब से होती है लिहाज़ा दरयाफ़्त करने के सबब कि किस जानिब में खुशकी किस कदर शिद्दत से हुई हर तहसीलदारी में एक बारिश का पैमानः मौजूद है और उसकी तरकीब ऐसी आसान है कि जिस क़दर पानी पड़े बिला तकल्लुफ़ नापा जाता है चुनांचि उसका हाल और नक़शः तितिम्मः नम्बर ४ के देखने से मालूम होगा जिस शख्स के अहतिमाम में पैमानः रहे चाहिये कि उसने इसत्यामाल करने में बखूबी तालीम पाई हो और निहायत अहतियात करना ज़रूर है कि उसका रज सटर सहीह और मातबर हो ॥ ※

दफ़ः ४४ क़हतसाली की शिद्दत में तखफ़ीफ़ मुतसौवर है दरसूरतेकि चाह बतालाब व नहरोंसे आब पाशी ब कसरत हो और तदबीरें ज़िराअत और तरीक़े किफ़ायत शम्रारी के ब खूबी ग्रमल में आवें और ज़ाहिर है कि यह फ़ायदः अच्छी ग्रमलदारी में खुदबखुद होता है जहां मुतवातिर खराबी मौसिम और बरबादी फ़सिल की शिकायत की जाती है अन्देशः होता है कि वहां कुछ बदअमली वाक़ग्र हो हुक्काम दानिशमन्द ऐसी शिकायतों से बिलकुल कनारा न करेंगे यक़ीनन सब सुन लेंगे और खूब तहक़ीक़ात करकर अपनी हो तजवीज़ करेंगे मगर यह न चाहिये कि कोई हाकिम ऐसे हर एक अम्र को बावर करे और ऐसी शिकायत के सबब सुबुक मिज़ाजी और सादःदिली से जल्द अपनी तजवीज़ को बदल डालने से गोया खुद शिकायत का दरवाज़ः खोल दे अल हासिल नेक ग्रमलदारी के लिये न सिर्फ़ महरबानी और तवज्जः हाकिम के मिज़ाज़ में दरकार है बल्कि इम्तियाज और इस्तिक़लाल भी ज़रूर है ॥ ※

दफ़ः ४५ जब कोई मालगुज़ार बहुत बे मक़दूर हो गया हो लेकिन उसके गांव की ज़िराअत में तरक्की की गुनजायश है तो सरकारी खज़ानः से तक़ावी याने ज़र पेशगी देकर मालगुज़ार की अग्रानत करनी हिकमत अमली से बईद न होगी

हिन्दोस्तानी सरकारों में तक़ावी का रवाज बहुत है और सरकार अंगरेज़ी भी अक
सर औक़ात उसको पसन्द करतीथी लेकिन इस से खराबी पैदा हुई कि बराय नाम त
क़ावी खर्च होकर वही रुपयः सरकारी बाक़ी में मुजरा होता था और इसी तरह
साहिबान कलक्टर अपनी तवज्जीज़ माफ़ करदेते थे यह बात अस्लवक्तः बहुत
बजा और नामुनासिब थी और उससे बिल्कुल तक़ावी के रवाज पर इल्ज़ाम और
बदनामी आयद हुईमगरबा वजूद इसके कुछ शुबहः नहीं कि मुल्क और रआया की
बाज़ी सूरतों में तक़ावी देनी मुनासिब है अगर साहब कलक्टर अपने ज़िले से ख़ू
ब वाकिफ़ होकर कमाल इम्तियाज़ और होशियारी से तक़ावी दें तो यक़ीन है
कि बहुत फ़ायदः निकलेगा जिस हाल में कि ज़मीन छोटी छोटी हक़ीयत में मुन
क़िसिम है और उसकी ज़िराअत की तरक़्क़ी ब सबब तैयारी कुआं या तालाब या
पानी के रास्तः निकालने से मुमकिन है और रआया मुहताज है मगर मेहनती भी
है तो ऐसे देहात में तक़ावी देने से बड़ा मक़सद हासिल होगा तक़ावी देनी सा
हिबान सदर बोर्ड के अख़्तियार में है चाहियेकि दरख्वास्त साहिबान मौसूफ़ के
हुज़ूर में साहब कमिश्नर की मारफ़त की जावे ॥ ※

दफ़ः ४६ तक़ावी देने से पहिले चाहियेकि जिस काम के वास्ते दरकार हो उ
स की तसरीह की जावे और तैयारी के खर्च का तख़मीनः एहतियात से मुरत्तब
होकर जांचा जावे बहतर है कि किसी काम के लिये तमाम खर्च बतौर तक़ावी के
न दिया जावे बल्कि मुनासिब यह है कि अव्वल मालगुज़ार हत्तुल्मक़दूर खुद ज़र
मज़कूर के वास्ते सई करै बाक़ी जो उससे न हो सके सो बतौर अआनत के दि
या जावे ॥ ※

दफ़ः ४७ ज़र तक़ावी के अदा के वास्ते क़िस्तबन्दी मुक़र्रर करनी और
उसके बमूजिब इक़रार नामः लेना चाहिये दस्तूर है कि इसके सिवाय ज़मानत
भी तलब होती है लेकिन इस सेरिआया पर खर्च पड़ता है और जिस पर अह
सान करना मन्ज़ूर था उसको कम फ़ायदः पहुंचता है आईन की रू से ‡ दफ़ः ४३
क़ानून २७ सन् १८०३ ई० पर लहाज़ हो ‡ ज़र तक़ावी उसी तदबीर से वसूल हो स
कता है जिस तरह से माल की बाक़ी वसूल होती है इस सबब से जिस को तक़ावी
दी जाय उसकी मिल्कियत वसूल ज़र तक़ावी के वास्ते मकफ़ूल है और अकसर
मुक़द्दमात में यही काफ़ी है और ज़मानत की ज़रूरत नहीं मगर जिस हालत में गां
व के शरीक बहुत हों और उन में सिर्फ़ दो चार आदमी अपने ख़ास फ़ायदे के वा
स्ते तक़ावी लेते हैं तो इस अमर की एहतियात ज़रूरहै कि तक़ावी लेने वालों का
हिस्सः उसके वसूल के वास्ते बमन्ज़िलेः ज़मानत के काफ़ी है या यह कि सब शरी

क़उसके अदा करने के ज़िम्मः दार हैं सदर बोर्डने जो अहकाम रपोर्ट मुक़द्दमात तक़ावी के वास्ते जारी किये हैं तितिम्मः नम्बर ५ में इन्तिख़ाब किये गये ॥ *

दफ़ः ४८ बाक़ी पड़ने का दूसरा आम सबब मज़कूरः दफ़ः ३६ तसर्रुफ़ जायदाद है पैदावारी ज़मीन के हिस्सः में सरकार का हक़ और सब हक़ों पर मुक़द्दम है इससे लाज़िम आता है कि जब तक सरकार का हक़ अदा न होले तब तक गाँव का मुहासिल मालगुज़ार के पास बतौर अमानत रहता है पस अमानत अदा न करनी ऐन ख़यानत है जिसको ब इबारत क़ानून ! दफ़ः १७ क़ानून २७ सन १८०३ ई॰ मुक़ासात मुतअहिदः ! तसर्रुफ़ व तग़ल्लुब कहिते हैं ॥ *

दफ़ः ४९ क़ायदः मज़कूर से यह नतीजः निकलता है कि जो शख़्स किसी मुहालख़ालिसः की तहसील करता है जिस क़दर ज़र तहसील उस पर साबित हो बिज़ातिही उसका ज़िम्मःदार है गो वाक़ः में असिल मालिक हो या न हो इस तजवीज़ के इजराय में हाकिमान अदालत दीवानी हुक्काम माल का अख़्तियार हमेशः बहाल रखते हैं और उस के मुताबिक़ वह दस्तूरुलअमल है जो सदर बोर्ड ने ठेकःदारों के बाब में सादिर ! किया है इससे यह भी निकलता है कि जब साबित हो कि ज़मीन ख़ालसः ग़ैर बन्दोबस्ती से कुछ रक़ूमात बे इजाज़त तहसील की गई सालहाय गुज़श्तः की बाबत वह रक़ूमात वसूल हो सकती हैं और अगर अय्याम गुज़श्तः के वास्ते भी ज़मींदार बन्दोबस्त को ख़ुशी से तसलीम करे तो तनख़्वाह दूरी जायज़ और वाजिब होगा ॥ *

दफ़ः ५० बाज़ औक़ात जायदाद का तसर्रुफ़ अमदन होता है और बाक़ीदार तहसील का हिसाब देने से इन्कार करता है और फ़िरार ! हो जाता या हुक्म

! इन्तिख़ाब सरकार हुक्म मसदूरः सदर बोर्ड माल मुवर्रिख़ः १९ फ़रवरी सन १८४६ ई॰ सूरत औवल जब मालिक रुपये के एवज़ किसी शख़्स को ख़्वाह एक मीयाद के वास्ते या ता अदाय ज़र मज़कूर के ठेकः दे तो ठेकः बमन्ज़िलः रहन के है और जैसे कि रहन के मामिले में कार रवाई होती है इसी तरह इसमें भी चाहिये साहब कलक्टर को जायज़ है कि रहनदार से दरख़्वास्त मालगुज़ारी लेवें और मालगुज़ारी रजस्टर में नाम का दाख़िल ख़ारिज करावें *

सूरत दोयम जिस मुक़द्दमः में ठेकः के एवज़ कुछ न दिया गया हो तो समझना चाहिये कि सिर्फ़ अहतिमाम व इन्तिज़ाम का अख़्तियार चन्दरोज़ः रहनदार को सिपुर्द हुवा कुछ हक़ीयत मिल्कियत का रहन नहीं हुवा इस सूरत में मालगुज़ारी के रजस्टर में दाख़िल ख़ारिज न किया जावेगा मगर जिस वक़्त तरफ़ैन दरख़्वास्त दें तो साहब

कलक्टर को लायक़ है कि ऐसे मामिलः की तसदीक़ करे और तहसीलदार को हुक्म दे कि ज़र मालगुज़ारी बनाम रहनदार के मालिक के हिसाब में महसूब करे ऐसा इन्तज़ाम ज० ब तक बहाल रहेगा कि तरफ़ैन में कोई दरख़्वास्त इस बात की दे कि बाद इन्फ़िज़ाय सा० ल हाल के मौक़ूफ़ रहे मगर जब तक कि बहाल रहे रहनदार अपने माल और ज़ात से जितनी रुपया मुहाल से तहसील करे ज़िम्मःदार रहेगा और मुहाल भी अगर बाक़ी पड़े तो लायक़ नीलाम के होगा *

मुक़द्दमात मफ़रूरी के बाब में अहकाम साहिबान कोर्ट आफ़ डायरक्टरस मुवर्रखः २७ मई सन १८३५ ई० याद रखने चाहियें और उनका यह ख़ुलासः है गिरफ़तारी मफ़रूरों की बाबत जो इलाक़ःग़ैर में भाग गये हों नसबीह गवर्न्मेन्ट आला को इनको पस न्द आई और वह यह है कि मुरतकिबान जरायम संगीन मिस्ल ख़ून और रहज़नी क़ाबिल गिरफ़तारी के हैं मगर मुरतकिबान जुर्म ख़फ़ीफ़ मिस्ल क़रज़दार और मुजरिम मुक़द्दमात अदालत दीवानी और बाक़ीदारान सब को अमन महफ़ूज़ रहे और चाहिये कि जब हिन्दोस्तानी सरकारों के मामिलात बाहम दीगर तसफ़ीयः कराने सरकार पर वाजिब होते हैं यही क़ायदः मलहूज़ रहे इससे यह निकलता है कि जिस तरह से बाक़ीदार इलाक़ःग़ैर को ब मूजिब दरख़्वास्त और सरकारों के अपने इलाक़ः से हमपर सिपुर्द करना लाज़िम नहीं है इसी तरह न चाहिये कि सरकार अंगरेज़ी भी और सरकारों से अपने बाक़ीदारों को तलब करे और इस में यह ख़ूबी निकलती है कि ज़यादः तल्बी और ज़ुल्म का इन्सिदाद करना पड़ेगा क्योंकि ब सबब ज़यादः तलबी और ज़ुल्म के असामी भाग जाती है और मुल्क वीरान हो जाता है ॥ *

स सरकारी का मुक़ाबिलः करता है इन सूरतों में ऐसा करना चाहिये जैसा कि मुतः मरिदों की निसबत दफ़ः ३७ में हिदायत हुई लेकिन जो बारहा यही सबब पाने शरारत व ना दिहन्दगी मुक़द्दमात बाक़ी की कैफ़ीयत में मरक़ूम होता है इस वास्ते मुनासिब मालूम हुआ कि इस बात की तफ़तीश में ज़यादः तसरीह की जावे ॥ *

दफ़ः ५१ अकसर तहसीलदार और हिन्दोस्तानी उहदःदारों से जब बाक़ी की कैफ़ीयत तलब होती है तो उसका सबब यही शरारत व ना दिहन्दगी बया न करते हैं और इस जवाब का सबब ज़ाहिर है इस वास्ते कि न उसके लिये कुछ तह क़ीक़ात दरकार है न ज़रः सबूत और उस कैफ़ीयत के बमूजिब तदारुक संगीन मुना सिब और वाजिब होता है मगर वाक़ः में इन्हीं वजूहात से चाहिये कि ऐसा उज़्र तअम्मुल और अहतियात तमाम से सुना जावे अलावा इसके ख़्याल में नहीं आता कि छोटे छोटे इलाक़ः के मालिक जो आसायश और फ़रागत से अपनी

पनी ज़मीन पर काबिज़ हैं नाहक़ अपनी मिलकीयत को खतर: में डालें और मरका
री मदाखिलत की तकलीफ़ें अपने ऊपर उठावें बल्कि यह क़यास में आता है कि अ
गर नक़द मौजूद होता तो ज़रतलबी ज़रूर अदा करते और यक़ीन है कि बाक़ी
न देने का सबब वाक़ई में यह होता होगा कि कुछ और बोझ सरकारी मुतालब:से
भी भारी बाक़ीदारपर पड़ता है इन्तिज़ाम मज़ारिय: हाल के आदत बे फ़िकरी और कोता
ह अन्देशी के सबब अक्सर ऐसा होता है कि मालगुज़ारों की एक फ़सिल की आम
दनी या तो क़र्ज़ख्वाह ले लेते हैं या खुद मालगुज़ार सरकार को क़िस्त अदा करने से
पहिले अपने खर्च में लाते हैं पस जब बाक़ी तलब होती है तो उनके पास देने को कुछ
बाक़ी नहीं रहता है लाचार बाक़ीदार आलम मजबूरी में दस्तक से बच कर रूपोश हो
जाते या अपना माल थोड़ा बहुत लेकर देस से निकल जाते हैं ऐसे मुक़द्दमे में बा
क़ी के वसूल करने के लिये ज़मीन मौजूद है चाहिये कि उसकी मुस्ताजरी ख्वाह
नीलाम के वास्ते हर तदबीर की जावे लेकिन बाज़ औक़ात काश्तकार बहुत थोड़े
होते हैं और कोई मक़दूर वाला गांव के लेने को नहीं मिलता या कुर्ब व जवार के
लोग बाक़ीदारों की ज़ात बिरादरी हैं उनसे इत्तिफ़ाक़ करके लेनेवालों को रोकते हैं
कि खरीदार खड़े नहीं होते इस हालत में अल्बत्त: बड़ी दिक़्क़त होती है और हाकि
म की हिकमत अमली और दबाव की हक़ीक़त व खूबी आज़माई जाती है साह
ब कलक्टर का उमद: मक़सद यह हो कि बाक़ीदारों को ऐसा तंग करें कि और लो
ग इबरत पकड़ें और जान लें कि अब हमारी सलाह इसी में है कि बाक़ीवक़्त अदा
करें जिस क़दर यह इबरत ज़िले में फैल जाय और ऐसे मुक़द्दमे: के अन्जाम के
वास्ते जिस क़दर अमल: कारगुज़ार तजवीज़ हो और अहालियान पुलिस जि
स क़दर ज़बरदस्त होंगे उसी क़दर यह मुश्किल मुक़द्दमात कम हो जावेंगे और उन
की तदबीर व आसानी मुमकिन होगी ऐसे मुक़द्दमात में ग़ालिब है कि गांव को
थोड़े दिनों तक या शायद कुछ ज़्याद: मुद्दत तक खाम रखना पड़े मगर तहसील
खाम से सिर्फ़ उस वक़्त फ़ायद: मुतसौवर है जब हाकिम रिआया के अमल: हा
लात कुल्लियात और जुज़्यात से बखूबी वाक़िफ़ीयत रखता हो और बहुत त
वज्जः और निहायत तनदिही से काम करे ॥ *

दफ़: ५२ जायदाद में तसर्रुफ़ और तग़ल्लुब दो सूरत से होता है याने मालगु
ज़ार का क़र्ज़दार होना और शरीकों में तनाज़ा होना इन दोनों में बड़ा फ़र्क़ है अ
लाह: मुख्तलिफ़ उनकी तदबीर में भी फ़र्क़ चाहिये ॥ *

दफ़: ५३ क़र्ज़दारी का ज़िक्र — जब मालगुज़ार मुफ़लिस हो गया हो और उ
सके बचाने की कुछ उम्मेद बाक़ी न रही हो तो मुनासिब है कि हाकिम उसके गांव को

वे तामुल ख़ोरों के हाथ फ़िल्फ़ौर मुन्तक़िल करें जब क़र्ज़ख़्वाहों के मुतालबः में उसकी मिल्कीयत हाथ से जाने वाली है तो उस मिल्कीयत की सरकारी बाक़ियात के नीलाम से बचाने के वास्ते यक़ीनन कुछ परवाह न रहैगी और यह ख़याल होगी कि इस ख़राबेः में क्या क्या अपने वास्ते बचाऊं उसके बाद सरकार और क़र्ज़ख़्वाहों के माने न होगी जो चीज़ जिसके हाथ लगे वह लेले इस वास्ते इत्तलाल के वक़्त इस तरह तजवीज़ हो कि बाक़ीदार फ़सिल मौजूद अपने तरफ़ में न लाने पावे चाहिये कि बाक़ी पड़ते ही गांव क़ुर्क़ किया जावे ताकि माल की बरबादी न हो और जितनी जायदाद मौजूद है सरकार के क़ब्ज़ः में आवे ॥ ※

दफ़ः ५५ तनाज़ा का ज़िक्र — शुरका के तनाज़ा से बाक़ी के मुकद्दमात ब कसरत बरपा हो जाते हैं और उनके साथ कार बन्द होने में बहुत फ़हम और इम्तियाज़ दरकार है दफ़ः ३ में ज़िक्र हो चुका कि मुहाल की जमा के वास्ते जमीय शुर्का ब शिरकत ज़िम्मःदार हैं ¦ ¦ और हिदायत नामः बन्दोबस्त में दफ़ः ८४ से दफ़ः ८७ तक तनक

¦ ¦ इस बाब में हुक्काम सदर बोर्ड के सरक्यूलर नम्बर २ मरक़ूमः ८ मई सन १८४८ ई परलिहाज़ हो चुनांचे ज़ैल में लिखा जाता है ॥ ※

साहिबान सदबोर्ड ब हिदायत गवरनमेन्ट अहकाम मुसर्रेह ज़ैल जारी करते हैं जिन में मुहालात ग़ैर मुनक़िस्मः की ज़िम्मःदारी मुशतरकः पर अमल करने का तरीक़ः मुन्दर्ज है ॥ ※

१ मुहालात ग़ैर मुनक़िसिम पर जो जमा सरकार से बांधी गई सब मालिक बशिराकत उसके कुल्ल के ज़िम्मःदार हैं ॥ ※

२ हर शरीक के अख़्तियार में है कि क़वानीन के मवाफ़िक़ बटवारः की दरख़्वास्त कर के अपना हिस्सः मुहाल से अलाहिदः करा ले ॥ ※

३ अगर हिस्सः और मिक़्दार ज़मीन मक़बूज़ः शरीक की मालूम और ग़ैर मुतनाज़ा हो साहेब कलक्टर को लाज़िम है कि उसकी दरख़्वास्त पर तक़सीम करें वर्नः शरीक मज़कूर को ज़रूर होगा कि अव्वल हिस्सः या ज़मीन मुद्दा.दि हा पर दीवानी में अपना हक़्क़ साबित करे ॥ ※

४ मुहाल की तक़सीम इस तरह की जाय कि हर हिस्सः पर म्वाफ़िक़ लयाक़त पैदावारी के जो तक़सीम के वक़्त मुतसव्वर हो बमूजिब तरीक़ः ज़िमन ४ दफ़ः २७ क़ानून ३५ सन् १८०३ ई० के जमा का हिस्सः मुनासिब मुक़र्रर किया जाय बन्दोबस्त के वक़्त जो तक़सीम हिस्सों की और तशख़ीस जमा की अमल में आई बहाली उसकी वाजिब न रहैगी मगर ज़मीन की तक़सीम ख़्वाह जमा का तसफ़ीयः उसी लिहाज़

पर किया जाय या ऐसा हर सूरत जारी होने बन्दोबस्त जदीद मुहाल के तक़सीम के वक़्त होना ॥ *

५ उन सब तदबीरों से ज़िम्मःदारी मुश्तरकः में खलल अन्दाज़ होंहुक्कामको आल्ल अम्रल किनारा कशी चाहिये मसलन् पट्टीदारी महाल गैरमुन्क़सिम में सरकार की तरफ़ से पट्टी खरीद करनी या गैर शख्स को मुस्ताजरी देनी या खाम तहसीलकरनी इत्या इस सूरत में अगर मुहक्किक हो कि जमा की तश्खीस जिसबक़् बतदबीर की गई पट्टी की लयाक़त और पैदावारी से मुताबिक़त रखती है और यह कि मालिकों मक़दूर न हो कि फ़रेब या साज़िश की रूसे अपने तईं ज़िम्मःदारी मुश्तरकः से जो क़ानून की रूसे उनपर वाजिब है छुड़ायें ॥ *

६ ज़िम्मःदारी मुश्तरकः पर इस सूरत में अमल हो सकता है कि एक शरीकः या पट्टी के वास्ते कुल मुहाल नीलाम या मुस्ताजिरी या खाम तहसील किया जाय मगर जब तक कि वाकई बाक़ीदारों से बाक़ी वसूल करने की सब तदबीरात क़ासिर न हुई हों अलल्अमूम इन तदबीरात पर रुजूअ न कियाजाय ॥ *

७ जब बाक़ी पड़े और वसूल के वास्ते तदबीरात सख्त का जारी करना लाज़िम हो तो पट्टीदारी मुहाल गैर मुन्क़सिम के शुरका और इत्तिहादः मुहाल के मालिकों से तहसील करने में फ़र्क़ कुली मलहूज़ रहे चुनांचि देहात गैर मुनक़िस्म में ज़रूर है कि इस्ताल बाक़ी के वास्ते जो कारवाई हो हमेशः बतवस्सुत नम्बरदार हुआ करे और ज़िम्मःदारी मुश्तरकः अल दावाम मद्दनज़र रहे ताकि उसके वसीलेः से तदबीरात तहसील में अख़राजात कम पड़ें और वसूल बाक़ी में सब शुरका आपस में मिलकर कोशिश करें ॥ *

८ जिस तरह से कि बाज़ औक़ात ऐसे मुक़द्दमात पेश आते हैं जिनमें सरकारी मुतालबः का मुल्तवी या माफ़ करना मुनासिब होता है वैसे मुक़द्दमात इस बात में भी पेश आने मुत्सौवर हैं जिनके मालिकों के गरोह की बहतरी या बहाली मक़तज़ी इस बात की हो ज़िम्मःदारी मुश्तरकः भी मुल्तवी या बिल्कुल बरकनारा की जाय दोनों तरह के मुक़द्दमात यकसां हैं और एक हीलिहाज़ पर मुबनी ॥ *

शोह इस अमर की हुई है कि ऐसे देहात के सब शुरका किस तरीक़ः से एकाही अहद व पैमान में बंधे है और किस तरह से अपनेर हिस्सः का आपस में मुहासबः करते हैं बन्दोबस्त की मिसिल और पटवारी के काग़ज़ात सालानः से गांव का तरीक़ः मिल्कीयत और मालिकों के नाम मा

लम हो जायेंगे निहायत मुनासिब है कि पहिले असिल बाक़ीदार से बा॰
जद व जुहद बाक़ी वसूल की जावे लेकिन जब उस से वसूल न हो सके
तब बहुत ज़रूर होता है कि जुमलः शरीकों से मवाख़ज़ः किया जावे ता
कि शिरकत के अहद व पैमान की असल हक़ीक़त से ख़ूब आगाह होक
र सब के बचाने के वास्ते बिलइत्तिफ़ाक़ सई करें वरनः अहद व पैमान
में अगर कि कुछ तखसुस वाक़ः हो बिलज़रूर गाँव के तरीक़ः इन्तिज़ाम॰
में तबदील कुली बल्कि नई सूरत पैदा होगी जब ज़िम्मःदारी मुश्तरकः के
क़ायदः पर लिहाज़ नहीं किया जाता यानें जिस वक़्त पट्टीदार अपनी अपनी
पट्टी की जमा के वास्ते ज़िम्मःदार नहीं ठहराये जाते तब फ़ुक़्र तरीह आयद
होता है और यक़ीनी वक़ूअ नीलाम के बाइस से बहुत हक़ तलफ़ी होगी॰
फ़िर अगर क़ायदः इश्तिराक पर लिहाज़ नहो याने कुल शुरका बिलइत्तिसा
ल ज़िम्मःदार नहों तो तमाम बन्दोबस्त की तरमीम करनी पड़ेगी और हर
एक छोटी छोटी अराज़ी की जमा अलाहिदः तजवीज़ करनी ज़रूर होगी॰
अलग़रज़ ऐसी हालत में बन्दोबस्त असामीवार याने हर एक रईयत के सा
थ करना पड़ेगा और ऐसे इन्तिज़ाम में दिक़्क़त कसीर और ख़िसारः कसीर॰
ख़ुसूसन इस मुल्क में जहाँ उसका रवाज नहीं ज़ाहिर है ॥ *

दफ़ः ५५ इस हाल के वास्ते क़ानून अव्वल सन् १८४१ ई॰ में तदबीरात
मुनासिब मौजूद हैं चुनांचि उनके मुताबिक़ साहब कलक्टर को अख़्तिया
र हासिल है कि जिस तरह से सदर मालगुज़ार से बाक़ी वसूल की जा॰
ती है वही तरह हर एक शरीक की निसबत अमल में लावें और साफ़
ज़ा साफ़ लिखा है कि सब शरीकों की ज़िम्मःदारी भी बहाल और बरक़रार
रहती है अलग़रज़ सरकार का मनशा यह है कि असिल बाक़ीदार से बमे
हनत और मशक़्क़त तमाम बाक़ी वसूल की जावे क़ब्ल इसके कि जुमलः॰
शरीकों पर मुतालिबः हो ॥ *

दफ़ः ५६ दफ़ः ८ क़ानून अव्वल सन् १८४१ ई॰ की रू से यह हुक्म है कि
नक़ल जमा वासिलबाक़ी और खतियौनी शरहवार जिस में हरएक पट्टी की॰
आमदनी और बाक़ी की तसरीह मुन्दर्ज हो और जिसपर तहसीलदार के द
स्तख़त और मुहर और क़ानोनगो और पटवारी की सही हो ऐसी नक़ल उ
स बाक़ी के सबूत के वास्ते जो हर पट्टी पर चाहिये काफ़ी समझी जाय इससे॰
तहसीलदारों पर लाज़िम नहीं आता कि मुहाल मुशतरिक की हर अलाहदः
मिल्कीयत के वास्ते हमेश अलाहदः जमा वासिलबाक़ी बनाना करें अल

अस्ल असनम मुहाल का हिसाब एक मद्द के ज़ैल में शुमार हो सकता है मगर जो तफ़सील मालगुज़ार बयान करे कि किसकी बाबत यह आमदनी दाख़िल हो ती है चाहिये कि तहसीलदारी काग़ज़ात में वह तफ़सील दर्ज की जावे फ़िर जि स वक़्त बाक़ी पड़े और इस क़ानून के मुताबिक़ मालिकों का तदारुक बिलइन्फ़िरा द ज़रूर हो तब हर पट्टी या मालिक की जमा वासिलबाक़ी अलेहदः मुरत्तब करनी पड़ेगी इन काग़ज़ का बनाना तहसीलदार के ज़िम्मः है पटवारी के काग़ ज़ात पर मुबनी होगा और उसके मुताबिक़ होना चाहिये लेकिन बाज़ औक़ा त उसकी तरतीब तनाज़ा के सबब दिक़्क़त से ख़ाली नहीं ऐसे तनाज़ा के तस फ़ीयः में बहुत फ़िक्र और तअम्मुल ज़रूर है वासिलबाक़ी जब पहिले साह ब कलक्टर के हज़ूर में पेश होवे तो कुछ अजब नहीं कि फ़रीक़ैन में उसकी सिहत पर कोई ऐसा ऐतराज करे जिससे तहक़ीक़ात सानी और शायद आ ख़िर कार तरमीम यही ज़रूर हो और फ़िलहक़ीक़त तरह तरह के ऐतरा ज़ की गुनजायश है मसलन यह कि फ़लानी मिल्कीयत की मक़दार में ग़ल ती है या हिसाब तक़सीम जमा याने बाछ का तसफ़ीयः वाजबी नहीं हुआ या यह कि इस गांव में तफ़रीक़ हिसों की ऐसी नहीं है कि क़ानून अौवल सन् १८४५ ई० की शरायत उसकी निसबत अमल में लानी जायज़ हो हाकिम पर लाज़िम है कि ऐसे उज़रात को अलाहदः अलाहदः सुने और ब तामुल तमाम तजवीज़ करै क़ानून में जो यह हुक्म है कि वासिलबाक़ी और खति यौनी हमेशः नीलाम की मिसिल के साथ शामिल रहे इस से यह फ़ायदः निक लता है कि मुल्क के दस्तूर और रवाज के ख़िलाफ़ किसी पट्टी को बे तामुल नीला म करना मुमकिन न होगा मगर यह अमर नः क़ानून और नः सरकार के हुक्म से निकलता है कि काग़ज़ात मज़कूरः को ख़्वाह न ख़्वाह कबूल करना या उनपर बिल्कुल एत्बार रखना चाहिये ॥ ※

दफ़ः ५७ वासिलबाक़ी के उज़्रदार शायद यह दावी करैं कि हमारा मुशतरकः किस्म ज़िमीदारी । । इस बाब में दफ़ः ८७ हिदायत नामः मुहतिम्मान बन्दोबस्त की देखनी चाहिये । । है और लम्बरदार तहसील किया करता है और उसपर यह लाज़िम है और वाजिब कि सब शरीकों को गांव का हिसाब सम झावे हाल आंकि साल हाल में हम बाकीदारों को हिसाब व दुरुस्ती व दयान त नहीं समझाया फ़िलवाक़ा ऐसा उज़्र बजा और इल्तिफ़ात और तहक़ीक़ात के लायक़ है अगर तमाम व कमाल साबित हो तो ज़ाहिर है कि यह ऐसा गांव नहीं है जिसमें शरायत क़ानून मज़कूरः वाला अमल में लानी चाहिये

फ़िर अगर साबित हो कि ब जिहारत याने साल तमाम के तसफ़ीय: हिसाब में बाक़ीदार शरीक था और उसको मनज़ूर किया और अपने हिस्स: का मुनाफ़ा लेकर सर्फ़ किया तब अव्वलन: उस साल में हिस्सों की तफ़रीक बख़ूबी साबित हुई और जायज़ है कि ज़िम्म:दारी मुन्फ़रिद: के क़ायद: पर अमल किया जाय ॥ *

दफ़: ५९ जिस पट्टी में बाक़ी पड़े उसकी ज़िम्म:दारी मनफ़रिद: में दुरुस्त बाह तो नहीं फिर भी शायद उसके मालिकों से बाक़ी का वसूल किसी तदबीर से न हो सकता हो शायद मालिकों ने अपनी ज़मीन बे तरद्दुद होने दी या क़रज़दार हो गये या फ़िरार हुये अब ऐसे हालात में ज़रूर होता है कि ज़िम्मदारी मुशतरक: के लिहाज़ से तमाम गाँव के शुरका पर मवाख़ज़: किया जावे इस नज़र से दरयाफ़्त करना चाहिये कि ऐसे बाक़ी के अदा के वास्ते इस गाँव में क्या रवाज मुक़र्रर है मसलन शरीकों के बाक़ के हिस्सों पर यह बाक़ी ब हिसाब रसदी फ़ैलाई जाये या बाक़ीदार का हिस्स: दूसरे पट्टीदार ख़्वाह पट्टी के पास मुन्तक़िल करना चाहिये जिनको बाक़ी दे कर ज़मीन लेने की इसत्यादाद हो जिस गाँव में जो क़ायद: जारी हो चाहिये कि उसके बमूजिब अमल करने के वास्ते शरीकों को हिदायत हो और जो कोई इनकार करे या सब करें तो लाज़िम है कि हाकिम उसको या सब को बाक़ीदार जानकर वैसा ही उनके साथ कार बन्द हो यह अख़्तियार मुन्दरजे दफ़: १० क़ानून अव्वल सन १८४१ ई० जिससे गाँव के जुमल: शुरका कुल जमा के ज़िम्म:दार शुमार हो सकते हैं बड़े मतरख़ और फ़ायदे: का है क्योंकि गाँव की बिरादरी को एकट्ठा रखता है और उसके सबब से ब दरज: मजबूरी उन पर लाज़िम होता है कि सब की सलाहियत के वास्ते बिल्इत्तिफ़ाक़ सई करें कि यही अमर ऐसे देहात की उमद: ख़ासीयत है मरातिब बाला से यह बात निकलती है कि साहब कलक्टर को ऐसे काम से कनार: करना चाहिये जिस से मुहाल मुशतरक: के किसी हिस्स: ख़्वाह पट्टी की ज़िम्म:दारी सरकार पर पड़े मसलन जुज़्व हिस्से का बन्दोबस्त फ़िस्ख़ करना और ख़ाम रखना या बाक़ीदार की पट्टी का सरकार की तरफ़ से ख़रीद करना जानना चाहिये कि सिर्फ़ यकही तरह है जिससे ऐसे गाँव के शरीकों की ज़िम्म:दारी मुश्तरक: जाय: हो सकती है याने दफ़: ३० कानून १९ सन १८१४ ई० की शरायत जारी करने से जिस के सबब एक मुहाल की पट्टी या इजज़ा मुहालात जुदागान: बन जाते हैं अगर इस इम्तियाज़ का लिहाज़ ब ख़ूबी न किया जावे तो वे शक फ़रेब और मुग़ालत: दिही की गुन्जायश बहुत रहैगी ॥ *

दफ़ः ५९ जब बाक़ी का सबब दरयाफ़्त हो गया तो उसके वसूल की आ ईन की रू से कई सबीलें साहब कलक्टर के इख़्तियार में हैं इस अमर में कोई क़ायदः ख़ास हिदायत के वास्ते मुक़र्रर नहीं हो सकता क़वानीन के मुताबिक़ साहब मौसूफ़ को इख़्तियार है कि जो तदबीर मुनासिब जानें अमल में लायें और इस तजवीज़ में जो महनत और ज़िम्मःदारी है इससे दरेग़ करना न चाहिये बड़ा मक़सद यह हो कि बाक़ी जल्द और आसानी से और इस तरह कि हत्तुलइम्कान बाक़ीदार पर ख़र्च और तकलीफ़ कम पड़े व वसूल हो ॥ *

दफ़ः ६० तदबीरात में एक क़िस्म वह है जो मुहाल से तअ़ल्लुक़ रखती है और दूसरी क़िस्म वह है जो ख़ुद बाक़ीदार और उसके माल मनक़ूलः और ग़ैर मनक़ूलः से तअ़ल्लुक़ रखती है पहिली क़िस्म इस क़ायदः पर मबनी है कि हर मुहाल जमा सरकारी के वास्ते हमेशः मकफ़ूल है इस वास्ते बाक़ी का मवाख़िज़ः मुहाल से करना नाजायज़ नहीं हो सकता हाँ अगर बेमौक़ा और ख़िलाफ़ मसलहत हो तो मुमकिन है हक़ीयत का इन्तक़ाल वरासत के रू से हो या और सबब से बाक़ी के वसूल का मानअ़ नहीं हो सकता कि मुहाल बाक़ियात के वास्ते नीलाम न हो या बन्दोबस्त फ़िस्ख़ कर के मुस्ताजरी या ख़ाम न किया जाय मगर दूसरी क़िस्म का तदारुक जो ख़ुद बाक़ीदार से मुतअ़ल्लिक़ है सिर्फ़ उस शख़्स की निसबत जायज़ है जिसने जायदाद से सरकारी हिस्सः लेकर हज़्म किया हो कि वह बज़ात ख़ुद ज़िम्मःदार है और बाक़ी के सबब मुक़ैयद होने का सज़ावार माल मनक़ूलः और ग़ैर मनक़ूलः के नीलाम के बाब में यह क़ायदः याद रखना चाहिये कि बइसतिस्नाय उस मुहाल के जिसमें बाक़ी पड़े ऐसे माल पर सिर्फ़ उस वक़्त मवाख़िज़ः हो सकता है जब असिल बाक़ीदार उसका मालिक हो या बाक़ी पड़ने के बाद किसी और के पास मुन्तक़िल किया गया हो ॥ *

दफ़ः ६१ बाक़ी के वसूल की जो सबीलें साहब कलक्टर के इख़्तियार में हैं उनका बयान करना मुफ़ीद होगा और यह कि उनके दरमियान तजवीज़ करने के लिये कई उमदः क़वायद का ज़िक्र हो जिन से इख़्तियार मज़कूरः वाला के इसत्यामाल में अमानत और हिदायत हो ॥ *

दफ़ः ६२ मालगुज़ारी के वसूल के वास्ते तदबीरात मुजौवज़ः क़ानून ज़ैल में लिखी जाती हैं *

अौवल — दस्तक याने मुतालबः और हाज़री का हुक्मनामः *
दोम — बाक़ीदार को मुक़ैयद करना *

सेउम — माल मन्क़ूलः की कुरकी *

चहारुम — खाम तहसील याने मुनाफ़ा की ज़बती *

पनजुम — जिस पट्टी में बाक़ी है उसको और पट्टीदार के हाथ मुन्त क़िल करना *

शिशुम — जिस पट्टी में बाक़ी है उसका या तमाम मुहाल का ग़ैर स ख्स को इज़ार: देना *

हफ़तुम — उस पट्टी का जिस में बाक़ी है या तमाम मुहाल का नी लाम करना *

दफ़: ६३ अव्वल इजराय दस्तकात — दस्तक ।। अहकाम वास्ते इजराय द स्तकात मुमालिक मुफ़्तूहः और मफ़तूहः के क़ानून २७ सन १८०३ ई० की दफ़ आत ३ व ४ व ५ व ७ व ८ व ६ व १० में मुन्दर्ज हैं लेकिन क़ानून १० सन १८१८ ई० की दफ़: ४ और ५ की ज़िमन अव्वल में जहां शरायत मज़कूर: बाला जिला कटक के वास्ते सादिर की जाती हैं यह अमर ज़ियाद: तसरीह से मुन्दर्ज है ।। या मुतालिब: का महज़ अलाम नम: है या बाक़ीदार के लिये हुक्म नामः कि हाकिम तहसील के हुज़ूर में अपनी बाक़ी रखने का जवाब दे मालगुज़ार पर लाज़िम है किस्त के वाजिब होने की तारीख पर या उस से पहिले ज़र तलबी तहसीलदार के पास या हुज़ूरी होने की हालत में साहब कलक्टर के पास पहुंचावे अगर न दे तो मुस्तौजिब तदारुक: का है और सब किस्म के तदारुक में इजराय दस्तक तदारुक खफ़ीफ़ है ॥*

दफ़: ६४ अकसर औक़ात और खसूसन बाक़ी रखनेकेपहिले क़सूर के वास्ते जो दस्तक क़िस्त के दूसरे दिन जारी की जाती है वह महज़ इत्तिलाना मः है जब उस से कार बरारी न हो और दस्तक मीआद के अन्दर बाक़ी दा खिल न की जावे तब फिर दस्तक ख्वाह दस्तकात मुतअद्दिदः चपरासी या सवार की मारफ़त जारी करनी चाहियें इस सूरत में दस्तक को हुक्मनामः हाज़ि र होने के लिये समझना चाहिये जिसके ज़रयेः सब कोई जो ज़िम्मे.दार बाक़ी के हैं साहब कलक्टर ख्वाह तहसीलदार के पास हाज़िर किये जायें तादाद द स्तक बाक़ीदारों की कसरत और औज़ाय व अतवार के मवाफ़िक चाहिये ज़रूर नहीं कि हर एक बाक़ीदार के वास्ते अलाहिद: अलाहिद: दस्तक हो बल्कि उसी क़दर पर किफ़ायत करनी चाहिये जो बाक़ीदारों के एहज़ार के लिये किफ़ायत करे यह वह तदबीर है जिस से बाक़ी के जमीय असबाब जो पहिले मख़फ़ी थे बखूबी खुल जाते हैं लेकिन जो बाक़ीदार रूपोश भी हो जा वें या हाज़िर होने से इन्कार करें तो इस सूरत में भी असिल हक़ीक़त बाक़ी का

दरयाफ़्त करना गांव और परगन: के अहलकारों की मारफ़त या किसी और तर ह से कम्तर मुशकिल होगा यह अमर अकसर तहसीलदार के मुतअल्लिक़ होता है और वाके मे चाहिये कि तहसीलदार अपने इलाक़: के हालात से ऐसी वाक़फ़ीयत रक्खे कि पहलेही से आगाह हो कि कहां और किस तरह से बाक़ी पड़ने का मुहतमाल है और तहसीलदार हमेश: जान्ता होगा कि फ़लां ने गांव में फ़सिल अच्छी हुई या ख़राब और मालगुज़ार खुश हाल हैं या तंग हाल और यह भी उसको मालूम होगा कि उनका आपस में माफ़िक़ हैं या मुख़ालिफ़ और यह भी ज़रूर है कि हर एक मालगुज़ार की कैफ़ियत और से मुत्तिला हो कि बर वक्त अपना देन अदा करता है या नहीं इस ख़बर से तहसीलदार को ऐसी लयाक़त होनी चाहिये कि बमुजर्रद बाक़ी पड़ने के तजवीज़ कर सके कि किस तरह से इस मुक़द्दमें: में कार बन्द हों लिहाज़ा जब कि पहिली या दूसरी दस्तक से बाक़ी वसूल नहो तो ज़रूर है कि साहब कलक्टर को फ़ौरन कैफ़ियत मुफ़स्सल लिखें और अपनी राय के साथ वजूहात मुन्दरज करें कि किस तरीक़े: और तदबीर का अख़्तियार करना मुनासिब है साहब कलक्टर बहुत ताकीद करें कि यह कैफ़ीयत हमेश: ब उजलत तमाम भेजी जावे जब रपोर्ट साहब कलक्टर के पास पहुंचे तो उसके इम्तहान को बहुत सबीलें उनके अख़्तियार में हैं जिनसे बख़ूबी जांच लें मसलन अपनी वाक़फ़ियत साबिक़: से और काग़ज़ात दफ़तर से और हस्ब ज़रूरत वाक़िफ़कारों के बयान से ऐसे मामिल: में देर करनी या सबील वसूल की तजवीज़ में ताख़ीर करनी बड़ी ख़राबी बरपा करैगी जहां कहीं तहसील करने में दिक़्क़त हो तो सब बातों से यह अमर मुक़द्दम है कि साहब कलक्टर फ़िल्फ़ौर बाक़ी का सबब अपने दिल में ठहरा लेवें और जो तदबीर वसूल की बेहतर हो उसको बिला ताख़ीर तजवीज़ करें और उस तदबीर में जिस क़दर तवक़्क़ुफ़ आईन से लाज़िम आवे सिर्फ़ उसी को जायज़ रक्खें ॥ *

दफ़: ६५ दस्तकात बिला ज़रूरत जारी न करनी चाहियें जिस से बाक़ीदार पर बे फ़ायद: ख़र्च पड़े तहसील मुहालवार चाहिये न मौज़ावार चुनांचि जब कई मौज़ा की जमा और बन्दोबस्त अलाहद: है लेकिन एकही मालिक या मालिकों के एक गरोह के कबज़े: में हैं तो उनको एकही मुहाल शुमार करके सब के वास्ते एक दस्तक काफ़ी है दस्तकात सिर्फ़ इतनी जारी करनी मुनासिब हैं जो बाक़ीदार के अहज़ार के वास्ते काफ़ी मालूम हों और जिस सूरत में कि ज़ाहिरन: उसकी हाज़री की उम्मेद न हो तब इजराय दस्तकातकामौकूफ़

करना चाहिये ख्वाह न ख्वाह कुछ यह ज़रूर नहीं है कि बाक़ी के हर मुक़द्
मे: में दस्तक ॥ इस बात में क़ानून याज़दहुम सन् १८२२ ई० की दफ़: २ और ज़िमन दोम के
मरातिब पर लहाज़ करना चाहिये और जानना चाहिये कि क़ानून मज़कूर अगरचि मनसू
ख हो गया मगर क़वायद और उसूल मुन्दर्जे: ज़िमन मज़कूर बहाल और और बरक़रा
र हैं मज़मून दफ़: २४ क़ानून अव्वल सन् १८४५ ई० इस बात के वास्ते क़तई है ॥ जारी हो
अगर क़िस्त साबिक़ की बाक़ी चली आती है और फिर दूसरी क़िस्त वाजि
बुल् अदा हुई या अगर बाक़ीदार की मुफ़लसी मशहूर हो या मालूम हो
कि उसकी नीयत बाक़ी देने की नहीं इस सूरत में शायद एक दस्तक जारी
करनी भी मसलहत न होगी और इस तरह से मुहाल के ऊपर ख़र्च ज़ायद
न पड़ेगा और वह सर्फ़ औक़ात जोकि अन्जाम के मुन्तज़िर रहने से मुत
सव्विर था न होने पावेगा ॥ ॐ

दफ़: ६६ वह दस्तूरुल्अमल जो सदर बोर्ड ने दस्तकात के इन्तज़ाम की
बाबत जारी किया तितिम्मः नम्बर ६ में मुन्दर्ज है जिस से इजराय दस्तकात में
ज़्या द: सितानी और मुहासबे में ख़यानत के इन्सिदाद के वास्ते कमाल
हिदायत होती है एक बेज़ाबती ने कहीं कहीं दख़्ल पाया जो ऐसी फ़ाश
है कि उस के ज़िक्र की भी चन्दां ज़रूरत नहीं वह यह है कि बाज़ हुक्काम माल
जो नहीं चाहते कि हिसाब हमारे तलबाने का बहुत ज़्याद: मालूम हो मा
लगुज़ारी की तलबी सरकारी चपरासी या सवार की मारफ़त करते हैं और
इसी तरह तलबाना बग़ैर इजराय दस्तक के मालगुज़ारों से वसूल करते हैं यह
तो मह्‌ना जायज़ है अगरचि कोई बेचार: और नावाक़िफ़ काश्तकार शाय
द ऐसी बात पर मोतरिज़ न हो लेकिन और सब उसका मुक़ाबिल: करेंगे॥ ॐ

दफ़: ६७ दोम बाक़ीदार का क़ैद करना — हर एक मालगुज़ार जिसके
ज़िम्म: सरकारी बाक़ी है मुक़ैयद होने का सज़ावार है क़ैद कराने का अ
ख़्तियार अदालत दीवानी के ज़रिये से अमल में आता ॥ है मगर जो कोई

॥ दफ़: ११ क़ानून २७ सन् १८०३ ई० के बमूजिब साहब जज्ज मुक़द्दमात बा
क़ी में क़ैद करते हैं तो उनका फ़ेअ़्ल महज़ अमर तामील है याने जब साह
ब कलक्टर दरख़्वास्त करें तो उन पर लाज़िम है कि क़ैद करने का हुक्म
जारी करें और जो बाक़ीदार सरकारी देन अदा करने से इनकार करे तो मुराफ़ा
सिर्फ़ अर्ज़ रूप नालिश बमूजिब दफ़: १६ उसी क़ानून के जायज़ और वह
नालिश मुताबिक़ ताबीर अदालत सदर दीवानी नम्बर ३३० सिर्फ़ मुक़द्दम:

नम्बरी के ज़रयः हो सकती है दफ़ाः २० क़ानून हशतुम सन् १८३२ ई० और क़ानून हफ़तुम सन् १८२२ ई० की दफ़ाः २३ ज़िमन् ३ में अहकाम जो मुक़द्दमात सरसरी में बाक़ीदार की क़ैद कराने के वास्ते हैं उसी तौर पर हैं जिस का ज़िक्र ऊपर हो चुका लेकिन सरसरी मुक़द्दमात के बाब में सदर दीवानी अदालत ने सरकुलर हुक्म मवर्रखः ४ जनवरी सन् १८३३ ई० और ताबीर नम्बर ७८४ में हुक्म दिया है कि बाक़ीदारों की क़ैद और रहाई के वास्ते कुछ ज़रूर नहीं कि हुक्म मारफ़त साहब जज अदालत दीवानी के जारी हो बल्कि दीवानी जेलखाने के दारोग़ा के नाम कलक्टर का वारंट बाक़ीदार के लेने ख़्वाह छोड़ देने के वास्ते काफ़ी है क्योंकि वह अख़्तियार जो साबिक़ में साहब जज को हासिल था अब बाक़ैल में साहब कलक्टर के पास मुन तक़िल हुआ बाद उसके ताबीर नम्बर ८६२ जारी हुई जिस के रूसे माल के बाक़ीदारों की बाबत दफ़ाः ११ क़ानून २७ सन् १८०३ ई० की शरायत क़ायम व बहाल की गई चुनांचि साहब कलक्टर ही के हुक्म से क़ैद करने का दस्तूर जो बाज़ इज़ला में मुरव्विज हो गया था मौक़ूफ़ करना चाहिये ॥ ※ ‡ ‡

तलबी ग़ैर वाजिब का उज़्र रखता हो इस तरह रिहाई पा सकता है कि ज़र बाक़ी की ज़मानत दाख़िल कर के अपने दावी के सबूत के वास्ते अदालत दीवानी में नम्बरी नालिश रुजू करे गिरफ़्तारी के बाद कुछ ज़रूर नहीं कि बाक़ीदार फ़िल्फ़ौर जिहलखानः में क़ैद किया जावे ‡ ‡ दफ़ाः ११ क़ानून २७ सन् १८०७ ई० को देखना चाहिये ‡ ‡ बल्कि अख़्तियार है कि जिन चपरासियों की मारफ़त गिरफ़्ता हुआ तहसीलदार उनकी हिफ़ाज़त में दस दिन तक तहसीलदारी में और साहब कलक्टर दस दिन तक कचहरी सदर में हाज़िर रक्खें कोई शख़्स सिवाय अपनी ख़ास बाक़ी या किसी हिस्सःदार की बाक़ी के वास्ते जिसका नम्बरदार और ज़िम्मेःदार है मुक़ैयद नहीं हो सक्ता कोई वारिस या क़ायम मुक़ाम या कारिन्दः उस शख़्स की बाक़ी के वास्ते जिस से उस को हक़ वरासत या अख़्तियार मिला है मुक़ैयद नहीं हो सक्ता ॥ ※

दफ़ः ६८ जानना चाहिये कि क़ैद करना सिर्फ़ ख़ास मुक़द्दमात में काम आता है जब बाक़ीदार का हाल और वज़ा ऐसी है कि जिहलखानः में जाने से बहुत डरता हो और जब उस के पास जायदाद अदाय बाक़ी के लिये मौजूद हो तो इस सूरत में शायद इस तदारुक से और कोई बेहतर तदबीर न निकलेगी मगर मुफ़लिस और क़रज़दार पर क़ैद करना कुछ ना

सीर न करैगा और ग़रीब व बे नसीब आदमी की निसबत जो दयानतदार और महनत कश भी है सरीह ज़ुल्म है आगे क़ैद का रवाज बहुत था बल्कि शुरू अ तहसील के सिलसिलः का उसी से समझा जाता था लेकिन अब मुद्दत से उस की सख़्ती और ग़ैर सलाहियत सब पर वाज़ेः हुई है यहां तक कि चन्द साल के अरसः से नौबत बमौक़ूफ़ी पहुंच गई जो कवाअद साहबान सदर बोर्ड ने इस बाब में मुकर्रर किये तितिम्मः नम्बर ७ में मुन्तख़िब हुये ॥ *

दफ़ेः ६९ सेवम माल मनकूलः की क़ुरक़ी — जो अख़्तियार हर मालिक ज़मीन को अपनी रयाया की क़ुरक़ी में हासिल ॥ इस बाब में ज़िमन २ दफ़ेः ४ क़ानून २७ सन १८०३ ई॰ पर लिहाज़ करना चाहिये ॥ है वही अख़्तियार साहब कलक्टर मालगुज़ार की निसबत रखते हैं उसके बमूजिब बाक़ीदार का असासुल्बयत जिसको इसलाम की शरह में माल मनकूलः और शास्त्र में अस्थावर कहते हैं जहां दस्तयाब हो क़ुरक़ी और ज़बती के लायक़ है मगर आलात किश्तकारी और मवेशी ज़रायत और कारीगरों के औज़ार बाक़ी के वास्ते क़ुरक़ी और नीलाम के लायक़ नहीं है ॥ *

दफ़ेः ७० वही ऐतराज़ जो क़ैद करने की निसबत दफ़ेः ६८ में लिखे गये क़ुरक़ी के बाब में भी आयद हो सकते हैं जो बाक़ी रक्खा करते हैं वह अकसर छोटी छोटी मिल्कीयत के मालगुज़ार होते हैं उनका माल मनकूलः उन्हीं के वास्ते मुफ़ीद है मगर और कोई उसका कम ख़्वाहां होगा और मालिक उसको आसानी से मुन्तक़िल कर सकता है अगर क़ुरक़ व नीलाम किया जावे तो ज़र क़लील वसूल होता है हाल आंकि बाक़ीदार को तकलीफ़ और ज़रर बहुत हुआ मगर जो बाक़ीदार ख़ुशहाल है और अन्दा सरकार की बाक़ी रखता है तो उसके असासुल्बयत से क़ीमती असबाब को क़ुर्क़ करना ख़ूब है बल्कि शायद इससे कोई तदबीर बेहतर न निकलैगी अलहासिल क़ुरक़ी सिर्फ़ उस सूरत में पसन्द के लायक़ होगी जब उम्मेद क़वी हो कि तमाम बाक़ी या उस में से ज़र कसीर वसूल हो जावे गा ॥ *

दफ़ेः ७१ चाहारुम ख़ाम तहसील याने ज़बती मुनाफ़ा ज़मीन — इस में दो तरीक़े मुख़्तलफ़ अकसर मख़्लूत किये जाते हैं एक तो क़ुरक़ी चंद रोज़ः जिसकी वागुज़ाश्त के बाद मुनाफ़अ का हिसाब समझाना पड़ता है दूसरे बन्दोबस्त फ़िस्ख़ करना और मोअ़ाद मुऐनः के वास्ते मुनाफ़ा का ज़ब्त करना एक ख़ासीयत में दोनो मुताबिक़ हैं याने साहब कलक्टर ख़्वाह

वह अ़सहःदार जिस को साहब मौसूफ़ मतऐयन करें मालिक का क़ायम मु
काम हो जाता है और जो अख़्तियार इलाक़ः में मालिक को पहुंचता है वही
अख़्तियार उसको हासिल होता है और एक नतीजा भी दोनो से बराबर निक
लता है क्योंकि दफ़ः १० क़ानून अव्वल सन १८४५ ई० मानेअ है कि कोई मुहा
ल बऐयाम कुरक़ी की बाक़ी इल्लत में नीलाम हो और इस अमर इमतिया
ज़ नहीं किया गया कि कुरक़ी पहिली सूरत की हो ख्वाह दूसरी सूरत की लि
हाज़ा दोनो तरीक़ः तहसील के अख़्तियार करने में तामुल तमाम और उस
के अन्जाम के लिये निहायत खबरदारी और होशियारी चाहिये॥ *

दफ़ः ७२ खाम तहसील चंद रोज़ः की बाज़े वक़्त कुरक तहसील। इस
बात में ज़िमन अव्वल दफ़ः २४ और १ से ४ तक दफ़ः २५ क़ानून २७ सन १८०३ ई० देख
ना चाहिये। भी कहते हैं और हाल उसका यह है कि जहां बाक़ी पड़े और त
दबीरात की तकमील में इस क़दर देर होगई कि नुकसान और बरबादी का इ
हतिमाल ज़रूर हो तो साहब कलक्टर को इजाज़त होती है कि इस किस्म की
तहसील अपने ही अख़्तियार से अमल में लावें पर ज़ाहिर है कि मुस्ताज
री या नीलाम के अन्जाम में कुछ अरसः गुज़रेगा बल्कि जो बाक़ी के पहिले
तहक़ीक़ात अमल में आती है उसमें भी बाज़ औक़ात तवक्कुफ़ होता है
इन सब मुक़द्दमात में ऐसा बन्दोबस्त करना ज़रूर है कि बाक़ीदार कोतःअन्दे
श होकर जायदाद मुहाल को खुर्द बुर्द न कर ले फिर यह भी हो सक्ता है कि
बाक़ीदार मुक़ैयद हो गया और ज़रूर हो कि एक शख़्स सरकार की तरफ़ से
गांव के अहतिमाम के वास्ते मुतऐयन किया जाय अलल अमूम तहसीलदार
इस काम के वास्ते मुकर्रर हो मगर जब गांव बड़ा है और जब ज़्यादः होशि
यारी और मेहनत की हाजत हो एक सज़ावल मुतऐयन होसक्ता है जो स
रकार की तरफ़ से मालिक का सब अख़्तियार और काम अन्जाम देगा औ
र आमदनी में से बहिसाब फ़ी सदी या बतौर मशाहरः मेहनतानः पावेगा॥ *

दफ़ः ७३ इस हालत में अहलकार सरकार जो कोई हो हमेशः २
बाक़ीदार का क़ायम मुक़ाम हो जाता है और जिस क़दर मालगुज़ार को वसू
ल करने का अख़्तियार है उसको भी इतना वसूल करना चाहिये जहां का
श्तकार ग़ैर मालिक हों वहां जमाबन्दी मुक़र्रिरः के बमूजिब वसूल करना २
होगा फिर जहां मालिकों का एक गरोह ज़मीन जोतता है ज़रूर होगा कि जो
दस्तूर और क़ायदः बाक़ियात सनीन साबिक़ः और ज़र तलबी हाल की बा
बत गांव में राइज हो उसको अमल में लावे और उसके बमूजिब तहसील २

करे मसलन अगर यह दस्तूर हो कि शुरकाय जमा सरकारी और गांव खर्च अपनी अपनी सीर के मुताबिक़ बाछ करते याने बहिसाब रसदी फैलाते हैं इस हालत में सज़ावल अपना मेहन्तानः गांव खर्च में दाख़िल करके बाछ के मुवाफ़िक फैलावे बाद अज़ां वैसा ही वसूल करे वाज़ह है कि इस अख़्तियार के अमल में लाने से उस वक़्त बड़ा फ़ायदः मुनसहिर है जब तनाज़े के सबब बाक़ी पड़ी हो और इस बायस से तसफ़ीयः हिसाब सालानः और हर एक शख़्स की ज़मीन पर जर तलबी की तकसीम दुशवार हो क्योंकि जिस बात की तामील करने से नम्बरदार आजिज़ था ओहदःदार सरकार उस बातको अपने ही अख़्तियार से करता है फ़सिल हाल के इसतिग़राक का अख़्तियार जो सरकार को पहिले हासिल था और जिस को सिर्फ़ तलबी हाल की निसबत सरकार ने फरोगुज़ाश्त किया हालत कुरकी में फ़िर पैदा होता है ॥ क्योंकि सरकारी ओहदःदार मालिक की जगह होता है और अख़्तियार कुरकी भी रखता ॥ इस बाब में दूसरी ज़िमन का जुमलः अख़ीर दफ़ः ९७ क़ानून २९ सन १८०३ ई० देखना चाहिये ॥ है इस वास्ते जब गांव गुनजायशी हो वह ख़तरः जो अकसात ॥ इस इलतवा का ज़िक्र दफ़ः ३१ में हुआ ॥ के अल्लवा से सरकार पर आयद होता है सिरफ़ एकही फ़सिल की किस्तों पर पहुंचता है अलबत्तः एक फ़सिल जायदाद को मालगुज़ार हज़्म कर सकता है मगर बाक़ी पड़ने से साहब कलक्टर को अख़्तियार हासिल है कि आइन्दः को खड़ी फ़सिल का मवाख़ज़ः करें जब तक उससे बाक़ी की बेबाक़ी करलें॥

दफ़ः ७४ जब कोई गांव कुर्क हो तो निहायत चुस्ती और मुज़ल्लत से हर शख़्स की काश्त और ज़िम्मःदारी की कैफ़ीयत पटवारी से दरयाफ़्त की जावे इस काम में बन्दोबस्तके कागजात और पटवारीके हिसाब सालाना से बड़ी अआनत हासिल होगी और साहब कलक्टर कुर्क तहसील के हर मुकद्दम को गनीमत जान कर इस मौक़ा में काग़ज़ात मज़कूर का इम्तहान और हस्बुलज़रूरत उनकी तरमीम करें अगर साल ज़िराअत के शुरू में याने बरसात से पहिले कोई गांव कुर्क हो तो साल आइन्दः के तरद्दुद का इन्तज़ाम सरकारी ओहदःदार के ज़िम्मः होगा यह एक बहुत मुशकिल काम है जिसके वास्ते देहात और रआया से खूब वाकफ़ीयत दरकार है लिहाज़ा इसके इनसिराम के लिये ज़रूर है कि अमलः कारगुज़ार मुकर्रर हो और उनको बख़ूबी हिदायत की जावे हर तरह की तदबीर से कोशिश की जाय कि मालिकों से भी इस्तआनत और इत्तफ़ाक़ इस बात के अन्जामदेह

सिल हो ॥ *

दफ़ेः ७५ फिर याद रखना चाहिये कि कुरक़ी के ऐयाम में जिस क़द्र वसूल हो पहिले ज़र तलबी अक़सात हाल में महसूब किया जावे और जब तक अक़सात मज़कूर बेबाक़ न हो हाल की तहसील से अक़सात माज़ियः की बाक़ी मुजरा न की जाय मसलन एक गांव खरीफ़ की बाक़ी के लिये खीफ़ करने के पहिले कुर्क़ किया जाता है इस सूरत में ज़रूर है कि जो कुछ तहसील हो उसी फ़सिल याने रबीअ की अक़सात में महसूब हो न खरीफ़ गुज़श्तः की किस्तों में बरनाज़ाहर है कि जब गांव कुरकी से वागुज़ाश्त होगा तो मालिक के ज़िम्मः बाक़ी निकलेगी हाल आंकि उस के अदा करने के वास्ते जायदाद बाक़ी नहीं है ॥ *

दफ़ेः ७६ जब कुरक़ी वागुज़ाश्त हो जरूर है कि कुल तहसील का हिसाब तफ़सीलवारमालिकोंको समझाया ॥ दफ़ेः २५ ज़िमन २ क़ानून २७ सन १८०३ई॰मोमुलाहिज़ः करना चाहिये ॥ जावे बाद इस के जो कुछ बाक़ी बाब सनीन माज़ियः के निकले जो बर वक़्त तसफ़ीयः हिसाब के महसूब न हुई थी अलबत्तः उसके वास्ते मुहाल बदसतर ज़िम्मःदार है ॥ *

दफ़ेः ७७ खाम तहसील याने दूसरी क़िस्म मज़कूरः दफ़ेः ७१ जिसमें एक मीआद मुअैनः तक मुनाफ़अ ज़ब्त रहते हैं यह एक तरह का तदारुक है जो पहिलेही से चला आता है चुनांचि क़ानून ३० सन १८०३ई॰दफ़ः २७ ज़िमन ३ में साफ़ लिखा है कि तसर्रुफ़ की सज़ा के वास्ते खाम तहसील करना जायज़ है मगर इस बाद में क़ानून ९ सन १८२५ई॰दफ़ः ४ की रू से अख़्तियार ज़ियादः तसरीह के साथ उस इलाक़ः के वास्ते हासिल है जिसका बन्दोबस्त इस तमरारी नहीं हुआ और अब अकसर औक़ात खाम की सबील इस क़ानून के बमूजिब की जाती है मगर मीआद पन्द्रः बरस से ज़ियादः नहीं हो सकती आईन मज़कूर पर लहाज़ करने से मालूम होगा कि खाम तहसील करना जायज़ नहीं जब तक बाक़ी पड़ने से एक महीनः न गुज़र जाय और उस में फ़िस्ख करना बन्दोबस्त का भी वाजिब होता है माहाज़ा यह तदारुक बग़ैर मनज़ूरी सदर बोर्ड और व तवीअत गवर्न्मेंट के नाफ़िज़ नहीं हो सकता अलल अमूम सदर बोर्ड की मनज़ूरी के बाद खाम तहसील का मुक़द्दमः मुकम्मिल हो जाता है मगर सदर बोर्ड एक रपोर्ट सेःमाहा इन मुक़द्दमात की गवर्न्मेंट के हुज़ूर में इत्तलाअ के वास्ते भेजते हैं उस वक़्त या बर वक़्त अपील के

गवर्न्मेन्ट को अख्तियार तरमीम का हासिल है मगर गवर्न्मेन्ट इस अख्ति यार को बहुत कम अमल में लाते हैं उसका मतलब यही है कि मुक़द्दमात नादिर का अलाज मौजूद रहे और सिर्फ़ उन में इस अख्तियार के बमूजि ब दस्तअन्दाज़ी मुनासिब होती है तितिम्मः नम्बर ८ में वह दस्तूरुलअ मल मुन्दरिज है जो सदर बोर्ड ने रपोर्ट और हिसाब सालानः की तैयारी के वास्ते जारी किया ॥ *

दफ़ेः ७९ जब ज़मीन अच्छी और असामी बहुत हैं और गांव की आमदनी काश्तकार ग़ैर मालिक से नक़दी मिलती है और जमाबन्दी ऐसी गुन्जायशी है कि जमा मुजरा कर के फ़ाज़िल जैसा चाहिये बचता है तो खाम रखने में तामुल ज़रूर नहीं है ऐसी हालत में थोड़ी सी इल्तिफ़ात और खबर गीरी से बाक़ी वसूल हो जायगी और यकीन है कि गांव की कुरक़ी भी होगी मगर जहां असामी कलील और बाक़ीदार मालिकों का एक गरोह काश्तकार है और जिस जगह कि तहसील बदाईसे होती है और गांव खराब और बे तरद्दुद हो गया हो वहां खाम तहसील ब तामुल तमाम अख्तियार की जावे खाम तहसील के बरामद कार के वास्ते इतनी बातें हाकिम को लाज़िम हैं याने हालात किश्तकारी से वाक़िफ़ होना और रआया पर अख्तियार रखना और अजलत और इस्तहका म के साथ काम करना जब साहब कलक्टर बखूबी जान्ते हों कि हम खुद यह सफ़ात रखते हैं या अफ़सरान मातहत के ज़रिये से उसको अमल में ला सकते हैं तबक़िमा को बिल्कुल अपना मुतीअ कर सकेंगे जब दो तीन मुहाल व बजः अहसन खाम किये गये और जमा सरकारी से ज़ियादः तहसील हुई तो तमाम ज़िला को अबरत होगी और साबित होगा कि अगर लोग खयानत करके बाक़ी रक्खें या कमी जमा के वास्ते फ़रेब और सरकशी करें तो भी कुछ बन न पड़ेगा अबकि हर गांव की जायदाद और तमाम मुल्क की आमदनी का हाल बखूबी खुलगया चाहिये कि जिस जगह मुनासिब हो वहां खाम रखने में चन्दां दुश्वारी न हो मगर बहुत इलाक़े का खाम रखना सलाह नहीं क्योंकि खाम के अन्जाम में दक़ीक़: रसी और तज़ीए औक़ात हाकिम पर बहुत ज़ियाद होती है बल्कि साहब कलक्टर जबतक न जान लें कि हम को इस काम के सरन्जाम की फ़रागत और मौक़ा बखूबी हासिल है तब तक खाम तहसील का क़स्द न करें जब मुहाल खाम हो गया तब

कोई ज़मींदार मीयाद मुन्कज़ी होने के पहिले बाक़ी दाखिल करके दखलया।
बी का दऋवा नहीं कर सकता और जिस वक़्त मुहाल फिर आबाद और।
ज़ी मन्फ़ैद हुआ फ़िलफ़ौर ज़मीदारों को दखल देना सलाह नहीं बल्कि इ
स अमर में अह्तियात और ताम्मुल चाहिये ॥ *

दफ़ेः ७९ बाज़ औक़ात ज़मीदारों के इनकार और किसी मुस्ताजि
र के न खड़े होने से बु मजबूरी मुहाल को खाम रखना पड़ता है ऐसे गां
व का इन्तज़ाम और बन्दोबस्त उसी तरह चाहिये जैसा कि न देहात का जो
बऋल्लत बाक़ी खाम किये जाते हैं ॥ *

दफ़ेः ८० कुर्क और खाम तहसील में सब फ़र्क हक़ीक़ी है कुर्क त
हसील का यह हाल है जैसा दफ़ेः ७३ में मज़कूर हुआ कि सरकारी ओहदः
दार जो मुहाल मक़रूक़ः का मुह्तमिम है मालिकों का क़ायममक़ाम हो जाता है
और जो बातें अज़ रूय अहद और रवाज के उन पर लाज़िम और वाजि
ब थीं उसपर भी वाजिब औ लाज़िम होती हैं लिहाज़ा जिस जगह मालि
कों ने ज़मीन कमी लगान पर ठेकः में दी या रहन की हो तो जिस क़दर।
मालिक वसूल करता सरकारी अह्लकार को ज़्यादः वसूल करने का अ।
ख़्तियार नहीं पहुंचता और मालिकों की जोत से जो बाछ या रवाज के मु।
ताबिक़ निकले ज़ायदः तलब करना जायज़ नहीं है खाम तहसील का।
हाल इस के खिलाफ़ है क्योंकि उस में जो हुक़ूक़ और लवाज़मात मुहाल।
के मालिकों पर वाजिब थे फ़िलहाल सब मौक़ूफ़ होजाते हैं इस वास्ते खाम
मुआमलः सरकारी मुह्तमिम सब काश्तकारों से ज़मीन की पूरी लगान वसूल
कर सकता है बावजूदेकि मालिकों ने उस के खिलाफ़ कुछ अहद किया।
हो या खुद अपने हुक़ूक़ मालिकानः के सबब तख़्फ़ीफ़ का दऋवा करते
हों ग़रज़ खाम तहसील के ऐयाम में सरकारी मुह्तमिम वैसाही जो अख़्ति
यार है जैसा कि वह शख़्स जो मुस्ताजरी या बाक़ी के नीलाम से दखील
है फिर वा गुज़ाश्त के वक़्त याद रहे कि खाम तहसील के पहिले मनसू।
ख़ी ॥ बनारस के इस्तिमरारी इलाक़ः में खाम तहसील और ज़ब्ती मुनाफ़ऋ सर्फ़।
बमूजिब ज़िमन दूसरी और तीसरी दफ़ेः १७ कानून शशुम सन् १७९५ ई० के अमल में
आ सकती है अगर्चि इसमें खास मन्सूखी बन्दोबस्त का ज़िक्र नहीं है मगर तसर्रुफ़
स रीह के मुक़द्दमात में हाकिम को अख़्तियार हासिल है कि जब तक मुहाल बेबाक़ न
हो और जिस क़दर सरकार ने तरक़्क़ी मुहाल के वास्ते सर्फ़ किया हो वह भी बेबाक़।
न हो तब तक खाम तहसील बदस्तूर रक्खे ॥ बन्दोबस्त अमल में आई थी लि

हाज़ा अब बन्दोबस्त जदीद करना पड़ता है मालिकों से जिन को अब दख़ल दिया जाय मालगुज़ारी का नया इक़रार नामः लिया जाय और यह एक मौक़ा मुनासिब है कि काग़ज़ात बन्दोबस्त की सलाह और जुम्लः मरातिब का तसफ़ीयः किया जाय जो नये बन्दोबस्त के वक़्त इन्फिसाल के लायक़ हैं॥ *

दफ़ः ८१ पनजुम जिस पट्टी में बाक़ी पड़ी है किसी पट्टीदार बेबाक़ के हाथ इन्तक़ाल करनी — मुहाल मश्तरकः में जब पट्टीदार अलहदः ज़मीन रखते हैं मामूल है कि जब क़रज़दार और मुफ़लिश हो जाते हैं तो अपनी मिल्कीयत किसी शरीक के पास एक मीआद तक सिपुर्द करके ख़ुद तलाश मआश के वास्ते चले जाते हैं या गांव में बतौर साकिन ग़ैर मालिक क़ायम रहते हैं साहब कलक्टर को क़ानून ॥ ज़िमन अव्वल दफ़ः १७ क़ानून २७ सन १८०३ ई० और भी ज़िमन तीसरी और चौथी दफ़ः तीसरी एक्ट अव्वल सन १८४१ ई० पर रुजूअ करना चाहिये दफ़ः १४ क़ानून ९ सन १८११ ई० के बमूजिब भी यह अख़्तियार हासिल है लेकिन इस क़ानून की रू से अमल करना दस्तूर नहीं है ॥ की रू से इजाज़त हासिल है कि जिस वक़्त कोई शरीक बाक़ी रक्खे और बज़रयेः इस दस्तूर के अपने तईं इस हादसः से न छुड़ावे ख़ुद इस तरीक़ः पर अमल कर के मुफ़ीद तहसील करें इन्तक़ाल की तीन सूरतें हैं एक तो दवाम के लिये दूसरी मीयाद मुक़र्ररः के लिये तीसरी ता अदाय बाक़ी जिस के एवज़ इन्तक़ाल किया गया पहिली क़िस्म यानें इन्तक़ाल दायमी हक़ीक़त में बैअ बहुक्म सरकार है दूसरी सूरत यानें इन्तक़ाल मीआदी बमंज़िले उस रहन के है जिसको पटबन्दक कहते हैं कि उसमें असल और सूद के अदा के वास्ते एक मीआद के मुनाफ़ा काफ़ी शुमार होते हैं तीसरी क़िस्म महज़ रहन मामूली है मगर वासलात का हिसाब राहिन को समझाना नहीं ॥ इस बाब से सरकुलर हुक्म सदर बोर्ड मरक़ूमः २३ जोलाई सन १८४७ ई० की इबारत ज़ैल मुतअल्लिक़ है ॥ *

जब कोई पट्टी पट्टीदार बेबाक़ के हाथ मुन्तक़िल की जाती है तो अगर इन्तक़ाल दायमी है इन्तक़ाल लेने वाला उस पट्टी में मालिक का हक़ और अगर मीआदी है तो मुर्तहिन का हक़ हासिल करता है और हक़ मज़कूर इन्तक़ाल के लायक़ है इसी वास्ते ऐसे मुक़द्दमात में ज़मानत की हाजत नहीं ॥ पड़ता ज़ाहर है कि तीनों में दूसरी सूरत ज़यादः मुलायम और आसान भी है लिहाज़ा बमूजिब उसके इन दिनों में अकसर अमल किया जाता है लेकिन तीसरी सूरत देहात के रवाज से ज़यादः मिलती है और ग़ैर शख़्स को

मुस्ताजरी देने से बहुत बेहतर है अज़बसकि यह तदबीर कुल शिरका य की ज़िम्मःदारी मुशतरकः पर मबनी है लिहाज़ः उसके अमल में ला ने से ज़िम्मःदारी मज़कूर में कुछ ज़रर और नुकसान आयद नहीं हो स कता कुल मुहाल तमाम जमा के वास्ते बदस्तूर ज़िम्मःदार रहता है और अगर इन्तक़ालदार बाकी रक्खे तो इन्तकाल मानअ नहीं कि हिस्सः मु न्तक़लः भी वैसाही नीलाम हो जैसा कि कोई और हिस्सः गैर मुन्तक़लः इ न्तक़ाल की हक़ीयत हाल से यह भी निकलता है कि पट्टी मन्तक़लः में इ न्तक़ालदार की हक़ीयत काबिल वरासत और लायक इन्तक़ाल खानगी के भी होती है ॥ *

दफ़ः ८२ जब मुहाल मुशतरकः के शुरकाय में सिर्फ़ एक फ़रीक़ बाक़ी रखता हो तो हत्तुलइमकान इस सबील इन्तकाल को अख़्तियार करना चाहिये ज़रूर है कि साहब कलक्टर इस बात के मुन्तज़िर न रहें कि खुद पट्टीदारान बेबाक़ दरख्वास्त गुज़रानें बल्कि साहब मौसूफ़ खुद इन्त क़ाल लेने की दरख्वास्त पर तरगीबदिलावें और उनको बख़ूबी फ़हमायश करें कि इस तदबीर से ग़ैर शख्स की मदाखिलत के इनसिदाद करने में उ नको क्या क्या फ़ायदः हासिल है और यह भी समझा दें कि अपने शु रकाय की इमदाद और अआनत करनी उनपर वाजिब और लाज़िम है*

दफ़ः ८३ क़वानीन के मुताबिक़ गवर्नमेन्ट की मनज़ूरी इस क़िस्म के इन्तक़ाल की तकमील के लिये ज़रूर है तितिम्मः नम्बर ९ में नकशः मु न्दर्ज है जिस के मवाफ़िक़ मन्ज़ूरी हासिल करने के वास्ते रपोर्ट करनी चा हिये इस नकशः में एक खानः है जिसमें तादाद ज़मीन जो मालिकान के दखल की मआश के वास्ते दफ़ः ७ क़ानून अव्वल सन १८४१ई० की रू से तजवीज़ करनी पड़ती है मुन्दर्ज होनी चाहिये ॥ *

दफ़ः ८४ शशुम जिस पट्टी में बाक़ी पड़े उसको या कुल मुहाल की गैर शख्स के हाथ मुस्ताजरी करनी—यह भी एक सबील है जिसे हिन्दो स्तानी सरकारें अकसर अमल में लातें हैं उसका खुलासः महज़ यह है कि जब मालिक अपनी मिल्कीयत का बन्दोबस्त न कर सके तब सर कार अपने हकूक़ की हिफ़ाज़त के लिये एक शख्स को बजाय मालिक मुतअैयन करती है कि जब तक मालिक अपनी मिल्कीयत की खबर गीरी की फिर इस्तताअत पैदा न करे इन्तज़ाम करता रहे यह तदारुक नीलाम से मुलाइम है और असल अमर उसी को पसन्द करना चाहिये

ख़ुसूसन जिस हालत में मालिक क़दीमी और मौरूसी हों ख़्वाह वह एक ग
रोह हो या एक ख़ानदान या एक ही शख़्स कभी कभी इस तरह का इन्तज़ाम
ज़मींदार आप भी कर लेते हैं कि जब किसी गांव के शुरका मुफ़लिस होगये
या तनाज़ा के सबब आपस में इत्तफ़ाक़ नहीं रख सकते तब अपना गांव कि
सी ग़ैर मक़दूर को बतरीक़ इजारः के हवालः कर देते हैं कि वह मुहाल की
मालगुज़ारी की ज़िम्मःदारी लेकर कुछ हक़ सेर वग़ैरः उनकी औक़ात बसरी
और नाम व इज़्ज़त की बहाली के वास्ते छोड़ देता है॥ ※

दफ़ः ८५ जिन क़वानीन में मुस्ताजरी की इजाज़त है उनके अहका
म मुन्दर्जः ज़ैल हैं ज़िमन ४ दफ़ः १७ क़ानून २७ सन् १८०३ ई० में सरकार को
इजाज़त है कि जब कोई शख़्स बाक़ी के सबब अपनी मिलकीयत से बे द
ख़ल हो तो उसकी ज़मीन मुस्ताजरी बक़ैद मीआद ख़्वाह किसी और बा
त के करे दफ़ः ४ क़ानून ६ सन् १८२५ ई० के बमूजिब जिन देहात का बन्दो
बस्त इस्तिमरारी नहीं है और ज़र बाक़ी एक महीनः वाजिब हुआ साहब
कलक्टर हस्ब इजाज़त सदर बोर्ड कि तबीयत हुक्म गवर्नमेन्ट के हो
उनका बन्दोबस्त मनसूख़ करके पन्द्रः बरस की मीआद तक मुस्ताजरी दे
सकते हैं इन दिनों में मामूल है कि जहां बन्दोबस्त मीआदी है पिछली ज़िमन
के मवाफ़िक़ अमल किया जाता है और हक़ुल्मिल्क मालिक का लिहाज़
रहता है याने मीआद मुस्ताजरी की क़लील होती है और मीआद के गुज़र
जाने पर मालिक को फिर अख़्तियार दख़लयाबी का बग़ैर अदाय ज़
र बाक़ी के होता है॥ ※

दफ़ः ८६ मुस्ताजर तजवीज़ करते वक़्त याद रहे कि उस शख़्स की
दरख़्वास्त जो मुहाल में इस्तहक़ाक़ मालिकानः रखता है और लोगों की
दरख़्वास्त से ज़्यादः लायक़ मन्ज़ूरी के है मसलन जिस तअल्लुक़े में
बिस्वःदार के साथ बन्दोबस्त हुआ जब वह बाक़ी रक्खे तो अव्वल
तअल्लुक़ःदार को मुस्ताजरी का अख़्तियार देना चाहिये और अलाह
दः अज़ क़ियास मौज़ा मरहूनः में राहिन को फिर जहां बाक़ीदार के मुहाल
से ज़मीन ग़ैर सरकार की मुलहिक़ हो या उससे मुत्तसिल हो तो उस शख़्स
को भी पहिली मुस्ताजरी का अख़्तियार दिया जाय॥ ※

दफ़ः ८७ मुस्ताजरी का ठेकः सरकार और ख़ास ख़ास मुस्ताजिर के
दरमियान होता है क़ाबिल वरासत और इन्तक़ाल के नहीं और बाज़े
में मुस्ताजिर सरकार की तरफ़ से बमन्ज़िलः सरबराह [illegible] कार के हैं पहिले

तो इस से यह निकलता है कि मुस्ताजिर की वफ़ात के बाद उसका वारिस स्ताजिरी में कुछ इस्तेहक़ाक़ नहीं रखता उसी वक़्त ठेकः फ़िस्ख हो जाता है ब कुल इसके कि सलाह की नज़र से दरगुज़र करके वारिस के साथ बन्दोबस्त कि या जाय दूसरे यह कि अगर एक मुहाल के कई मुस्ताजिर हों और उनमें से कोई फ़ौत होवे तो जो ज़िन्दः रहें वही कुल के मुस्ताजिर रहते हैं तीसरे यह कि जब तक किसी मुक़द्दमे में सरकार तरफ़ैन से क़रार न दी जावे तब मुस्ताजिर के दख़ल में महकमः दीवानी कुछ दस्त अन्दाज़ी नहीं कर सकता ॥ यह बात हुक्काम सदर बोर्ड ने बारहा तजवीज़ की है और हाकिमान दीवानी ने भी इजलास कामिल इस राय पर बमुक़द्दमः अपील ख़ास इमाम बख़्श बनाम अल्लः आमीलादीन बनाम सैयद फ़रज़न्द अली वग़ैरः रसपान्डन्टान मुनफ़सलः २८ दिसम्बर सन् १८४५ ई० के इत्तफ़ाक़ राय किया है ॥ वरासत या इन्तक़ाल रज़ामन्दी की राह से मुस्ताजरी ठेकः का इस्तहक़ाक़ नहीं हो सकता मगर र भी ऐसी दरख़्वास्त बग़ैर बजहात क़वी के ख़ारिज न करनी चाहिये ख़ुलासः यह कि ऐसे वरासत या इन्तक़ाल की दरख़्वास्त सिर्फ़ उस वक़्त मनज़ूर की जावे जब कोई क़बाहत सराहतन् उसके तसलीम करने से आयद हो हुक्काम मज़कूरः ने ख़ास नज़र करके और सब बातों में इख़्तियार कामिल मिस्ल मालिक के रखा है और मालिक बेदख़ल अपनी ज़मीन सीर का महज़ काश्तकार होता है और सीर का लगान दफ़ आत ७ और १० क़ानून अव्वल सन् १८४१ ई० के बमूजिब मुक़र्रर किया ता है अगर पन्द्रः बरस की मीयाद में ठेकः फ़िस्ख हो तो मालकान को कुछ दावी दख़लयाबी का अज़ रूए इस्तहक़ाक़ नहीं कर सके पस ऐसे दख़ली की मीआद के अन्दर सरकार को अख़्तियार है कि बन्दोबस्त हाल का जिस तौर से मुनासिब जाने वैसाही करे मुस्ताजिर के इक़रार नः में एक यह शर्त हो कि बग़ैर इजाज़त साहब कलक्टर के अपनी तर फ़ से किसी और शख़्स को ठेकः न दे मगर ऐसी दरख़्वास्त को बग़ैर कामिल के नामन्ज़ूर करना भी न चाहिये ॥ ※

दफ़ः ८८ जो मुस्ताजिरी दफ़ः ४ क़ानून ९ सन् १८२५ ई० के व अमल में आती है उसमें मनसूख़ी बन्दोबस्त भी शामिल होती है ज़ा कुछ ज़रूर नहीं कि मुस्ताजरी की जमा साबिक़ जमा के बराबर होवे फिर मीयाद मुस्ताजरी के ख़त्म होने पर मुहाल लायक बन्दोबस्त जदी द के होता है लिहाज़ा की जमा जो हो ज़रूर है कि जमींदार

दरख़्वास्त लिखदें और काग़ज़ात मुश्तमलः बन्दोबस्त की तकमील करें अगर कोई मुहाल साबिक़ से ज़ियादः जमा पर मुस्ताजिरी दिया जावे और सरकार की कुछ बाक़ी उस मुहाल में न हो तो दफ़ः मज़कूरः । । याने दफ़ः ४ । क़ानून ९ सन् १८२५ई । । बाला के बमूजिब मालिक मालिकानः के मुस्तहक़ हैं ॥ ※

दफ़ः ८९ बहुत ज़रूर है कि उन क़वायद की तफ़सील और तशरीह से वख़ूबी की जावे जिनके बमूजिब मुक़द्दमात मुस्ताजरी में हुक्काम माल कारबन्द होते हैं ताकि मालगुज़ार अच्छी तरह से मुतनब्बेः हों कि बाक़ी पड़ने की सूरत में हमारे हक़ में सरकार क्या तजवीज़ करैगी और जो लोग मुस्ताजरी की ख़्वाहिश करें उनको वख़ूबी इत्मीनान हासिल हो कि हमारा ठेकः किसी ख़फ़ीफ़ बात पर फ़िस्ख़ न होगा और इस सबब से मुस्ताजरी लेने की तरफ़ भी ज़ियादः राग़िब होंगे इस मतलब के हुसूल के वास्ते जो दस्तूरुल अमल सदर बोर्ड ने गवर्नमेन्ट की इजाज़त से जारी किया है सिलसिलः । नम्बर १० में मुन्दर्ज है चूंकि मुस्ताजरी की हालत में कोई मुहाल या पट्टी बाक़ी के सबब लायक़ नीलाम के नहीं है लिहाज़ा अदाय मालगुज़ारी । के वास्ते मुस्ताजिर से ज़मानत काफ़ी लेनी ज़रूर होती है और चाहिये । कि वसीक़ः ज़मानत पर रजिस्टरी की जावे ताकि मिल्कीयत मकफ़ूलः । का इस्तिग़राक़ कामिल हो ॥ ※

दफ़ः ९० हफ़्तुम जिस पट्टी में बाक़ी पड़ी है या कुल मुहाल का नीलाम — और यह एक तदबीर है जो सिर्फ़ सरकार अंगरेज़ की तर्ज़ । इन्तिज़ाम से पैदा हुई है हिन्दोस्तानी अमलदारियों में मुतलक़ उसका रि । वाज नहीं हिन्दोस्तानी सरकारों में अगर्चे लोगों का हक़ मिल्कीय त ज़मीन में होता है और इन्तक़ाल ख़ानगी नीलाम हिबः रहन के ज़रिये से उन के इलाक़ः में बराबर हुआ करता है मगर यह इन्तक़ाल तरफ़ैन की मन्ज़ूरी पर मौक़ूफ़ है सरकार उसके वास्ते हुक्म जारी नहीं करती बाक़ियात के मुक़द्दमात में मुहाल के नीलाम करने की क़ुदरत इस लिये हासिल होती है कि सरकार अंगरेज़ ने अपनी जमा तख़फ़ीफ़ से मुक़र्रर की और रिआया को इतमीनान और ऐतबार हासिल है कि जब नौबत तजवीज़ जमा की आवेगी बेशी जमा की ज़ियादः अन्दाज़ः से न होगी ॥ ※

दफ़ः ९१ मुमालिक बंगालः व बिहार व उड़ीसः में बन्दोबस्त इस्तिमरारी के सबब मिल्कीयत ज़मीन की हालत में बड़ा तग़य्युर वाक़े हुआ उस

तो इस से यह निकलता है कि मुस्ताजिर की वफ़ात के बाद उसका वारिस मुस्ताजिरी से कुछ इस्तेहक़ाक़ नहीं रखता उसी वक़्त ठेक: फ़िस्ख़ हो जाता है ख़ुसूस इसके कि सलाह की नज़र से अज़ सर नौ वारिस के साथ बन्दोबस्त किया जाय दूसरे यह कि अगर एक मुहाल के कई मुस्ताजिर हों और उनमें से कोई फ़ौत होवे तो जो ज़िन्द: रहें वही कुल के मुस्ताजिर रहते हैं तीसरे यह कि जब तक किसी मुक़द्दमे में सरकार तरफ़ैन से क़रार न दी जावे तब तक मुस्ताजिर के दख़्ल में मह्कम: दीवानी कुछ दस्त अन्दाज़ी नहीं कर सकता ॥ यह बात हुक्काम सदर बोर्ड ने बारहा तजवीज़ की है और हाकिमान सदर दीवानी ने भी इजलास कामिल इस राय पर बमुक़द्दम: अपील ख़ास इमाम बख़्श बनाम उल्लः अमीरुन्निसा बनाम सैयद फ़रज़न्द अली वग़ैर: रसपान्डन्टान मुनफ़सल: २९ दिसम्बर सन् १८४५ ई० के इत्तफ़ाक़ राय किया है ॥ वरासत या इन्तक़ाल ॥ इन्तक़ाल की राह से मुस्ताजरी ठेक: का इस्तहक़ाक़ नहीं हो सकता मगर फिर भी ऐसी दरख़्वास्त बग़ैर बजूहात क़वी के ख़ारिज न करनी चाहिये ॥ अलल्ख़ुसूस ऐसे वरासत या इन्तक़ाल की दरख़्वास्त सिर्फ़ उस वक़्त नामन्ज़ूर की जावे जब कोई क़बाहत सराहतन् उसके तसलीम करने से आयद हो हुक्क़ाम मज़कूर: से क़त्अ नज़र करके और सब बातों में मुस्ताजिर अख़्तियार कामिल मिस्ल मालिक के रखता है और मालिक बेदख़ल: अपनी ज़मीन सीर का महज़ काश्तकार होता है और सीर का लगान दफ़ आत ७ और १० क़ानून अव्वल सन् १८४२ ई० के बमूजिब मुक़र्रर किया जाता है अगर पन्दर: बरस की मीयाद में ठेक: फ़िस्ख़ हो तो मालकान बेदख़ल कुछ दअ़वी दख़लयाबी का अज़ रूए इस्तहक़ाक़ नहीं कर सके पस इस बेदख़ली की मीयाद के अन्दर सरकार को अख़्तियार है कि बन्दोबस्त मुहाल का जिस तौर से मुनासिब जाने वैसाही करै मुस्ताजिर के इक़रारनाम: में एक यह शर्त हो कि बग़ैर इजाज़त साहब कलक्टर के अपनी तरफ़ से किसी और शख़्स को ठेक: न दे मगर ऐसी दरख़्वास्त को बग़ैर वजः कामिल के नामन्ज़ूर करना भी न चाहिये ॥ *

दफ़: ८८ जो मुस्ताजिरी दफ़: ४ क़ानून ९ सन् १८२५ ई० के बमूजिब अमल में आती है उसमें नवसुख़ी बन्दोबस्त भी शामिल होती है लिहाज़ा कुछ ज़रूर नहीं कि मुस्ताजरी की जमा साबिक़ जमा के बराबर होवे फिर मीयाद मुस्ताजरी के ख़त्म होने पर मुहाल लायक़ बन्दोबस्त जदीद के होता है लिहाज़ा मुहाल की जमा जो हो ज़रूर है कि ज़मींदार नई

दरख़्वास्त लिखदें और काग़ज़ात मुतअ़ल्लिक़ः बन्दोबस्त की नक़ल ली करें
अगर कोई मुहाल साबिक़ के ज़ियादः जमा पर मुस्ताजिरी दिया जावे और
सरकार की कुछ बाक़ी उस मुहाल में न हो तो दफ़ः मज़कूरः ११ याने दफ़ः ४।
क़ानून ९ सन् १८२५ई ११ वाला के बमूजिब मालिक मालिकानः के मुतअ़ल्लि-
क़ हैं ॥ *

दफ़ः ८९ बहुत ज़रूर है कि उन क़वाइद की तफ़सील और तसरी-
ह बख़ूबी की जावे जिनके बमूजिब मुक़द्दमात मुस्ताजरी में हुक्काम माल-
कारबन्द होते हैं ताकि मालगुज़ार अच्छी तरह से मुतनब्बेः हों कि बाक़ी
पड़ने की सूरत में हमारे हक़ में सरकार क्या तजवीज़ करेगी और जो मफ़-
रूरी ख़्वाहाँ मुस्ताजरी की बख़ूबी इत्मीनान हासिल हो कि हमारा ठेकः
किसी ख़फ़ीफ़ बात पर फ़िस्ख़ न होगा और इस सबब से मुस्ताजरी लेने
की तरफ़ भी ज़ियादः राग़िब होंगे इस मतलब के हुसूल के वास्ते जो इश्तिहा-
र मुश्तमिल सदर बोर्ड ने गवर्नमेन्ट की इजाज़त से जारी किया है सिलसिलः
नम्बर १० में मुन्दर्ज है चूंकि मुस्ताजरी की हालत में कोई मुहाल या पट्टी
बाक़ी के सबब लायक़ नीलाम के नहीं है लिहाज़ा अदाय मालगुज़ारी
के वास्ते मुस्ताजिर से ज़मानत काफ़ी लेनी ज़रूर होती है और चाहिये
कि वसीक़ः ज़मानत पर रजिस्टरी की जावे ताकि मिल्कीयत मकफ़ूलः
का इस्तिग़राक़ कामिल हो ॥ *

दफ़ः ९० हफ़्तुम जिस पट्टी में बाक़ी पड़ी है या कुल मुहाल का
नीलाम – और यह एक तदबीर है जो सिर्फ़ सरकार अंगरेज़ी की तर्ज़
इन्तिज़ाम से पैदा हुई है हिन्दोस्तानी अमलदारियों में मुतलक़ इसका र-
वाज नहीं हिन्दोस्तानी सरकारों में अगरचः लोगों का हक़ मिल्कीय-
त ज़मीन में होता है और इन्तिक़ाल ख़ानगी नीलाम हिबः रहन व ग़ैरः
से उन के इलाक़ः में बराबर हुआ करता है मगर यह इन्तिक़ाल तरफ़ैन की
मनज़ूरी पर मौक़ूफ़ है सरकार उसके वास्ते हुक्म जारी नहीं करती बाक़ियात
के मुक़द्दमात में मुहाल के नीलाम करने की क़ुदरत इस लिये हासिल होती
है कि सरकार अंगरेज़ ने अपनी जमा तख़्फ़ीफ़ से मुक़र्रर की और इसका
को इत्मीनान और ऐतबार हासिल है कि जब नौबत तजवीज़ मालगुज़ारी की
आवेगी वही जमा की ज़ियादः अन्दाज़ः से न होगी ॥ *

दफ़ः ९१ मुमालिक बंगालः व बिहार व उड़ीसः में बन्दोबस्त इस्ति-
मरारी के सबब मिल्कीयत ज़मीन की हालत में बड़ा तग़य्युर वाक़े हुआ उस

बन्दोबस्त का नतीजः यह निकला कि जिस देहात में मालिकों के गरोह या
गुरबाय खिदमती थे उनके हुकूक़ अक्सर ज़ायल हो गये और जिन लोगों
की हैसियत आगे कुछ भी थी उनके हक़ में एक हक़ जदीद बल्कि मिल्की
यत कुल्ली पैदा हुई ऐसी हालत के वास्ते नीलाम का रवाज बहुत मुनासि
ब था अव्वलः जो लोग इस्तिमरारी बन्दोबस्त में ज़मींदार ठहर गये थे बाज़ औ
क़ात वे से सवाय हुये मगर उनके हुकूक़ ख़रीदार नीलाम की तरफ़ मुन्त
क़िल हो गये और तब्दील मिल्कियत में मज़ाहमत वग़ैरह के गरोह एक
अन्दाज़ पर रहे क्योंकि साबिक़ दस्तूर के मवाफ़िक़ आपने मआमलात क
रते और जमा की तहसील करने वाले के साथ हस्बुलमक़दूर बमुक़ाबिलः
पेश आते रहे और यक़ीन है कि अर्सः दराज़ तक उनको ख़बर न हुई हो
कि इस बन्दोबस्त के ख़ास्से हालत में एक फ़र्क़ कुल्ली पैदा हुआ जिस व
क़्त कि अज़लाअ बंगालः वग़ैरः में ख़रीदारान नीलाम जोश व ख़रोश में आ
ये और मिल्कियतज़मींदारी के सौदे में हज़ारों आदमी मुब्तिला होगये उस
हंगाम में मुमालिक मग़रबीः और शुमालीः सरकार अंगरेज़ के तहत हुकू
मत में आये और उन दिनों इस मुल्क का एक बन्दोबस्त मीआद क़ली
ल के वास्ते बड़ी ताजील के साथ अमल में आया और उस वक़्त नीला
म का तरीक़ः व मामूल जारी होने लगा इस दरमियान में कचहरियों के बा
ज़े कारख़ाना फ़ितनःअंगेज़ों ने फ़ुरसत पाकर ग़नीमत जाना कि सदहा देहात
की ज़मींदारी हासिल करें यहां तक कि अमूरात मालगुज़ारी में बड़ी अ
बतरी यानी अन्जाम कार यह क़बाहत इस क़दर बरपा हुई कि गवर्मेन्ट
के हुज़ूर तक शामिलः जा पहुंचा हुक्काम सदर बोर्ड ने बारहा इस हा
ल की असल हक़ीक़त आशकारा की और साहब जी अख़्तियार और
फ़िरासत राबर्टसन साहब बहादुर नेः इस ताकीद के साथ इन क़बाहतों
की रपोर्ट † † साहब मौसूफ़ जो चिट्ठी बनाम औहदः जनी कलेक्टरी ज़िला कानपुर के
तहरीर फ़रमाई है और आफ़ गन्स की रपोर्ट मरक़ूम १६ अगस्त सन् १८३४ ई० तितिम्मः
माल नम्बर ६८ में मुन्दर्ज है † † की कि आख़िर कार क़ानून अव्वल सन्
१८२१ ई० के बमूजिब एक इस की ग़रज़ से ख़ास कमीशन मुक़र्
र हुआ कि हक़तलफ़ी का इलाज करें और जो नीलाम फ़रेब या बेइ
नसाफ़ी से हुए थे उन को मुस्तरिद करें क़ानून मज़कूर के दीबाचः में व
ह ख़राबियां जिनके तदारुक के वास्ते क़ानून जारी हुआ तफ़सील से
मुन्दर्ज हैं फिर क़ानून अव्वल सन १८२३ ई० की रू से अहल कमीशन

का अख़्तियार ज़ियादः किया गया इलाक़ा में जो साहिबान कमिश्नर मुक़र्रर किये गये थे वे बहुत ज़ियादः बार व लयाक़त अख़्तियार थे लेकिन सन् १८२९ ई॰ में अख़्तियार कमिश्नर और भी बढ़ाया गया हाल क्योंकि पहलेही से बहुत था और दफ़ः १० क़ानून अव्वल सन् मज़कूर के मुताबिक़ हर एक कमिश्नर माल को दिया गया और नई तजवीज़ में बड़ा इख़्तिलाफ़ पैदा हुआ उसके बाद इन मुक़द्दमात के इन्फ़िसाल के वास्ते और इन्तज़ाम में कई तरह की तग़ीरात वाक़ै हुये चुनांचे क़ानून २ सन् १८३५ ई॰ से मुनासिब हुई कि आइन्दः को इस तरह के मुक़द्दमः को ख़त्म न होगी मगर थोड़ा सा अरसः गुज़रा कि इस कमीशन को कोन ख़ुदा हज़ार मेहनत व मशक़्क़त से इस्तेमाल को पहुंचा तदबीरात मज़कूरः के साथ और तदबीरें दूसरी क़िस्म की क़ानून ७ सन् १८२२ ई॰ और क़ानून ९ सन् १८३३ ई॰ वग़ैरः के रूसे अमल में आई हैं कि उनके बमूजिब मालिकान ज़मीन के वाक़ई हुक़ूक़ और उनकी ज़िम्मःदारी का असिल हाल मुशख़्ख़स हुआ ॥

दफ़ः ९२ हासिल कलाम यह है कि मामिलात मज़कूरः बाला के सबब से नीलाम के एतबार में ख़लल वाक़े हुआ है क्योंकि ख़्वाह नीलाम सिवाय अन्देशः बे ज़ाबती के जिसके सबब से हुक्काम दीवानी नक़्स ख़लल करके नीलाम मन्सूख़ किया करते हैं सन् १८२१ ई॰ के मामिलः को फ़रामोश नहीं करते जिसके बमूजिब अमलः नीलाम इश्तहार के रूसे में पड़ा था अलावः इसके देखते हैं कि बिलफ़ेल ओहदःदारान सरकार तहसील नीलाम को उसकी सख़्ती के बाइस पसन्द नहीं करते और फिर भी उनपर ज़ाहिर है कि सब कहीं रक्खा वग़ैरः के हुक़ूक़ तफ़सीलवार मुतहक़्क़िक़ और मुन्ज़बत किये गये हैं लिहाज़ा वह बड़ा अख़्तियार और मदाख़िलत जो आगे हुक़ूक़ की फ़र्द न होने से ख़रीदार नीलाम को हाल में हासिल थे अब बाक़ी न रहे ॥

दफ़ः ९३ इस बाब में ऊपर का मुख़्तसर बयान इस वास्ते लिखा गया था कि ओहदःदारान सरकार को वह मुश्किलात जो बाक़ी में नीलाम की तदबीर में मुश्किल हैं बख़ूबी मालूम और आश्कारा हो जावें क़ानून की रू से साहब कलक्टर को बदस्तूर साबिक़ अख़्तियार कुल्ली हासिल है और नीलाम दर्असल उन्हीं की राय पर मुनहसिर है सरकार की दफ़ः ४९ क़ानून अव्वल सन् १८४१ ई॰ के बमूजिब इस्लाह की कुछ बातों के वास्ते जमी

स मुरक्काय और तमाम मुहाल को जिम्मःदार रखना जायज़ है और ज़ाहर है कि जो नीलाम शरायत क़ानून के मुताबिक़ अमल में आवे कामिल औ र वसई है क़ानून अव्वल सन १८४५ ई० में नीलाम के क़वायद बहुत तसरीह के साथ लिखे गये हैं जो शख़्स उसके बमूजिब अमल करने का इक्सेव शरायत मज़ कूर को बतामुल तमाम मुलाहिज़ः करे शरायत और अहतियातें जो नीलाम के वक़्त मल्हूज़ रहनी चाहियें थोड़ी और आसान हैं इस्वास्ते अगर नीलाम बे जालागी के सबब से मुस्तरिद हो तो साहब कलक्टर के लिये जाय उज़्र बाकी न रहेगी मगर ज़ाबित नीलाम की तफ़तीस से ज़्यादः ज़रूर और और मुक़द्दम है कि उन सूरतों का बयान किया जाये जिन्के लिहाज़ से साहब कलक्टर नी लाम के बाब में अपनी तजवीज़ करें ॥ ❖

दफ़ः ६९ जो मौज़ा एक शख़्स ख़्वाह कई शख़्स की मिल्कीयत गैर मुनक़िस्मः हो ख़सूसन जिस मौज़ा में ख़ुद मालिक काश्त और सकूनत नहीं ऐसे मौज़ा के नी लाम में अतराज़ और क़बाहत नहीं हो सकती अगर गांव किसी लाम साबिक़ में ख़रीदः गया हो तो कुछ अजब नहीं है कि दूसरे नीलाम में मालिकान क़दीम अ पनी मिल्कीयत फिर पावें बल्कि ऐसे मुक़द्दमात में यह भी करीन मसलहत हो सकता है कि दफ़ः २ क़ानून मज़कूर के मुताबिक़ बमुजर्रद वक़ू अ बाकी के और बग़ैर किसी और तदबीर के सेनहीं नीलाम अमल में आवे क्यों कि इस ताज़ील से मालिक पर कम ख़र्च पड़ता है और तजीय औक़ात और मेहनत बेफ़ायदः नहीं होती जब बाक़ीदार का मामिलः ऐसा अब तर हो कि उसकी दुरुस्ती की उम्मेद न रहे तब मिल्कीयत के जल्द नीला म करने से यह फ़ायदः हासिल होता है कि ख़रीदार मालिक कामिल हो जाता है और जिस क़र्ज़ और रहन वग़ैरः के फन्दे में मालिक साबिक़ फंस गया था और उसके सबब से मौज़ा की तरक़्क़ी की उम्मेद न थी उस से मालिक जदीद ख़लासी पाता है लिहाज़ा ऐसी सूरत में जिस क़दर उजलत हो उसी क़दर फ़ायदः मतसौवर है फ़िर मुमकिन है कि हक़ मिल्कीयत के किसी नुक़्स या ऐसे और सबब से मा लिक बय ख़ानगी से आजिज़ हो और ख़ुद चाहता है कि बाक़ी के नीलाम से मिल्कीयत मुतक़िल हो जावे ऐसी हालत में देर क रने की कोई वजः नहीं हो सकती क्योंकि जब तक गांव नीलाम न किया जावे तब तक बाक़ी का तरीक़ः बन्द न होगा लि हाज़ा जितनी जल्दी नीलाम में हो उतनी कम बाक़ी होगी

कोई गांव इस सूरत से नीलाम पर न चढ़ाया जायगा कि पहिले ख़्वाह मख़्वा ह बाक़ी के बराबर हो जित्नी बोलियां हों सब की समाअत हो और बोली ज़र बाक़ी तक न पहुंचे तो मुहाल अलअमूम सरकार के लिये ख़रीदा जा य इस सूरत में सरकार की ज़र बोली मुजरा देकर माबक़ी का बाक़ीदार बदस्तूर ज़ात व माल से ज़िम्मःदार होता है अगर मशहूर हो कि बाक़ीदार और माल बहुत रखता है साहब कलक्टर को अख़्तियार है कि ज़र बाक़ी से भी कम बोली पर नीलाम ख़त्म करें और फ़िल्फ़ौर बाक़ीदार के और माल से माबक़ी वसूल करें॥ ❖

दफ़ा ९५ जब गांव के मालिक एक गरोह हों जो ख़ुद काश्तकार भी हैं और ख़सूसन जब ऐसे शुरकाय बहुत हों और क़ुर्ब व जवार के ज़मींदारान हम क़ौम उनके मोमिद और मादिन रहते हों तो उसके नीलाम से ज़्यादः हो शियारी ज़रूर है ऐसे गांव में पट्टीदारों की कसरत के बायस यक़ीन है कि बसा औक़ात उसके नीलाम में बाज़े बे जुर्म मुज्रमों की मकाफ़ात में फंस जावे और इस सबब से अगर बग़ैर इम्तियाज़ के नीलाम का तरीक़ः अमल न अ ख़्तियार किया जावे तो अजब नहीं कि रआया अपने तईं मज़लूम जानक र सरकार से सरकशी करें और ऐसा हंगामः बरपा करें कि अन्जाम का म [illegible] ज़िब तअस्सुफ़ का हो ऐसे देहात में जब तक बाक़ी का सबब बख़ूबी [illegible] कशिफ़ न हो और उसके वसूल के वास्ते और सब तदबीरात अमल में न आ ई हों और यह भी वाज़ः हो कि बजिन्स ग़ालिब सबील नीलाम से मतलब सर कार का बरामद होगा तब तक कुल्ल गांव के नीलाम की दरख़्वास्त न करनी चाहिये उस सूरत की बाक़ी जिसका बयान सदर बोर्ड के सरक्युलर नम्बर २ की दफ़आत ११८ और ११९ में मुन्दर्ज है मूजिब नीलाम की है बल्कि उसकी वज़ू हात से कवी और संगीन वजूहात शायद किसी और तरह के मुक़द्दमात में न मिलेंगी बयान मज़कूर यह है कि एक क़िस्म के मुक़द्दमे हमेशः नीलाम के वास्ते सबब साफ़ी रखते हैं यानि जिस सूरत में शुरकाय ज़र बाक़ी न दें औ र चाहें कि सरकशी और ज़ुल्म व हंगामः के सबब अपना नाम मश हूर कर के औरों को ऐसा धमकावें कि किसी को गांव को मुस्ताजरी लेने ख़्वाह ख़रीदने की जुरअत न हो इस तरह की बदमामलगी की ना ज़िश में यक़ीन है कि जमीअ शुरकाय हमेशः शरीक हुए हों गे और नीलाम से ख़ास मक़सद यह है कि उनकी शोरःपुश्ती और मुतमर्रदी मौ जावे ऐसी हालत में तदबीर नीलाम वाक़ेअ में ॥ ॥

मुस्तहिक़्क़: सज़ा के है चुनांचि उसके वक़ूअ से सब हिस्से दार अपने मुस
ल: हुक़ूक़ मिल्कीयत से महरूम और महज़ काश्तकार हो जावेंगे कुछ शा
यद हो कि बाज़े मुक़द्दमात ऐसे मिलेंगे जिनमें सुरूकाव ख़ास और आम
क़ाबिलसज़ा के मुर्तकिब होंगे और जिनकी सज़ा औरों की इबरत के लि
ये मुफ़ीद होगी मगर इस लिये कि कोई सज़ा क़रारवाक़ई हो उसके अन
जाम से किसी तरह का ख़लल गुबन्दा न रहे जब ऐसा न हो और सज़ा का
तदारुकनातमाम औरबे हासिल निकले तो फ़ायदः के अवज़ हाकिम के
इख़्तियार में ख़लल और ज़रर नमूदार हुआ और सरकार की हुकूमत पर
निक़ारत आयद हुई इसवास्ते बहुत ज़रूर है कि साहब कलक्टर कमाल इ
हतियात और तहम्मुल से इसतरह के मामिलः में पेश आवें ताकि तरी
क़: मुनासिबः उनका सबके नज़दीक वाजबी और क़ाबिल तसलीम के हो
साहब मौसूफ़ पर साबित करना इस अमर का लाज़िम होगा कि बाक़ी श
रारत से पड़ी और यह कि सब तरह की फ़हमायश और तदारुक से कार
गुज़ारी न हुई अलावा इसके बख़ूबी दरयाफ़्त करें कि मुहाल की ज़मीन बश
र्त खिदमत कामिलः के इस क़ाबिल है कि कुल जमा उस से वसूल हो स
की है बाद अज़ां अगर नीलाम अमल में आवे ज़रूर है कि अपने बड़े इ
ख़्तियार से मुतम रहें और शोरः पुश्तों का ज़ोर तोड़ें और उनकी सरकशी
को पामाल करें जब यह बात हासिल हुई औरज़हूर हुकूमत और ग़लबः
सरकार का आशकारा हुआ अगर ख़िसारः भी पड़े चन्दां इल्तफ़ात के
क़ाबिल नहोगा क्योंकि इसतरह के मामिलः में बड़ा मतलब यह है कि
नीलाम के ख़रख़शः में ज़मींदार लोग मुफ़ीद न उठा सकें और ज़बरदस्ती
की राह से अपना मतलब यानी जमा की तख़फ़ीफ़ हासिल न करसकें सा
हब कलक्टर यह भी याद रक्खें कि इस मतलब के अन्जाम के वास्ते सिर्फ़
अपनी ही दानिस्त में ज़मींदारों की बदमामिली और सज़ा की ज़रूरत ठह
रानी काफ़ीनहीं बल्कि अक़ीक़तः सबूत रूबकारी और चिट्ठियात में बख़ूबी
मुन्दर्ज करनी वाजिब है वगरनः नुक़्सान वाला और अपने क़ायममुक़ाम
पर अपनी तजवीज़ की मुनासिबत और सलाहियत क्योंकर ज़ाहिर करेंगे
और वाज़ह है कि मन्ज़ूरी साहबान सदर की ज़रूर है और मुमकिन है
कि दूसरे साहब कलक्टर के अहद में नीलाम के मुक़द्दमः की तकमील
अख़्तताम को पहुंचे लिहाज़ा उनपर वजूहात नीलाम रोशन होनी चाहि
यें ज़मींदार लोग ख़ूब तजर्बःकार और मिज़ाजदां होते हैं और जब देखें

गो कि साहब कलक्टर इस वज़ा पर चल्ते हैं तो वह लोग उनके मुक़ाबलः से परहेज़ करेंगे क्योंकि उनको ख़ूब साबित है कि उस मुक़ाबिलः के अन्जाम में बजुज़ ज़रर और बदनामी के कुछ उम्मेद नहीं है ॥ *

दफ़ः ९६ दफ़ऄात ७ और १० क़ानून अव्वल सन् १८४१ ई० की इबारत के मुताबिक़ साहब कलक्टर को अख़्तियार है कि जो मालिक साबिक़ नीलाम के सबब से काश्तकार होजावें उनकी हालत और हक़ूक़ मुशख़्खस करें और चाहिये कि यह काम नीलाम के बाद फ़िल्फ़ौर किया जाय और इसका अन्जाम हर सूरत में ज़रूर है गो कुल्ल मुहाल या सिर्फ़ कोई हिस्सः उसका नीलाम होवे और गो सरकार ख़रीदार हो या कोई और क्योंकि गांव की बहबूदी व रिफ़ाहियत आइन्दः अक्सर उसके हुस्न अन्जाम पर मुनहसर है अलबत्तः जैसा इस तरह के जुमलः मुक़द्दमात में वैसा इस काम के अन्जाम में भी साहब कलक्टर को ख़बरदार रहना लाज़िम है कि अहालियान महालः की साज़िश से सरकार के हक़ूक़ वाजबी में कुछ ख़लल और नुक़सान आयद न हो यह भी याद रहै कि दफ़ः १० क़ानून अव्वल सन १८४१ ई० में लिखा है कि मुहाल के नीलाम से सब पट्टीदारों के तमाम हुक़ूक़ मालिकानः मन्सूख़ और मादूम हो जाते हैं इसवास्ते सायर के कुल्ल हक़ूक़ भी ख़रीदार के हाथ मुन्तक़िल हो जाते हैं लिहाज़ा फलकर और अजनास ख़ुदरौ का हक़ मालिकानः हमेशः ख़रीदार को मिलता है मगर किसी तरह के अबवाब तहसील करने का अख़्तियार सिर्फ़ उस सूरत में क़ाबिल जवाज़ के होगा जब कि ज़िक्र उनका बन्दोबस्त के वक़्त व फ़हवाय दफ़ः ९ क़ानून नहुम सन १८२५ ई० के लिखा गया हो ॥ *

दफ़ः ९७ पहिले इससे दफ़ः ५८ में मज़कूर हुआ कि किसी गांव का हिस्सः या पट्टी ग़ैर मुनक़सिम नीलाम में सरकार के नाम से ख़रीदनी न चाहिये अगर कोई ख़रीदार मुयस्सर न हो तो ज़रूर है कि ऐसे हिस्सः या पट्टी का नीलाम मौक़ूफ़ किया जाये फिर यह बात ग़ौर तलब रहेगी कि कुल्ल गांव से इस बाक़ी का मवाख़ज़ः करना क़रीन मसलहत है या नहीं ॥ *

दफ़ः ९८ चन्द साल से गवरन्मेन्ट बाक़ी के नीलाम के मुक़द्दमात पर बहुत तवज्जुह करते हैं चुनांचि जो इश्तहार गज़ट में छपते हैं उनके ज़रीये से मुक़द्दमात सायर होने के वक़्त मद्द नज़र रहते हैं और सदरबोर्ड की रपोर्ट सिःमाहा से कैफ़ीयत मुफ़स्सिल उन मुक़द्दमात की बाबत जिन में नीलाम की तकमील हो चुकी है बहुज़ूर गवरन्मेन्ट पेश की जाती है हिदायतनामः मुन्दर्जः

सदर बोर्ड और नक़्श: जात जो साहब कलक्टर को इस बाब में गुज़रानें चाहियें तितिम्मः नम्बर ११ में मुन्दर्ज हैं ॥ *

दफ़ः ९९ बाक़ी के वसूल के वास्ते अव्वल उसी मुहाल को नीलाम करना चाहिये जिसमें बाक़ी पड़े क्योंकि हर एक मुहाल अपनेही जमा के वसूल के लिये मुस्तग़रक़ होता है इस लिये जब तक कि मालिक के क़ब्ज़: में या किसी दूसरे के दख़ल में जिसके पास मालिक ने अपनी ख़ुशी से मुन्तक़िल किया हो रहे तब तक बाक़ी के वसूल के वास्ते उसी मुहाल को नीलाम करना चाहिये क़ब्ल इसके कि मालगुज़ार का कुछ और माल ग़ैर मनक़ूलः नीलाम हो ॥ इस म क़दमः की तफ़सील सदर बोर्ड ने सरकुलर नम्बर २ की दफ़: १२७ में बतफ़सील मुन्दर्ज है ॥ हां मगर जो उसके नीलाम से ज़र बाक़ी बेबाक़ न हों तो अलबत्तः मालगुज़ार जो कुछ और मिल्कीयत रखता हो क़ाबिल नीलाम के होगी दर सूरते कि मुहाल मालिक के इनकार ख़्वाह बाक़ियात के सबब किसी सरकारी मुस्ताजिर के दख़ल में हो और उसके अह्द में बाक़ी पड़े तो ऐसी बाक़ी के वास्ते मुहाल क़ाबिल नीलाम के नहीं मगर उसको ख़ुद मुस्ताजिर और उसके ज़ामिन की मिल्कीयत ग़ैर मनक़ूलः के नीलाम से वसूल करना चाहिये ॥ *

दफ़: १०० क़ानून अव्वल सन् १८४५ ई० में शरायत मुन्दर्ज हैं जिनके बमूजिब सिवाय उस मुहाल के जिस में बाक़ी पड़ी है और मौज़ावों का भी नीलाम किया जाय ॥ इस अमर के मुतअ़ल्लिक़ सदर बोर्ड का सरकुलर नम्बर १९ मरक़ूमः २ अगस्त सन १८४७ ई. है चुनांचि अबारत चौथी दफ़: की ज़ैल में लिखी जाती है ४ क़तआ़त ज़मीन व हवेली व बाग़ वग़ैरः माल ग़ैर मनक़ूलः जो मुहाल या हिस्सः मुहाल नहीं हैं उनका नीलाम बमूजिब दफ़: ३७ क़ानून २७ सन १८०३ ई० के होता है दफ़: मज़कूर में हुक्म है कि ऐसी मिल्कीयत उस दस्तूरुलअमल के मुवाफ़िक़ जो ज़मीन मालगुज़ारी के वास्ते जारी है नीलाम की जाय जहां तक क़ाबिल इजरा के हो इस सबब से ऐसे मुक़द्दमात में दस्तूरुलअमल मज़कूर के बमूजिब अमल करना चाहिये और नक़्श: इश्तिहार नीलाम उसी क़दर तबदील पावे जो मुक़द्दम: की सूरत से मुवाफ़िक़ हो ॥ मगर याद रहे कि सिर्फ़ उस सूरत में कि मौज़ा अपनी बाक़ी के लिये नीलाम हो दफ़: २७ के मुताबिक़ ख़रीदार हक़ जदीद और कामिल हासिल कर सकता है ॥ इन दोनों तरह के हक़ का इम्तियाज़ क़ानून २१ सन १८२२ ई० में मुफ़स्सल मुन्दर्ज है और अगरचि क़ानून मज़कूर मनसूख़ हो गया मगर ता हाल उसूल मुन्दर्ज: उसके बहाल और बर क़रार हैं चुनांचि

रहन अव्वल सन १८४५ ई० उन उसूल पर ईमा बरता हैया बर खिलाफ़ इसके ॥ अब दूसरे मुहाल की बाक़ी के वास्ते कोई मौज़ा नीलाम हो तो सिर्फ़ च हल मुक़द्दमा ही की हक़ीक़त मिल्कीयत नीलाम होती है लिहाज़ा । खरीदार उस सख्स के क़ायम मुक़ाम हो कर उसका बोझ उठाता है ॥ याने जिसने लवाज़मात और शरायत रहन वग़ैरः मालिक —— सा बिक़ ने मिल्कीयत पर इस्तहाक़ किये खरीदार सबका ज़िम्मःदार होता है यहांतक ज़रमालगुज़ारी की तहसील का जिक्र खत्म हुआ अब । जो और काम उसके मुतअल्लिक़ हैं उनका जिक्र किया जाता है ॥

॥ आबकारी और मुसकिरात का ज़िक्र ॥

दफ़ः १०१ मालगुज़ारी की तहसील के वास्ते यह अख्तियार ॥ और अमलः साहब कलक्टर के सिपुर्द है जिसके सबब से मुनासिब हुआ कि आबकारी और मुसकिरात की तहसील भी साहब मौसूफ़ के मुतअल्लि क़ हो हिन्दोस्तानी सरकारों में आबकारी और मुसकिरात से जो आमदनी होती है सायर में शुमार की जाती और मालगुज़ारी से ग़ैर मालगुज़ारी के तौ र तहसील होती है मगर सरकार अंगरेज़ने उसको जुदा कर और एक नया तरीक़ः आबकारी मुहाल के बन्दोबस्त के वास्ते जारी किया ॥

दफ़ः १०२ इस काम के इन्तज़ाम में यह बात ______ साहब कलक्टर के दुलाक़ः से दूर है कि शराब और मुसकरात का खर्च ज़्यादः कर कर इस तरह से सरकारी महसूल को बढ़ावे बल्कि बरखिलाफ़ इसके यह अमर मद्दनज़र रह ना चाहिये कि महसूल सरकारी को तंग तरीक़ों से वसूल करके शराब वग़ै रः की क़ीमत ज़्यादः करावे और इसी तरह से उसका खर्च कम करावें ज़ाहि र है कि अशियाय मज़कूरः का सर्फ़ कुलीयतन क़ाबिल मुमानअत के नहीं है अव्वल इससबब से कि अगर उसका बरताव बेएतदाल और अन्दाज़ा के साथ होतो कुछ सबब नुक़सान का नहीं है दूसरे यह कि सब मुल्कों में तजुरबःकार मुत्तफ़िक़ हैं कि जिस सूरत में सरकार की तरफ़ से किसी चीज़ की बिल्कुल मुमानअत हो तो मखफ़ी उसका रवाज बाक़ी रहता है क्योंकि वह चीज़ बेश क़ीमत हो जाती है यहां तक कि अपफ़राद पर नफ़ा उसको हिफ़ाज़त से आजेज़ होते हैं और लोग बिलज़रूर उनको धोखा देकर इसे माल में लाते हैं लिहाज़ा इस बाब में यह क़ायदः जारी किया महसूल सरकारी

इस अन्दाज़ः से ज़ियादः किया जावे जिस से इन अशयाय की क़ीमत तो बढ़ जावे लेकिन महसूल की ज़ियादती इस क़दर न हो कि मुनाफ़े की तमा से चोरी करने वालों को ख़तरह का ख़ियाल न रहे ॥ *

दफ़ः १०३ जो इन्तज़ाम आबकारी और मुसकरात के महसूल की तहसील के वास्ते मुरव्विज है तसरीह उसकी क़ानून १० सन् १८७३ ई० और क़ानून ७ सन् १८२४ ई० में मुन्दर्ज है मगर हर एक क़िस्म के महसूल का थोड़ा सा ज़िक्र यहां भी मुफ़ीद होगा ॥ *

दफ़ः १०४ अशयाय महसूली जो ज़ियादः मुस्तअमिल हैं ज़ैल में लिखी जाती हैं पहिले वह शराब जो हिन्दोस्तानी तरीक़ः से बनती है दूसरे वह शराब जो वलायती तरीक़ः से बनती है तीसरे ताड़ी चौथे भंग या कोई और नशः जो उसके दरख़्त से बने पांचवें अफ़ीवन ख़ुश्क हो या घोली हुई ॥ *

दफ़ः १०५ हिन्दोस्तानी शराब का महसूल—सब से ज़ियादः आमदनी हिन्दोस्तानी शराब के महसूल से होती है और उसकी तहसील तीन तरह से हो सकती है पहिले तो सदर भट्टी के तक़र्रुर से दूसरे बन्दोबस्त तफ़सीली से जिस में जुदागानः हर दूकानदार को शराब की तैयारी और फ़रोख़्त के वास्ते पट्टः † † अकसर जगः इस पट्टः को लैसंस याने इजाज़त नामः भी कहते हैं † † दिया जाता है तीसरे बन्दोबस्त इजमाली से जिस में एक परगनः या ज़िलः का ठेकः किसी मुस्ताजिर को दिया जाता है ॥ *

दफ़ः १०६ सूरत अव्वल सदर भट्टी—सदर भट्टी दीवारों के अहाते के दरमियान किसी बड़े शहर के मुत्तसिल वाक़ा होती है और उस के गिर्दा गिर्द चार कोस तक या किसी दायरे मुऐयन तक मुमानअत होती है कि इस भट्टी की शराब के सेवाय और शराब का ख़र्च न हो सदर भट्टी की शराब को लंडन परूफ़ * * लंडन परूफ़ एक मरतबः का नाम है जो वास्ते तेज़ी शराब के मुसतअमिल है † † से बक़दर चहारुम हिस्सः के तेज़ी में कम होना चाहिये और जो कोई उसको अहाते से बाहर ले जावे तो एक महसूल मुक़र्ररी फ़ी गैलन ‡ ‡ गैलन एक पैमानः है बक़दर ३०४ सिक्कः के ‡ ‡ देना पड़ता है यह शराब इजारःदारों की मारफ़त बिकती है और फ़रोशिन्दः को उस महसूल के सिवाय जो वास्ते मिक़दार शराब मुन्दर्जः पट्टः के मज़कूर है एक ख़राज यौमीयः इजाज़त फ़रोख़्त के एवज़ देना पड़ता है ॥ *

दफ़ः १०७ सूरत सानी बन्दोबस्त जुदागानः—जहां सदर भट्टी

न हो ख्वाह सदर भट्ठी की सरहद्द से जो देहात खारिज हों वहां लैसंस दिये जाते हैं और उन में यह मुन्दर्ज होता है कि महसूल योमीयह मुकर्रर: पर एक या कई भट्ठियों में कि उनके अरज़ व तूल का अन्दाज़ः मुतय्येयन हो शराब खींची जायगी और उसी जगः या फ़लानी और जगः फ़रोख्त उसकी जायज़ होगी ॥ ❖

दफ़ः १०८ सूरत सालिस बन्दोबस्त मुस्ताजरी — जिस हालत में सारे परगनः या और जगः का बन्दोबस्त इजमाली किया जावे तो मुस्ताजर को अख्तियार हासिल है कि भट्ठीवाले के साथ जिसतरह चाहे बंदोबस्त करे मगर उसकी सरहद से शराब बाहर लेजाने की मुमानियत है ॥ ❖

दफ़ः १०९ दूसरे जो शराब बलायती तरह से बिकती है — इस किस्मकी शराब के बेंचने और मुन्तक़िल करने की परवानगी नहीं जब तक कि खन्नः न मिले ख्वाह उस खन्नः में यह मुन्दर्ज हो कि महसूल अदा हुआ ख्वाह यह कि माल समन्दर की राह से दूसरे मुल्क को रवानः होगा ख्वाह अरसः हुआ कि शक्कर के बाज कारखाने मुतअल्लिक रम शराब के कारखाने से मुकर्रर हुए और शराब मज़कूर या इस मुल्क में खर्च होती है या दूसरे बलायत को रवानः होती है लिहाजा जो अहकाम महसूल शराब बलायती के बाब में जारी हुए बिल्फ़ेल क्या दः तवज्जः और लिहाज़ के लायक़ हैं सदर बोर्ड ने जो सरक्युलर इस अमर में जारी किया है उस में से अहकाम मुफ़ीदः तितिम्मः नम्बर १२ में मुन्दर्ज हैं ॥ ❖

दफ़ः ११० ताड़ी — ताड़ का अर्क़ ताज़ः हो ख्वाह खमीर किया हुआ क़ाबिल महसूल के है ताड़ी के सेवाय इस दरख्त की कदर और मुनफ़अत कम है दरख्त ताड़ का शुमार और ताड़ी के महसूल का हिसाब सहूलत से हो सकता है ॥ ❖

दफ़ः १११ चौथे भंग — इस दरख्त का नशः बनाया महसूल के लायक है मगर अज़ बस कि उस के दरख्त का सन बहुत काम आता है और अशयाय तिजारत से है इसवास्ते ज्यादः अहतियात चाहिये कि खिराज की तहसील के कवायद ज़िराअत में खलल अन्दाज़ न हों इस दरख्त की ज़िराअत और उसके कार बार जमा करने और उससे टाट और रस्सी वगैरः बनाने में किसी तरह की मुजाहिमत क़ानून की रू से नहीं हो सकती सिर्फ़ नशः की फ़रोख्त पर महसूल लगता है ॥ ❖

दफ़ः ११२ पांचवीं अफ़ीवन — अफ़ीवन का महसूल वसूल करना ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥ ॥

स्सस्नन् उन इज़्लाओं में जहां पैदा होती है बहुत मुशकिल है मुमानिअ़त है कि
कार इजाज़त सरकार और सिर्फ़ सरकार की कोठी के वास्ते पोस्त की ज़िराअ़त
की जावे लिहाज़ा जो अफ़यून कि क़ीमत मुक़र्ररः सरकार से कम क़ीमतको
खरीद होकर ख़र्च में आती है यक़ीनन चोरी का माल है कलकत्तः की राह
से सरकारी अफ़यून अक्सर चीन को भेजी जाती है लिहाज़ा कलकत्तः
के नीलाम में जिस भाव पर अफ़यून बिके उसके मुताबिक़ सरकार के त
माम इलाक़ः में अफ़यून का निर्ख़ मुक़र्रर होता है और ज़ाहिर है कि यह
निर्ख़ उस से बहुत ज़ियादः है जिसपर लोग यहाँ देने पर राज़ी हैं क्योंकि य
हां उसकी ज़िराअ़त और ख़ुफ़ियः फ़रोशी बस हूलियत मुमकिन है हाल
ने में बतौर आज़मायश अफ़यून कलकत्तः के भाव से कुछ कम क़ीमत पर
बिकती है मगर ज़ाहर है कि कलकत्तः की निर्ख़ से थोड़े फ़र्क़ में तो कुछ मु
ज़ाक़ः नहीं लेकिन ज्यादः फ़र्क़ क़भी कभी मन्ज़ूर न होगा क्योंकि सरकार
का फ़ायदः इसी में है कि जहां अफ़यून का भाव ज़्यादः हो वहां फ़रोख़्त
के वास्ते भेजी जावे जो अहकाम अफ़यून की ख़ुरदः फ़रोशी के बाब में जा
री हैं उनकी ग़िहृत से तामील करने में इस बात को एहतियात ज़रूर है
कि रेआया पर ज़ुल्म व तअ़द्दी न हो ॥ *

दफ़ेः ११३ साहब कलक्टर को क़वानीन आबकारी की तामील और म
हसूल सरकारी की हिफ़ाज़त के वास्ते अख़्तियार हासिल है चुनांचि उनको
जायज़ है कि भट्ठी ना जायज़ जो बग़ैर लेसंस के हो उसका और उसकी शरा
ब का तजस्सुस करें और सरकार की अ़दूल हुकमी की सज़ा जुर्मानः और
क़ैद से दें बाक़ीदारों या उनके ज़ामिनों से बाक़ियात महसूल उसी सबील से
वसूल हो सकती है जिस से मालगुज़ारी की बाक़ियात मुसताजिर या उसके
ज़ामिन से वसूल हो सकती है ॥ *

दफ़ेः ११४ आबकारी मुहाल का ऐसा बन्दोबस्त होना चाहिये जो मु
फ़ीद हुस्न इन्तिज़ाम फ़ौजदारी और मूजिब रफ़ाय आम का हो अगर कहीं
शराब के बिकने से बद इन्तज़ामी या फ़ितना अंगेज़ी ख़्वाह ऐसी बद अ़त
वारी वक़ूअ़ में आवे जिस से अवाम की आफ़ीयत में ख़लल मालूम हो
उसकी सज़ा तनसीख़ लैसेंस और मसदूदी दूकान से चाहिये ॥ *

दफ़ेः ११५ दफ़ेः १०५ में जो तीन तरीक़ः मुख़्तलिफ़ मुख़्तलिफ़ आब
कारी मुहाल के वास्ते मज़कूर हैं जब साहब कलक्टर उनमें से किसी एक तरी
क़ः के पसन्द करने की तजवीज़ करें तो उस बड़े इख़्तियार पर जो उनको कार

एत अमलः और मुलाज़िमों के सबब हासिल है लिहाज़ कौं अलबत्तः जैसा कि सब मुलकों में मशहूर है वैसा यहां भी होगा कि कहत साली और मैया स तंगदस्ती में आबकारी की आमदनी में ख़लल पड़ेगा क्योंकि पहिले तो वह अशयाय जिनसे शराब और नशा बनता है उन दिनों में गरां कीमत हो जाती हैं और फिर रिआया को ख़रीदने का मक़दूर कम होता है मगर इसतरह की कमी बेशी से कता नज़र करके आबकारी की तर्ज़ इन्तज़ाम से भी ब डा फ़र्क़ निकलता है क्योंकि ज़ाहिर है कि साहब कलक्टर की वज़ा हर क़िस्म आमदनी के इन्तज़ाम में बड़ा असर रखती है आबकारी की जुम लः रक़ूमात का बन्दोबस्त पर सबील मुस्ताजरी करना अकसर मुनासिब औः और है इस सूरत में जब साहब कलक्टर होशियारी और इस्तकलाल में मा सिर हों तो इस वक़्त कुछ ऐवज नहीं कि मुस्ताजिर आपस में माज़िश कर कर अपने फ़ायदः और सरकार के नुक़सान के लिये अपने इजारे में तख़फ़ीफ़ क रावें लिहाज़ा साहब कलक्टर को लाज़िम है कि सब इजारों की असल हकीक़त और अन्दाज़ः से आगाह रहें सो मुनासिब है कि तादाद भट्टी औ र दुकान और आमदनी मुतफ़र्रक़ः जो महसूल के सिवाय किसी और आम दनी की बाबत मुस्ताजिर को मिलती है साहब मौसूफ़ को इन सब बातों इत्त ला हो फिर साहब कलक्टर हमेशः आमादः रहें कि इन्दुलज़रूरत मुस्ताजरों को कनारः कर कर तमाम इन्तज़ाम अपने हाथ में लेलें बन्दोबस्त ख़ास का इन्तज़ाम तहसीलदारों की मारफ़त ब वजह अहसन हो सकता है और उसमें पहिला असर यह ज़रूर होगा कि हाकिम ज़ुमलः लैसंस साबिक़ मन सूख़ कर कर लैसंस जदीद अपनी मुहर व दस्तख़त से जारी करें और अम लः माल और भी अहलकारान फ़ौजदारी के वसीले से जो लोग शराब बर सबील नाजायज़ खींचें या बेचें क़वानीन के मुताबिक़ उनका तदारुक ब शिद्दत करें ॥

दफ़ा २२६ साहब कलक्टर हमेशः अपने ज़िला के आबकारी बन्दोबस्त का हाल अज़रूय तख़मीनः के इस तरह से बख़ूबी दरियाफ़्त कर सकते हैं कि उनको दूसरे ज़िला के बन्दोबस्त की कैफ़ियत के साथ मुक़ाबिलः करें और सूरत बन्दोबस्त हाल को साथ सूरत बन्दोबस्त साबिक़ के और हालत बन्दोबस्त एक सिम्त को साथ हालत बन्दोबस्त दूसरी सिम्त के मवाज़िनः करें सन १८४२ ईसवी में सदर बोर्ड ने एक सरकूलर जारी किया जिसमें हुक्म है कि हुक्काम माल ऐसे मुक़ाबिलः के तरीक़ः पर मुतवज्जह हों मा

क़ुदर मज़कूर: तिलिम्म: नम्बर १३ में मन्दर्ज है और उसका मज़मून न सिर्फ़ आबकारी के मुक़द्दम: में मुफ़ीद है बल्कि अस्ल: मतलब उसका यह है कि पैमायश और बन्दोबस्त में जो मुफ़स्सल कैफ़ीयत: हर ज़िला की बाबत हुई है उस्के मुक़ाबिल: करने से हुक्काम ग़ौर कर के ख़ूब समझ लें कि जम्ल: मुक़द्दमात में किया फायद: हासिल हो सकता है ॥ ❖

इस्टाम्प का महसूल

दफ़: ११७ इस्टाम्प से सरकारी आमदनी को बढ़ाना महज़ रस्म वलायती दस्तूर है अमल्दारी सरकारी अंगरेज़ी के पहिले उसका रवाज हिन्दोस्तान में मुतल्लक़ न था लिहाज़ा ज़रूर है कि मुमालिक जदीद में उसका इजरा ताम्मुल से हो काग़ज़ की क़ीमत उसके इस्टाम्प याने मुहर के मवाफ़िक़ बढ़जाती है इसवास्ते मसल्लबैंक नोट के साहब साहब कलक्टर की तहवील में महाफ़िज़त और फ़रोख़्त के वास्ते रक्खे जाते हैं जो क़ायद: कि इस्टाम्प से तअल्लुक़ रखता है सब क़ानून १० सन् १८२९ ई० में तफ़सील और तसरीह के साथ मुन्दरिज है ॥ ❖

दफ़: ११८ इस्टाम्प के बाब में जो बातें मुक़द्दम हैं ज़ेल में लिखी जाती हैं अव्वल यह कि काग़ज़ तहवील में बहिफ़ाज़त रहे दूसरे यह कि उस्की फ़रोख़्त दियानत से अमल में आवे तीसरे यह कि इस तरह का बन्दोबस्त करना चाहिये जिससे ख़रीद व फ़रोख़्त बआसानी और बग़ैर किसी तरह की मुज़ाहिमत के हो और यह मुमकिन नहो कि लोग काग़ज़ कीमत को हद से ज़्याद: बढ़ावें चौथे यह कि ऐसी दग़ाबाज़ी का इन्सिदाद किया जावे जिस्से फ़रेबी लोग इस्टाम्प जाली बनाकर ख्वाह पुराना इस्टाम्प किसी तदबीर से दोबार: ख़र्च में लाकर सरकार की आम्दनी में ख़लल डालें

दफ़: ११९ पहिला और दूसरा मतलब याने इस्टाम्प की हिफ़ाज़त और फ़रोख़्त बदयानत सिर्फ़ उस चुस्ती और होशियारी से मुमकिन है जो ज़रूर करके तअल्लुक़ और तसरुफ़ के इन्सदाद के वास्ते ज़रूर है चाहिये कि काग़ज़ इस्टाम्प का बड़ा ज़ख़ीर: ख़ज़ाने: की कोठरी में मुक़फ़्फ़ल रहे और उस्की कुन्जी साहब कलक्टर के क़ब्ज़े: में रहे और वहां से निकालकर सिर्फ़ उन्हीं इस्टाम्प फ़रोशों के हवाले:

हिसाब के समझाने और ज़र आमदनी के अदा के वास्ते ज़मानत दे सकें और
फिर भी उनको सिर्फ़ इतना स्टाम्प सिपुर्द करना चाहिये जिसके वास्ते ज़र
ज़मानत किफ़ायत करे ॥ ❋

दफ़ा १२० तीसरे मतलब के हुसूल के वास्ते याने कि काग़ज़ स्टा-
म्प की क़ीमत में ज़ियादती देना नहो ज़रूर है कि चिट्ठियात बतलब स्टा-
म्प के साहब सुपरंडन्ट स्टाम्प मुक़ाम कलकत्ता के पास बर वक़्त भेजी जा-
यें ताकि काग़ज़ बक़दर किफ़ायत हमेशः मौजूद रहे और यह कि स्टाम्प
फ़रोश ब तादाद मुनासिब मुक़ामात शायस्तः पर मुक़र्रर किये जावें और
हत्तुलइम्कान ऐसा बंदोबस्त हो कि स्टाम्प फ़रोश एक दूसरे के मुक़ाबिला में
हों ताकि ज़ियादः तलबी और बेशी क़ीमत उनके इत्तफ़ाक़ से मुमकिन न हो
अगर किसी वक़्त येह इहतिमाल हो कि क़ीमत के बेजा इज़ाफ़ा के लिये स्टाम्प
फ़रोश आपस में मिल गये तो शायद मुफ़ीद हो कि साहब कलक्टर अवा-
म को इख़्तियार दें कि बक़दर सौ पचास रुपये के स्टाम्प बिला ज़रिये
फ़रोसिन्दों के ख़ज़ाने से इकट्ठा ख़रीद करें और साल गुज़श्तः में फ़रो-
ख़्त की बाबत जो सरकार को मेहनताना देना पड़ा बक़दर उसके काग़ज़
की क़ीमत से मुजरा करें ❋

दफ़ा १२१ चौथे जालसाज़ी — जालसाज़ लोग मसनूई स्टाम्प के बना-
ने का ख़याल कम करते हैं क्योंकि मुहर और निशान काग़ज़ स्टाम्प के जुर्म
में ऐसी हिकमत से होता है कि तक़लीद उसकी निहायत मुश्किल है मगर
चूंकि हिन्दोस्तानी स्याही काग़ज़ में इस तरह से नफ़ूज़ न होसक्ती जो धो-
ने से छूट न सके लिहाज़ा अकसर यह दग़ाबाज़ी की जाती है कि पहिले
लिखे हुए काग़ज़ को पानी से धोकर दुबारह ख़र्च में लाते हैं अदालत
दीवानी में बाज़ औक़ात यह भी रिवाज़ है कि एक काग़ज़ बड़ी क़ीमत
के एवज़ सायल को दो किता कम क़ीमत नत्थी करने की इजाज़त
है चुनाञ्चे एक पर मज़मून सवाल का लिखा जाता है और दूसरा कि-
ता सादः रहता है आइन्दः को दग़ाबाज़ सादह काग़ज़ मिसल से
जुदा कर कर दोबारह फ़रोख़्त करते हैं ❋

दफ़ा १२२ अदालत दीवानी में दस्तूर है कि जब कोई मुक़द्दमः
राज़ीनामः की रूसे फ़ैसल हो तो अर्ज़ी दावी की कुल क़ीमत या कुछ
उसमें से वापिस दी जाती है पस जालसाज़ काग़ज़ मुश्तबः [illegible]
फ़रेब से जारी करते हैं कि किसी साबिक़ मुक़द्दमः की अर्ज़ी दावी धोये हुए [illegible]

म्प पर गुज़रते हैं इसके बाद राज़ीनामः दाख़िल कर कर इश्ताम्प मज़कूरः की क़ीमत नक़द सरकार से लेते हैं ऐसीऐसीजालसाज़ी के वास्ते तदबीरें तो तजवीज़ हुईं ।। इस बाब में सदर दीवानी अदालतके हुक्म सरक्यलर मुन्दर्जः ज़ैल को देखना चाहिये २ अगस्त सन् १८३९ ई० और २६ जनवरी और २९ मई सन १८४० ई० और भी नम्बर ९८१ मरक़ूमः २५ मई सन् १८४३ ई० ।। लेकिन जो हाकिम मुतअल्लिक़ इश्ताम्प होशियारी और बेदारी में कोताहीकरेंतो हज़ारों तदबीरें कुछ फ़ायदः नकरेंगी इसवास्ते हाकिम हमेशः ख़बरदार रहे ऐसा न हो कि कोई फ़रेबी अपनी किसी क़दीम दग़ाबाज़ी के तरीक़ः को जारी करे या जाल की सूरत जदीद निकाले ॥ *

दफ़ः १२३ बसीग़ःजात कम क़ीमत के इश्ताम्प पर तजवीज़ होने के सबब जो मुक़द्दमात दायर होते हैं उन में तहक़ीक़ात और सज़ा की तजवीज़ के वास्ते साहब कलक्टर को दफ़ः १५ क़ानून १० सन् १८२९ ई० में अख़्तियार हासिल है और यह अख़्तियार बतवीअत साहब सिपरन्टेंडन्ट इश्ताम्प बोर्ड आफ़ किस्टम्स व नमक व अफ़ीयून के अमल में आता है जैसा हुक्म गवर्न्मेन्ट मसदूरः २६ अप्रैल सन् १८४३ ई० मशारियः सदर बोर्ड तारीख़ ग़ुररः दिसम्बर सन मज़कूर में लिखा है ॥ *

---

* ॥ मुराफ़ेः अदालत दीवानी ॥ *

दफ़ः १२४ अलग़रज़ यह सब अख़्तियार व हुक्मत सरकारी तहसील के वास्ते क़वानीन की रूसे साहब कलक्टर को हासिल है मगर मुमकिन है कि बेतअम्मुलीऔर अदम अहतियात शरायत क़ानून के सबब किसी मुक़द्दमः में इत्तिफ़ात और तवज्जुह बख़ूबी अमल में न आई हो और क़ानून के ख़िलाफ़ फ़ैसलः हुआ हो लिहाज़ा जब कोई शख़्स किसी फ़ैसलः से अपनी हक़तल्फ़ी जाने तो अख़्तियार है कि अपने मुक़द्दमः को फिर पेश कर कर तजवीज़ सानी बग़ैर बेतअम्मुल कराये यह बात अदालत दीवानी के महकमः में नालिश रुजूअ करने से हासिल होती है और उस अदालत में सब तरह के मुक़द्दमात ख़्वाह वह जिन में सरकार तरफ़ैन ।। इस बाब में दफ़ः ७ क़ानून २ सन् १८०३ ई० के मज़मून पर लिहाज़ करना चाहिये ।। से हो या दूसरे क़िस्म के दायर होते हैं इब्तदा में महकमः आला जिस में इस तरह का मुराफ़ेः होसकता है याने सदर दीवानी

अदालत के हाकिमन बाब गवर्नर जनरल बहादुर बइजलास कौंसिल इस बाब में दफ़ः २ क़ानून सन् १७९३ ई० और क़ानून २ सन् १८०२ ई० के दीबाचः को देखना चाहिये इस में और उस हालत में ऐसे मुराफ़ः से सिर्फ़ यह मुराद थी कि जिस अदालत आला से मुक़द्दमः इन्फ़िसाल पाया मुस्तग़ीस को अख़्तियार हो कि उसी महकमः से फिर अपने मुक़द्दमः की नज़र सानी ग़ौर कामिल से हासिल करे मगर अब दीवानी का अख़्तियार हुक्काम जुदागानः को दिया गया और ख़ास उसके इन्तज़ाम के वास्ते हाकिम मुक़र्रर हुये और इस तरह से यह ज़ाहिर मामिलः देखने में आता है कि एक मुक़द्दमः जो हाकिम आला बल्कि गवर्नमेन्ट की तजवीज़ से फ़ैसला हुआ हो फिर अदालत दीवानी के किसी हाकिम अदना के हुज़ूर में नज़र सानी के वास्ते पेश हो साहब कलक्टर पर उनके जुमलः अहकाम की बाबत अदालत दीवानी में नालिश हो सकती है और सदर बोर्ड को बतौर अम्र हुक्म गवर्नमेन्ट के इस बात की तजवीज़ करनी पड़ती है कि जवाबदिही और अदाय ख़र्चः सरकार की तरफ़ से होवेगा या साहब कलक्टर बज़ात ख़ो ज़िम्मःदार होंगे यह तरीक़ः अगर्चः एक अच्छा मन्सूबः है ख़ता और ग़लती के इन्सिदाद के वास्ते मगर ऐसा न हो कि कोई हाकिम किसी मामिलः मुतअल्लिक़ः पर क़दम मारे ख़्वाह किसी अम्र में तफ़्तीश ज़रूरी या अहतियात को फ़रो गुज़ाश्त करे इस लिहाज़ से कि अगर हम से सहो होगा तो उसकी दुरुस्ती अदालत दीवानी में हो जायगी और हाकिम को याद रहे कि ऐसे मुक़द्दमात बहुत कम हैं जिन में दीवानी के महकमः से वाजबी फ़ैसला सरकार के ख़िलाफ़ होवे और उस से इल्ज़ाम शदीद उस हाकिम की निस्बत आयद न होगा जिसका हुक्म मन्सूख़ हुआ नीलाम के मुक़द्दमात में सरकारी ओहदःदार पर बड़ी रिआयत हुई क्योंकि दफ़ः २४ क़ानून अव्वल सन् १८४५ ई० में मुमानिअत है कि उन वजूहात के सिवाय जो बहुज़ूर हुक्काम माल अपील के ज़रियः से पेश की गई मुद्दई दूसरी वजूहात को महकमः दीवानी में पेश कर सके इस बात में कुछ शुबहः नहीं है कि जुम्लः मुक़द्दमात की वजूहात और सुबूत उसी तसरीह के साथ साहब कलक्टर के हुज़ूर में पेश होती हैं जिस तरह कि साहब जज के हुज़ूर में फिर क्या वजः है कि साहब कलक्टर की तजवीज़ सहीह न हो अदालत दीवानी और दारुलमाल में एकही आईन और एकही क़वायद जारी हैं लिहाज़ा ज़रूर है कि दोनों की तजवीज़ भी अलल्अमूम यकसां हो मुक़द्दमात दीवानी

की फांरखाई के वास्ते जो दस्तूरुलअमल महकमः सदर बोर्ड से जारी हुआ ति तम्मा नम्बर २४ में मुन्दर्ज है ॥❋

दफ़े १२५ ऐसे मुक़द्दमात की जवाबदिही के अंजाम करने के वास्ते साहब कलक्टर को इजाज़त है कि जिस वकील को सब से लायक़ जानें उस्से इस्तआनत और ✝ ✝ इस बाब में दफ़ा २७ क़ानून २७ सन् १८१४ ई० को देखना चाहिये ❋ इस्तमदाद करें साहब मौसूफ़ अपनी मर्ज़ी के मुवाफ़िक़ एक शख़्स को इस काम के वास्ते तजवीज़ करते ✝✝ इस अमर से दफ़ा ४ क़ानून २३ सन् १८२९ ई० और अहकाम गवर्नमेन्ट मसदूरह २५ अपरेल सन् १८३० ई० मजारियः साहबान सदर बोर्ड व तारीख़ १० मई सन् मज़कूर मुतअल्लिक़ हैं ✝ हैं और वह शख़्स हुक्काम आला की दरख़्वास्त के बमूजिब गवर्नमेन्ट से मुक़र्रर किया जाता है और जिन मुक़द्दमात दीवानी में सरकार शरीक हो उसको मेहनताने मिलता है मेहनताने बहिसाब मज़कूरह दफ़ा २५ क़ानून २७ सन् १८१४ ई० बर वक़्त अदा करना चाहिये और यह बात बसहूलत मुमकिन है क्योंकि हुक्काम सदर दीवानी अदालत ने हुक्म जारी किया है कि उन मुक़द्दमात में जिनमें सरकार शरीक है साहब जज अपने फ़ैसला में इतना बतौर याद्दाश्त बढ़ावें कि जिस से तादाद मेहनतानै वकील सरकार की मुन्कशफ़ हो चाहिये कि साहब कलक्टर ज़र मज़कूर फ़िल्फ़ौर वकील सरकार को दें और अगर उस मेहन्ताना के अदा करने का तरफ़ सानी सज़ावार हो तो साहब मौसूफ़ उससे जल्दी वसूल करलें ॥❋

दफ़ा १२६ बज़रिये अदालत हाय दीवानी जो रुपया याफ़तनी सरकार हैं चाहिये कि वकील सरकार की मारफ़त वसूल किया जावै सब तरह की रक़्मात की बाबत ऐसाही करना चाहिये ख़्वाह वह ख़र्चे मुक़द्दमात मुनफ़सला मुल्क हिन्दोस्तान के मुतअल्लिक़ हो ख़्वाह मुक़द्दमात हज़ूर मलकः इंगिलस्तान के और ख़्वाह वह ख़र्चः उन मुक़द्दमात के मुतअल्लिक़ हो जिनमें सरकार एक फ़रीक़ है ख़्वाह ऐसे मुक़द्दमात के मुतअल्लिक़ जिनमें सरकार सिर्फ़ इत्तफ़ाक़न इ- लाक़ः रखती है मसलन ऐसा मुक़द्दमः जिन में सरकार कम्पनी ने वास्ते मुराफ़अः हज़ूर मलकः इंगिलस्तान के ख़र्च्यः बतौर पेश गी फ़रीक़ैन को दिया है ख़्वाह ज़र याफ़तनी मुक़द्दमात मुफ़लसी के मुतअल्लिक़ हो जिनमें मुफ़लिस के तरफ़सानी से स्टाम्प की क़ीमत

ली जाती है ॥

तीसरी फ़सिल

॥ दफ़्तर की हिफ़ाज़त और मिल्कीयत ज़मीन की रजिस्टरी ॥
॥ की बाबत ॥

दफ़ः १२७ क़ानून २३ सन् १८०३ ई० के बमूजिब दफ़्तर कलक्टरी इसवास्ते मुक़र्रर किया गया कि आइन्दः को सरकारी मालगुज़ारी और रआया के हक़ूक़ और मिल्कीयत की हिफ़ाज़त हो उसके तक़र्रुर का ख़ास यह मतलब था कि बन्दोबस्त और देहात मुन्क़स्मः की तक़सीम जमा के जुम्लः काग़ज़ात और सब अस्नाद जो किसी तरह सरकारी मुतालिबः से तअ़ल्लुक़ रखते हों अह्तियात तमाम से रहें ॥ ⁝ ⁝ क़ानून २३ सन् १८०३ ई० की इबारत ॥ ⁝ ⁝ ॥ ∴

दफ़ः १२८ क़ानून मज़्कूर की रू से दफ़्तर का अह्तिमाम दो हिन्दोस्तानी अहलकारों के ज़िम्मः होता है और इब्तिदाय उनके ओहदः की क़दर इस तजवीज़ से वाज़ह की गई थी कि नव्वाब गवर्नर जनरल बहादुर व कौंसल के हुक्म से मुक़र्रर हों और बजुज़ इसके कि उनकी बद आमिल्गी नव्वाब ममदूह के नज़दीक साबित हो मौक़ूफ़ नहों लेकिन अब यह हुक्म तबदील हो गया और मुहाफ़िज़ात दफ़्तर का तक़र्रुर और माज़ूली उसी तरह की जाती है जैसे और हिन्दोस्तानी ओहदःदारों की जिनका माहवारः दस रुपैयः या ज़ादः हो जैसा दफ़ः १७ में बयान हुआ ॥

दफ़ः १२९ दफ़्तर के अख़राजात के वास्ते क़ानून ⁝ ⁝ क़ानून २३ सन् १८०३ ई० दफ़ः ९ ⁝ ⁝ मज़्कूर में अख़्तियार दिया गया कि देहात की तक़सीम और अख़्तिलात और बैअ़ व हिबह वग़ैरः इन्तिक़ालात पर रसूम ग़ाइस्सस्म को फ़ीस भी कहते हैं ॥ ली जावे रसूम की तफ़सील यह है कि ख़ालसः देहात में फ़ीसदी ।) जमा सरकारी पर और अराज़ी माफ़ी में पैदावारी सालानः २॥) सैकड़ा फ़ीस मुक़र्रर की गई अदाय रसूम सब पर वाजिब व लाज़िम है और उसकी तहसील उसी तरीक़ः से हो सकती है जिस से मालगुज़ारी की बाक़ी ली जाती है मिल्कीयत के इन्तिक़ाल पर

जो विरासत की रू से हो और नये नम्बरदार के तक़र्रुर और देहात की तक़सीम ग़ैर मुकम्मिल ॥ जिसका ज़िक्र ज़ैल में दफ़ः १६६ में आवेगा ॥ और ज़िकनी मालिकों के दाख़िल ख़ारिज पर क़ानून के बमूजिब रसूम नहीं लगती मगर मुंतक़लात के जुमलः इन्तक़ालात और बटवारः और अलहदगियात पर रसूम लगती है ख़्वाह तरफ़ैन के फ़ैसल से हो ख़्वाह अदालत के हुक्म से ॥ *

दफ़ः १३०. चूंकि दफ़्तर इस इन्तज़ाम की रू से ख़ास व आम के फ़ायदः के वास्ते मुक़र्रर हुआ ज़रूर है कि उसकी निसबत ऐसा बन्दोबस्त किया जाय कि सब को आमद व रफ़्त और काग़ज़ात का मुलाहिज़ा बिला तकल्लुफ़ हासिल हो जहां तक ब शर्त हिफ़ाज़त दफ़्तर के मुमकिन हो जो इन्तज़ाम साहबान सदर बोर्ड ने इस बाब में किया तितम्मा नम्बर १५ में मुन्दर्ज है *

दफ़ः १३१ काग़ज़ात कलक्टरी के एक तरीक़ः पर इन्तज़ाम करने में थोड़े दिनों से ज़यादः लेहाज़ करना हुआ यह उमदः मतलब के वास्ते आईन नहुम के बन्दोबस्त और मसाहत के सबब अब बड़ी सहूलियत हासिल हुई मुमालिक मग़रबी के अज़लाअ में दफ़्तर की तरतीब यकशी है उस के बयान में कुछ अशकाल नहीं ॥ *

दफ़ः १३२ फ़र्ज़ किया जाय कि गवर्न्मेन्ट ‡ यह हुक्म हिदायतनामः बन्दोबस्त के तितिम्मः ६ में मुन्दर्ज है ‡ के हुक्म मरक़ूमः ३० अकतूबर सन् १८३७ ई० के म्वाफ़िक़ ज़िला के परगनों का इन्तज़ाम अमल में आया और हिदायतनामः बन्दोबस्त की दफ़ः ४५ के बमूजिब देहात की फ़िहरिस्तें मुरत्तब हो गई हैं ॥ *

दफ़ः १३३ फ़िर हर परगनः के वास्ते एक बड़ी किताब बने और उस में हर मौज़ा के लिये एक सफ़ह अलाहदः हो और हर एक सफ़ह का उनवान हस्तुलइम्कान तितिम्मः नम्बर १६ के ख़ानजात से मुताबिक़ हो मगर कोई ख़ानः बतौर मुतफ़र्रक़ात जायज़ न होगा हर मौज़ा के सब मुक़द्दमात क़िस्मवार एक सफ़ ख़ानः में मुन्दर्ज करने चाहियें ताकि उसके कुल्ल मुक़द्दमात का हाल किताब से ज़ाहिर हो जाय सब ख़ानों में मुक़द्दमात सिर्फ़ बइन्दराज तारीख़ हुक्म आख़ीर के लिखे जायेंगे जिस वक़्त कि मिसिल दफ़्तर में सिपुर्द की जाय यह किताबें आम फ़िहरिस्तें होंगी जिनसे मुक़द्दमात का पता और निशान मिलेगा॥

दफ़ः १३४ दफ़्तर की तरतीब का तरीक़ः इस तरह बख़ूबी सम

भ में आवेगा कि फ़र्ज़ किया जाय कि तमाम काग़ज़ात बिल्कुल अबस हैं और बयान किया जाय कि उसकी दुरुस्ती के वास्ते क्या क्या तद्बीरें करनी चाहियें सो फ़र्ज़ कीजिये कि किसी दफ़्तर के काग़ज़ात जिनके औराक़ अलग अलग मुन्तशिर पड़े हैं बड़े सन्दूक़ों से दरहम बरहम निकले फ़िल्वाक़अ जब हुक्काम इब्तिदाय इस बात पर मुतवज्जः होने लगे साहबान कलक्टर के दफ़्तरों में बहुत सन्दूक़ ऐसे काग़ज़ों से भरे निकले ॥ *

दफ़ः १३५ पहिले जितने काग़ज़ात एक मुक़द्दमः के मुतअल्लिक़ हों एकट्ठे किये जायें कि ऐसे मजमूअः को मिसिल कहते हैं यह मिसलें शायद मुकम्मिल या नाक़िस मगर जिस वक़्त इस क़दर भी मुरत्तब हों कि मुक़द्दमः की कैफ़ीयत ख्वाह मौज़ा का कुछ हाल उन से मुनकशिफ़ होता हो तो ज़रूर है कि सब वरक़ों पर नम्बर शुमार तारीख़ की तरतीब से बाहिर के गोशः पर लिखा जाय और सूत से नत्थी की जाय और फिर एक और वर्क़ बतौर फ़िह्रिस्त काग़ज़ात के मिसिल पर लगाया जाय इस फिह्रिस्त के उन्वान पर मौज़ा का नाम और मुक़द्दमः ⁞⁞ किस्म मुक़द्दमः फ़िह्रिस्त आम की किसी मद के मुताबिक़ होगी ⁞⁞ की क़िस्म और हुक्म आख़ीर की तारीख़ लिखी जायगी मिसिल के काग़ज़ात का नाम और तारीख़ें भी फिह्रिस्त में मुन्दर्ज होंगी इस तरह से कि हर काग़ज़ की मद पर एक नम्बर शुमार लिखा जायगा इस नम्बर के मुताबिक़ जो काग़ज़ के बाहिरी कोनः पर है काग़ज़ात की मीज़ान लिख कर फ़िह्रिस्त बन्द की जाय ताकि आइन्दः और कोई काग़ज़ उस में न मिल सके जब कोई मिसिल दो तीन गांव के मुतअल्लिक़ हो जैसे हद्द की तकरार या ताअल्लुक़ः का मुक़द्दमः चाहिये कि जो गांव ज़ियादः मशहूर हो मिसिल उसके नाम के नीचे लिखी जाय बाक़ी और मौज़ा के बस्तों पर एक याददाश्त रक्खी जाय जिसे जाकड़ कहते हैं और जुदागानः फ़िह्रिस्तों और आम फ़िह्रिस्त की किताब में भी याददाश्त के लिये कैफ़ीयत मुन्दर्ज हो ॥ *

दफ़ः १३६ इसके बाद जितनी मिसलें एक मौज़ा से तअल्लुक़ रखती हों सब यकजा की जायें और एक अलाहदः फ़िह्रिस्त में जिसके ऊपर मौज़ा का नाम लिखा जायगा तारीख़वार मुन्दर्ज हों माबाक़ी किता ब फ़िह्रिस्त आम में उस मौज़ा के सफ़्ह पर हर मुक़द्दमः के न होने की तारीख़ उसको ख़ास मद के ख़ाने में लिखी जायगी वाज़ह हो कि मौज़ा

को ऋलाहदः फ़िहरिस्त और आम फ़िहरिस्त की तरतीब में फ़र्क़ ।। कुछ है

१ सरक्यूलर सदर बोर्ड मरक़ूमः ११ जनवरी सन् १८४८ ई० इस अमर के मुतअल्लिक़ है । चुनांचि ज़ैल में लिखा जाता है ।।

२ अकसर यह ख़याल होता है कि अलाहदः फ़िहरिस्त परगनः रजस्टर की उन मरातिब की महज़ नक़ल है जो किसी मौज़ा से मुतअल्लिक है और बस्तः के साथ रखी जाती है मगर वाक़अ में ऐसा नहीं है अलाहदः फ़िहरिस्त का मतलब यह है कि हर बस्तः की मिसिल को नई तरतीब हो जो उसके मज़मून से इलाक़ः न रखे बल्कि ऐसी हो कि कोई मिसिल या कोई मिसिल का काग़ज़ न जा सके इस वास्ते मिसलों के नम्बर व बक़ैद तारीख़ हुक्म आख़ीर की रदीफ़वार हो फिर अलाहदः फ़िहरिस्त पर मिसिलें उस तरतीब से मुन्दर्ज होगी जिस तरतीब से मुहाफ़िज़ दफ़्तर ने पाई मअ़ हाज़ा नम्बर हर एक के और याददाश्त परगनः रजस्टर के उस ख़ानः से जिसके मतअल्लिक़ है म अः तारीख़ और मिसिल के जुमलः काग़ज़ात की तादाद मुन्दर्ज होगी जब नई मिसलें दफ़्तर ख़ानः में रखी जाये परगनः रजस्टर के ख़ास ख़ानः में मुन्दर्ज की जाये और अलाहदः फ़िहरिस्त के नीचे भी एक नया ज़िक्र मरातिब मज़कूरः वाला के शामिल मुन्दर्ज हो परगनः रजस्टर में मरातिब बमूजिब तकसाम मुक़द्दमात मुन्दर्ज किये जाते हैं मगर अलाहदः फ़िहरिस्त में बमूजिब तारीख़ फ़ैसलः के रदीफ़वार लिखा जाये ।।

३ तमाम अलाहदः फ़िहरिस्त को नये सिरे से तरतीब देने के वास्ते हुक्म देना बिल्कुल शायद मसलत नहीं मगर इस में कुछ अशकाल नहीं कि सब अलाहदः फ़िहरिस्तें जो गलत हैं ख़त्म की जाये इस तरह से कि कुल मिसिल की तादाद का ज़िक्र मुख़्तसर मुन्दर्ज किया जाय और नई फ़िहरिस्त बसूरत सहीह शुरूअ़ हो ।।

४ दो प्रति अलाहदः फ़िहरिस्त के बतौर नज़ीर के भेजे जाते हैं जिन में एक शुरूअ़ से मुरत्तब और दुरुस्त है और दूसरे से यह ज़ाहिर होगा कि फ़िहरिस्त नादुरुस्त जो अब मुरौवज है किस तरह इसलाह की जाय और आइन्दः को सहीह बनाई जाय ।।

चुनांचि अलाहदः फ़िहरिस्त में तारीख़ इनफ़िसाल की तरतीब से मिसिल का ख़ुलासः मज़मून और तारीख़ दोनो मुन्दर्ज होती हैं और फ़िहरिस्त आम में सिर्फ़ तारीख़ फ़ैसलः लिखी जाती है और ख़ानजात के मुताबिक़ तरतीब होती है जिनसे क़िस्म मुक़द्दमः ज़ाहिर होती है ।।

दफ़ः १३७ हर एक मौज़ा की मिस्लें उसकी अलाहदः फ़िहरिस्त के

साथ इकट्ठी रक्खी जायें और फिर तितने गांओं की मिसलें इकट्ठी रखनी मुमकिन हों एक सुफ़ेद बस्तः में बांधी जायें जिस पर परगनः का नाम और देहात के नामों के पहिले हरूफ़ जली कलम से लिखे जायें ॥

दफ़ः १३८ तब बस्तः जात हरूफ़ तहज्जी के तरतीब से तख़्तों पर या आलमारियों में रक्खे जायें और एक या कई आलमारी ख्वाह तख़्ते बसअ़त मुनासिब के हर परगनः के वास्ते मख़सूस हों और उसकी किसी नमूद की जगः पर परगनः का नाम जली कलम से लिखा जावे ॥

दफ़ः १३९ ऊपर के बयान से जाहिर होगा कि दफ़तर का इन्तज़ाम परगनः वार और मौज़ावार है पस काग़ज़ निकालने के वास्ते सिर्फ़ इतनी बात मालूम होनी चाहिये कि वह काग़ज़ किस मौज़ा के और मौज़ा किस परगनः के मुतअ़ल्लिक़ है काग़ज़ मतलूबः की तारीख़ और क़िस्म मुक़द्दमः को ख़बर रखनी चंदां ज़रूर नहीं है दीवानी के महकमः में दफ़तर का इन्तज़ाम बिल ज़रूर तारीख़वार याने डिगरी की तरतीब से होता है मगर चूंकि क़ानून [illegible] याने दफ़ः ११ क़ानून ३ सन् १९०४ ई० की रू से [illegible] के हुक्म से तितनी डिगरियां ज़मीन की मिलकीयत से तअ़ल्लुक़ रखती हैं उनकी नकलें साहिब कलक्टर के दफ़तर में भेजी जाती हैं जाहिर है कि दफ़तर कलक्टरी में ऐसी डिगरियों की निशांदिही परगनः और मौज़ा की रू से मुमकिन है ॥

दफ़ः १४० जो अंगरेज़ी चिट्ठियात किसी मौज़ा की बाबत लिखी गई हों हिन्दोस्तानी काग़ज़ात में अक्सर उनपर हवालः होता है अ़लावः इस के अगर फ़िहरिस्त आम की किताब में एक मद बढ़ाई जाय जिसमें हर एक मौज़ा की बाबत चिट्ठियात आमदनी व रफ़्तनी का ज़िक्र बक़ैद तारीख़ मुन्दर्ज हो तो और सहूलियत हो जायगी इस सूरत में फ़िहरिस्त आम मुमकिन होगी और हर एक मौज़ा की निसबत जो वक़ाया और तजवीज़ें लिखी गई हों उन का निशान उस से हासिल होगा ॥

दफ़ः १४१ चूंकि दफ़ः १२ में हुक्म हुआ कि जो मुक़द्दमात महकमः कलक्टरी में ज़ेर तजवीज़ हों उनकी तक़सीम फ़िहरिस्त आम की मद्दात के मुताबिक़ हो लिहाज़ा हाकिम को अख़्तियार होगा कि अगर कोई मुक़द्दमः ग़लती से दूसरी क़िसिम में लिखा गया हो तजवीज़ के वक़्त उसको इसलाह करे इस तरह से इतमीनान हासिल होता है कि हर एक मुक़द्दमः मद मुनासिब के ख़ानेः में सहत और एकतरीक़ः से मुन्दर्ज हुआ ॥

दफ़ः १४२ तहसीलदार और क़ानूनगो और पटवारियों के काग़ज़ात

दफ़्तर कलक्टरी में दाख़िल होते हैं ज़रूर है कि उनका भी कुछ बयान किया
जाय ॥ *

दफ़ः १४३ तहसीलदार का उम्दः काम यह है कि अपने इलाकः का
ज़र मालगुज़ारी तहसील करे और हिसाब व किताब जो उसके मुतअल्लि
क़ है सुरतबररक्खे उसकी हिदायत के वास्ते नक़्शःजात तजवीज़ हुये मगर
उनका तज़्किर इस किताब को आइन्दः फ़सिल से ज़यादः मुनासिब रखता
है जिस में ज़िला के ख़ज़ानेः और हिसाब व किताब का बयान किया
जायेगा ॥ *

दफ़ः १४४ अलावः इसके इन्फ़िसाल हुक़ूक़ के बाज़ मुक़द्दमात
में जो साहब कलक्टर के साम्हने पेश होते हैं तहसीलदार पर रुजूअ
किया जाता है इस बाब में सरसरी मुक़द्दमात के मुतअल्लिक़ उसके का
म और इख़्तियार ख़ास का ज़िक्र क़ानून हसबुल सन् १८३१ ई॰ की द
फ़ः १२ में मुन्दर्ज है बाक़ी के मुक़द्दमात में भी तहसीलदार की रपोर्ट
साहब कलक्टर की आइन्दः कारखाई की बुनियाद होती है फिर मिस्ल
कीय ज़मीन के रजस्टरों में नाम चढ़ाने औ बासलात और हद्द के त
नाज़अ और बाज़े और इसी तरह के मामिलात में कि ज़मीन से वास्त
रखते और साहब कलक्टर के साम्हने पेश होते हैं जो तहक़ीक़ात मौका
पर की जाती है तहसीलदारही की मारफ़त होती है मगर फ़ैसलः करने
का तहसीलदार को अख़्तियार नहीं है लिहाज़ा ऐसी सब तहक़ीक़ात रपोर्ट
की सूरत से लिखी जाती है और हर एक रिपोर्ट पर साहब कलक्टर या उ
सके ता इन में कोई हाकिम हुक्म आख़ीर देते हैं बाद उसके मुक़द्दमात दफ़
तर कलक्टरी में मौजावार हुक्म आख़ीर की तरतीब से रक्खे जाते हैं तहसी
लदार को ऐसे काग़ज़ात की नक़्ल रखनी ज़रूर नहीं मगर अकसर अपने इ
तमीनान के वास्ते नक़्ल रख । । सदर बोर्ड के हुक्म आम मरक़ूमः २ सितम्बर सन्
१८४२ ई॰ की रूसे तहसीलदारों को अख़्तियार है कि मालगुज़ारी या और रजस्टरों के
इन्तख़ाब की नक़्ल मुस्तहक़ः सायलों को दें मगर और तरह के काग़ज़ मुत्फ़र्रिक़ात की
नक़्ल देने की इजाज़त नहीं है । । लेते हैं और फ़िलवाक़अ बहुत क़रीन मस
लहत है ॥ *

दफ़ः १४५ क़ानूनगो के ओहदः से जो काम मुतअल्लिक़ हैं क़ानून
चहारुम सन् १८०८ ई॰ की सातवीं दफ़ः में उनकी तफ़सील मुन्दर्ज है उनमें
जो ज़यादः ज़रूर हैं और अब क़ानूनगो बजा लाते हैं ज़ैल में लिखे जाते

अव्वल तहसीलदारी के हिसाब किताब के ज़रूरी काग़ज़ात के मुसन्ना रक्खैं देम परगनः के सब माली हिसाब किताब और मालगुज़ारी के दाखिलों पर अपने दस्तख़त करें सेकम पटवारियों से काग़ज़ात लें और जांचें और मुरत्तब करें और जो कुछ ग़लती निकले तहसीलदार को उसकी इत्तला दें क़ानूनगो के पुराने काग़ज़ात ख़सूसन जो सरकार अंगरेज़ की अमलदारी से आगे लिखे गये बहुत मुफ़ीद हैं उनको बड़ी हिफ़ाज़त से रखना चाहिये इनदिनों दफ़ातर का इन्तज़ाम और मिल्कीयत के रजस्टरों की तरतीब बिल्कुल मुमकिन हो गई है इस वास्ते ओहदः क़ानूनगो का बड़ा मतलब यही रह गया कि परगनः के हिसाब किताब और नक़्शाज़ात जो गुज़राने जाते हैं मुक़ाबिलः और इम्तिहान करें अब कुछ ऐसे काग़ज़ात अलाहदः नहीं लिखते जिनके वास्ते जुदा दफ़्तर रखने की ज़रूरत हो मगर बहुत काग़ज़ात सब मिसलों में ऐसे निकलेंगे जिन पर दस्तख़त उनके होंगे ॥ *

दफ़ः १४६ ज़रूर है कि जितने नक़्शःजात और मामली काग़ज़ात ज़िला में बनाये जाते हैं क़ानूनगो उनकी तैयारी के तरीक़ः से ख़ूब वाक़िफ़ हों और ऐसे काग़ज़ात में मिल्कीयत ज़मीन की निसबत जो कुछ लिखा जाता है उसकी तफ़सील और बयान उन्हीं के ओहदः से मुतअल्लिक़ है मिल्कीयत ज़मीन की बाबत जो वसायक़ और इक़रार नामजात लिखे जाते हैं उस वक़्त ज़ियादः मोतबर समझे जाते हैं जब क़ानूनगो की मुहर व दस्तख़त उनपर सब्त हों ॥ *

दफ़ः १४७ पटवारी गांव का मुहासिब और हक़ूक़ का रजस्टर बनाने वाला है और जो इक़रार नामे मालिक और रआया के दरमियान लिखे जाते हैं वही तसदीक़ करता और मुहासलान मुश्तरकः में शुरका जो ज़मीन का बन्दोबस्त आपस में करते हैं अपने काग़ज़ात में उसकी कैफ़ीयत लिखता है पटवारी के काग़ज़ात बड़े ज़रूरी हैं क्योंकि जो अमर उसमें लिखा जाता है किसी न किसी रैयत या मालिक के हक़ूक़ में मोसिर होना है काग़ज़ात मज़कूर जो अज़रूय दफ़आत १२ और १३ क़ानून नम्बर सन १८७३ ई० के बनाने चाहियें उनकी तरतीब का तरीक़ः साहबान सदरबोर्ड ने बड़ी मेहनत और अहतियात से मुकम्मिल किया है सो मसविदः उसका जो मंज़ूर सदरबोर्ड की अख़बार से होगी दूसरी से मुन्सलिक नहीं चुनांचि तितिम्मः नम्बर १७ में मुन्दर्ज है जब यह काग़ज़ात किसी गांव के दाखिल न किये जायें तो दफ़आत १४ और १५ क़ानून मज़कूर की रू से मालगुज़ार मुस्ताजिर के

चढ़ी सज़ा के होंगे क्योंकि ऐसी सूरत में बाद इजराय दस्तूरुल अमल मुन्दरजः क़ानून को मुमानियत है कि लगान की बक़ाया रखा हुआ आया याद देके दार पर बइल्लत अहद शिकनी किसी महकमः में नालिश करें लिहाज़ा महकमात दीवानी को इस बात की खबर देनी ज़रूर पड़ी जिस वक़्त सदर बोर्ड के दस्तूरुल अमल के मुताबिक़ मालगुज़ार मुस्तहक़ ऐसी सज़ा के होने लगे चुनांचि जैसे बन्दोबस्त आईन नम्बर ९ सन १८३३ ई० किसी ज़िला में मकम्मिल होता जाता था गजट में अक्सर इश्तहार इत्तला दी जाती थी कि दस्तूरुल अमल मज़कूर जारी हुआ और अब कि बन्दोबस्त मुल्क मुमालिक मग़रबी का खतम हो गया दस्तूरुल अमल मज़कूर हर जगह मुरव्विज है ॥

दफ़ेः १५८ पटवारियों के काग़ज़ात जैसे साल बसाल हर गांव की बाबत दाखिल होते हैं उसी गांव की और मिस्लों के साथ तरतीब पर मौक़ा मुनासिब से रक्खे जायें और फ़िहरिस्त आम में उनका ज़िक्र ज़ाबतः के मुवाफ़िक़ किया जाय ॥

दफ़ेः १५९ जब दफ़तर की तरतीब बखूबी हो गई तो उसका हुस्न इन्तज़ाम बहाल रखने के वास्ते खबरगीरी ज़रूर होगी किसी दफ़तर के इन्तज़ाम का हाल और मुहाफ़िज़ दफ़तर की लियाक़त दरयाफ़्त करनी बहुत सहल है इस तरह से कि अपनी फ़िहरिस्तें तलब करके इत्तफ़ाक़न खोली जावें और किसी मिस्ल का निशान करके तलब की जाये फिर लिहाज़ किया जाय कि उसके निकालने में कितनी देर लगी और किस तौर से पता लगाया गया अगर दफ़तर की तरतीब कमायनबग़ी हो तो मिस्लें मतलबः दो तीन लमहे में मिल जायगी एक दस्तूरुल अमल तजवीज़ करना चाहिये कि उसके बमूजिब जो मिस्लें मुकम्मिल होती जायें दफ़तर में सिपुर्द और मुहाफ़िज़ दफ़तर के हाथ से अपने मौक़अ पर रक्खी जायें सो ऐसा दस्तूर एक तो यह हो सकता है कि हर सनीचर को सरिश्तःदार गुज़श्तः ( ) याने हफ़तः मक़बूल उसके जो खतम होनेवाला है ( ) हफ़्त की मिस्लें मुहाफ़िज़ दफ़तर के सिपुर्द करे और आइन्दः हफ़तः में मिस्लें मज़कूर हमेशः अपनी जगः तरतीब पर मरत्तब की जायें बहुत ज़रूर है कि इस काम में बाक़ियात बढ़ने न पावे और यह कुछ कि मिस्लें तरतीब से बाक़ी नहीं रहीं हमेशः इस तरह से दरयाफ़्त हो सकता है कि सरिश्तःदार से किसी क़िस्म मुक़द्दमात की फ़िहरिस्त तलब की जाये फिर हाल के किसी मुक़द्दमः की निसबत देखा जाय कि किस तारीख फ़ैसलः हुआ और किस तारीख मिस्ल मुहाफ़िज़ दफ़तर को सौंपी गई और उसके बाद मुहाफ़िज़ खानः में जाकर देखा जाय कि दफ़तर में मौक़अ मुनासिब पर रक्खी है या नहीं जब मुहाफ़िज़ दफ़तर किसी मिस्ल की बाबत अपनी र

मालगुज़ारी का ज़िम्मः रखते हैं उनकी तफ़सील और तसरीह ज़मीन व ताद़ाद जमा जिसके ज़िम्मःवार हैं मालूम हो जाय आगे इससे मज़कूर । दफ़ेः १६ पर रुजूअ करना चाहिये ॥ हुक्म कि इनराज दस्तकात और तहसील मुहाल वार की जाय न मौज़ावार याने एक मालिक या मालिकों के गरोह से जो रकूमात तहसीलनी हैं सब एक मुश्त तलब की जावें और हर एक मौज़ा की जमा के वास्ते अलाहदः मुतालबः किया जाय अगर हर साल के शुरू अ में एक नया मालगुज़ारी रजिस्टर मुरत्तब किया जाय तो उसके ख़ास फ़ायदों के सिवाय यह भी मालूम होगा कि मुतालबः की कितनी रकूमात का यकजा करना मुमकिन है इस तरह से यह रजिस्टर तहसीलदार को तहसील करने और हिसाब रखने में हिदायत करेगा अलावः इसके साल ब साल मन्सूख होने के सबब और उसके इस्तेमाल के फ़ायदः के वाक़ैस से ख़्वाह न ख़्वाह वर वक़्त मुरत्तब किया जायगा इस रजिस्टर का नक़्शः और उसकी तर्तीब की हिदायतें ज़िमिम्मः नम्बर १९ में मुनदर्ज हैं ॥ *

दफ़ेः १६२ रजिस्टर मज़कूरः वाला तहसीलदार उस वक़्त बनाया करें जब आइन्दः साल की तहसील के हिसाब किताब दुरुस्त करें ज़मीन की मिल्कीयत के ख़ास और इन्तज़ाम से जो तग़ीरात साल के अन्दर वाक़ेअ हों साहब कलक्टर उनकी इत्तला तहसीलदारों को किया करें और वह आइन्दः साल के रजिस्टर में मुन्दर्ज किया करें मगर हर एक तबदील को सनद के वास्ते साहब कलक्टर के हुक्म इत्तलाअ पर हवाला करना चाहिये इस सूरत में दर्मियानी तग़ीरात का रजिस्टर दरकार न होगा अगर तहसीलदार रजिस्टर बनाते वक़्त दरयाफ़्त करे कि कहीं तग़ीयुर वाक़ेअ हुआ मगर इत्तलाअ उसको नहीं आई तो मुनासिब है कि यह हाल साहब कलक्टर को लिखे और हुक्म का इन्तज़ार करके रजिस्टर बतौर साबिक़ मुरत्तब करे और अमरों का ज़िक्र बतौर याददाश्त के उस मुक़ाम पर लिख दे ॥ *

दफ़ेः १६३ इस रजिस्टर में जो तग़ीयुरात वाक़ेअ होते हैं वह साहब कलक्टर के बाज़ अमरः तरीन कामों से निकलते हैं और उनका ज़िक्र मुफ़स्सल यहां ज़रूर है उनमें कुछ मुहाल की माहियत में मुफ़्लिस होने हैं याने तिनसे मुहालात मुनक़िसिम ख़्वाह एक दूसरे से मरबूत हो जाते हैं और कुछ मालिकों के नाम में असर करते हैं याने दाख़िल ख़ारिज के मुक़द्दमात और कुछ देहात की जमा में तासीर करते हैं जैसे नये मवाज़ात की जमा जिन की तौज़ीअ पर चढ़ानी ख़्वाह मौज़ा साबिक़ की जमा ख़ारिज करनी या उन

का घटाना बढ़ाना इन अक़साम की तफ़सील ज़ैल में अलाहदः अलाहदः की जाती है याने अव्वल मुहाल का अरकलात=दोम=मुहालात की तक़सीम याने बटवारः=सोम मालिकों के तग़ीरात-याने दाख़िल ख़ारिज के मुक़द्दमात=चहारुम मवाज़ा का ज़िला की तौज़ी पर चढ़ाना=पञ्चुम मवाज़ा का तौज़ी से ख़ारिज करना=शिशुम मवाज़ः की जमा तबदील करनी॥ *

दफ़ेः १६४ अव्वल मुहालात का अरकलात—मुहालात का अरकलात क़ाबिलः की रू से क़ानून नोज़दहुम सन् १८१४ ई० की दफ़ेः ६ के बमूजिब होता है और अरकलात मुतलक़ सिर्फ़ ऐसे हालात में हो सकता है कि जिन अराज़ियात का रिहन मनज़ूर है साबिक़ एकही ज़मींदारी के अजज़ाय हों और अब ख़ुद मालिक अरकलात की ख़ास दरख़ास्त करें ऐसे अरकलात पर रसूम भी ली जाती है याने मुहाल मुरक्कब की जमा पर चार आना सैकड़ा और उसके सबब से अराज़ियात ऐसी मख़लूत हो जाती हैं कि फिर उनकी तफ़रीक़ मुमकिन नहीं होती बजुज़ इसके कि बिल्कुल से सी नई तक़सीम और जमा की तशख़ीस जदीद अमल में आवे जिस में साबिक़ की तक़सीम पर कुछ लिहाज़ न हो यह तरीक़ः बहुत कम जारी है मगर ऐसी ज़रूरतें मुतसौवर हैं जिन में मालिकों को ऐसी क़िस्म का अरकलात मतलूब हो॥ *

दफ़ेः १६५ दफ़ेः १६१ में जो इरशाद है कि रजिस्टर में एक मालिक या मालिकों के सब गांव के कुल मुहालात यकजा किये जावें यह अमर बिद्न क़वायद और ज़वाबित मुतररहः बाला के नहीं आ सकता है और उस से अहलकारान सरकार और मालिकान ज़मीन के लिये भी आसानी निकलती है और यह बाक़ियात और इन्तक़ाल वरासत वग़ैरः के मुक़द्दमात में दस्तकात कम जारी होती हैं लिहाज़ा अहुदेःदारान की दिक़्क़त में तख़फ़ीफ़ और मालिक के अख़राजात में कमी होती है मगर जो मालिक किसी सबब से ऐतराज़ करे तो यकजाई मज़कूर मुमकिन न होगी जब मुहालात इस तरह से इकट्ठे किये जाते हैं तो अलाहदः मुहालों की जमा की तफ़रीक़ बहाल व बरक़रार रहती है अगर मालिक चाहे कि फ़लाना गांव की जमा पहिले बेबाक़ करे तो उसका नाम अफ़्ज़ेदुरसाल में दाख़िल करने से हमेशः मुख़तार रहेगा कि ज़र आमदनी उसी मौज़ा के नीचे सियाहा कराये और इस सूरत में साहब कलक्टर को लाज़िम होगा कि पहिले उन मवाज़ा की बाबत जिन में बाक़ी है तहसील की तदबीरात

राज पयान हुआ और मुहालात की तक़सीम में हिस्सःदारी मुश्तर्कः प
र किस सूरत से —— अमल किया जाता है और उन शुरका या शुरका
के वारिसों को जो हिस्सःदारी मुश्तर्कः से आप को बचाना और अपने
मुहाल पर बिला मदाख़लत दूसरे के क़ब्ज़ः करना चाहते हैं आईन ॥

॥ मुहालात की तक़सीम की बाबत जो क़वानीन जारी हुये उनके सिलसिले
से अम्र वाज़ह है कि हुक्काम वाला मुक़ाम गवर्नमेन्ट पर यह ख़तरे पोशीदः न थे जो
हिस्सःदारों को मिल्कीयत में उस मशहूर क़ायदः से आयद होते हैं कि एक मुहाल के
शुरकाय बिल्इश्तराक और बिलइनफ़िराद मुहाल की मालगुज़ारी के ज़िम्मःदार हैं चुनां
चि क़ानून १७ सन् १८०५ ई० की दफ़ः ३ से आश्कार है और उसी क़ानून के दीबाचः से
यह भी वाज़ह है कि हुक्काम मज़कूर के नज़दीक यह अम्र ठहरा था कि इस ख़तरः का म
आलजःसहो अख़्तियार है जो मुहाल मुश्तर्कः के मालिकों को हासिल है कि हर वक़्त ज़मीन
के अपने अपने हिस्सों की तक़सीम और तफ़रीक़ करालें अगर जानें कि बटवारः उनके ह
क़ में मुफ़ीद होगा इस अख़्तियार के अमल में लाने के वास्ते क़ानून १९ सन् १८०३ ई० की
दफ़ः २१ में हुक्म है कि जिस वक़्त मुहाल मुश्तरकः गैर मुनक़िसमः का मालिक अपने हि
स्सः पर अलाहिदः क़ब्ज़ः करना चाहे तो साहब कलक्टर फ़िलफ़ौर मिल्कीयत मुश्तरकः
की तक़सीम जारी करें चन्द रोज़ यह क़ायदः किसी क़दर फ़रामोश हुआ क्योंकि क़ानून शिशु
म सन् १८०७ ई० में उन मुहालात की तक़सीम से जिनकी जमा हज़ार रुपैयः ख़्वाह पांच
सौ रुपैयः से कम हो इमतनाअ है मगर अन्जामकार इस फ़रामोशी का यह हुआ कि क़ानू
न पंजुम सन् १८१० ई० को रूसे क़ायदः मज़कूरः साबिक़ ज़ियादः तसरीह के साथ जारी कि
या गया और क़ानून शशुम सन् १८०७ ई० मनसूख़ हुआ चुनांचि लिखा है कि छोटे
छोटे मुहालात की तक़सीम की मुमानिअत बहुत हिस्सःदारों के ज़रर कसीर की बाय
स हुई और उसके सबब से लोगों के हुक़ूक़ में इस क़दर नुक़सान आयद हुये थे कि
अगर चि छोटे मुहाल होने से सरकार को दिक़्क़त होती है इल्ला न इस क़दर कि उस के
बायस से ऐसा ज़रर और नुक़सान ज़रूर या क़रीन सलाह हो फिर क़ानून नोज़दहुम स
न् १८१४ ई० में क़वानीन साबिक़ः के अहकाम कुछ तबदील पाकर नये सिर से जारी
हुये और साहब कलक्टर पर बदस्तूर वाजिब रहा कि एक या कई शरीकों की दरख़्वा
स्त पर तक़सीम जारी करें बशर्तेकि हिस्सः की बाबत कुछ उज़्र पेश न हो मगर क़ा
नून नहुम सन् १८११ ई० मनसूख़ नहीं हुआ बल्कि बहाल और बरक़रार रहा और
उसकी इबारत पट्टीदारी मुहालात की तक़सीम हिस्सि में ज़ियादः सहूलत बख़्शती है
इस तक़रीर के बमूजिब कि ज़मींदारों के फ़ायदः और बेहतरी के वास्ते ज़रूर है कि

मुहालात के हिस्सों की तक़सीम आसानी से मुमकिन हो ॥ ††

की रू से अख़्तियार हासिल है कि मुहाल में जो हिस्सः रखते हों अ-
लाहिदः करा के मुहाल बरास:क़ायम करा लें अगर उन के हिस्सः की
मिक़दार में और हिस्सःदार उज़्र पेश करें तो हिस्सः मज़्कूर का अला
हिदः करना नामुमकिन होगा जब तक ख़्वाहिन्दः तक़सीम दीवानी में
हिस्सः मुतनाज़िअः पर अपना हक़ साबित न करे मगर जो हिस्सः की
मक़दार ग़ैर मुतनाज़ा हो तो साहब कलक्टर पर लाज़िम है कि दरख़्वा
स्त के बमूजिब तक़सीम मतलूब अमल में लावें अगर हिस्सः की मिक़दार
महकमः दीवानी की डिगरी से मुक़र्रर या मुहतमिम बन्दोबस्त की क़
रारदाद से मुअय्यन और मुशख़्ख़स हो गई हो और उसके बमूजिब दख़
ल दिया गया हो तो साहब कलक्टर पर वाजिब है कि दरख़्वास्त पर तक़
सीम करें मगर जो फ़ैसलः के बाद तरफ़ेन के हाल में नई सूरत पैदा हुई
और हिस्सः की तअय्युन के वास्ते फ़ैसलः जदीद ज़रूर हो तो तक़सीम क
रनी नहीं चाहिये ॥

दफ़ः१६८ मुहाल के अजज़ा इस तरह पर एक दूसरे से बिल्कुल मुन
क़ता करके अलाहेदः मुहाल बनाने को तक़सीम †† या बटवारः कह

†† क़ानून नोज़दहुम सन् १८१४ ई० की दफ़ः ३ पर लेहाज़ करना चाहिये म
तन के ज़ैल में तक़सीम की एक और क़िसिम का ज़िक्र आता है चुनांचि सदरबोर्ड के सरक्
लर मरक़ूमः १० जौलाई सन् १८४६ ई० की दफ़ः ५ में पहिले दरजः को बमूजिब बटवा
रः क़ानून नोज़दहुम सन् १८१४ ई० और दूसरे दरजे को तक़सीम बमूजिब दरख़्वास्त त
रफ़ैन के ताबीर किया है इन मानी पर इस रिसालेः में पहिले दरजः के वास्ते तक़सी
म मुकम्मिल और दूसरे के वास्ते तक़सीम ग़ैर मुकम्मिल मुस्तअमिल है जो अख़्ति
यार क़ानून हफ़्तुम सन् १८२२ ई० का अबमजीब साहबान कलक्टर को हासिल
है उसकी रू से उन्हें जायज़ है कि तक़सीम मुकम्मिल और तक़सीम ग़ैर मुकम्मि
ल दो भी अपनी ही मरज़ी से जारी करें मगर हर शख़्स को क़ानून नोज़दहुम
सन् १८१४ ई० की रू से इस्तेहक़ाक़ है कि अगर तक़सीम मुकम्मिल को ज़िया
दः पसन्द करे तो उसी को अमल में लावे ॥

ते हैं और क़ानून नहुम सन् १८११ ई० या नोज़दहुम सन् १८१४ ई० की
शरायत †† के बमोजिब से अमल में आता है ॥

† इस बात में हारिंगटन साहब के क़वानीन माल की किताब जिल्द २ सफ़ह: ४८१ में ऐसा लिखा है कि क़ानून नह्नुम सन् १८२२ ई० और क़ानून नौज़ दहुम सन् १८२६ ई० की मशाबहत में बड़ा फ़र्क़ यह है कि पहिले क़ानून से ज़र मालगुज़ारी की तक़सीम ज़ियाद: आसानी से हो सकती है क़ानून नौज़दहुम सन् १८१६ ई० की आठवीं दफ़: में हुक्म है कि हर एक हिस्स: मनक़िस्म:फ़िलवाक़ई जमाबंदी के मुताबिक़ और कुल्ल मुहाल की निकासी और जमा के रसदी हिसाब से जो तक़सीम के वक़्त हो फ़र्द मालगुज़ारी मुशख़्ख़स हो मगर क़ानून नह्नुम सन् सन् १८२२ ई० की दफ़ात २ और ५ के बमूजिब मुहाल मुशतर्क: के किसी पट्टीदार ख़्वाह शरीक का सब या कई गाँव और मुहाल ग़ैर मुनक़िस्म: का कोई हिस्स: मुशख़्ख़स जो फ़िलवाक़ई किसी शरीक के क़ब्ज़: में हो कुल्ल मुहाल से इस तरह अलाहिद: हो सकता है कि उस हिस्स: की अराज़ी पैमायश की जाय और जमाबन्दी से पन्दर: या बीस फ़ीसैकड़: अख़राजात और मुनाफ़ा के वास्ते मुजरा देकर बाक़ी जमा सरकारी ठहराई जायगी बशर्तेकि और शुरका उस तरीक़: तशख़ीस में कुछ उज़्र पेश न करें और उस हिस्स: की ज़मीन क़ाबिल ज़िराअत में पांच सहस तरद्दुदी हो और इस क़ानून की दफ़: ६ में एक और तरीक़: के वास्ते इजाज़त है जिसकी रू से मुहाल ग़ैर मुनक़िस्म: के जमीअ शुरका जमा की तक़सीम अपनी तजवीज़ से करसकें बाद तफ़तीश साहब कलक्टर और मन्ज़ूरी सदर बोर्ड के फ़क़त आईन नह्नुम सन् १८३३ ई० के बन्दोबस्त में देहात के हर एक हिस्स: के हालात बख़ूबी मुनकशिफ़ हुये और उस सबब से मुक़द्दमात तक़सीम में इस क़दर सहूलत पैदा हुई कि फ़र्क़ मज़कूरे बाला अब चन्दां लिहाज़ के लायक़ न रहा ॥ *

दफ़: १६६ जिन देहात मुशतर्क: में कुल्ल ज़मीन या जुज़्व जुमल: शुरका के शामिलात में है अकसर औक़ात एक तक़सीम ग़ैर मुकम्मिल ऐसी जारी होती है जिसमें कुल्ल शामिलात मुनक़िस्म होकर शरीकों के आपस में बाँटी जाती है और हर क़िसमत पर कुल्ल जमा का हिस्स: मुनासिब बाँधा जाता है मगर ताहम मुहाल मुनक़िस्म नहीं होजाता और ज़िम्म:दारी मुशतरक: बहाल और बरक़रार रहती है इसतरीक़: के इजराय के बाद गाँव ज़मींदारी या पट्टीदारी ग़ैर मुकम्मिलकी क़िसम से निकल कर पट्टीदारी में दाख़िल होजाता है और हक़ीक़तहाल यह है कि जब शुरका बट

वार: की दरख़्वास्त करते हैं अक्सर हालात में कोई तदबीर मतसूर होती है मुनासिब है कि दोनों क़िस्म की इख़्तियारात व ख़्वास्तगारान तक़सीम को समझादी जाय अगर तक़सीम ग़ैर मुकम्मिल को पसन्द करें तो तक़सीम मुकम्मिल की ज़रूरत नहोगी ख़्वाह तक़सीम मातहत: दीवानी के हुक्म से हुई हो ख़्वाह मालिकों की दरख़्वास्त से ॥

दफ़े: १७० तक़सीम ग़ैर मुकम्मिल के फ़वायद यह हैं पहिले मालिकों के गरोह मुशतरक: को बदस्तूर शामिल और मुत्तफ़िक़ रखती है और इस तरह से लोगों को अपने इन्तज़ाम पर मुस्तैद करने के वास्ते मुफ़ीद होती है दूसरे हक़ शफ़ा: मुन्दर्जः दफ़े: ४ क़ानून अव्वल सन् १८४१ ई० महफ़ूज़ रहता है तीसरे अख़राजात में तक़सीम मुकम्मिल की निस्बत तख़फ़ीफ़ और मुहाल का इन्तज़ाम बवजह: किफ़ायत के होता है और क़बाहत इस क़िस्म की तक़सीम में यह है कि ज़िम्मःदारी मुशतरक: बहाल रहने से मुमकिन है कि काहिल कोताः अन्देश शरीकों की ग़फ़लत से मेहनती मालिक नुक़सान उठावें यक़ीन है कि क़दीम गरोह शुरका के जो बरसला आपस में मुत्तफ़िक़ रहते और दोनों क़िस्म तक़सीम की इख़्तियारात बख़ूबी पहिचानते हैं मुहालों की तक़सीम मुकम्मिल कम चाहेंगे बल्कि अपनी मिल्कीयतों की तक़सीम ग़ैर मुकम्मिल पसन्द करेंगे मगर जिस मौज़ा में बेगानः लोगों ने कुछ दख़ल पाया था गरोह के दरमियान कुछ तनाज़ा तकरार बरपा है वहाँ तक़सीम मुकम्मिल लायक़ पसन्द के होगी ॥ *

दफ़े: १७१ वाज़ह है कि मुहाल की तक़सीम मुकम्मिल और हिस्सों की तक़सीम ग़ैर मुकम्मिल दोनों सूरतों में तरीक़: और क़वायद तक़सीम एक ही हैं चाहिये कि मुहाल की अलाहदः अलाहदः क़िस्मतें मालिकों के हुक़ूक़ के मुताबिक़ हों और जमा की तशख़ीस सब क़िस्मतों पर बराबर मगर तक़सीम मुकम्मिल में ब निस्बत ग़ैर मुकम्मिल के ज़ियादः एहतियात चाहिये क्योंकि उस में तमाम शुरका की ज़िम्मःदारी मुशतरक: का सिलसिलः मुनक़ता हो जाता है और सरकारी जमा की तहसील बिल्कुल ख़ातिर: तशख़ीस मुनासिब पर मुनहसर है अगर तक़सीम में साज़िश दख़ल पावे और बरवार: इन्साफ़ से नकिया जावे तो शायद इस सबब से मुहाल के एक हिस्सः पर जमा संगीन होगी लिहाज़ा सरकार की मालगुज़ारी वाजबी की तहसील में नुक़सान आयद होगा ॥

वास्ते दफ़ेः २५ क़ानून नोज़दहुम सन १८१४ ई० में अगरचि इजाज़त दी जाती है कि हुक्काम सदर बोर्ड ऐसे बटवारेः को मन्ज़ूर करें मगर ताहम उसमें यह शर्त है कि अगर साबित हो कि जमा की तशख़ीस साज़िश या ग़ल्ती की राह से की गई सदर बोर्ड की मनज़ूरी की तारीख़ से दस बरस तक गवर्न्मेन्ट को अख़्तियार होगा कि तक़सीम मज़कूर मन्सूख़ करके दूसरे बटवारः का हुक्म सादिर करे ॥ *

दफ़ेः १७२ कहीं कहीं ऐसी सूरतें वाक़ञ हुई हैं जिन में सहब न कलक्टरी के हुक्म से मुहालात बे ज़ाबतः मुनक़िसम हुये और बमूजिब क़ानून के तहक़ीक़ात और हुक्काम आला के अहकाम की तरफ़ रुजूअ नहीं किया गया ऐसे मुक़द्दमात में नज़ीर मज़कूरः हाशियः †† साहब कलक्टर ज़िला टपरः और अमीनउद्दीनअपीलान्ट बनाम किशोरी रामदास मुद्दआअलेह यह मुक़द्दमः सदर दीवानी अदालत ने तारीख़ पांचवी जून सन १८११ ई० को फ़ैसल किया और मुक़द्दमात मतबूआ की पहिली जिल्द के सफ़ेः ३३१ में मुन्दर्ज है ॥ * †† के मुताबिक़ हुक्काम सदर दीवानी ने तजवीज़ की है कि अलाहदः अलाहदः हिस्सों के मालिक उस बाक़ी के बिलइस्तिराक ज़िम्मः दार नहीं हैं जो ग़ल्ती के इज़हार से पहिले चढ़ी मगर बे ज़ाबतः बटवारः को नक़शः अबस और बातिल है और बे ज़ाबती ज़ाहिर होने के बाद लाज़िम है कि नई तक़सीम क़वानीन मतज़म्मन मुबहुसः के मुताबिक़ की जावे ॥ *

दफ़ेः १७३ जैसे मिल्कीयत और क़बज़ः की सूरत मुतफ़र्रिक़ होती है वैसाही मुहाल मुश्तरकः की तक़सीम का तरीक़ः मुकम्मिल होगा ग़ैर मुकम्मिल मुतफ़र्रिक़ होगा ॥ *

दफ़ेः १७४ देहात †† देहात मज़कूरः क़ानून नज़दहुम की दफ़ेः ३० के मुवाफ़िक़ इस बयान से ताबीर किये गये हैं याने देहात मुश्तरकः जिन में क़बज़ः बिलइस्तमाल है और ज़मीन शुरका कुल्ल मुहाल में हक़्क़ीयत मिल्कीयत मुश्तरकः रखते हैं और मुहाल की किसी अराज़ियात के वास्ते किसी का कुछ ख़ास और अलाहदः हक़ नहीं है ॥ * †† ज़मींदारी की तक़सीम में दफ़ेः ७ से दफ़ेः १९ तक क़ानून नोज़दहुम सन १८१४ ई० के दस्तूरुलअमल को अख़्तियार करना चाहिये इस सूरत में कुल्ल मुहाल की ऐसी क़िस्मतें में तक़सीम की जायगी जो मालिकों के हिस्सों के बराबर होंगी और हर एक को ख़्वाह रज़ामन्दी से ख़्वाह मुनहसर अस्तेहुम की तजवीज़

या चिट्ठी डालने के तरीक़: से सब सब ज़िम्मेदारी की जायेगी ॥

दफ़ः १७५ देहात पट्टीदारी ग़ैर मुकम्मिल में याने जहां ज़मीन कुछ शामिलात में है और कुछ अलाहदः अगर मालिकों को मंज़ूर हो चाहिये कि हर एक का क़बज़ः बहाल रक्खा जाय और ऐसी शामिलात ज़मीन से बराबर की जाय तक़सीम ग़ैर मुकम्मिल में ऐसा इन्तज़ाम बहुत पसन्दीदः है मगर तक़सीम मुकम्मिल में अगर क़बज़ान मक़बूज़: एक शख़्स के एक दूसरे से फ़ासिलः पर हों तो बेहतर इन्तज़ाम यह होगा कि हर को तरग़ीब दीजाय कि अपनी अपनी क़दीम अराज़ियात को छोड़ कर अज़ सर नौ ऐसी तक़सीम करें कि नये मुहाल की अराज़ी इकट्ठी और हलक़: बन्दी के तरीक़: पर हो इस क़िस्म के मुक़द्दमात में अकसर औक़ात उस क़ायदः का निकालना मुशकिल पड़ता है जिसके रू से ज़मीन ख़्वाह हक़ूक़ मुशतरक: तक़सीम होंगे शायद हिस्सः मौरूसी मालूम भी हों और उनपर किसी क़दर अमल भी होता हो मगर पट्टी की ज़मीन उनके मुताबिक़ नहीं इस हालत में जो जो मालिक अपने अपने हिस्सः मौरूसी से ज़यादः ज़मीन रखते हों ज़मीन के मुताबिक़ तक़सीम के ख़्वाहां होंगे और कम वाले अपने हिस्सः के बमूजिब चाहेंगे अगर साहब कलक्टर क़ानून हफ़्तुम सन् १८२२ ई० के बमूजिब इस अमर का फ़ैसलः करें ज़रूर है कि तजवीज़ उनकी मिल्कियत की हालत मौजूदः के बहाल रखने पर मबनी हो उनको अख़्तियार नहीं कि बिला रज़ामन्दी ज़मीन शुरका के शरीकों के हक़ की मिक़दार मुऐयन करने के लिये नया क़ायदः मुक़र्रर करें जो कोई किसी क़दीम रवाज को मंसूख़ करना या मुनाफ़े की तक़सीम के वास्ते एक दस्तूर जो अमल दरामद के ख़िलाफ़ हो जारी करना चाहिये उसे फ़क़त यही चारः है कि दीवानी में नालिश करे जहां मुक़द्दमा उसकी बनज़्हत पर तजवीज़ होगा॥

दफ़ः १७६ जहां सब ज़मीन साबिक़ से मुनक़सिम और अलाहदः अलाहदः क़बज़: में है याने देहात पट्टीदारी में चूंकि तक़सीम ग़ैर मुकम्मिल पेशतर हो चुकी है अब मालिकों को सिर्फ़ तक़सीम मुकम्मिल के वास्ते जाय मुतालबः बाक़ी है मगर इस बात के तसलीम करने से पहिले कि फ़लाना गांव इस क़िस्म में दाख़िल है दरयाफ़्त ज़रूर है क्यों कि अकसर औक़ात कहते हैं कि ज़मीन बटी और पट्टीवारी अलाहदः है हाल आंकि वाक़े में बहुत ज़मीन अभी तक ग़ैर मु

नाक़िसिम है और इस सूरत में गांव को पट्टीदारी गैर मुकम्मिल करना चा
हिये और इस अमर का इम्तियाज़ लिहाज़ के लायक़ है क्योंकि क़ानून ९
नहुम सन् १८११ ई॰ की शरायत देहात पट्टीदारी मुकम्मिल से खास मु
नासिबत रखती हैं ॥ *

दफ़ः १७७ फ़िर यह मुमकिन है कि देहात पट्टीदारी मुकम्मिल में भी शरका के हकूक़ मुहाल के कसराती हिस्सों से मौसूम हों और स ब को क़ुबूल भी हो कि हिस्सः मज़कूर शुरूअ़ में शुरका के हकूक़ की मि क़दार व अन्दाज़ः था पर जब इन हिस्सों के मुताबिक़ ज़मीन बट गई मुद्दत के बाद पट्टी पट्टी की क़दर कमोबेश होने लगी इस सूरत में जिनको पट्टियां कम क़दर की हैं वह हिस्सों के मुताबिक़ तक़सीम जदीद के ख्वाहां होंगे और जो शुरका क़दर वाली ज़मीन पर क़ाबिज़ हैं क़बज़ः मौजूदः को ऐसी तबदील का मुक़ाबिलः करेंगे इस हालत में साहब कलक्टर को महज़ यह अख़्तियार है कि क़बज़ः मौजूदः के मवाफ़िक़ बटवारः करें ↑↑ और हर

↑↑ इस बात में सदर दीवानी अदालत मुक़ाम आगरः के दो फ़ैसलों पर रुजूअ़ हो जो बमुक़द्दमः बख्सीराम और टीकाराम अपीलांट और शिवबख्श वगैरः रसपान्डन्ट किये गये पहिला फ़ैसलः मरक़ूमः ११ जनवरी सन् १८४८ ई॰ उसी साल के मतबूअ़ः फ़ैसलों के सफ़हः १६ में है और दूसरा मरक़ूमः २३ अगस्त सन् १८४८ ई॰ उसी साल के फ़ैसलों में सफ़हः २८१ में छपा है अदालत आलीयः ने पहिले शुरका के हिसिस मक़बूलः के मुताबिक़ मुहाल की तक़सीम जदीद का हुक्म दिया मगर नज़र सानी में उनके नज़दीक़ यह हुक्म क़ानून ९ सन् १८११ ई॰ के खिलाफ़ मालूम हुआ तब यह फ़ैसलः किया कि पट्टी मौजूदः के लिहाज़ से बटवारः हो वाज़ह है कि इस फ़ैसलः के मुताबिक़ मुद्दआअलेः गांव के आधे से ज़यादः पायेंगे हालांकि तसलीम करते हैं कि हमारा हक़्क़ निस्फ़ही है और आधी जमा से ज़यादः उनको देना पड़ेगा अब देखा चाहिये कि कोई ऐसी हालत बाक़ी है या नहीं जिसमें इन मुक़द्दमात में गांव की तक़सीम अज़रूय हिस्सः कसराती करानी मुमकिन है॥ *

एक पट्टी की जमा उसकी क़दर के मुवाफ़िक़ जो बटवारः के वक़्त हो मुश
ख़्ख़स करें बिला लेहाज़ उस हिस्सः जमा के जो शुरका साबिक़ से दे
ते चले आये हैं ↑↑ दीवानी अदालतें शुरका की तादाद ज़मीन को ९

†† दफ़ेः ३७ क़ानून २५ सन् १९०२ ई॰ पर लेहाज़ हो ॥ *

बाबत जो चाहैं हुक्म दें मगर हर एक नये मुहाल के वास्ते जिन पर गां
व तक़सीम हो तादाद जमा का मुस्तक़िल करना हुक्काम माल हो के इख़्ति
यार में है ॥ ¶

¶ क़ानून ७ सन् १८२२ ई॰ की दफ़ेः १२ और ज़िमन २ पर रुजूअ किया
जाय ॥ *

दफ़ेः १७८ जहां देहात पट्टीदारी में हक़ीयत शुरका की यह
तर्ज़ है कि हर एक मालिक क़िश्तहाय मुऐयन रखता है जिन पर सरका
री मालगुज़ारी गांव के रवाज के मवाफ़िक़ फैलाई जाती है ऐसे मुहालात
में जमा की नई तक़सीम उस वक़्त मतलूब होती है जब किसी सबब से सर
कारी मुतालबः बाज़ मिल्कीयतों पर औरों की निसबत ज़ियादः हो जाता है
इलाक़ः बुंदेलखन्ड के देहात भैजबरारी की ख़ासीयतों में एक यह है
कि इस नई तक़सीम के वास्ते बाज़ शरतों के बमूजिब दस्तूरात मुक़र्रर हैं
और बावजूद इसके मुहाल यकजाई और ग़ैर मुनक़सिम रहता है बुंदेलखन्ड
के बन्दोबस्त आईन नहुम सन् १८३३ ई॰ के वक़्त इस बाब में ज़ियादः ग़ुफ़्
तगू हुई कि इस तरह के बड़े बड़े मुहालात को छोटे छोटे मुहालात में तक़
सीम करना किस किस सूरत में क़रीन मसलहत है चुनांचि बन्दोबस्त की
मतबूअः रपोर्ट पर रुजूअ करने से वाज़ह हो †† इस बाब में चार्लिस ऐलन साह
ब की रपोर्ट ज़िलेअ हमीरपूर की दफ़ेः ७५ और वलयम मेवर साहब की रपोर्ट ज़िले
अ कालपी की दफ़ेः १५६ से १५९ तक और सफ़ेः ६१ से सफ़ेः ७१ तक मुलाहज़ः कर
नी चाहिये †† होगा कुछ शक नहीं कि ऐसी तदबीर के इजरा में बड़ी एह
तियात और तामुल ज़रूर है और जब तक कि ख़ुद मालिक तक़सीम की
दरख़्वास्त पेश न करैं अमल में न लानी चाहिये याद रहै कि इन पट्टी
देहात और देहात मुतफ़र्रक़ः दफ़ेः गुज़श्तः की तक़सीम में जमा की मुना
सिब हिस्सों की जमाबन्दी के लेहाज़ से जो तक़सीम के वक़्त हो करनी चा
हिये और हरगिज़ जुदी जुदी यही उस जमा से जो बन्दोबस्त के वक़्त हर
एक पर मुक़र्रर हुई अलाहदः मुहाल न बनाए जायेंगे बशर्ते कि यह कि
तहक़ीक़ात से साबित हो कि जमा की तफ़सील मज़कूर जमाबन्दी हाल

से नहीं निस्बत और मुताबिक़त रखती है कि बन्दोबस्त के वक़्त रखती हो इन क़ायदः पर अमल करना देहात मुशतरकः में सरकारी मालगुज़ारी की हिफ़ाज़त के वास्ते बहुत ज़रूर है मगर यक़ीन है कि उसके सबब वह लोग तक़सीम में बहुत मुज़ाहिम होंगे जिनके पास मुनाफ़ा की पट्टियां हैं और जो उनको बाबत जमाबन्दी हाल के रसदी हिसाब से कम बाना देते हैं ॥ ＊

दफ़ः १७९ जिन देहात से तक़सीम के दस्तूरुल अमल मुन्दर्जः दफ़आत ७ क़ानून १९ सन् १८७४ ई० से दफ़ः २४ तक ख़ास तालुक़ नहीं रखते वहां तामुल करना चाहिये कि तक़सीम किस तौर से की जाय और हाल यह है कि दस्तूरुल अमल मज़कूर देहात मुमालिक मग़रबी और शिमाली की हालत से कमतर मुताबिक़ है ऐसे मुक़द्दमात बख़ूबी नः समझने के सबब बाज़ औक़ात तक़सीम का काम बरसों तक पड़ा रहता है और मालिक बरबाद और मिलकीयत ख़राब हो जाती है लेकिन जो मामिलः तक़सीम का कमाहक़्क़ह समझ में आवे और फिरासत से जारी हो तो उसकी तकमील में दिरंग नहोगी ॥ ＊

दफ़ः १८० तक़सीम पहिले यह अमर ज़रूर है कि कुल जमीन की पैमायश और तख़मीनः याने जमाबन्दी बलिहाज़ लियाक़त जमीन के मुश्तहर: याने नक़्शः किस्तवार किसी अमीन आज़मूदः कार होशियार से बनवाई जाय मुनासिब है कि पैमायश हत्तुलइम्कान सब शरीकों के रूबरू हो और अगर शुरका किसी रक़म की सेहत पर एतराज़ करें तो उसकी समाअत और तहक़ीक़ात करनी ज़रूर होगी फिर हत्तुलवसअ इस कामकी आज़मायश तहसीलदार याहमदस्तूरुलअमलः या तहसीलदारी के अहलकारों में किसी मातबर ओहदेदार की मारफ़त की जाय मगर शायद सब लोग इसपर मुत्तफ़िक़ होंगे कि तक़सीम की बुनियाद के वास्ते बन्दोबस्त का ख़सरः और नक़्शः किस्तवार सहीह और काफ़ी है इसमूरत में पैमायश जदीद की हिक़त और अख़राजात की ज़रूरत नहोगी ॥ ＊

दफ़ः १८१ जब यह बात ठहर चुके तो शुरका को हुक्म हो कि जिस तरह से तक़सीम चाहते हैं बयान करें याने उनके हिस्सः का अलाहिदः एक बराबर की रूसे हो या गांव के रवाज पर और यह कि कुल ज़मीन शामिल कर के फिर नये सिर से तक़सीम चाहते हैं या हर शख़्स अपनी पट्टी पर क़ाबिज़ रहकर कमी बेशी शामिलात से बराबर कराया जाय

ता है और अगर पिछली सूरत के मवाफ़िक़ चाहें तो वह किस तरह से की जाय याने किसी क़ायदः मुऐयन से मसलन ज़मीन के मुत्तसिल होने या क़बज़ः साबिक़ या किस्म ज़मीन के लेहाज़ से या किसी मुनहसर अ़लाहः की तजवीज़ पर फिर शुरूअ़ में इस बात की तजवीज़ हो कि नये मुहाल आपस में ( ) याने पट पट ( ) मुखतलत हों या मुन्तशिर ( ) याने क़ता वट ( ) और यह कि कहां तक तक़सीम की जाय याने आयामील और शार और असामी और आवादी मुनकिसिम हो या उन में से कुछ शिरकत में रहे अकसर औक़ात यह सब बातें शुरका खुद फ़ैसला कर सकते हैं खसूसन अगर किसी ग़रज़ मातबर और दबाव वाले जैसे तहसीलदार या क़ानूनगो को हुक्म दिया जावे कि उनकी कारखाई का अहतिमाम करे और तसफ़ीहः के वास्ते तरीक़ बहुत मुमकिन है कि ऐसे अक़रार नामः की हर एक ज़िमन पर अ़ातराज़ात पेश हों खसूसन जहां गांव में बहुत अदावत हो ऐसे अ़ातराज़ात की समाअ़त करनी चाहिये और ग़ौर व तामुल के बाद उनका फ़ैसलः जिस तरह क़रीन इनसाफ़ हो और खुद तरफ़ैन की राय के वमूजिब या उनके क़ुर्बजवार के अहल फिरासत की राय के मवाफ़िक़ मालूम हो किया जाय मुनासिब है कि तसफ़ीयः सब सूरतों में कामिल और मुफ़स्सल हो और तजवीज़ किया जाय और कच्चा रस दे कि फ़रीक़ैन मुन्तशिर हो जितने दस्तखत करने को तैयार हों उनसे दस्तखत करा लिये जावें ॥ ❋

दफ़ः १८२ जब तक़सीम का तरीक़ः इस तरह से ठहर गया तब नक़ल अक़रार नामः या रूबकारी की जिस में शरायत उसकी मुनदर्ज हों अमीन को इस हुक्म से देनी चाहिये कि गांव में जाकर अक़रारनामः की शरायत असल में लावे और बन्दोबस्त जदीद के ज़ावतः पर सब काग़ज़ात मुरत्तब कर के मीआ़द मुऐयन में फिर हाज़िर हो तक़सीम के वक़्त शायद नये अ़शकालात पैदा होंगे लेकिन अगर खबर गीरी और तनदिही की जाय तो आसानी से रफ़ा हो जावेंगे मगर अमीन को हुक्म हो कि जो खुद किसी अमर को रफ़ा न कर सके तो फ़िलफ़ौर हिदायत के वास्ते अर्ज़ करे और हाकिम को ज़रूर है कि उसपर हुक्म सादिर करने में कुछ तारवीर न होने पावे मुतमर्रिद लोग चाहेंगे कि ग़ैर हाज़िर होकर तक़सीम का इन्सिदाद करें मगर इस सबब से कभी देर न होनी चाहिये ऐसे लोगों को बखमनुमाई की जाय कि ग़ैर हाज़िरी से तुम अपने मामिलः में खलल डालते हो मगर यह नहीं हो सकता कि ऐसे सबब से तुम्हारे ग़ैरों को दिक़्क़त और नुक़सान आयद हो जहां लोग अ

ज़ राह अमर तक़सीम में मुज़ाहिम हों तो दफ़ः २१ क़ानून नोज़दहुम सन् १८२४ ई० की रूसे साहब कलक्टर को अख़्तियार है कि जुरमाना करें॥ *

दफ़ः १८३ यह बात हमेशः मलहूज़ ख़ातिर रहे कि अमीन का मतलब तनाज़ा बरपा करना और तक़सीम में देर लगाना है क्योंकि इसमें रिशवत लेने की बहुत सूरतें निकलती हैं ऐसा चलन बख़ूबी बन्द न होगा बग़ैर इसके कि हाकिम मामिलः तक़सीम से वाक़फ़ीयत कामिल रक्खें और मुक़द्दमः की कारवाई पर बराबर मुतवज्जः रहें और जो अमीन कुछ बदमामिलगी करे फ़िलफ़ौर उसकी सज़ा जुरमाना या मौक़ूफ़ी से करें मुनासिब और मुफ़ीद है कि कई अमीन आज़मूदःकार हमेशः इस काम के वास्ते मौजूद रहें जिनका मतलब और बहतरी इसी में है कि अपना काम अज़लत और दयानत से अन्जाम दे कर अमीनों की फ़िहरिस्त में अपना नाम बहाल रखवायें और तक़सीम का काम बकसरत पायें क़ानून ११ सन् १८३५ ई० की निसबत गवर्नमेन्ट ने हुक्म दिया है कि अमीनों की उजरत के वास्ते तादाद मुक़र्ररः क़ानून १९ सन् १८१४ ई० बिलफ़ेल बहाल रहे॥ *

दफ़ः १८४ जब किसी मुहाल की तक़सीम ख़त्म हो तो रसूम महकमः क़ानून ३३ सन् १८०३ ई० उन लोगों से वसूल करनी चाहिये जिन पर बमूजिब दफ़ः १४ क़ानून मज़कूर के वाजिब है॥ *

दफ़ः १८५ सोम मालिकों की तबदील याने दाख़िल ख़ारिज — दाख़िल ख़ारिज में कुछ तजवीज हक़ की नहीं उस से सिर्फ़ क़ब्ज़ः की हक़ीक़त हाल ज़ाहिर होती है दाख़िल ख़ारिज का मतलब यही है कि मालिक का नाम रजिस्टर में चढ़ाया जाय याने जिस शख़्स को साहब कलक्टर मालगुज़ारी का ज़िम्मःदार और मुहाल की तहसील और इन्तज़ाम का मुख़्तार जानें उसका नाम मगर वाक़अ में लोग हमेशः इस तरफ़ मायल हैं कि फ़ाल मज़कूर को बमन्ज़िले तजवीज़ हक़्क़ीयत के जानें और हक़ पर क़ाबिज़ होने के वास्ते ज़रूरयात से समझें बावजूद इसके कि अदख़ाल नाम महज़ ऐसे दख़्ल की का नतीजः है जो पहिले सरसब्ज़ हो चुका अगर तरतीब रजिस्टर के असल अच्छी तरह न समझे जायें यह मुग़ालतः हमेशः राह पा सकेगा लिहाज़ा अब तफ़तीस इसकी ज़रूर है कि किस शख़्स का नाम चढ़ाया जाय और किस तरीक़ः से दर्ज करना उसका मुनासिब है॥ *

दफ़ः १८६ वह मालिक मुल्हिक़ इन्दराज नाम के हैं जो मुहाल की मालगुज़ारी बिला तवस्सुत दूसरे के अदा करते हैं और जिनको सदर माल

गुज़ार या नम्बरदार कहिते हैं मालिक या अपने ही हक़ की रू से सदर मा लगुज़ार होते हैं या गांव के शरीकों के क़ायम मुक़ाम होने से॥ *

दफ़ः १८७ जो अपने हक़ की रू से मुताबिक़ दस्तूर नामका हो वह अज़ रूय क़बज़ः मालिक होता है याने वह शख़्स जिसका क़बज़ ज़ाहिर और मशहूर है यह बात क़ानून ६२ सन् १८७३ ई० के कुल मतल ब खुसूस दफ़आत २३ और ६१ के मज़मून से निकली और मामिलः वे हक़ीक़त हाल से भी वाजिब होती है क्योंकि रजिस्टर का एक ही तरी के: पर बनाना ज़रूर है और ज़ाहिर है कि अगर महज़ हक़ पर हसर हो तो मालिक शरःश्री का मुकम्मिल और सहीह रजिस्टर बनाना अमर मुहाल है इसवास्ते कि अगर क़बज़ः से क़तअ नज़र की जाय तो हक़ की तलाश एक अमर मजहूल है जिसकी तहक़ीक़ और तफ़तीश बहुत मुश्किल और साहब कलक्टर के अख़्तियार से बाहर बल्कि मह कमात दीवानी के हीतेः अक़्तदार में है फिर रजिस्टर में बाज़ औक़ात मा लिक अज़ रूय हक़ और कभी अज़ रूय क़बज़ः मुन्दर्ज करना बायस अबतरी का होता है और उस से रजिस्टर की असल सूरत जिस में एक ही किसिम के हालात का बतरीक़ यकसा ज़ाहिर करना मक़सूद है जाती रहती है इनवजूहात से ज़रूर पड़ता है कि मालिक अज़ रूय क़बज़ः के मु न्दर्ज किया जाय ॥ *

दफ़ः १८८ लेकिन ऐसी ज़रूरतें भी पेश आती हैं कि कोई शख़्स मालिक मशहूर और मारूफ़ तो है मगर गांव का महतमिम नहीं लेहाज़ा साहब कलक्टर उसको मालगुज़ारी का ज़िम्मःदार और गांव की तहसी ल का मुख़तार बदरजः औवल नहीं जानते हैं मिसाले इसकी यह हैं कि कार बन्द अपने आक़ा और बेटा अपने बाप और वली जिसका व ली है उसकी तरफ़ से मुहाल की सरबराही करते हैं या यह सूरत होवे कि असिल और मशहूर मालिक बन्दोबस्त को बे दख़ल हो और उसका हक़ व अख़्तियार दूसरे शख़्स मसलन मुरतहिन या मुस्ताजिर सरकारी या सरबराह कार मुक़र्रर: अदालत दीवानी की तरफ़ मुन्तक़िल किया जा य ऐसे मुक़द्दमात के वास्ते मालगुज़ारी रजिस्टर में मालिक और मुहतमिम का जुदा जुदा ख़ानः है जब मालिक ख़ुद अपनी मिल्कीयत का अहतिमा म करता है तो मुहतमिम का ख़ानः ख़ाली रहता है जब मालि क अपने मुहाल का ख़ानगी ठेकः देता है तो बाज़ औक़ात ठेकः में यह

पाते होते हैं कि ठेकःदार जर मालगुजारी अदा करे और मुहाल का अहतिमा म हो इस सूरत में ठेकःदार का नाम मुहतमिम के खानेः में लिखा जावेगा मगर जो मालिक खुद मालगुजारी अदा करता रहे तो यह खानः खाली रः हेगा ॥ *

दफ़ः १८६ मालिक और मुहतिमिम दोनो की तबदील होती हैः और दोनो की तबदील रजस्टर मे मुन्दर्ज होनी चाहिये मसलन मुहाल म रहूनः में मुरतहिन मालगुजारी का बिल्कुल ज़िम्मःदार होता है मगर ताः हम राहिन कोशरअन फकुलरेहन का अखतियार रहता है, और अखित यार मज़कूर काबिल इन्तक़ाल के है और अगर राहिन उसको इन्तक़ाल करे तो उसे इस्तहक़ाक़ है कि इन्तक़ाल मज़कूर सरकारी रजस्टर में मन्द र्जे कराये और चूंकि यह तबदील मालिक के खानः में होगी इसवास्तेः मुर्तहिन के हक्क और कब्ज़े में कुछ खलल न होगा क्योंकि उसका ना म खानेः मुहतमिम में बदस्तूर रहेगा ॥ *

दफ़ः १९० रजस्टर में नाम का दाखिल खारिज उस वक्त होगा जब हक्क मिल्कीयत या अहतिमाम में कुछ तबदील वाकअ हो बाज़ः वक्त यह तबदील किसी सरकारी महकमः के हुक्म से होती है मसलन महकमः दीवानी की डिगरी के सबब या नीलाम इजराय डिगरी या नीलाम बाकियात सरकारी की जिहत या इसवजः से कि बाकी के सबब मालिक व नम्बरदार को मुहाल के अहतिमाम से महरूम किया गया है ऐसे मुक द्दमात में दाखिल खारिज हाकिम के हुक्म से होता है और उसमें फ़री क़ैन पर कब्ज़ा नहीं किया जाता अगर रजस्टर कलायन्बग़ी दुरस्त रहे और उसमें उन अशखास के नाम जो वाकअ में काबिज़ हैं मुन्दर्ज हों तो दाखिल खारिज में कुछ दिक़्क़त न होगी ॥ *

दफ़ः १९१ फिर हक्क मिल्कीयत और अहतिमाम की तबदीलः खुद फ़रीक़ैन के फ़ेल से भी वाकअ होती है जैसे बैअ रेहन हिबः वगै रः से ऐसे मुकद्दमात में दस्तूर है कि फ़रीक़ैन एक वक्त हाज़िर होकर दर ख्वास्त दाखिलखारिज की पेश करते हैं इस सूरत में दाखिल खारिज ः का इश्तिहार कचहरी कलक्टरी और और मुहाल में करना चाहिये और पूरे पन्द्रः दिन उज़्रदारों की हाज़री के वास्ते मुकर्रर किये जायें माहाज़ा परगनः के तहसीलदार से भी मुकद्दमः की सब बजूहात की कैफ़ीयत तः लब करनी चाहिये उसके बाद अगर इन्तक़ाल के बाब में कुछ मानअ

न हो दाख़िल ख़ारिज हो सकता है और क़बज़ः का वाक़ई इन्तक़ाल ख़्वा उसके साथ अमल में आवेगा या फ़ौरन् बाद उसके ऐसी कारवाई के तरीक़ः में कुछ आय अतराज़ नहीं और उसमें यह सहूलत है कि ख़्वाहाँ ख़रीद इस तरह दरयाफ़्त कर सके कि कोई शख़्स बेअ का मानअ होनेवाला है या नहीं मगर इस से यह नहीं लाज़िम आता कि इन्तक़ाल मिल्कीयत सिर्फ़ इसी तरह से हो सकता है और यह भी ज़रूर नहीं कि जो अग़राज़ इश्तहार के सबब से पेश हों हमेशः इन्तक़ाल से मानअ हों बल्कि यह हो सकता है कि बावजूद दाख़िल ख़ारिज के किसी वजः से क़बज़ः का वाक़ई इन्तक़ाल अमल में न आया हो और इस सूरत में रजिस्टर में जो दाख़िल ख़ारिज हुआ उसका मुस्तरिद करना ज़रूर होगा ॥ *

दफ़ः १८२ बाज़ औक़ात इन्तक़ाल मुतनाज़ा के मुक़द्दमात पेचदार पेश आते हैं शायद एक फ़रीक़ ज़ाहर करे कि फ़लानी मिल्कीयत हमारे पास मुन्तक़िल हुई है लिहाज़ा हमारे नाम रजिस्टर में चढ़ाई जाय और फ़रीक़ सानी जिनके नाम रजिस्टर के ख़ाने: मालिक में मौजूद हैं इन्तक़ाल से मुनकिर हो ऐसे मुक़द्दमः में इन्तक़ाल की हक़ीक़त वह: है जिसकी तहक़ीक़ात क़ानून ४५ सन् १८७३ ई० की दफ़ः ४१ की रू से करनी चाहिये अगर ज़ाहर हो कि इन्तक़ाल हक़ीक़त में वाक़अ हुआ तो दाख़िल ख़ारिज करना ज़रूर होगा इस मामिलः में वाजिब नहीं कि अगला मालिक दाख़िल ख़ारिज से राज़ी हो और न यह ज़रूर कि वह शख़्स जिसके पास मिल्कीयत मुन्तक़िल हुई इन्तक़ाल को बाजबो साबित करे क्योंकि दफ़ः मज़कूर में साफ़ लिखा है कि नाम का इन्दराज किसी सूरत में उसके हक़ में जो जाहिरी मालिक की तरह रजिस्टर में दाख़िल किया जाता है असर न करेगा और न उसके हक़ में जिसका नाम नहीं चढ़ा मगर जो अपना हक़ मिल्कीयत मह़कमः दीवानी में या और तरह से साबित करेगा माहव कलक्टर इन्तक़ाल की हक़ीक़त हाल को सवदील नहीं कर सकते और हाल मज़कूर का रजिस्टर में मुन्दर्ज करना न असल इन्तक़ाल के हक़ को पायदार करता है न मालिक साबिक़ के हक़ को ज़ईफ़ ॥ *

दफ़ः १८३ इन्तक़ाल के मुक़द्दमात इससे भी ज़ियादः उस वक़्त पेचदार हो जाते हैं कि जो शख़्स अपना नाम मालिक के ख़ाने में दाख़िल कराया चाहता है पहिले इस से मिल्कीयत का मुस्तमिल और हक़ीक़ मिल्कीयत पर ज़ाहिरी मुतसर्रिफ़ हो और मालिक साबिक़ इन्तक़ाल से मुन

फिर और इन्दराज नाम से मानअ हो यह दिक्कत सिर्फ़ उन मुक़द्दमात में हो सकती है जहां मुद्दआलिय कुछ हक़ अज़रुय क़ानून मिस्ल मुस्ताजिर सरकारी या मुरतहिन के नहीं रखता और महज़ सरबराहकार उस शख्स का है जिसका मालिक होना पहिले क़बूल कर चुका है इस तरह की वे बुनियाद दरख्वास्त पेश करनी ऐसी सरीह बेईमानी की बात है कि उसपर तवज्जः करनी कुछ ज़रूर नहीं और अजब नहीं कि साहब कल्लकटर ऐसी बद मामिलगी पर इल्तिफ़ात करनी किसी तरह गवारा न करें गे इस सूरत में जो इक़तदार साहब कल्लकटर को दाखिल खारिज के हुक्म से निकल्ता है इस तरह अमल में लावें जिससे वे इन्साफ़ी की बातें पायमाल और मुक़द्दमात दीवानी के अख़राजात का इनसिदाद हो मगर गैरमुमकिन है कि अगर इन्तक़ाल फ़िलवाक़अ वक़अ में आया और मालिक साबिक़ को मुहाल से अल्लाक़ः न रहा दाखिल खारिज की इम्तनाअ में कुछ फ़ायदः और मतलब न होगा अगर मालिक साबिक़ ने ज़रर और नुक़सान उठाया हो वह बिल्कुल उसके सरबराहकार की बदमामिलगी से होगा और मालज़ः उसका सिर्फ़ महकमात दीवानी से मुमकिन है जो फ़वायद मालिक साबिक़ को नाम के इन्दराज से मुतसौवुर हैं इससे हासिल हो चुके कि नाम आगे से रजस्टर में मौजूद और खुद मालिक साबिक़ दाखिलखारिज से मुतअज़्ज़िर था अलः हिस्सः दाखिल खारिज से सिर्फ़ यह ज़ाहिर होता है कि इन्तक़ाल क़बज़ः वाक़अ में हुआ उस से किसी फ़रीक़ के हक़ में असर नहीं होता॥

दफ़ः २६४ देहात मुशतरकः में अगर कोई हिस्सः बैअ किया जाय तो हर एक शरीक अकसर हालात में हक़ शफ़ियः रखता है जब कोई पट्टी व इल्लत बाक़ी नीलाम हो तो दफ़ः ४ क़ानून अव्वल सन १८४१ ई० में और जब किसी शरीक की हक़ीयत व इल्लत डिगरी अदालत के नीलाम हो तो दस्तूरुलअमल मक़रीयः हुक्काम सदर दीवानी ॥ यानि दस्तूरुलअमल जो सदर दीवानी अदालत ने दफ़ः ११ क़ानून ४ सन १८४८ ई० के मुताबिक जारी किया ॥ अदालत के आठवें हुक्म से हक़ शफ़ियः पर अमल करने की हिदायत मुन्दर्ज है हक़ शफ़ियः की शर्त बन्दोबस्त के वाजिबुलअर्ज़ में अकसर लिखी गई और आम तौर यह हक़ महकमात दीवानी में मक़बूल हुआ मगर बइल्लतिसनाअ सूरत नीलाम मज़कूरः बाला कोई सरकारी तरीक़ः नहीं जिस से हक़ ...

अः का दरुस्ती किया जाय लिहाज़ा अगर बेनाम ख़ानगी के मुक़द्दमः में कोई शरीक ज़ुन्नदार हो और साहब कलक्टर के हुज़ूर में शफ़ायः का दावी करै तो दाख़िलख़ारिज न किया जाय बजुज़ इस सूरत के कि क़बज़ः का इन्तक़ाल वाक़ई हो अगर बेनाम के मवाफ़िक़ क़बज़ः होने में शुबहः न हो तो रजिस्टर में दाख़िल ख़ारिज करदेने से कुछ चारः नहीं और इस सूरत में शफ़ायः का दावीदार अलाज अपना दीवानी से कर सकता है साहब कलक्टर के हुज़ूर में जो अरज़ी गुज़रानी गई बुमनज़िलेः अतराज़ के दफ़तर में मौजूद रहै गी और इस अमर को बजः सबूत होगी कि ज़ुन्नदार ने हत्तुलवसअ अपने हक़ की पैरवी वक़्त मुनासिब पर की जब महम्मदी शरअ की रू से दावी शफ़ायः का पेश किया जाय तो साहब कलक्टर को तरीक़ः मज़कूरः बाला पर कारबन्द होना चाहिये और इस सूरत में कलक्टर का सवाल बुमनज़िलः तलब मवासिबत ‡ यानै मुतालबः या दावी जो फ़िलफ़ौर बमुजर्रद समाअत फ़रोख़्त के किया जाता है मेक्नाटन साहब की महम्मदी शरअ के असूल और नज़ीर की किताब सफ़ेहः ४८ और २०२ और १८७ पर रुजूअ करना चाहिये ‡ के होगा जो महम्मदी शरअ की रू से लाज़िम है ॥

दफ़ेः १८५ जहाँ इन्तक़ाल वरासत के बायस होता है याने मुक़द्दमात फ़ौती नामः में एक यह दिक़्क़त होती है कि पहिले मालिक का क़बज़ः यकायक उठ जाता है और अगर बहुत दावीदार खड़े हो जायें तो ग़ालिब शुबह पैदा हो कि कौन वारिस है ऐसे मुक़द्दमः में साहब कलक्टर दाख़िल ख़ारिज सिर्फ़ उस सूरत में कर सकते हैं कि वरासत का दावीदार क़ाबिज़ः ¶ इस बाब में दफ़ेः ४ ताचीर नम्बर १००८ मवरख़ः २९ मई सन १८३६ ई० मसदर सदर दीवानी अदालत मग़रबी पर लेहाज़ करना चाहिये ¶ कामिल हासिल करै क़ानून १९ सन १८४१ ई० में तुक़द्दमात वरासत मुतनाज़अः की बाबत ऐसे कामिल अहकाम और इन्तज़ाम मुन्दर्जे हैं कि महकमः दीवानी से जो हुक्म नातिक़ जारी हो फ़िलफ़ौर शुबहः जाता रहैगा कि किस शख़्स का नाम चढ़ाया जाय ॥

दफ़ेः १८६ क़ानून ८२ सन १८०३ ई० की दफ़ेः २९ में कोई सबीलें मज़कूर हैं जिनसे साहब कलक्टर तबदील मिल्कीयत की ख़बर पा सकते हैं लेकिन याद रहै कि साहबान रजिस्टर इस्नाद मुक़र्ररः क़ानून १७ सन १८०३ ई० फ़क़त दस्तावेज़ों की रजिस्टरी की ख़बर दे सक

ते हैं जिसका इस्तेहक़ाक़ ग़ैरहूं मालिक रखता है और इसी वास्ते उसी की
दरख़्वास्त पर दाख़िल ख़ारिज का हुक्म मुनहसर होता है और जब त
क कि क़बज़ः के अलावः मालिक के हक़ की निसबत भी इतमीनान न हो
और रसूम मुक़र्ररः दफ़ः १० क़ानून २३ सन् १८७१ ई० अदा न करें दा
ख़िल ख़ारिज मुल्तवी करते हैं फिर मालिक से मुहासल को जमा के वा
स्ते नई दरख़्वास्त लेते हैं और जब यह सब बातें मुकम्मिल हुईं हुक्म
जारी करते हैं कि मालिक साबिक़ का नाम ख़ारिज और नये मालिक का
नाम दाख़िल हो और शायद यह तरीक़ः यहां भी जारी हुआ हो नहीं
रजिस्टर आबतः से दुरुस्त नहीं कि उनमें दाख़िल ख़ारिज किया जाय॥

दफ़ः २०० मगर हक़ीक़त यह है कि रजिस्टर में दाख़िल ख़ारि
करना एक ऐसा अमर है कि क़तअ़ नज़र किसी फ़रीक़ की दरख़्वास्त के
साहब कलक्टर पर वाजिब व लाज़िम है साहब मौसूफ़ के ज़िम्मः है।
कि अपने तवाबअ़ की मारफ़त मिल्कीयत के जमीअ़ तग़ीरात से मुत्तलअ़
हुआ करें जब उनको इतमीनान हासिल हो कि क़बज़ः का इन्तक़ाल वा
क़ई अमल में आया तो ज़रूर होता है कि उसी के मुताबिक़ रजिस्टर में ना
म की तबदील करें और रसूम जो सरकार ने तरतीब दफ़्तर के वास्ते मुक़र्र
र की हैं तहसीलें और हाल यह है कि अगर इसकाम को बमौक़अ़ न
किया करें तो उनके रजिस्टर की क़दर फ़ौत हो जायगी और जो मतलब उ
स से मक़सूद है याने वाक़ई हालात का काग़ज़ सहीह होना जाता रहे
गा मालगुज़ारी के अदा के वास्ते नई दरख़्वास्त गुज़रानी ज़रूर नहीं इस
वास्ते कि किसी ख़ानगी इन्तक़ाल से सरकारी हक़ में जिस से ख़ुद ज़मीन
या मालिक क़ाबिज़ की जायदाद से ज़र मुतालिबः वसूल किया जाता है
असर नहीं होता॥

दफ़ः २०१ अराज़ी मौज़ा का तौज़ीअ़ में दाख़िल करना — नये
देहात को तौज़ीअ़ में दाख़िल करने के वास्ते क़ानून ४८ सन् १८७१ ई० की
अहकाम मुन्दरिज हैं ऐसे मुहालात जदीद इनदिनों क़ायम नहीं हो सक
ते हैं जिनसे सरकारी मालगुज़ारी में फ़र्क़ आवे क्योंकि बन्दोबस्त की पैमा
यश से इस मुल्क की तमाम ज़मीन नापी गई और किसी न किसी मौ
ज़ा की हद में अगर जमा उसकी मुक़र्रर हुई इसवास्ते अब ऐसे देहात
निकलने जिनपर जमा नहीं बंधी और जिनको अभी सरकार तौफ़ीर कहते
थे मुमकिन नहीं चुनांचि मुक़द्दमात तौफ़ीर के मुतअ़ल्लिक़ मुनक़तअ़ हो गये

से जो तकलीफ़ और दिक़्क़त रआया पर होती थी जाती रही और उसके इन्सिदाद से यह भी एक बड़ा फ़ायदः आईन नहुम सन् १८३३ ई० की मसाहत से इस मुल्क में हासिल हुआ क़ानूनगो के मवाज़नः क़दीम में शायद ऐसे मवाज़ा के नाम मुन्दर्ज हों जिन पर अगले दिनों में सरकारी मालगुज़ारी लगती थी और अब तौज़ीअ में नहीं है मगर ऐसे देहात की ज़मीन पर या तो जमा बांधी गई या मालूम हुआ कि वह आराज़ी जंगल की है जिसपर अब कुछ जमा नहीं लीजाती लिहाज़ा उन देहात के मौज़ेअ का दरयाफ़्त करना सरकार को चन्दां ज़रूर नहीं है ॥ *

दफ़ेः २०२ बन्दोबस्त आईन नहुम में बारहा ऐसा हुआ कि कई देहात मुलहिक़ः जिन्में मालिक एक ही हैं और एक क़िस्मि की मिल्कीयत रखते हैं बन्दोबस्त के वक़्त यकजा किये गये और शामिल नापे गये जिनका नाम मवाज़अ मशमूलः के नामों से मुरक्किब हुआ ।। इस अमर का ज़िक्र हिदायत नामः बन्दोबस्त की दफ़ेः ७ में मुन्दर्ज है ।। अगर मालिक चाहे कि उनको अलाहदः करावे और हर एक पर जुदा जमा लगावे तो मुक़द्दमः महज़ क़िस्म बटवारः का होता है पस उसी क़िस्म के दस्तूरात पर कारबन्द होना चाहिये यह भी होसकता है कि मालिक अपनी अराज़ी में नया गांव बसावे और उसका नाम रक्खे और रग़बत रखता हो कि यह नाम सरकारी दफ़्तर में ब शमूल नाम साबिक़ के लिखा जाय या बतौर मुहाल अलाहदः के इस तरह की दरख़्वास्त जो पेश आवे उसका तय करना सहल होगा ॥ *

दफ़ेः २०३ एक सूरत यह भी मुतसौवर है कि जो ज़मीन एक शख़्स या एक गरोह के साथ किसी नाम से बन्दोबस्त हो गई उस में से एक हिस्सः पर दूसरा फ़रीक़ दूसरे नाम से महकमः दीवानी में अपनी मिल्कीयत का दावी कर के अपना हक़ साबित करे ऐसी डिगरी का इजरा महज़ बटवारः का मुक़द्दमः होगा चुनाचि साहब कलक्टर पर लाज़िम है कि कुल मौज़ा की जमा से नये मौज़ा के वास्ते हिस्सः मुनासिब तशख़ीस करके उसकी जमा मुक़र्रर करें और जैसे मुहाल मुनक़िसमः में बटवारः से दो मुहाल हो जाते हैं वैसाही इस मुक़द्दमः में पहिले मौज़ा की जगह दो मौज़ा क़ायम करें ॥ *

दफ़ेः २०४ जो मवाज़ः एक या कई आदमीयों के हीन हयात अल्ताफ़ हैं वह जिस वक़्त पर ज़ब्त होते जायें तौज़ीअ में चढ़ाये जायेंगे

इस तरह के मुक़द्दमात में अहतियात और ततद्दिही ज़रूर है कि पोशिद:गी के सबब सरकार का नुक़सान नहो लिहाज़ा तहसीलदार और क़ानूनगो ऐसे देहात की फ़िहरिस्त मुकम्मिल मिले और उनको ताकीद हो कि जिस वक़्त माफ़ीदार अरबोर फ़ौत हो उसको ख़बर देनी अपने ज़िम्म: जानें ॥ *

दफ़: २०५ इस मुल्क की कई जग: ख़ससन् ज़िला: गोरखपूर और कोह हिमाल: में मावैन दरयाय जमुना और सारधा के बड़े बड़े क़तआत जंगल दरख़्त और घास के वन्दोबस्त से ख़ारिज रक्खे गये और उनका इन्तज़ाम सरकार की मरज़ी पर मुनहसर रहा और उनकी हदबन्दी साहब मश्राहत ने की तब से ऐसे क़तआत हासिल करने के वास्ते जो शरायत ज़रूर हैं मुक़र्रर हुई और कोई आफ़ डायरक्टरसके हुज़ूर से मन्ज़ूर हो गई चुनांचि: हर एक क़तअ: जो अता किया जाय उसका रक़ब: चार हज़ार ईकड़ ज़मीन से ज़याद: नहो जिन शरायत के मवाफ़िक़ ऐसे क़तआत अता किये जाते हैं तितिम्म: नम्बर ११ में मुन्दर्ज हैं इज़लाअ गोरखपूर और सहारनपूर और देहरादून में बहुत क़तआत अहलयूरोपियन और अहल हिन्द को दिये गये हैं चाहिये कि इस तरह की सब उफ़्तादः ज़मीन मुनासिब क़तआत पर तक़सीम हो जो चार हज़ार ईकड़ से ज़याद: नहो और उनका नक़्श: बनाया जाय और हदबन्दी क़रार वाक़ई अमल में आवे क़ब्ल इसके कि मौहूब अलैह के सिपुर्द कीजाय जिस वक़्त सरकार किसी शख़्स को क़तअ ज़मीन बख़्शे और वह उसपर क़ाबिज़ हो क़तअ मज़कूर: उस नाम से जो मालिक रक्खे तौज़ीअ मे चढ़ाया जाय ॥ *

दफ़: २०६ पनजुम तौज़ीअ से मवाज़अ का ख़ारिज करना — अब कि देहात मआफ़ी की तहक़ीक़ात तमाम हो गई कुल मौज़ा को तौज़ीअ से ख़ारिज करना कमतर ज़रूर होता है सरकार अब अपने फ़ज़्ल से मवाज़अ माफ़ नहीं करती है अगर कुल मौज़ा दरया से कट जाय चाहिये कि तौज़ीअ से ख़ारिज हो क्योंकि उसके बाद फिर कभी तौज़ीअ पर क़ायम नहीं हो सकता और जो ज़मीन उस मौक़अ पर फिर बरामद हो उन देहात में शामिल होगी जो महाज़ी वाक़अ हैं और साबिक़ में बनिस्बत गङ्गा दरयाबुर्द के दरया से फ़ासल: पर थे शायद मौज़ा के अख़राज की सूरत यह भी हो कि क़तअ जंगल जो सरकार से अता हुआ और मौहूब

सद्द सन्दाय शरायत से क़ासिर रहा इसवास्ते ज़मीन फिर सरकार के क़ब्ज़ः में आई ॥ *

दफ़ः २०७ शरायत मवाज़ा की जमा की तबदील—माल का बन्दोबस्त सरकार और मालगुज़ार के दरमियान एक अहद व पैमान है और उसकी रूसे मालगुज़ार को मीआद बन्दोबस्त में इस्तेहक़ाक़ है कि अपने गांव की हदूद मुऐनः के अन्दर ज़मीन के बिल्कुल मुनाफ़ा हासिल करके सरकारी मुतालबः की मुजराई के बाद अपने सर्फ़ में लावे मसाहत का नक़शः अकसर औक़ात हदूद की सहीह दस्तावेज़ है और मसाहत के कुल रक़बः से मिक़दार ज़मीन जिसका मालगुज़ार मुतअल्लिक़ है व सहल ज़ाहिर होती है खसरः की पैमायश में अगर कुछ फ़रेब या ग़लती वाक़ः हुई हो जिस से तादाद ज़मीन मज़रूअः वक़्त मसाहत के कम या ज़्यादः लिखी गई उसके बायस अहद व क़रार की शरायत में कुछ फ़र्क़ नहीं हो सकता अगर कोई पटवारी दग़ाबाज़ी से अपने खसरः में कुछ ज़मीन फ़रोगुज़ाश्त करे तो मुस्तवजिब सज़ा के लायक़ होगा और नक़शः किश्तवार और बन्दोबस्त की मिसिल में तरमीम करनी पड़ेगी मगर एक बार जो जमा गवर्नमेन्ट से मनज़ूर हो गई ऐसे सबब से बढ़ाई नजायगी एक ही तरह का मुक़द्दमः है जिसमें ज़मीन तौफ़ीर पर दावी इज़ाफ़ः की नज़दीक मुमकिन है याने जब मसाहत के बाद अलाहदः महकमों से ज़मीन का कोई क़तअः दोनों की मसाहत से उनकी सरहद पर रह गया हो क़ानून ११ सन् १८१९ ई० की दफ़ः ३१ ज़िमन २ में हुक्म है कि जिन देहात का बन्दोबस्त दवामी हुआ उनकी हदूद के दरमियान जितनी ज़मीन दहसालः बन्दोबस्त के वक़्त थी अगर उसके वास्ते फ़रेब या ग़लती या किसी और सबब से इज़ाफ़ः जमा का दावी किया जाय नाजायज़ और बातिल हो और इस हुक्म का मानी मतलब मुमालिक मग़रबी और शिमाली के बन्दोबस्त से बिल्कुल मुतअल्लिक़ है कि वहां जमीअ देहात की हदूद अहतियात से मुक़र्रर होयीं ॥ *

दफ़ः २०८ फिर भी बहुत असबाब हमेशः मौजूद रहते हैं जिनके बायस मवाज़अ की जमा में तबदील करनी पड़ेगी कसोरत्वबक़्स उनमें यह हैं अव्वल तबदील रक़बः गंग शिकस्त और गंग बरामद के सबब दोम ज़मीन का सरकारी काम में आना जिसके सबब मुजराई

जमा होती है सोम तरफ़ीफ़ जमा जब बन्दोबस्त की संगीनी वाक़ई साबित हो चाहारुम क़तअः जमीन अताय सरकार से कुछ ज़मीन ज़ब्त होनी पन्जुम दीवानी की डिगरी से कुछ ज़मीन एक मौज़ा से निकल कर दूसरे में शामिल होनी हर एक अमर की बाबत कितनी बातों का ज़िक्र ज़रूर है ॥

दफ़ः २०९ औवल तबदील रक़बः बसबब गंग शिकस्त और गंग बरामद के — चूंकि हर एक गांव का बन्दोबस्त मसाहत के बाद हुआ है लिहाज़ा हमेशः ब सहूलियत तहक़ीक़ हो सकता है कि फ़लाने गांव की किस क़दर ज़मीन दर्या से कट गई या किस क़दर दर्या के हट जाने से निकली कहीं इन हालात में बन्दोबस्त के वक़्त इन्तज़ाम जमा के वास्ते एक ख़ास क़ायदः मुक़र्रर हुआ अगर जहां इन मुक़द्दमात के लिये ऐसी शर्त मुक़र्रर नहीं हुई गवर्नमेन्ट ने बतारीख़ २७ अगस्त सन् १८४५ ई० एक क़ायदः आम तजवीज़ किया चुनांचि जैसे में मुन्तख़िब किया ।। दफ़ः २१० और २११ क़ायदः मज़कूरः बाला का इन्तख़ाब है ।। जाता है ॥

दफ़ः २१० आईन की रू से ज़मींदार पर वाजिब है कि मुक़द्दमात गंग शिकस्त में अपनी दरख़्वास्त के बमूजिब जमा अदा करता रहे गो उसके गांव में इस क़दर नुक़सान हुआ हो कि उसको पैदावारी से अदा मुमकिन न हो फिर आईन के मुताबिक़ सरकार को अख़्तियार है कि गांव में जो नई ज़मीन दर्या से निकले उस से मालगुज़ारी तलब करे मगर यह हाल सदर बोर्ड के सरक्युलर नम्बर २ की दफ़ः १६७ ।। दफ़ः मज़कूरःज़ैल में मुन्तख़िब है आईन नहुम का बन्दोबस्त ऐसा तरह है कि जमा की तरफ़ीफ़ कमतरज़रूर होगी सिवाय उन देहात के जिनमें गंग शिकस्त हो सकती है इन मुक़द्दमात में ज़रूर है कि आइन्दः गंग शिकस्त या गंग बरामद के तग़ीर से जमा के इन्तज़ामवास्ते शरायत मुक़र्रर हों इसलिये हमेशः ऐसे मुहालात की दरख़्वास्त और उसकी नक़ल में एक यह शर्त मुन्दर्ज हो कि अगर किसी वक़्त गंग शिकस्त या गंग बरामद दस वें हिस्सः से ज़ियादः हो मुहाल लायक़ बन्दोबस्त जदीद के होगा ।। के बमूजिब तरमीम हुआ और हुक्म मज़कूर का वाजबी होना ज़ाहिर है उससे यह दस्तूर ज़ाहिर हुआ कि जब कहीं रक़बः का दसवां हिस्सः या ज़मीन बक़दर जमाबन्दी दसवां हिस्सः के दर्या से कट जाय ज़मींदार को इस्तहक़ाक़ है कि पैदावारी के बमूजिब बन्दोबस्त जदीद का मुतालबः करे और सरकार के वास्ते भी यह हुक्म है कि किसी गंग बरामद ज़मीन

पर जमा बांधनी जायज़ नहोगी बशर्त इसके कि रक़बः नौ बरामद या उस की पैदावारी असिल मुहाल के दसवें हिस्सेः से ज़्यादः हो ॥ *

दफ़ेः २११ इन अहकाम की रआयत वहां भी ज़रूर है जहांसा हब बन्दोबस्त वाजिबुलअर्ज़ में उनके मुन्दर्ज करने से बन्दोबस्त के वक़् ग़ाफ़िल रहे हों जिन मुक़द्दमात में गंग शिकस्त के अम्र पर अहकाम था ला के बमूजिब तरमीम बन्दोबस्त ज़रूर हो अगर किसी सबब से गांव की निकासी उससे ज़्यादः या बराबर निकले जो बन्दोबस्त के वक़् शुमार की गई तो मालिक को कुछ इसलेःक़ाक़ तख़फ़ीफ़ जमा का नहोगा अगर निका सी कम निकले तो तख़फ़ीफ़ उसी क़दर देनी चाहिये और हाल की निका सी पर जमा उसी तरह मुसख़्ख़स की जाये जैसे असिल बन्दोबस्त के वक़् की गई थी फ़िर अगर गंग बरामद दसवें हिस्सेः से ज़्यादः होने के सबब स रकार इज़ाफ़ः का दअ़वा करे मालिक के अख़्तियार में होगा कि कुल मुहा ल का बन्दोबस्त जदीद तलब करे या सिर्फ़ ज़मीन नौ बरामद की जमा मुजो वज़ः की दरख़्वास्त दे ॥ *

दफ़ेः २१२ गंग शिकस्त के सबब जो तख़फ़ीफ़ दी जाती है सर कारी हिसाब में अकसर बतौ मआफ़ी ज़र माल के मुन्दर्ज होती है और इस सूरत में हर साल बाक़ी फ़र्ज़ी की तरह हिसाब से ख़ारिज होने के लि ये गवरन्मेन्ट का हुक्म चाहिये इस से पहिले कि तौज़ीह पर चढ़े ॥ *

दफ़ेः २१३ गंग शिकस्त के मुक़द्दमात को हमेशः ख़ुद मालिक पेश करेंगे मगर गंग बरामद के छिपाने में सर गर्म रहेंगे गंग बरामद का दावी ईज़ा रसानी के तौर पर बरपा न करना चाहिये मगर फिर भी सरकारी ओह दःदार उस से ग़ाफ़िल नरहैं तितिम्मः नम्बर २२ में दस्तूरुलअमल मुन्द र्ज है जो हुक्काम सदरबोर्ड ने गंग शिकस्त और गंग बरामद की रपूट के बाब में साहबान कलक्टर की हिदायत के वास्ते जारी किया ॥ *

दफ़ेः २१४ अगर देह मआफ़ी में गंग बरामद हो तो जब तक ज़ मीन क़ाबिल ज़िराअ़त की ज़ियादती से मआफ़ी का कुल रक़बः रजस्टर ‡ यानै रजस्टर मज़कूरः दफ़ेः १५३ ‡ के रक़बः पर दस बीघा सैकड़े से ज़्यादः न ब ढ़ैतबतक मआफ़ीदार के क़बज़ः में कुछ मुज़ाहिमत न की जायेगी अगर ज़मी न मज़कूर की ज़्यादती से कुल रक़बः तादाद मुन्दर्जः रजस्टर पर दस बीघा सैकड़े से ज़्यादः बढ़े तो जितनी बेशी हो देह मआफ़ी के मालिक की ज़मीं दारी और ख़राज के लायक़ ठहरेगी अगर मौज़ा मआफ़ी बिल्कुल कट जा

य और नई जमीन उसकी बाग़ः बरामद हो तो ज़मीन बरामद देहात महाज़ी के मुतअल्लिक़ होगी और मौज़ा माफ़ी फिर कभी कायम नहोगा॥

दफ़ः २१५ दाम तख़फ़ीफ़ जमा जो ज़मीन के सरकारी काम में आ ने से होती है—जब देहात खालसः की ज़मीन किसी सरकारी काम मसलन छावनी लशकर या मकानात सरकार या सड़क या नहर में आवे तो ज़र ऐव ज़ जो मालिकों को दिया जाता है इस तरह से वयजः अहसन मुजरा हो सक ता है कि जमा में उसी क़दर तख़फ़ीफ़ की जाय क़ानून अौवल सन् १८२४ ई० में ऐसी शर्तें मुन्दर्ज हैं जिन्की रू से मालिकों पर ज़मीन का सरकार के क़बज़ः में छोड़ देना बमजबूरी लाज़िम होता है तितिम्मः नम्बर २३ में दस्तूरुलअमल है जिस में हुक्काम सदरबोर्ड ने इन मुक़द्दमात के तरीक़ः रपटें की हिदायत की और नहर गंग की ज़मीन के मुआवज़ः के अहकाम गवरनमेन्ट तितिम्मः मज़कूर में मरकूम हैं इन अहकाम से इसतरह के और मुक़द्दमात की कार्रवाई का आम क़ायदः निकलैगा ज़र ऐवज़ की तादाद जिसका हिसाब सदरबोर्ड के सरकलर में मज़कूर है उसको साहब कलक्टर की अौवल तजवीज़ समझना चाहिये जो बमूजिब क़ानून मज़कूर मालिकों के देने को तैयार हैं मालिक अलबत्तः ज़ी अख़्तियार है कि उसपर उज़ राज़ करे मगर वाक़ेआ में अक्सर उसकी बाबत कम किया जाता है॥

दफ़ः २१६ साहब कलक्टर को यह ख़्याल नहो कि जब ज़र ऐवज़ मुक़र्रर हुआ और उसको रू से सरकारी जमा में तरमीम हुई तब उ नका काम ख़त्म होगया जब ज़मीन मक़बूज़ः सरकार मज़ारआन गैर मालि क की है तब ज़रूर है कि उनकी हक़ तलफ़ी न हो और उसके बदले या दूसरी ज़मीन उनको मिले या बऐवज़ नुकसान के किसी और तरह कुछ मुआवज़ः किया जाय अगर ज़मीन मज़कूर किसी शरीक की सीर से हो वे दख़ल होने से शायद मालिक का हाल और शरीकों की निसबत बदल जायगा और इस सबब से मुक़द्दमात पेश आवेंगे जिनका तसफ़ीयः फ़ौरन ज़रूर होगा वरन गुज़ाश्त में फ़ूट और ख़राबी पड़ैगी ऐसे हालात में बहुत शक्लें पैदा हो सकती हैं तफ़सील उनकी मुमकिन नहीं यही काफ़ी है कि इस अफ़सर अलहुम की ज़रूरत की तरफ़ मुतवज्जः कर दिया गया और इन अहकाम के इशकाल पञ्चायत या मुनहसर अल्लेहुम से बखूबी रफ़ा हो सकते हैं बहुत ज़रूर है कि मुक़द्दमः के इस दरजः में साहब कलक्टर ख़ुद बज़ात ख़ास मुतवज्जः होकर बतकाज़ाय मुनासिब हालात फ़ैसलः करें क्योंकि

कि जब सरकार इस तरह से फ़ायदः आम के वास्ते मिल्कीयत पर दस्तअन्दा ज़ः होती है तो बड़ी अहतियात चाहिये कि बिला ज़रूरत मालिकों पर नुक़सा न और नअद्दी न हो ॥ *

दफ़ः २१७ खास तख़फ़ीफ़ बसबब संगीनी जमा के — जिन हाला त में यह अमर ज़रूर होता है वह क़ब्ल इस केहसब्लालेकी दफ़ः ४२ में म ज़कूर हुये जिस नक़शः से उनकी रपूट चाहिये तितिम्मः नम्बर ३ में मुन्द जे है ॥ *

दफ़ः २१८ चहारुम ज़मीन अराज़ सरकार में से कुछ ज़ब्त होनी — जंगल का जो क़तअ किसी को दिया गया और लेनेवाला अक़रार नामः की शरायत पूरी करने से क़ासिर हुआ और पांचवें और दसवें साल की पै मायश में कुछ ज़मीन ज़ब्ती के लायक़ ठहरी उस वक़ बाक़ी उसके पास रहेगी और जमा उसकी इस हिसाबसे ठहरैगी कि फ़र्ज़ किया जावे कि ज़ मीन मज़रूआ साल बसाल बहिस्सः मसावी तरद्दुद हुई और इस तरह से लायक़ जमा के बशरह † † मुशरेह दफ़ः ५ तितिम्मः नम्बर २१ † † रसदी हो गई है ॥ *

दफ़ः २१९ पन्जुम डिगरी अदालत के बमूजिब ज़मीन एक मौ ज़ा से दूसरे मौज़ा में शामिल होनी — बन्दोबस्त के वक़ जमीय मवाज़ अ की हदूद मुक़र्रर हुईं और उसके मुताबिक़ जमा मुसख़्ख़स की गई मगर जायज़ था कि साहब मुहतमिम बन्दोबस्त के फ़ैसलों का मुराफ़ अ महकमात दीवानी में किया जाय और इस सूरत में मुमकिन है कि हदूद का इन्तज़ाम इस तरह से अनजाम पावे कि जिस हदूद बन्दी पर जमा मुस ख़्ख़स की गई उसके ख़िलाफ़ हो ऐसी डिगरी के मुक़द्दमात में ज़मीन के साथ उसकी जमा भी मुन्तक़िल होनी चाहिये और दोनो गांव की ज मा में तरमीम की जाय और यह तजवीज़ कि जमीन मुन्तक़लः की कि तनी जमा चाहिये अहलकारान माल करेंगे इस लिये कि जमा की तश ख़ीस अदालत दीवानी के अख़्तियार से बाहर है मगर दरसूरते कि ज़ मीन की दख़लयाबी का दअ़वा इस तरह हो कि फ़लां आराज़ी बन्दोबस्त के वक़ हमारे गांव में नापी गई और उसकी जमा भी मुसख़्ख़स हो गई। तो अलबत्तः अगर डिगरी मुद्दई के हक़ में हो जमा की इसलाह ज़रूर न होगी ऐसी डिगरी के इजरा से कुछ अजब नहीं कि सरकार को नुकसान हो क्योंकि मुमकिन है कि अगर इस तरह का फ़ैसलः ग़लती या साज़िश

सौंद दे चुके उसके बाद मिसिल्ल की मुहाफ़िज़त बिल्कुल उसी के ज़िम्मः है हर सूरत कि वह तदबीरात जिनके वास्ते सदर बोर्ड ने हुक्म (तितिम्मः नम्बर १५ से मुराद है) जारी किया है और जिनका ज़िक्र दफ़ः १३० में है क़रार वाक़ई अमल में आई हों ॥ *

दफ़ः १५० अलग़रज़ इस अमर के इतमीनान को कि दफ़तर का इन्तज़ाम ऐसा होगया जिस से कार रवाई बख़ूबी हो सके इतनी बातें ज़रूर हैं पहिले मिसलों का ऐसा इन्तज़ाम कि तलब के वक्त जल्द निकल आवें दूसरे महकमः के क़वायद में जो मीआद मुकर्रर है उसकी पिछली तारीख़ तक मिसलों का अपनी जगः पर रक्खा जाना और फ़िहरिस्तों में दाख़िल होना तीसरे यहकि हर एक मौज़ा के वास्ते अलाहदः फ़िहरिस्तें बख़ूबी मुरत्तब हुई चौथे ख़ुद मिसलों का अच्छी तरह मुरत्तब होना और हर वरक़ पर हस्ब दस्तूर नम्बर शुमार और फ़िहरिस्त में काग़ज़ात की तफ़सील होनी और तकमील के बाद फ़िहरिस्त का बन्द होना फ़िहरिस्त की तकमील सरिश्तःदार के अहतिमाम से चाहिये इस से पहिले कि मिसिल्ल मुहाफ़िज़दफ़तर को सिपुर्द हो और मुहाफ़िज़दफ़तर जबतक मिसिल्ल इस तरह से मुकम्मिल नहो लेने से इन्कार करे ॥ *

दफ़ः १५१ जिन रजस्टरों का क़ानून ४ सन १८०३ ई० की रु से साहब कलक्टर को मुरत्तब करना लाज़िम है दफ़तर के काग़ज़ात में ज़रूरी और लिहाज़ तलब हैं यहां तक कि ख़ास तज़्करः उनका ज़ैल में किया जाता है ॥ *

दफ़ः १५२ इस बात में याद रहे कि जब क़ानून मज़कूर जारी कियागया उस वक्त मुमालिक मग़रबी में माल्गुज़ारी का इन्तज़ाम हालके इन्तज़ाम से बाज़ अमर में फ़र्क़ रखता था उन दिनों इस मुल्क में जो बन्दोबस्त कियेगये बंगालेके बंदोबस्तसमुशाबःथेचुनाचउन्मेंदहातकीमिक़दारज़मीनऔर हैसीयत और अहल बन्दोबस्त के हक़ूक़ की कैफ़ीयत के बाब में बख़ूबी तहक़ीक़ात और तफ़तीश नहीं की गई मगर उसके बाद क़ानून हफ़तुम सन १८२२ ई० और नहुम सन १८३३ ई० की शरायत के मुताबिक़ जितने अमर ज़मीन की मिलकीयत से इलाक़ः रखते हैं मुहक़्क़क़ और मुनक़्क़ हो गये और जिस क़दर तहक़ीक़ात से कि मुतसव्वर था तमामः अमूर की फ़र्दें मुकम्मिल बनाई गई हैं इस सबब से अब मिलकियत की रजस्टरी का ऐसा तरीक़ः अमल में लाना मुमकिन है जो अगले

तरीक़: से बेहतर और कामिल हो और इस से यह भी निकलता है कि क़ानून ४२ सन् १९०३ ई० के बाज़ अल्फ़ाज़ हाल के इन्तज़ाम से रब्त नहीं मिलते क़ानून मज़कूर ऐसा आईन नहीं जो हक़ूक़ में मुअस्सिर हो बल्कि दस्तूरुल अमल की तरह है जिस में बाज़ क़वायद पर कारबन्द होने का हुक्म दिया गया है इसवास्ते न उसके मानी लग़वी की तरफ़ बल्कि उसके मुद्दआ और मुराद पर तवज्जः की जाय ॥ *

दफ़ा: १५३ इस अमर की तफ़तीश करने में देहात लाख़िराजी व मआफ़ी के रजिस्टरी पे लेहाज़ करना कुछ ज़रूर नहीं सब मुक़द्दमात मआफ़ी की तहक़ीक़ात और इनफ़िसाल अब ख़त्म हो गया जिस मुआफ़ी की वजूहात कामिल न निकलें ज़ब्त होकर उसपर जमा बांधी गई और तौज़ीअ में दाख़िल की गई और जिसकी वजूहात कामिल पाई गई वागुज़ाश्त हुई माफ़ीदारान हाल की हयात तक या दवाम के वास्ते और हीन हयात की मआफ़ी को जैसे ज़ब्त होती जाती है तौज़ीअ में दाख़िल करने के वास्ते अहकाम मुनासिब जारी हुये इसवास्ते क़ानून ३१ और ३६ सन् १९०३ ई० की दफ़ात अख़ीर में जो हुक्म है कि आराज़ी मआफ़ी के रजिस्टर एक मीयाद मुऐयन के बाद बनाया करें अब उस की ज़रूरत न रही जितने क़तआत दस बीघा से ऊपर हैं उनकी एक ही फ़िहरिस्त बनानी चाहिये कि दफ़्तर में इस्तनाद के वास्ते मौजूद रहे इसनाद मआफ़ी की जो दफ़ीलकारों को दी जाती है उन का और फ़िहरिस्त मज़कूर का अमद: मतलब यह है कि मआफ़ी का हक़ साबित और मुसतहकिम हो और मालिकान ज़मीन आयन्द: को तहक़ीक़ात की अज़ीयत और तकलीफ़ से महफ़ूज़ रहें नक़्श: रजिस्टरी का और वह ख़त व किताबत जिस के ज़रिय: से नक़्श: मज़कूर मुक़र्रर हुआ सिलसिल: नम्बर १९ में मुन्दर्ज है जिसके मुलाहज: से यह अमर बख़ूबी ज़ेहन नशीन होगा अगर कभी आराज़ी लाख़िराज़ी की बाबत रजिस्टर इन्तक़ाल मिल्कियत और वरासत वग़ैर: का जैसा ख़ुलास: में है दरकार होगा यही फ़िहरिस्त उस रजिस्टर की बुनियाद होगी ॥ *

दफ़ा: १५४ ज़मीन मालगुज़ारी के वास्ते निहायत ज़रूर है कि रजिस्टर का एक तरीक़: मुमकिन तजवीज़ किया जाय और सहत तमाम से मुरत्तब रहे क्योंकि सरकारी मालगुज़ारी और मालिकों के हक़ूक़ की हिफ़ाज़त उसी पर मुनहसर है ॥ *

दफ़ेः १५५ क़ानून ४२ सन् १८०३ ई० में दो तरह के रजस्टर बनाने का हुक्म है पहिला जिसका ज़िक्र दफ़ेः २ से दफ़ेः २९ तक है मालगुज़ारी रजस्टर के नाम से मशहूर दूसरा जिसका ज़िक्र दफ़ेः ३० से दफ़ेः ३९ तक है क़ानून में बलफ़्ज़ परगनः रजस्टर ताबीर किया गया है परगनः रजस्टर मालगुज़ारी रजस्टर के बाद मुक़र्रर हुआ चुनांचि मालगुज़ारी रजस्टर मुमालिक बंगाला और बनारस के वास्ते अज़रूय क़ानून ४८ सन् १७९३ ई० और ११ सन् १७९५ ई० के और परगनः रजस्टर क़ानून हशतुम सन् १८०० ई० की रू से जारी हुआ मगर क़वानीन सन् १८०३ ई० में मुमालिक मफ़तूहः और मुफ़ौवज़ः के वास्ते दोनो रजस्टर का हुक्म एक है क़ानून में है ॥

दफ़ेः १५६ क़ानून में यह हुक्म है कि मालगुज़ारी रजस्टरों की तरतीब बिल्कुल मालिकों के मुहालात की रू से की जाय ज़िला की क़िस्मतों याने परगनात और पट्टजात और तरफ़ों पर कुछ लेहाज़ नहो लेकिन परगनः रजस्टर की तरतीब के वास्ते यह हिदायत है कि अव्वल परगनात और पट्टजात और तरफ़ों परफ़ों पर लहाज़ कियाजाय और मुहालात ख़्वाह इजमाय मुहालात जिस क़िस्मि में वाक़ अ हों ज़ेल में उनकी तसरीह की जाय ज़ाहिर है कि यह तरीक़ः उस बन्दोबस्त के वास्ते तजवीज़ हुआ जिस में अकसर ऐसे मुहालात पर जमा मुक़र्रर हुई कि उसमें बहुत मौज़ा एक ही परगनः या कई परगनः के मुतअल्लिक़ थे और जमा की तफ़सील मौज़ावार न की गई अलावः इसके वह तरीक़ः उस ज़मानेः का था कि अज़ला की पैमायश मुकम्मिल न हुई थी और इस सबब से मौज़ा और परगनात की हदूद बख़ूबी मालूम न थी ॥

दफ़ेः १५७ मगर हाल के इन्तज़ाम में इन दोनो अमर की बाबत साबिक़ से कमाल अख़्तिलाफ़ है क्योंकि सबब मवाज़ा की पैमायश और परगनात में हलक़ः बन्दी हो गई अकसर बन्दोबस्त के वक़्त हर एक मौज़ा या जुज़ मौज़ा ॥ मौज़ा और मुहाल की तारीफ़ के वास्ते हिदायत नामः बन्दोबस्त की दफ़ः ५ और उसपर लेहाज़ करना चाहिये ॥ के वास्ते अलाहिदः दरख़्वास्त और इक़रारनामः लिया गया मगर बाज़ औक़ात कई मौज़ा ख़्वाह इजमाय मौज़ा के एक ही मुहाल ॥ यहां मुहाल के लफ़्ज़ से वही मुराद है जो क़ानून २२ सन् १८०३ ई० की दूसरी दफ़ः में मुन्दर्ज है ॥ क़रारदिये गये और सब के वास्ते एक ही दरख़्वास्त और इक़रार नामः लिया गया लेकिन उस सूरत में भी अकसर मौज़ा की जमा अलाहिदः मुक़र्रर होकर दरख़्वास्त या बन्दोबस्त की कैफ़ियत में

व तफ़सील मुन्दर्ज हुई जिन मुक़द्दमात में यह तरीक़ः अमल पज़ीर न हुआ वह ऐसे शाज़ व नादिर हैं कि उनके सबब से बन्दोबस्त के मौजावार हो ने का रंग नहीं बदला ॥ *

दफ़ः १५८ इस नज़र से ज़ाहर है कि रजस्टरी के असूल उस वक़्त ब ख़ूबी अमल में आवेंगे जब मालगुज़ारी रजस्टर में मुहालात इस तरतीब से मुन्दर्ज किये जायें कि एक एक मालिक या मालिकों के मुहाल्लात यकजा हों और परगनः रजस्टर में मवाज़ा परगनात की हलक़ः बन्दी की रू से लिख जायें और मुहाल की तक़सीम पर कुछ लेहाज़ न हो अलग़रज़ कचहरी की ज़बान में मालगुज़ारी रजस्टर मुहालवार बनेगा याने देहात की तरतीब मालिक ख़्वाह मालिकों के गरोह की रू से होगी और परगनः रजस्टर मौज़ा वार बनेगा याने ज़मीन मवाज़ा की हद्द के मुताबिक़ मुन्दर्ज होगी ॥ *

दफ़ः १५९ क़ानून में हर पांचवें साल रजस्टर जदीद और मुकम्मिल बनाने का हुक्म है और मीयाद मज़कूर के अन्दर तग़ैयुर व तबद्दुल के रजस्टरों का मुरत्तब करना चाहिये था जिनके मुरातिब से रजस्टर पन्ज सालः तैयार होता और यह भी हुक्म था कि मालगुज़ारी रजस्टर पन्ज सालः और दरमियानी दोनों अंगरेज़ी और फ़ारसी में लिखे जायें मगर परगनः रजस्टर सिर्फ़ फ़ारसी हो लेकिन इन बातों की तामील में बड़ी ग़फ़लत हुई क्योंकि रजस्टर पन्ज सालः सब अज़ला में न बनाये गये और अगर किसी ज़िला में एक दफ़ः बनाये भी गये तो फ़िर सर नौ से रजस्टर जदीद कमतर मुरत्तब हुये शकल मतलूबः के रजस्टर शाज़ व नादिर मिलते हैं हां उनकी तरतीब के वास्ते सब बातें मौजूद हैं और जो अमदः फ़ायदः क़ानून के इजरा से मतलूब हैं वाक़अ में अक्सर हासिल हो चुके और क़ानून का असिल मनशा य यह है कि हमेशः एक मीआद मुऐनः के बाद सही रजस्टर तैयार हुआ करे और माबैन मीआद के जो तग़ैयुर वाक़अ हो उसका भी एक सही रजस्टर बना करे फिर मीआद की तऐयुन और दरमियानी रजस्टर के नक़शः की तजवीज़ करने पर चन्दां लिहाज़ की ज़रूरत नहीं ॥ *

दफ़ः १६० और हक़ीक़त हाल यह है कि थोड़ी और ख़फ़ीफ़ बातों के तबदील करने से न सिर्फ़ क़ानून की मुराद हासिल होगी बल्कि बड़े और ख़ास फ़ायदे होंगे जिनसे रजस्टरों की तैयारी में आसानी होगी और उनके ख़र्च की बचत भी निकलेगी ॥ *

दफ़ः १६१ मालगुज़ारी रजस्टर का मतलब यह है कि जो लोग ज़र

पर मबनी हो तो इस सबब दोनों मौज़ा से एक मौज़ा में आराज़ी जमा की गुन। जायश न रहेगी चूंकि ऐसे मुक़द्दमात में सरकार का मतलब है इसवास्ते उस की वजूहात की भी समाअ़त करनी चाहिये और जमीन मुतनाज़िआ की जमा लेने का हक़ जो सरकार को है उसमें कुछ नुक़सान आयद नहीं हो सकता जब तक मुक़द्दमः में सरकार खुद फरीक़ैन से क़ायम की जाय

दफ़ः २२० वाज़ह रहे कि क़िस्मि अख़ीर के सिवाय सब मक़द्दमात मज़कूरः में जमा की तबदील के वास्ते गवरन्मेन्ट की मनज़ूरी ज़रूर है क़िस्मि अख़ीर में हुक्काम सदर बोर्ड तरमीम जमा मञ्जूर कर सकते हैं इस लिये कि बमूजिब डिगरी अदालत दीवानी के अमल में आती और बटवारः से ज़ियादः मिलती है क्योंकि उसमें तबदील जमा नहीं सिर्फ़ नये सिर से तक़सीम की जाती है ॥

दफ़ः २२१ मरातिब मज़कूरः दफ़आत १९५ से २०१ तक माल गुज़ारी रजस्टरी में इन मालिकों के दाख़िल ख़ारिज से मुतअल्लिक़ हैं जो ख़ुद बिला वास्तः ज़र मालगुज़ारी दाख़िल करते हैं मगर उनके सिवाय बहुत मालिक अपने क़ायम मुक़ाम याने नम्बरदार की मारफ़त मालगुज़ारी देते हैं और निहायत ज़रूर है कि उनकी मिल्कीयत में जो तगारात होती है उनके इज़हार के वास्ते कुछ इन्तज़ाम हो पटवारी के काग़ज़ात में जो दफ़ः १५० हुये इस अमर का बन्दोबस्त हुआ इस बाब में। दस्तूरुलअमल मुजरीयः हुक्काम सदर बोर्ड ऐसा क़ायम और उम्दः है कि हुक्काम मज़कूर के सरक्युलर मतबूअः नम्बर ३ से अहकाम मुसर्रहः जैल बिला कम व कास्त इन्तख़ाब किये जाते हैं चुनांचि दफ़आत २२२ से २२३ तक अबारत सरक्युलर मज़कूर की है ॥

दफ़ः २२२ सरक्युलर मज़कूर की दफ़ः २२० — जिन इज़्लाअ में बन्दोबस्त हो गया हुक्म होवे कि हर मुहाल का पटवारी खेवट याने वाजिबुलअर्ज़ की एक सहीह नक़ल ले उस से हर एक शरीक का नाम और तादाद जमीन मक़बूज़ः उसकी जहां क़बज़ः अलाहदः अलाहदः है या वह हिस्सः जो बन्दोबस्त के वक़्त था और जमा जिसका ज़िम्मःदार है ज़ाहिर होगी ॥

दफ़ः २२३ दफ़ः २२१ — जिन देहात में शरीकों ने बन्दोबस्त के वक़्त गांव की मिल्कीयत शामिलात लिखवाई है वहां अलाहदः इसवाजिबुलअर्ज़ में उनका क़बज़ः और ज़िम्मःदारी बिलफ़ेल मुन्दर्ज होगी

दफ़ः २२४ दफ़ः २२२—हर साल पहिली अकतूबर तक नकशा ११ याने नक़शा इन्तक़ाली तितिम्मः नम्बर १७ नक़शः सातवां इस नक़शः में सिर्फ़ वही लोग मुन्दर्जे होंगे जो मिल्कीय में क़बज़ः कामिल रक्खे हैं औ काश्तकारमिल्कीयत के हक़ का दावीदार मगर उस से वे दखल हैं वह सिर्फ़ जमाबन्दी में मुनदर्जे होगा और जो लोग गांवकी बाछ के मवाफ़िक़ लगान तो देते हैं मगर काश्तकार गैर मालिक हैं वह भी सिर्फ़ जमाबंदी में मुन्दर्जे होंगे ११ तितिम्मः के मवाफ़िक़ पटवारी एक नया कग़ज़ तीन प्रति बनावे एक नक़ल अपने पास अपने दफ़तर में रक्खे और दो नक़लें तहसीलदारी में दाख़िल करे॥

दफ़ः २२५ दफ़ः २२३-पहिले छः खानों में मरातिब ज़ैल मुन्दर्ज़े होंगे मौज़ा का नम्बर और नाम और नम्बरदार और पट्टीदार का १ नाम और हर एक जमा जो बन्दोबस्त के पहिले साल की खेवट में १ मन्दर्जे थी छः खाने जो बाद उनके हैं उनमें जो मामिले साल के दरमियान एसे पेश आवें जिनसे कबज़ः की तबदील होतीहै उन के मरातिब मुन्दर्जे हों पिछले चार खानों में कबज़ः और जिम्मःदारी का हाल जसा१ साल के अखीर में है लिखा जायगा और आयन्दः साल के पिहिले चार खाने बिल्कुल उसके मिताबिक होंगे॥

दफ़ः २२६ दफ़ः २२४—मुलाहिज़ः से मालूम होगा कि नमूनः १ ११ नक़शः मुन्दर्जः तितिम्मः पर रुजूअ हो ११ में साल के अखीर पर सिर्फ एकही नम्बरदार का नाम मन्दर्जे है चुनांचि नवयेखानेः सबारवेंखाने तक के मरातिबसे ज़ाहर है कि सरन सिंह एक नम्बरदार भादों के महीने में मरगया और उसका बेटा बहादुर सिंघ उसके हिस्सः और जिम्मःदारी का वारिस हुआ१ मगर ओहदः नम्बरदारी का वारिस न हुआ नम्बरदारी का ओहदः गांव के रवाज के मवाफ़िक साहिब कलकटर के हुक्म से मुकर्रर हो और तकरुर के बाद साहब मौसूफ तहसीलदार को मुत्तला करें और तहसीलदार पटवारी को बुलाकर नये नम्बरदारका नाम खानेः मुअैयन में १ लिखवादे इस मुक़द्दमः में यह फ़र्ज किया जाता है कि यह बातें अखीर साल तक अमल में न आई थीं लिहाज़ा पटवारी के रजिस्टर तबदील नाम के खानेः १३ याने नम्बरदार के खानेः में एक नामसाल के अखीर में खाली होगा॥

दफ़ः २२७ दफ़ः २२५—इन काग़ज़ात की दो नक़लें जो१ तहसीलदार के पास दाखिल होती हैं तहसीलदार दोनों पर मुहर कर

के एक अपने दफ़तर में रक्खे और दूसरे कलक्टरी में भेजे कि वास्ते
खत साहब कलक्टर व डिपटी कलक्टर के गांव के काग़ज़ात के साथ
रहे ताकि इन्तज़ामुल ज़रूरत उस पर अमल किया जावे ॥

दफ़ेः २२८ दफ़ेः २२६ — जब मालिक के खानेः में या मिल्की
यत की तक़सीम में कुछ तबदीली वाक़े न हुई हो एक साल का का
ग़ज़ या यानें खेवट या नक़शः इन्तकाली या बिलकुल साल गुज़स्तः के काग़ज़ से
मुताबिक होगा मगर जो कोई हिस्सःदार फ़ौत हुआ या अपने हिस्सेः
का रहन या बैअ किया हो तो उस साल के काग़ज़ में वारिस या मुरत
हिन या मुश्तरी का नाम लिखा जायगा और पटवारी बतौर याददाश्त
के तबदील का सबब वरासत बैअ वग़ैरः मुन्दर्ज करेगा तहसीलदार
और क़ानूनगो के ज़िम्मः होगा कि कोई मामिला जिसमें हक़ मुन्तक़ि
लः की कैफ़ीयत बेनही वाजिबुल अर्ज़ के मुताबिक नहीं मुन्दर्ज
न होने पावे ॥

दफ़ेः २२९ दफ़ेः २२७ — बाज़ ज़िला में कभी ऐसा होता
है कि फ़रीक़ैन जो बैअ व रेहन वग़ैरः करना चाहते हैं साहब कल
क्टर के हुज़ूर में इत्तलाः दिही के वास्ते सवाल मुतज़म्मिन हाल मा
मलः पेश करते हैं और उनका मकसद यह होता है कि मामिलः को
एक गूनः याददाश्त दफ़तर में रहे ऐसे सब मुकद्दमात में सवाल तह
सीलदार के पास भेजा जाय और उसको अख़्तियार चाहिये कि
अगर मामिलः से फिलवाक़े कब्ज़ः और ज़िम्मःदारी में तगय्युर
हुई हो तो उस साल की खेवट में हाल मुन्दर्ज करावे ॥

दफ़ेः २३० दफ़ेः २२८ — एक सूरत यह भी है कि जब अदा
लत दीवानी से किसी इन्तमाली मौज़ा के हिस्सः को डिगरी हो या
किसी मौज़ा में जिसकी ज़मीन अलाहदः कब्ज़ः में है हुक्म खासः
जारी हो कि मुद्दई फ़लां फ़लां खेत पर कब्ज़ः पावे अगर इन अह्क
म के इजरा से लम्बरदारों की तबदील नहो तो तहसीलदार को हु
देना चाहिये कि आइन्दः साल की खेवट में हाल मजकूर मुन्दर्ज करे
है जो माल के महकमः से पट्टी वग़ैरः का इन्तकाल हो कर भी इसी
तरह लिखा जाय ॥

दफ़ेः २३१ दफ़ेः २२९ — पोशीदः न रहे कि इस हुक्म का म
सद यह है कि जो शुरकाय खुद नम्बरदार नहीं और इसवास्ते

का नाम माल्गुज़ारी रजस्टर में मुन्दर्जे नहीं उनके हक़ूक़ की भी फर्द ब॰ खूबी मुरत्तब रहे ॥

दफ़ः २३२ दफ़ः २३०— पटवारियों को हुक्म दिया जाय कि काग़ज़ात मज़कूरः हर साल १५ अकतबर तक तहसीलदारी में दाखि॰ ल किया करैं और तहसील्दार इसबातका जिम्मःदार होगा कि साह व कलक्टर को नक़ल पहिली नवम्बरतक रवाना हो जाय साहब॰ कलक्टर को भी हुक्म दिया ं ं याने साहब कमिश्नर हुक्म दें ं ं जायकिहर साल पहिली जनवरी को तुम्हारे सरिश्तः में खबर दें कि काग़ज़ात मज़कू र पहुंच गये और हर एक गांव के बस्तः के साथ रख दिये और तम हुक्काम सदर बोर्ड के हजूर में रपूर्ट किया करो कि पहिली फ़िब्रवरीत॰ क इन अहकाम की तामील हो गई है ॥

दफ़ः २३३ दफ़ः २३१— साफ ज़ाहर है कि अगर सब मरातिब मु हक्कक़ः बन्दोबस्त और उनके तग़ीरात का निशान मुरत्तब न रहै तो ब न्दोबस्त से जो मुल्क का उम्दः फायदः होता है महफूज़ न रहैगा इस॰ वास्ते हुक्काम सदर बोर्ड अहकाम मज़कूरः वाला को सब से आसानऔर मुनासिब और ज़रयः कामिल समझ कर इजरा करते और इतमीनान र खते है कि अगर हुक्काम मातहत उनकी तामीलोल में बखूबी तवज्जः और तनदिही करैगे तो इस अमरः काम के अन्जाम की उम्मेद अबस न होगी

दफ़ः २३४ ऊपर के बयान से जाहिर होगा कि माल्गुजारी रज॰ स्टर के खानजात किस तरीकः से मुरत्तब किये जायें और कबजः मि ल्कीयत के तग़ीरात क्योंकर मुन्दर्जे हों ॥

नम्बरी नालिश दायर न करे तो साहब कलक्टर अदालत दीवानी के हाकिम को इमा करें कि मुद्दई की अर्ज़ी की पुश्त पर यह बात तहरीर फ़रमावें और मुद्दई को हुक्म दें कि या मुक़द्दमे की पैरवी करे या नालिश से दस्त बरदार हो ॥

दफ़ा १६२ जब साहब कमिश्नर अर्ज़ी नालिश पर ग़ौर कर के तजवीज़ करें कि उस हाकिम का नाम जिसपर नालिश हुई है बेफ़ायदा अर्ज़ी में लिखा गया है और सरकार को इस मामले से कुछ सरोकार नहीं तो उसको लाज़िम है कि साहब कलक्टर को हुक्म दें कि उस मुक़द्दमे में जवाबदिही न करें बल्कि सिर्फ़ इसी बातकी जवाबदिही करें कि सरकार को इस मुक़द्दमे से कुछ इलाक़ा नहीं और इस बात की दरख़ास्त करें कि ख़र्चा मुद्दई से लिया जाय ॥

दफ़ा १६३ अगर दावा मुद्दई का सिर्फ़ इसी वास्ते हो कि साहब कलक्टर ने ख़िलाफ़ क़ानून और बरअक्स इन्साफ़ के हुक्म दिया है और सरसरी नज़र से यह बात ज़ाहिर भी होती हो तो साहब कलक्टर को बज़ातख़ुद उस मुक़द्दमे की जवाबदिही करनी पड़ेगी ॥

दफ़ा १६४ साहब कमिश्नर को मुनासिब है कि एक कैफ़ियत सालाना कुल मुक़द्दमात की जो अदालत दीवानी में दायर हों और जिनमें सरकार तरफ़ैन से हो मुताबिक़ नक़शे ज़ैल के सदर बोर्ड में रवाना किया करें चाहिये कि नक़शा मज़कूर साहब कमिश्नर के महकमे से १५ जनवरी को सदर बोर्ड में रवाना कियाजाय ॥

दफ़ा १६५ जिन मुक़द्दमात की अपील सदरदीवानी अदालत में हुई हो उनके सवाल और जवाब साहिब कलक्टर बदुस्तिआनत उस बकील के तैयार करेंगे जो मुतअल्लिक़ उस महकमे के है जिस के फ़ैसले से अपील हुई और नज़रसानी के बाद चाहिये कि साहब कमिश्नर काग़ज़ात मज़कूर सदर बोर्ड में मै कैफ़ियत ज़रूरियात के भेजदें फिर साहबान सदरबोर्ड उसको पसन्द कर के या किसी बात की तरमीम कर के स्टाम्प मुअैना पर लिखवाकर वकील अदालत सदर दीवानी के पास दाख़िल करने के वास्ते भेजदेंगे

दफ़ा १६६ चाहिये कि अज़लाअ के हुक्काम को यह बात बताकीद जताई जाय कि मुक़द्दमात दीवानी के सवाल जवाब के काग़ज़ात में कोई अम्र फ़रोगुज़ाश्त न करें बल्कि हर मुक़द्दमे को जिसमें सरकार तरफ़ैनसे हो हत्तुलवसा मुकम्मिल करें इसवास्ते कि अगर महकमे मातहत के फ़ैसले

रपोर्ट मुफ़स्सिल उन हालात की जिनसे मुक़द्दमा पैदा हुआ और सवालदहि व कील सरकार और जो तरीक़ वास्ते पैरवी मुक़द्दमे के तजवीज़ करें भेजें और इस रपोर्ट के साथ हमेशा काग़ज़ात मुफ़स्सिले ज़ैल होने चाहिये ॰

(अव्वल) नक़ल अर्ज़ीदावा उर्दू (दोयम) खुलासा तर्जुमा उसका (सोयम) म सव्वदः जवाबदावा उर्दू (चहारुम) खुलासा तर्जुमा जवाबदावा निस्फ़ काग़ज़ का हाशिया छोड़ कर (पांचवें) फ़िहरिस्त मुफ़स्सिल उन काग़ज़ात की जो वास्ते पेश करने के हमराह जवाबदावा हस्ब तरीके मुरत्तिबे दाल मुन्दर्जे क़ानून म. वूत दफ़ा ४० ऐक्ट १६ सन् १८५३ ईसवी के तजवीज़ हों और कुल मिसिल फ़ा रसी मअ़ नक़ल मुलाहिज़ा उसका वास्ते तफ़हीम मुक़द्दमे के मुनासिब जानें भेजें

३ साहब कलक्टर को एहतियात रखनी चाहिये कि जवाब मुजम्मिज़ा मु. खतसर और हावी कुल मदारिज़ पर हो और उसमें हर एक बयान या वजह मुन्दर्जे अर्ज़ीदावा जो उसूल मुक़द्दमा है दर्ज हो और कोई बयाल ना दुरुस्त या दलील मुक़स्सिर अमूर तस्क़ीह तलब बिला तर्दीद फ़रोगुज़ाश्त नहो

४ साहब कमिश्नर अपनी राय जिस वजह की निस्बत चाहें हाशिये का ग़ज़ नम्बर ४ मुतज़क़्किरे दफ़ा २ मुन्दरिज करें और काग़ज़ात मिन दाखि लाय नम्बर १ लग़ायत नम्बर ५ मज़कूरे वाला बज़रीये रपोर्ट अलाहिदः या डाकट हुक्काम सदर बोर्ड की ख़िदमत में भेजें ॰

५ हुक्काम सदर बोर्ड इन काग़ज़ात को बाद दाख़िल नकल मै हिदायत साफ़ वापस भेजेंगे जो बाद पैरवी मुक़द्दमा निस्बत कारखाई आइन्दा साहब कमिश्नर की राय पर रहेगी और साहब मौसूफ़ दीगर अहकाम ज़रू री वास्ते हिदायत साहब कलक्टर के सादिर करेंगे अलाहदा रुजू करना या जवाबदिही करना अपील ख़ास अदालत ज़िला का अपनी तजवीज़ से मंज़ूर करेंगे बग़ैर सदर अदालत दीवानी में नहीं ॰

६ साहब कमिश्नर नतीजे मुक़द्दमे मुतदायरे अदालत ज़िला मह कमे ऊला और सानी से हुक्काम सदर बोर्ड को बखूबी इत्तिला देते रहेंगे हिदाय त जदीद के लिये सिवाय उस हालत के कि कोई शुबहा या मुश्किल वा क़े हो दरख़ास्त करना ज़रूर नहीं ॰

७ वकील सरकार को दरयाफ़्त दायर होने दस्तिगासा मुतअ़ल्लिक़ व सरकार के साहब कलक्टर मौक़ूफ़ कल्लफ़ मुफ़स्सिल रखनी चाहिये और जि स वक़्त हुक्म अख़ीर सादिर हो फ़ौरन साहबान कलक्टर और साहबान क मिश्नर को इत्तिला पहुंचानी चाहिये ॰

८ बवजह साहब कमिश्नर और कलक्टर को अपने सदर मुक़ाम पर मौजूद न होने के सबब से या बवजह दीगर वास्ते मंज़ूरी दरख़ास्त अपील बनाराज़ी फ़ैसला मुख़ालिफ़ मुराफ़ा अन्दर मीआद मुऐयना के वक़्त न मिले और वकील सरकार उसकी ताकीद करे तो साहब कलक्टर को इख़्तियार है कि दरख़ास्त दायर करने अपील के क़ब्ल अज़ मंज़ूरी व मुराफ़ात मवाने मुन्दर्जे दफ़ा ५ अपनी राय अमल में लावें ॰

९ जब तक पहिले से मनज़ूरी हुक्काम सदर बोर्ड न होले कोई नालिश मिनजानिब सरकार अदालत दीवानी में दायर न होगी ॰

१० हुक्काम सदर बोर्ड पैरवी जुमला मुक़द्दमात अपील आम या ख़ास सदर अदालत दीवानी की जिन में सरकार अपीलान्ट हो या रसपान्डेन्ट अपने ज़िम्मे रक्खेंगे ॰

११ दरख़ास्त अपील आम सदर अदालत दीवानी बमूजिब ज़िम्न २ दफ़ा २ ऐक्ट २५ सन १८५३ ईसवी तारीख़ फ़ैसला से छः हफ़्ते के अन्दर उस अदालत में गुज़रनी चाहिये जहां से फ़ैसला हुआ हो और साहब कमिश्नर उस दरख़ास्त के गुज़राने की इजाज़त देने के मुजाज़ हैं इल्ला बनज़र वजूह मुन्दर्जे दफ़ा ८ साहब कलक्टर को चाहिये कि ख़ुद दरख़ास्त दाख़िल करा के उस कारवाई की रपोर्ट वास्ते मन्ज़ूरी के भेजें ॰

१२ बमूजिब ज़िम्न १ दफ़ा ५ ऐक्ट १६ सन १८५३ ईसवी दरख़ास्त अपील ख़ास अदालत सदर दीवानी या उस अदालत में जहां से फ़ैसला ख़िलाफ़ मुराद सादिर हुआ हो तारीख़ फ़ैसला से बाबैन तीन महीने के गुज़रनी चाहिये और इस मीआद में वास्ते भेजने रपोर्ट मुफ़स्सिल मारफ़त साहब कमिश्नर व हुज़ूर हुक्काम सदर बोर्ड बहुत मुहलत मिलती है हुक्काम ममदूह निस्बत वजूह अपील ख़ास और बमुक़ाम क़ाबिल अपील के अगर मुनासिब जानें अपनी राय देंगे ॰

१३ अपील अदालत सदर दीवानी में ख़्वाह सरकार अपीलान्ट हो ख़्वाह रसपान्डेन्ट साहब कलक्टर हमेशा अपनी रपोर्ट में दर्ज किया करें कि आया दरख़ास्त अपील बमूजिब ज़िम्न २ दफ़ा २ ऐक्ट २५ सन १८५३ ईसवी गुज़रानी गई है या नहीं और काग़ज़ात मुफ़स्सिले ज़ैल भेजें ॰

सरकार रसपान्डेन्ट	सरकार अपीलान्ट
१ फ़ैसला अदालती नक़ल मुक़द्दमा	१ मुस्तदआ उल कयास
२ ब्योरेवार नक़ल फ़ैसला अदालत मातहत	२ मुस्तदआ उल कयास

२ वकालतनामा बनाम वकील सरकार सदर १३ मसला ब्रासुल कमाल अदालत दीवानी वास्ते पैरवी मुक़द्मे के

१४ चूंकि हुक्काम सदर बोर्ड पैरवी अपील सदर अदालत दीवानी की अपने ज़िम्मे लेंगे पस ज़रूर नहीं कि साहब कलक्टर उस मुक़द्मे में जिसमें सरकार रसपांडन्ट हो बमूजिब मुअबिंग जवाब गुज़िबात या उस मुक़द्मे में जिसमें सरकार अपीलान्ट हो मजिबान अंगरेज़ी या फ़ारसी भेजें मगर साहब मौसूफ़ को चाहिये कि एक रपोर्ट में अपनी राय के अललखुसूस निसबत उन वजूहात के जो हस्ब दफ़ा १० ऐक्ट ४५ सन १८५३ ईसवी पेश करनी चाहें इरसाल करें ❖

१५ अपील ख़ास मुतदायरै सदर अदालत दीवानी में साहब कलक्टर को चाहिये कि अलावा काग़ज़ात मुतज़क्किरै दफ़ा १३ की एक नक़ल मुसद्दिका डिगरी मुराफ़ै ऊला मुताबिक़ जिल्द २ दफ़ा ५ ऐक्ट १६ सन १८५३ ईसवी में एक रपोर्ट निसबत वजूहात उज्र हस्ब दफ़ा ६ ऐक्ट १६ सन १८५३ ईसवी के भेजा करें ❖

१६ जुमला मुक़द्मात अपील ख़ास अदालत दीवानी में ख़्वाह सरकार रसपान्डन्ट हो या अपीलान्ट मिसिल मुक़द्मे फ़ारसी मुतअल्लिक़ कचहरी साहब कलक्टर भेजी जाय ताकि आइन्दा किसी अम्र के दरयाफ़्त करने में तवक़्क़ुफ़ और ज़रूरत न हो अपील ख़ास में मिसल सिर्फ़ उस हालत में भेजी जाय जबकि मुलाहिज़ा उसका वास्ते इन्किशाफ़ हाल मुक़द्मे के निहायत ज़रूर समझा जाय ❖

१७ हुक्काम सदर बोर्ड को ऐसे मुआमलात की इत्तिला हुई है जिन में मौक़ा अपील बवजह ग़फ़लत साहब कलक्टर दरबाब गुज़रान्ने दरख़्वास्त अपील या वसूल नक़ल मुसद्दिका फ़ैसलजात क़ब्ल बन्द होने कचहरी के बवाइस तातील मुहर्रम व दसहरा के जाता रहा है जब कभी मीआद अपील अन्दर तातील या अन्क़रीब बाद इफ़्तिताह कचहरी गुज़र जायगी तो साहब कलक्टर को चाहिये कि नक़ल काग़ज़ात मतलूबा लेने और दरख़्वास्त अपील दस्त तज़्किरै दफ़ा ८ और ११ क़ब्ल अज़ बरख़ास्त कचहरी गुज़राने दें ❖

इत्तलात दीवानी के मुक़द्दमात का नक़शा सालाना जिसमें स
रकार तरफ़ैन सेहैं बाबत सन् फ़लां ॥

नाम ज़िला	नम्बर मुक़द्दमा	नाम अदालत	नामत रफ़ैन	तारीख रुजू नालिश	कजूहात मुक़द्दमा और क़ीमत अशयाय मुतनाज़िआ की	कैफ़ियत
						इस कैफ़ियत में लिखनाचाहिये कि साहब कलक्टरने जवाब मतलूब दाखिल किया है या नहीं और मुक़द्दमे मेंक्या कार्रवाई हुई है और अगर देर हुई हो तो उसका क्या सबबहै

॥ तितिम्मा नम्बर १५
मुतअ़ल्लिके दफ़ा १३० ।

सरकुलर हुक्म मुसद्दरे साहबान सदर बोर्ड ममालिक
मगरबी नम्बर १ मुवर्रिखे २५ फ़रवरी सन् १८४८ ईसवी

(दफ़ा अव्वल) क़ानून २३ सन् १८०३ ईसवी और क़वानीन मुतअ़ल्लिकः की रूसे दफ़्तरी दफ़्तर ज़मीअ़ कागज़ात हिंदुस्तानी मुतअ़ल्लिके माल्गुज़ारी का जाय हिफ़ाज़त मुक़र्रर हुआ ✦

(दफ़ा दोयम) गवर्नमेन्ट का मनशा है कि कागज़ात दफ़्तर मज़कूर के मुलाहिज़ा की हरख़ास आम को इजाज़त हो लिहाज़ा साहबान कलक्टर वग़ैरा तरीके मुन्दर्जे ज़ैल को अमल में लावें ✦

(दफ़ा सोयम) चाहिये कि दफ़्तरख़ाने में आने जाने के वास्ते सिर्फ़ एक ही दरवाज़ाहो और साम्ने दफ़्तर ख़ाने के एक कमरा जिसके दरमियानमें दरवाज़ा वाके हो उस कमरा में मुहाफ़िज़ दफ़्तर और उसके मददगार के बैठने की [illegible] ✦

(दफ़ा चहारुम) जो कोई दफ़्तर के कागज़ात का मुलाहिज़ा करना चाहे लाज़िम है कि साहब कलक्टर को सवाल दे जिसमें उसका मतलब और कागज़ात

तूबा की कैफ़ियत जिस क़दर हो सके मुन्दरिज हो यह दरख़ास्त साहब क-
र मन्ज़ूर करें और सायल को हुक्म दें कि मुहाफ़िज़ दफ़्तर के पास कमरा
फ़्तर में जाय और मुहाफ़िज़ दफ़्तर फ़िलफ़ौर जिस बस्ते में काग़ज़ात मत
हैं लावे और अपने किसी मददगार को सिपुर्द करे और उस मददगार
मुक़ाबिले में सायल को इजाज़त होगी कि ब इतमीनान काग़ज़ात देख ले
दफ़ा पंजुम जो मददगार मुहाफ़िज़ दफ़्तर सायल के साथ कमरे में र
हैं चाहियेकि ऐसे हर मददगार पीछे फ़ी घंटा सायल से आठ आना बतौर
र ले लिये जावें ✧

दफ़ा शशुम किसी ग़ैर शख़्स को इजाज़त नहीं कि मुहाफ़िज़ दफ़्तर के क
में क़लमदवान लेजाय मगर इजाज़त होगी कि पिन्सल और काग़ज़ अ
साथ लावे और सिर्फ़ पिन्सलही से याद्दाश्त अपनी लिखे अगर किसी
याद्दाश्त या नक़ल ग़ैर मुसद्दिक़ा सियाही से चाहिये तो इजाज़त है कि
ददगार मुहाफ़िज़ दफ़्तर से लेवे और उसको हक़ नक़लनवीसी मुवाफ़िक़
ापतह्र ी केदेवे ✧

चुनांच इस सरकुलर के बाद अहकाम उजरत नक़ल के मुसर्रह हैं ✧

(दफ़ा हफ़्तुम) साहब कलक्टर को चाहिये कि हत्तुलवसा किसी काग़ज़
को मुहाफ़िज़दफ़्तर या उस के मददगारों की ख़बरगीरी से बाहर न जाने दें
ख़्वाह वह काग़ज़ मुहाफ़िज़ दफ़्तर के कमरे में तलब हो ख़्वाह बमूजिब दरख़ा-
स्त हुक्काम माल या अदालत हाय दीवानी के ✧

(दफ़ा हश्तुम) जब और कचहरी जिसको काग़ज़ तलब करने का अ-
ख़्तियार है मिस्ल कचहरी अदालत दीवानी नज़दीक हो सहूलत के वास्ते
साहब कलक्टर को चाहिये कि कचहरी मज़्कूर के हाकिम को इजाज़त दें
कि काग़ज़ात मतलूबा मुहाफ़िज़ दफ़्तर से बिला तवस्सुत तलब करें और
जब ऐसा हुक्म मुहाफ़िज़ दफ़्तर के पास पहुंचे चाहिये कि बिला तवक़्क़ुफ़
काग़ज़ात मतलूबा किसी मददगार की हिफ़ाज़त में भेजदे अगर हाकिम मि
सिल मतलूबा को उसवक़्त मुलाहिज़ा करले तो मददगार मज़्कूर मुलाहि
ज़ा के बाद अपने साथ वापस लावे लेकिन अगर हाकिम देर तक मिसिल
का रखना चाहे तो मददगार कचहरी में छोड़ दे मज़्कूर मगर रसीद हस्ब
ज़ाबिता मै नक़ल फ़ेहरिस्त मिसिल की लेले ✧

(दफ़ा नहुम) जो फ़ीस याने हक़ सरकार क़ानून ३३ सन् १८०३ ईसवी में
मज़्कूर हुआ चाहिये कि हमेशा मुक़द्दमात बटवारा क़ानून १९ सन् १८१४ ई०

में रजिस्टर मालगुज़ारी के तरमीम होने के वक्त लियाजाय और भी सदर माल
गुज़ारों के इन्तिक़ाल हक़ीयत के सब मुक़द्दमात में सिवाय इन्तिक़ाल बमू
जिब विरासत के तरमीम रजिस्टर और वसूल हक़ सरकार उस वक्त कियाजाय
कि हक़ीयत के इन्तिक़ाल होने की ख़बर हो ख़्वाह तरफ़ैन से मिले ख़्वाह कानू
नगो ज़िम्न ४ दफ़ा ७ क़ानून चहारुम सन १८०८ ईसवी के बमूजिब उसकी
ख़बर दें ख़्वाह दफ़्तर के काग़ज़ात से दरयाफ़्त हो जब इन्तिक़ाल बमूजिब
हुक्म अदालत दीवानी के अमल में आवे तो सदर मालगुज़ारी के रजिस्टर
में दाख़िल ख़ारिज के साथ फ़ीस लीजाय मगर याद रहे कि फ़ीस सिवाय
इन्तिक़ाल सदर मालगुज़ारों के न लीजाय क्योंकि सिर्फ़ उनके इन्तिक़ा
ल में रजिस्टर मज़कूर क़ानून ४२ सन १८०३ ईसवी तरमीम करना पड़ता है
(दफ़ा दहुम) फ़ीस मुसर्रहे वाला में फ़ीस मुन्दर्जे दफ़ा ५ जमा कीजाय
और उसमें जो मददगार जदीद मुहाफ़िज़दफ़्तर को इस दस्तूरुलअमल के द
फ़्तर के वास्ते दरकार हो तनख़्वाह पावें मुनासिब है कि मुहाफ़िज़ान दफ़्तर
अपने मददगार की दुरुस्त नवीसी साहब कलक्टर की मन्ज़ूरी के वास्ते पेश
करें और उनके सलूक के ज़िम्मेदार रहें ✤

दफ़ा याज़दहुम अगर फ़ीस मज़कूर मददगारों के मुशाहरे के वास्ते
किफ़ायत न करे तो जिस क़दर स्टाम्प का काग़ज़ बमूजिब दफ़ा ४ सरकु
लर हाज़ा के पेश किया जाय उसी रुपये के ख़र्च के वास्ते साहबान सदर
बोर्ड इजाज़त देंगे ✤

सरकुलर सदर बोर्ड मग़रबी नम्बर २१ मवर्रिख़े २ सि
तम्बर सन १८४५ ईसवी, उजरत नक़लनवीसी के
बाब में

...अज़ल्लाअ से जो जवाब पहुंचे उनसे मालूम हुआ कि नक़लनवीसी की मि
क़दार उजरत की बाबत बाज़ अज़लाअ में बहुत इख़्तिलाफ़ है और यह
कि अक्सर औक़ात अन्दाज़े से ज़्यादा लीजाती है चूंकि वाज़ह है कि
...कलक्टरी और ख़ुसूसन बन्दोबस्त के काग़ज़ात की नक़ूल ब आसानी हा
सिल होनी चाहिये इसवास्ते मुनासिब है कि सदर दीवानी अदालत के
...दाज़े के मुवाफ़िक़ उजरत मुरव्विजे हाल कम की जाय चुनान्चे
...जो उजरत नक़्शे ज़ैल के मुताबिक़ मुक़र्रर की गई ✤

अंगरेज़ी	उर्दू	नक़्शःजात खसरा व थोकबस्त और जुमला नक़्शःजात मुतफ़र्रिक़ा
१५०० लफ़्ज़ फ़ी रूपिया	४००० लफ़्ज़ फ़ी रूपिया	बमूजिब तजवीज़ हाकिम

सरकुलर नम्बर २० सन १८४७ ईसवी मरक़ूमे २० अगस्त सन १८४७ ईसवी ॥

दफ़ा १ सदर बोर्ड के सरकुलर हुक्म नम्बर ११ मरक़ूमे २ सितम्बर सन १८४५ ईसवी पर रुजू करने से दरयाफ़्त होता है कि जिन महकमात में नक़्ल कागज़ात कमतर मतलूब होती हैं शरह उजरत मुसर्रिहे सरकुलर मज़कूर नक़्लनवीस की गुज़रान के वास्ते किफ़ायत नहीं करती है ✣

दफ़ा २ ऐसी सूरतों में नक़ल मांगने वालों को इख़्तियार होगा कि अपना नक़्लनवीस लावें और बतौर खुद उजरत का बन्दोबस्त करें चुनांचे जुमला साहबान कमिश्नर की कचहरियां इस में शामिल हैं मुनासिब है कि एक मुतअह्हिद उहदेदार हमेशा मौजूद रहे और नक़्लनवीस के साम्हने कागज़ पढ़े ताकि तहरीफ़ या बनाने का खतरा न हो और दस्तख़त उस के हमेशा नक़्ल पर हों ✣

तितिम्मा नम्बर १७

मुतअल्लिके दफ़ा २४७ ।

सरकुलर हुक्म मुसद्दरे हुक्काम सदर बोर्ड ममालिक मगरबी

मतबूए नम्बर २

कागज़ात पटवारी के बाब में

दफ़ा १५७ पटवारियों पर जो कागज़ात दाखिल करने वाजिब हैं ज़ैल में लिखे जाते हैं पहिला जमाबन्दी दूसरा मिलान खसरा तीसरा तरुज — चौथा जमावासिल बाकी पांचवा जमावासिल बाकी तहसीली छठा जमा व खर्च ❖

दफ़ा १५८ यह कागज़ात दफ़आत १२ और १३ कानून नहुम सन् १८३३ ईसवी के अहकाम के मुवाफ़िक बनेंगे और अगर उनकी तरतीब में गफ़लत होगी तो सज़ा मुसर्रेह दफ़आत १४ और १५ कानून मज़कूर की आयद होगी ❖

दफ़ा १५९ यह नकशे साल भर में एक बार याने हरसाल पहिले अक्तूबर को साल गुज़श्ते के वास्ते दाखिल हों ❖

दफ़ा १६० जहां बन्दोबस्त ख़त्म हो गया वहां फ़ौरन इस तरीक़ के इजरा का हुक्म दो ❖

दफ़ा १६१ जहां अभी बन्दोबस्त होता है ता इख्तताम बन्दोबस्त इजरा इसका मुलतवी रहे ❖

दफ़ा १६२ ज़ैल में इन नकशों का बयान मुख्तसिर किया जाता है ❖

दफ़ा १६३ नकशा नम्बर १ इस नकशे के पहिले तीन खानों की शरह कुछ ज़रूर नहीं चौथे खाने में खसरा पैमायश के मुताबिक खेत का नम्बर मुन्दरिज हो चाहिये कि यह नम्बर पटवारी की जमाबन्दी में हमेशा कायम रहे अगर खसरे का कोई खेत दो या ज़्यादा हिस्सों पर मुनकसिम हो जाय तो नम्बर खसरे का हर हिस्से के मुकाबिल लिखा जाय अगर दो तीन खेत जो खसरे में बनम्बर जुदागाना मुन्दरिज थे मख़लूत हो जाय तो जितने नम्बर खसरे में उन खेतों के मुतअल्लिक थे जमाबन्दी में मद इस दस कित मख़लूत के सामने मुन्दरिज हों इस बात को ज़रूर तमय्युज करना चाहिये और पटवारियों पर ताकीद रहे कि फ़रोगुज़ाश्त न होने पावे ताकि जो तगय्युर वाके हो खसरे के असिल खेतों पर रुजू करना मुमकिन हो ❖

दफ़ा १६४ पांचवे खाने में रकबा ब हिसाब बीघा मुफ़स्सले साहब

ममाह लिखा जाय और छठे में रक़बा गांव के बीघा के हिसाब से अगर दो
नों बराबर हों तो दोनों खाने में एकही रक़म लिखी जाय मगर जहां इख़्ति
लाफ़ हो तो देखने से फ़ौरन फ़र्क़ मालूम होजायगा इस काग़ज़ की निसब
त यह बात और लिखनी चाहिये कि पटवारी सिर्फ़ वह खानजात लिखे
जो उसके गांव के रवाज के मुताबिक़ हों +

तितिम्मा नम्बर १७ के मुतअल्लिक़

नमूना काग़ज़ात पटवारी

ज़िले फ़्लां सालतमामी सन् फ़्लां

पोत गल्ला		लगती पोन कनकूत			रसूम पटवारी		ख़ुसला			
दक्करणे यतो	हक्क ज़मीदारी	जिन्स	कूत	माल	नक़दी	गल्लः	खर्चगांव	नक़दी	गल्लः	[illegible]
० ०	० ० ०	चना	१०)	५)	० ०	)५	-)	० ०	४।)५	
० ०	० ० ०	० ०	० ०	० ०	-)	० ०	-)।	३।।)	० ०	
० ०	० ० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	
० ०	० ० ०	० ०	० ०	० ०	-)।।।	० ०	-)।।।	३।।≡)	० ०	
१।।)	१।।)	० ०	० ०	० ०	० ०	)१।।।	)३।।	० ०	१।।)५।।	
० ०	० ० ०	सरसों	३)	१।।)	० ०	)१।।	)३	० ०	१।)४।।	
० ०	० ० ०	० ०	० ०	० ०	-)।।।	० ०	-)।।।	१।।-)।	० ०	
० ०	० ० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	
१८।।)	१८।।)	० ०	६३)	३।।)	१।≡।।	१।)८।।।	नक़दी १।।-)।। गल्लः १)८।।	५३।।≡)	४१)८।	
गैरमुमकिन		१३	।।)	.. ..	।।)	.. ..	.. ..	.. ..	० ०	
		१५	।।)	.. ..	।।)	.. ..	.. ..	.. ..	० ०	
		१७	१।।)	.. ..	१।।)	.. ..	.. ..	.. ..	० ०	
		२०	३)	.. ..	३)	.. ..	.. ..	.. ..	० ०	
		२१	३)	.. ..	३)	.. ..	.. ..	.. ..	० ०	
		२२	५)	.. ..	५)	.. ..	.. ..	.. ..	० ०	
		२३	४)	.. ..	४)	.. ..	.. ..	.. ..	० ०	
		२५	६)	.. ..	६)	.. ..	.. ..	.. ..	० ०	
			२३।।)	.. ..	२३।।)	.. ..	.. ..	.. ..	० ०	
			१४०)४	.. ..		.. ..	.. ..	.. ..	० ०	

कागज़ातपटवारी २५२ लितस्मा नम्बर १७

नम्बर १

जमाबन्दी मौज़े फ़लां परगने फ़लां

नम्बर शुमार	नाम मौरूस	नाम खेत	नम्बर खेतपै मायश	तादाद खेत पै मायश जरीदी	तादाद खेत पै मायश गांव	जोज़मीन जमा-बन्दीसे बाहरहै	बाक़ीजो ज़मीन परपोत लगताहै	दरबन्दी	लगती पोत न-क़दी	लगती पैदावार जिन्स
		मेडहा	४१	२)४	२।।।)	०००	२।।।)	" "	" "	" "
		मेडीहा	६०	१)२	१)२	०००	४)	२।=)	२।-)।।।	" "
				६।।)	२०।।)१	०००	" "	" "	" "	" "
१०	मंसा कुरमी	गोडन्द	१६	१।।)१	१।।)	०००	२।।)	२=)	३।।=)।।	" "
		हरहा	६२	।।)२	।।)४	०००	।।)४	" "	" "	३।।)जौ
		बरहा	६४	।।)१	।।)२	०००	।।)२	" "	" "	" "
		नरहा	६४	।।)२	।।)	०००	।।)	२।-)	२।।=)।।।	" "
				३।।)१	४।)२	०००	" "	" "	" "	" "
				४६।।)४	५२।।)४	०००	५।।।)४	०००	४६।-)	३७।।)
	परती क़दीम	" "	१	२)	" "	२)	" "	" "	" "	००
		" "	२	३)	" "	३)	" "	" "	" "	००
		" "	३	४)	" "	४)	" "	" "	" "	००
		" "	४	५)	" "	५)	" "	" "	" "	००
		" "	५	६)	" "	६)	" "	" "	" "	००
		" "	६	७)	" "	७)	" "	" "	" "	००
		" "	७	८)	" "	८)	" "	" "	" "	००
		" "	८	६)	" "	६)	" "	" "	" "	००
		" "	९	१०)	" "	१०)	" "	" "	" "	००
		" "	११	१३)	" "	१३)	" "	" "	" "	००
		" "	१२	६)	" "	६)	" "	" "	" "	००
				७१)	" "	७१)	" "	" "	" "	००

ज़िले फ़लां साल तमामी सन फ़लां

पोत गल्ला		लगानी पोत कनकूत			रसूम पटवारी		मीज़ान	जुमला		कैफ़ियत
हक़्क़े रैयती	हक़्क़े मौदारी	जिन्स	कूत	साल	नक़दी	गल्लः		नक़दी	गल्लः	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	=)।	० ०	=)	३॥=)।	० ०	
२॥)	२॥)	० ०	० ०	० ०	० ०	५)	५)	० ०	२॥)	
० ०	० ०	चना	२५)	७)	० ०	।)४	।)	० ०	२॥)४	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	-)।	० ०	-)।	९)॥।	० ०	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	-)	० ०	-)॥	२)।	० ०	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	-)॥	० ०	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	-)	० ०	-)	२।-)	० ०	
२॥)	२॥)	० ०	० ०	० ०	० ०	।)३॥	।)५	० ०	२॥)३॥	
० ०	० ०	जौ	८)	४)	० ०	।)४	।)	० ०	४॥)४	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	-)।	० ०	-)।	२॥-)	० ०	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	=)।	० ०	=)।	३।=)	० ०	
० ०	० ०	गेहूं	७)	३॥)	० ०	।)३॥	।)७	० ०	७॥)४	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	
३)	३)	० ०	० ०	० ०	।)३	० ०	।)६	० ०	३)६	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	=)।	० ०	=)।	२॥=)।	० ०	
० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	-)॥	० ०	
० ०	० ०	मटर	५)	२॥)	० ०	।)॥	।)५	० ०	२॥)७	

मीज़ान जमाबन्दी व मिलान खसरे पैमायश मौज़े फ़लां परगने फ़लां ज़िले फ़लां

असामी	रक़बा कुल	मज़रूआ	परती जदीद	परती क़दीम बिला ज़िराअत	तालाब	बसगीन	बाग़	जंगल
मुन्दर्जे खसरे पैमायश बन्दोबस्ती	१४०)४	४६॥)४	० ०	२१)	२)	५)	६)	१॥)
जो ज़मीन जमाबन्दी से बाहर है वा	६३॥)	० ०	० ०	२१)	२)	५)	६)	१॥)
की ज़मीन जमाबन्दी की	४६॥)४	४६॥)४	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०

जमावासिलबाकी सालतमाम मौज़े फ़लां परगने फ़लां ज़िले फ़लां

नम्बर शुमार	नाम जोतार	तादाद ज़मा नजमाबन्दी	तादाद तलबी सालतमाममें रसूम पटवारी वग़ैरा खर्च		वसूल		बाक़ी		फ़ाज़िल		कैफ़ियत
			नक़दी	ग़ल्लः	नक़दी	ग़ल्लः	नक़दी	ग़ल्लः	नक़दी	ग़ल्लः	
१	राम सहाय	७)	३॥=।	१५)४	३॥=।	१५)४	० ०	० ०	० ०	० ०	
२	राम दीन	२)३	४।)॥	० ०	४।)॥	० ०	० ०	० ०	० ०	० ०	
३	काशी राम	३॥)३	२।-)	-७)१॥	२।-)	-७)१॥	० ०	० ०	० ०	० ०	
४	बलभद्दर कुरमी	४॥)	५॥=)	३॥)॥	५॥=)	३॥)॥	० ०	० ०	० ०	० ०	
५	जियाराम	६॥)	६-)	५॥)६॥	६-)	५॥)६॥	० ०	० ०	० ०	० ०	
६	शिवदीन	३॥)२	४।=)॥	३)६	४।=)॥	३)६	० ०	० ०	० ०	० ०	
७	भवानीदीन	३॥)४	३॥=)।	६॥)६॥	३॥=)।	६॥)६॥	० ०	० ०	० ०	० ०	
८	भोला कुरमी	४॥)	२॥)।	६)८	२॥)।	६)८	० ०	० ०	० ०	० ०	
९	नाहर कुरमी	१०॥)१	१६॥=)	६॥)६॥	१६॥=)	६॥)६॥	० ०	० ०	० ०	० ०	
१०	मनसा कुरमी	४।)१	५॥)।	३)६॥	५॥)।	३)६॥	० ०	० ०	० ०	० ०	
		५२॥)४	५२॥=)	५४)८।	५२॥=)	५४)८।	० ०	० ०	० ०	० ०	

जमाखर्च मौज़े फ़लां परगने फ़लां ज़िले फ़लां

नक़दी	तरतीब कुल				माल गुज़ारी सरकार	तलबाना	मरम्मत सड़क	मालिकाना	रसूम पटवारी वग़ैरा		नज़्र पूजा	मीज़ान	बाक़ी मुनाफ़ा ज़मीदार
	ग़ल्ला	दर	दामसैया	मीज़ान					पटवारी	खर्च गांव			
५६॥।-)	५५)८।	२॥)	३६=)२	६५॥≡)२	६०)	।॥)	।≡)	६॥)	२॥)॥	३।≡)॥	२।=)	७५)।	३॥=) ११ पाई

दफ़ा १६५ बंजर काबिलुलज़िराअत और ग़ैर मुमकिनुलज़िराअत जमाबन्दी के ज़ैल में अपनी अपनी जगहपर लिखाजायगा ताकि कुल रक़बे की तसरीह जो खसरे में थी हमेशा मालूम हो ✣

दफ़ा १६६ नक़्शा नम्बर २ देखने से ज़ाहिर होगा कि जमाबन्दीका एक तितिम्मा है जिसको मिलान खसरा कहते हैं इस काग़ज़ का यह मक़सदहै कि जो तग़ैयुरात आराज़ी मज़रूआ और काबिलुलज़िराअत और ग़ैर मुमकिन में हमेशा वाक़े होते हैं ज़ाहिर रहें और कुल रक़बा याने तीनों की मीज़ान बदस्तूर रहे ✣

दफ़ा १६७ मसलन नमूने के नक़्शे में कुल रक़बा १४० बीघा ५ बिसवा है मिनजुमला उसके

मज़रूआ	४६ बीघा १५ बिसवा
बंजर काबिल ज़राअत	७१ बीघा
बंजर ग़ैर मुमकिनुलज़िराअत	२२ बीघा १० बिसवा
मीज़ान कुल	१४० बीघा ५ बिसवा

दफ़ा १६८ अगर आइन्दा साल में कुछ ओफ़ाद: ज़मीन मज़रूआ होजायं तो हिसाब इस तरह बदल जायगा ✣

रक़बा कुल	१४० बीघा ५ बिसवा
मज़रूआ	२५ बीघा १० बिसवा
ओफ़ादा काबिल ज़राअत	६२ बीघा ५ बिसवा
ग़ैर मुमकिन	२२ बीघा १० बिसवा
मीज़ान	१४० बीघा ५ बिसवा

याने मीज़ान वही क़ायम रहैगी ✣

दफ़ा १६९ इस नक़्शे से ज़ाहिर होगा कि मुहाल तरक़्क़ी पर है या तनज़्ज़ुल पर या बदस्तूर ✣

दफ़ा १७० नक़्शा नम्बर ३ तीसरा कागज़ तेरीज कहलाता है इस नक़्शे के तीसरे खाने में हर आसामी के कुल खेतों की तादाद और चौथे खाने में उन खेतों का रक़बा गांव की पैमायश की रू से लिखा जाता है बाक़ी खानों की तशरीह ज़रूर नहीं ✣

दफ़ा १७१ नक़्शा नम्बर ४ जमावासिलबाक़ी इसकी भी तशरीह

[illegible] नहीं ❖

दफ़ा १५२ नक़शा नम्बर ५ जमा बासिल बाक़ी तहसीली उस रुपये का [illegible] है जो तहसीलदारों में इतफ़ाक़ रक़म की बाबत दाख़िल किया जाता है इस नक़शे में सिर्फ़ वह ख़ानाजात लिखे जायंगे जो गांव के रवाज से मुता[illegible] हों ❖

दफ़ा १५३ नक़शा नम्बर ६ जमा व ख़र्च इस की तशरीह ज़रूर नहीं ❖

दफ़ा १५४ नक़शा नम्बर ७ नक़शा इन्तिक़ाली याने तग़ैयुरात का [illegible] इस नक़शे की ख़ाने पुरी की हिदायतें और उसकी तरतीब का म[illegible] दफ़आत २२० से २३१ तक मिल्कियत के तग़ैयुरात की बहस [1] में मुन्दरिज हैं ❖

[1] [illegible] दफ़आत इस रिसाले में दफ़आत २२२ से २३३ तक मुन्दरिज हैं ❖

तितिम्मा नम्बर १८

मुतअल्लिक़े दफ़ा २५३

इक़्तिबास दफ़ा २४ चिट्ठी हुक्काम वाला मुक़ाम कोर्ट आफ़ डाइरेक्टर्स बहादुर मवर्रिख़े २१ अप्रैल सन् १८४१ ईसवी ।

दफ़ा २४ हुक्म मुसर्रेह [illegible] जो बड़े साहब ने तजवीज़ किया हमा[रे] नज़दीक बहुत मुनासिब है और मुआफ़ीदारों को हिफ़ाज़त दायमी [का] फ़ायदा देना हुक्म दोयम मुजविज़ साहब ममदूह पहिले हुक्म के बमूजिब जमीअ मुक़द्दमात मुआफ़ी जिनमें सरकार दावे से बाज़ आवे उन की रपोर्टें ख़ास सदर बोर्ड के हुज़ूर में जिस नक़शे से हुक्काम मज़कू[र] [illegible] तजवीज़ करें की जायगी और जिन मुक़द्दमात में हुक्काम सदर बोर्ड [illegible] वागुज़ाश्त को मन्ज़ूर करेंगे उन का हुक्म क़तई होगा और जिस नमूने में सदर बोर्ड तजवीज़ करेंगे एक सार्टीफ़िकट मुआफ़ीदार को ब[illegible] बहाली उसके हक़ के दिया जायगा ताकि आइन्दा ओहदेदार[ान] [illegible] की मदाख़िलत से बिलकुल महफ़ूज़ रहे ❖

अहकाम गवर्नमेन्ट

मवर्रिख़े १८ अक्तूबर सन् १८४१ ई०

दफ़ा दोयम [illegible] बंगाला के दस्तूरुलअमल के हुक्म २ में मुन्दरिज [illegible] मुआफ़ीदारों को सार्टीफ़िकट मिलें जिससे ब आसानी और तहक़ीक़ा[त]

का इन्सिदाद हो जाय ममालिक मग़रबी में ऐसा कोई हुक्म जारी नहीं नव्वा
ब लफ्टिनेन्ट गवरनर बहादुर को मन्जूर है कि ऐसा हुक्म यहां भी जारी हो सा
रटीफ़िकट मुख्तसर वज़बान उर्दू और अंगरेज़ी रजिस्टर में जांचने से दर्ज हो
और जब रजिस्टर किसी ज़िला में मुकम्मिल हो जाय तो उसकी नकल मुला
हिज़ा और मंजूरी और साहब सेक्रटरी के दफ़्तर में रहने के वास्ते गवर्नमेन्ट में
भेजी जाय लिहाज़ा सदर बोर्ड इन रजिस्टरों की तरतीब और अताय सार
टीफ़िकट के वास्ते अहकाम मुनासिब तजवीज़ करके नव्वाब लफ्टिनेंट
गवरनर की मंजूरी के वास्ते इरसाल करें *

इन्तिख़ाब दफ़ा २ सरकुलर नम्बर २० मुसद्दरे सदर बोर्ड
मवर्रिख़े ३ सितम्बर सन् १८३९ ईसवी

दफ़ा २ जब हरएक ज़िले में ज़मीन माफ़ी की तहक़ीक़ात मुकम्मि
ल हो जाय तब छोटे क़तआत मुआफ़ी के वास्ते अहकाम जारी होंगे और
इस नक़शे से कैफ़ियत मुरत्तब होगी *

नक़शा आराज़ियात मुआफ़ी दायमी ज़िले फ़लां

नाम परगनः	नाम मौज़ा	तादाद ज़मीन अज़रूय मसाहत	क़िस्म मुआफ़ी	बाराज़ाइन्द के हुक्म अख़ीर की तारीख़ और क़िस्म के इजरास में	कैफ़ियत

नक़्शा आराज़ियात मुआफ़ी हीन हयात ज़िले फ़लां

नाम परगना	नाम मौज़ा	तादाद ज़मीन मज़रुआ मय मन्मादन	नाम काबिज़	उमर काबिज़	हुलया काबिज़	जब्त होने की तारीख़	कैफ़ियत

मज़मून सदर बोर्ड माल मुवर्रिखे ३१ अगस्त सन् १८४१ ई०

हुक्म दिया जाता है कि रियासत के हर ज़िले की बाबत कुल मुआफ़ी जात मज़्कूर दह बीघा के नक़्शाजात मुकम्मिल नमूने ज़ैल के मुताबिक़ मुरत्तब करके भेजे जावें ॰

१	२	३	४	
नाम परगना	नाम मौज़ा	नाम क़ाबिज़	तादाद आराज़ी मुआफ़ी	
			वैरान	मुतअल्लिक़ मज़रूअ

२ यह रजिस्टर और वह जो सरकुलर नम्बर १८ मुवर्रिखे ३ सितम्बर सन् १८३९ ईसवी की रू से बाबत आराज़ी ज़्यादः अज़ दह बीघा के मतलूब हैं याने अव्वल रजिस्टर मुआफ़ी दायमी और दूसरा हीन हयात का सब एक पैमाने के हों ताकि उन के मिलाने से ज़िले की हर क़िस्म मुआफ़ी के रजिस्टर मुरत्तब और मुकम्मिल बनें ❖

तितम्मः नम्बर १९ की तशरीह ॥

मालगुज़ारी रजिस्टर का बयान और उसके ख़ानः पुरी की हिदायतें

ख़ाना १ हत्तुलइमकान तरतीब रदीफ़वार हो नम्बर शुमार हर साल बदला करैगा और ख़ाना ४ के बमूजिब होगा न ख़ाना २ के मुवाफ़िक़ ख़ाने २ और ३ इन में जो मुहालात मुन्दरिज हैं सालगुज़श्ता के रजिस्टर से यकसाँ हो ख़ाना ४ और ५ जो मुहाल इस साल में इकट्ठा हुए हैं ख़ाने ५ में एक दूसरे के बाद मुन्दरिज होंगे और बड़ा मुहाल जिस्से देहात मख़लूत तमीज़ पाते हैं ख़ाने ४ में मुन्दरिज होगा ख़ाने ६ और ७ रजिस्टर सालगुज़श्ता के मुवाफ़िक़ होंगे ख़ाने ८ इस ख़ाने में जो शख़्स मुहाल मुन्दर्जे ख़ाने ४ का मालिक और क़ाबिज़ ज़ाहिरी है मुन्दरिज होगा ख़ाने ९ जिस हाल में कि ज़ाहिरी मालिक से नहीं बल्कि किसी और से तहसीलदार ज़र मालगुज़ारी तलब करता है मसलन सरकारी मुस्ताजिर या ठेकेदार या कारिन्दा या मुरतहिन इस में मुन्दरिज होगा और जिस वजह से मुहाल का एहतमाम करता है नाम के बाद लिखी जायगी जब मालिक ख़ुद अपनी मिल्कियत का इन्तिज़ाम करता हो यह ख़ाना ख़ाली रहैगा ख़ाना १० सालगुज़श्ता के रजिस्टर से मुताबिक़ होगा ख़ानें ११ इस ख़ाने में वही मीज़ानें मुन्दरिज होती हैं जो नक़्शा क़िस्तबन्दी में होनी चाहियें हर अलाहिदा मुहाल या मौज़ा की क़िस्तबन्दी जुदागाना बनानी ज़रूर न होगी ख़ाने १२ जहां कुछ तबदील नहीं हुई इस ख़ाने में कुछ न लिखा जायगा ❖

वाज़ह हो कि रजिस्टर सरनौ से शुरू होने वक़्त ख़ानेजात २ और ३ और ६ और ७ और १० ख़ाली होंगे बारवें ख़ाने में तहसीलदार मुफ़स्सल कैफ़ियत लिखै कि मरातिब मुन्दर्जा नक़्शा किस हुक्म से हुए और ज़रूर है कि साहब कलक्टर इन मरातिब को बवजह अहसन इम्तिहान करैं

[illegible] जिस वक़्त किसी तब्दील का कोई हुक्म काफ़ी नहीं ज़ाहिर होजा-
[illegible] जब किसी मुक़ाम में इन्तिक़ाल क़बज़े का विरासत के बमू-
[illegible] हुआ हो मगर रपोर्ट उसकी नहीं हुई या मुहालात के किसी दरख़्त
[illegible] बन्दोबस्त की मन्ज़ूरी न हुई हो जब इस तरह के तग़य्युरात हुए
[illegible] उनकी रपोर्ट भी हुई मगर हुक्म नहीं आया तहसीलदार उन म-
[illegible] को असली रजिस्टर के मुताबिक़ मुन्दरिज करके तबदील की
[illegible] जावेगी चुनांचे नक़्शे के चौथे नम्बर में इस तरह का मुक़द्-
[illegible] के वास्ते मुन्दरिज है ॥

तितिम्मा नम्बर २०

मुतअल्लिक़े दफ़ा १९६ ॥

सरकुलर हुक्म सदर दीवानी अदालत मग़रबी नम्बर १२०४

मुवर्रिख़े १ सितम्बर सन् १८४७ ईसवी

दफ़ा १ हुक्काम सदर दीवानी को इशारा हुआ कि अगर शरायत मुन्दर्जे ज़िम्न ७ दफ़ा २४ कानून ४२ सन् १८०३ ईसवी मरई रहैंगी तो रजिस्टरी के काग़ज़ात पर रुजू करने में ज़्यादा आसानी और वसायक़ में तहरीफ़ और तबदील का बख़ूबी इन्सिदाद होगा चुनांचे ज़िम्न मज़कूर में हुक्म है कि साहबान रजिस्टर वसायक़ ज़मीन के इन्तिक़ालात की बाबत जो सराहतें उन के रजिस्टरों में मुन्दरिज होते हैं उनके जुज़्व साहब कलक्टर के पास भेजा करें ✦

दफ़ा २ तरतीब दफ़ातिर कलक्टरी के तरीक़े का बयान इस महल पर ज़रूर नहीं है हुक्काम सदरदीवानी को ऐसा हुआ है कि अगर इस तरतीब सरिश्ता पर अच्छी तरह अमल किया जाय तो यक़ीन है कि हर एक इन्तिक़ाल वाक़ई बाबत दख़्ल मालिकाना के वाजिबी हो ख़्वाह ग़ैर वाजिबी में तसरीह उन वजूह के जिनपर इन्तिक़ाल मज़कूर मबनी है और भी जिस तरीक़े से इन्तिक़ाल क़ब्ज़ा अमल में आया साहब कलक्टर के दफ़्तर से दरयाफ़्त हो सक्ता है ✦

दफ़ा ३ हुक्काम सदर दीवानी साहबान सदर बोर्ड की सलाह से हुक्म देते हैं कि जब कोई दस्तावेज़ व निसबत मिल्कियत ज़मीन के किसी रजिस्टरी के दफ़्तर में रजिस्टरी कीजाय तो साहब रजिस्टर लवाज़िम रजिस्टरी की तकमील करके नक़ल दस्तावेज़ मज़कूर की जो बहुत सेहत और एहतियात से लिखी गई हो मै नक़ल जुमला काग़ज़ात मुतअल्लिक़ा उसके बलफ़्ज़ बकारी अलाहदा उस ज़िले के साहब कलक्टर के पास जहां मिल्कियत मुतअल्लिक़े दस्तावेज़ वाक़े हो भेज दें और काग़ज़ात मज़कूरा के भेजने में मुतलक़ ताख़ीर जायज़ नहोगी और ज़रूर होगा कि नक़ल अच्छी तरह असिल से मुक़ाबला कीजाय और बनाईद सेहत दस्तावेज़ मज़कूर के दस्तख़त साहब रजिस्टर के सब्त हों ✦

दफ़ा ४ साहब कलक्टर काग़ज़ात मज़कूर पाने के वक़्त बमूजिब अहकाम इमरोज़ा मजरिये साहबान सदर बोर्ड के कारबन्द होंगे ✦

दफ़ा ५ साहबान रजिस्टर को लाज़िम होगा कि हर महीने के आख़ीर अपनी अन्डकस बही नम्बर २ का इन्तिख़ाब जिसमें हाल दस्तावेज़ात मुतअल्लिक़े

दफ़ा ३ नज़र बरीं मतलब जिस रूबकारी के साथ कोई वसीक़ा ख़ाह चंद वसायक़ आवें उसकी पुश्त पर हुक्म इस मज़मून का तहरीर करें कि वसीक़ा या वसायक़ दफ़्तर में रक्खे जावें ॥

दफ़ा ४ वसीक़ः ख़ाह वसायक़ मज़कूरा की एक अलाहदा मिसिल बनाकर जिस मौज़े के मुतअल्लिक़ हो उसी बस्ते में रक्खी जायगी और मौज़ेवार फ़ेहरिस्त आम के एक ख़ाने जदीद में मुन्दरिज किया जाय जिस का उनवान यह चाहिये वसायक़ रजिस्टरी जिस हाल में कि वसीक़ा या वसायक़ मज़कूरा मूजिब तबदील क़बज़ा मालिकाना के हों इस सूरत में एक नई मिसिल बनाई जाय और दाख़िल ख़ारिज के ख़ाने में उसका हाल मुन्दरिज किया जाय ॥

दफ़ा ५ जो वसायक़ एक रूबकारी के साथ आये हैं अगर दो तीन मौज़ा से इलाक़ा रखते हों चाहिये कि उस मौज़ा के बस्ते में शामिल किये जांय जो औरों से बड़ा और मशहूर हो और जाकड़ बज़िक्र उसके हर गांव के बस्ते में रक्खा जांय जिनसे वसायक़ मज़कूर मुतअल्लिक़ हों ॥

दफ़ा ६ दफ़ा ४ सरकूलर सदर दीवानी मज़कूर में हुक्म है कि साहब रजिस्टर फ़ेहरिस्त रजिस्टरी नम्बर २ का एक माहवारी इन्तिख़ाब साहब कलक्टर के पास भेजा करें चाहिये कि उसके पहुंचने के वक़्त साहब कलक्टर मुहाफ़िज़ दफ़्तर को हुक्म दें कि जो वसायक़ फ़िलवाक़ै आये हैं उस से मुक़ाबला करें और जो फ़र्क़ या ग़लती हो पेश करें और जो कुछ ग़लतियां निकलें उनकी इसलाह के वास्ते साहब रजिस्टर के साथ तदबीर मुनासिब करें ॥

दफ़ा ७ दरसूरते कि इन्तिज़ाम मज़कूरे बाला एहतियात से जारी हो तो दरयाफ़्त करना इस अम्र का कि फ़लां वसीक़ा साहब कलक्टर के दफ़्तर में किस जगह है कुछ मुशकिल न होगा सायल को सिर्फ़ परगनः और मौज़ा का निशान देना पड़ैगा ॥

दफ़ा ८ इजराय हुक्म मुनासिब और दफ़्तर में बहिफ़ाज़त वसीक़ा के पहुंचने के लिये सरिश्तःदार ज़िम्मेदार होगा और मुहाफ़िज़ दफ़्तर के ज़िम्मे होगा कि साहब कलक्टर का हुक्म और शरायत इस दस्तूरुलअमल की तमाम और कमाल अमल में आवें ॥

दफ़ा ९ साहबान कमिश्नर को एहतियात करनी वाजिब है कि उन की क़िसमत में इस सरकूलर के अहकाम बदुरुस्ती अंजाम होते रहें और

[illegible] और ग़ल्ती की वक्त मज़ाय मुनासिब की जाय ॰

तितिम्मानम्बर २१

मुतअल्लिके दफ़ा २०५

इश्तिहार नवाब लफ्टिनेन्ट गवर्नर बहादुर मुतअल्लि-

क़ा दफ़्तर माल मरकूमे २८ नवम्बर सन् १८४८ ईसवी।

चूंकि जिन शर्तों पर अज़लाअ मग़रबी व शिमाली में आराज़ियात उफ़्तादा मम्लूके गवर्नमेन्ट व सीरी ग्रंट¹ [¹ ग्रंट याने ज़मीन रिआयती सरकार] इनायत व अता की जाती हैं उनमें बहुत इख्तिलाफ़ पाया जाता है इसवास्ते नवाब लफ्टिनेन्ट गवर्नर बहादुर ममालिक मग़रबी व शिमाली दस्तूरुलअमल मुफ़स्सिले ज़ैल काग़ज़ात सरिश्ता से मुरत्तब कराके हिदायत व इत्तिला के वास्ते मुश्तहिर फ़रमाते हैं अव्वल दस्तूरुलअमल वास्ते अताय ग्रंट आराज़ियात आफ़्तादा वाक़े अज़लाअ मग़रबी व शिमाली के दोवम ग्रन्ट डेवा-न्ट याने सनद का नमूना जो तज्वीज़ होकर बना है सोवम आराज़ियात उफ़्तादा को ग्रन्ट के लिये जुदे जुदे क़तआत में तक़सीम करने की हिदायतें अहलकारान पैमाइश के नाम अव्वल दस्तूरुलअमल दरबाब अताय ग्रंट आराज़ियात उफ़्तादा मम्लूके गवर्नमेन्ट वाक़े अज़लाअ मग़रबी व शिमाली ॰

दफ़ा पहिली किसी ग्रन्ट का रक़बा कुल चार हज़ार एकड़ क़ाबिल ज़िराअत ज़मीन से ज़्यादा नहोगा ॰

दफ़ा दूसरी जब तक कि ज़मीन नप कर नक़्शा न बनजाय और क़ाबिल ज़िराअत और ग़ैर मुमकिनुल ज़िराअत की तादाद मालूम नहोले तब तलक न कोई ग्रन्ट न दीजायगी जब मरातिब मज़कूरा तहक़ीक़ हो जांय बाद्हू उसके बाब में ग्रन्ट लेनेवाले को कुछ जाय उज़्र न रहैगी ॰

दफ़ा तीसरी ग्रन्ट में जितनी ज़मीन क़ाबिल ज़िराअत हो उसके तीन चौथा पर जमा लगाई जायगी बाक़ी कुल ज़मीन ग़ैर मुमकिनुल ज़िराअत और एक रुबा क़ाबिल ज़िराअत पट्टा की मीआद तक अहलग्रन्ट के इ-ख्तियार में रहैगी बशर्तेकि [illegible] पट्टा को अमल में लावे और बाद इन्क़िज़ाय मीआद पट्टा कुल ज़मीन ग्रन्ट उसी की मिल्कियत समझी जायगी और जिन शर्तों पर कि और आराज़ियात ख़िराजी मालिक के [illegible] में रहती हैं उसी तरह यह भी रहैगी ॰

दफ़ा चौथी आराज़ियात ग्रन्ट पर ब शरह मुन्दर्जे ज़ैल जमा मुक़र्रर होगी और यह तक़र्रुर जमा का इस क़यास से किया जायगा कि ज़मीन खिराजी याने तीन रुबा क़ाबिल ज़िराअ़त से पहिले बीस बरस में हर बरस बीसवां हिस्सा मज़रूआ होता जाता है तो इस हिसाब से उनतीसवें बरस में जमा अपनी हद्द कामिल को पहुंच जायगी और ठेका पचास बरस की मीआ़द के वास्ते होगा ॰

दफ़ा पांचवी जिस क़दर ज़मीन मज़रूआ होती जायगी उस पर फ़ी एकड़ महसूल तफ़सील ज़ैल के मुताबिक़ लिया जायगा ॰

नक़्शा इज़्दियाद जमा बहिसाब ३२ गंडा २० गंडे का एक आना होता है ॥

तफ़सील साल	रूपिया	आना	गंडा
पट्टे के पहिले तीन साल	० ० ०	० ० ०	० ० ०
चौथे साल	० ० ०	३)	० ० ०
पांचवे साल	० ० ०	।)	११
छठे साल	० ० ०	।=)	२
सातवें साल	० ० ०	।≡)	१३
आठवें साल	० ० ०	॥=)	४
नवें साल	० ० ०	॥≡)	१५
दसवे साल	० ० ०	॥।)	६

दफा सातवीं आराज़ियात ग्रन्ट की सड़कों में खास आम के इस्तह्काक़ में मौहूब अलह को जाय मुज़ाहिमत नहोगी और अहल ग्रन्ट से इखराज़ात सड़क के वास्ते जमा पर फी सदी एक रुपया भी लिया जायगा मगर उस रसूम के दावे से अहल ग्रन्ट किसी रास्ते खानगी के बनाने में सरकारी इआनत का मुस्तहक़ नहोगा ॥

दफा आठवीं अगर पट्टे के पहिले साल अहल ग्रन्ट अपनी ज़मीन का तरद्दुद शुरू न करेगा तो ठेका फ़िस्ख हो जायगा और सरकार ज़मीन वाज़याफ़ कर के जिसके साथ मुनासिब जानै बन्दोबस्त करेगी ॥

दफा नवीं अगर पट्टे के पहिले पांच साल में ज़मीन मालगुज़ारी से एक रुबा का जंगल कट कर तरद्दुद नहोगा तो सरकार को इख्तियार होगा कि बाकी ज़मीन ग़ैर मज़रूअः वाज़याफ़ कर ले और अहल ग्रन्ट से रुबा मज़कूर में जो ज़मीन ग़ैर मज़रूअः निकलैगी उस पर फी एकड़ चार आना जुर्माना ले ॥

दफा दसवीं अगर दस बरस में कुल ज़मीन मालगुज़ारी से निस्फ ज़मीन का जंगल कट कर तरद्दुद न होगा तो सरकार को इख्तियार होगा कि बाक़ी ज़मीन ग़ैर मज़रूअः वाज़याफ़ करले और दूसरे निस्फ में जो ग़ैर मज़रूअः निकले उसपर फी एकड़ चार आना के हिसाब से जुर्माना ले ॥

दफा ग्यारवीं अगर बीस बरस में कुल ज़मीन मालगुज़ारी का जंगल काट कर तरद्दुद न हो जायगा गवर्नमेन्ट को इख्तियार होगा कि ग्रैंट की बाकी ज़मीन ग़ैर मज़रूअः वाज़याफ़ कर के ग़ैर मज़रूअः ज़मीन के हर एकड़ पर चार आने के हिसाब से अहल ग्रन्ट पर जुर्माना करे ॥

दफा बारवीं जो जुर्माना दफ़आत ९ और १० और ११ के मुताबिक किया जायगा वह जमीन मज़रूअः से उसी तरह वसूल होगा जैसे कि सरकार की बाकियात माल ज़मीन खिराजी से वसूल की जाती है मगर अहल ग्रन्ट की ज़ात और दूसरी जायदाद से उसकी बाबत कुछ मवाखिज़ा नहोगा ॥

दफा तेरवीं जबकि दफ़आत ९ और १० और ११ के मुताबिक किसी ग्रन्ट की ज़मीन ग़ैर मज़रूअः गवर्नमेन्ट के क़ब्ज़े में आए और अहल ग्रन्ट अपना जुर्माना अदा करदे तो ज़मीन मज़रूअः और उसका मुल्हक़ सुल्स मिला कर और जितनी ग़ैर मुमकिनुल ज़िराअत गवर्नमेन्ट मुनासिब

[illegible] नया ग्रन्ट बनावे और उसी अह्ल ग्रन्ट को दे जिस
[illegible] वह नया ग्रन्ट दिया जायगा वह उसी तरह के मुताबिक़ होगी
[illegible] में मज़कूर हुई याने इस शुमार से कि गोया इस्तिम्रा-
र [illegible] ज़मीन मज़रूआ का अह्ल ग्रन्ट के हर साल में बहिस्से
[illegible] हुआ जो ग्रन्ट जदीद इस तरह से मुक़र्रर होगा उसकी
[illegible] मुक़र्रर की जाय गी और पैमायश होकर नक़शा उसी तरह बने
[illegible] मुहाल का बनता है और बन्दोबस्त मीआद ग्रन्ट सा-
[illegible] याने पचास बरस के वास्ते होगा ॰

दफ़ा चौदहवीं इस अम्र की तहक़ीक़ात के वास्ते कि जो शर्तें दफ़-
आत ८ और ९ और १० और ११ में लिखी हैं करार वाक़ई अमल में आती
हैं या नहीं गवर्नमेन्ट को इख़्तियार होगा कि जब चाहे आराज़ियात ग्र-
न्ट की पैमायश करे और अगर देखे कि शर्तों के मुताबिक़ रक़बा नहीं जो-
ता गया तो बज़ाय मुआयना अह्ल ग्रन्ट को दे ॰

दफ़ा पंदरवीं जितनी आराज़ियात इस दस्तूरुल अमल के मुताबि-
क़ बसीग़े ग्रन्ट दी जांयगी उनकी आराज़ियात मज़रूआ बतौर मुहा-
लात खालसा तसव्वुर की जांयगी याने जिस तरह कि मुहालात खिराजी
के बाबत यकबारगी मुन्दर्जे आईन मुतअल्लिक़ हैं उसी तरह उनसे भी
होंगे और अह्ल ग्रन्ट मुहालात के ज़मींदार और मालिक समझे जांयगे
और जो ज़िम्मेदारियां क़ानून की रू से खालसा मुहालात के ज़मींदारों
से मुतअल्लिक़ हैं उनसे भी होंगी ॰

दफ़ा सोलहवीं अह्ल ग्रन्ट को ज़मीन बसीग़े ग्रन्ट लेने से ज़िराअत का
[illegible] होता है और जो कुछ ज़मीन मज़रूआ में पैदा हो उस का-
मालिक रहता है मगर जो चीज़ें कि ज़मीन में अज़ खुद पैदा होती हैं या
[illegible] ज़मीन के नीचे हों या ऊपर उनका इस्तहक़ाक़
[illegible] कोई अग़राज़ अह्ल ग्रन्ट के सिवाय अग़राज़ मज़कू-
[illegible] रहे हैं उनसे अह्ल ग्रन्ट कुछ मुज़ाहिमत न क-
[illegible] उसकी आराज़ियात मज़रूआ में मदाख़िलत
[illegible] लेकिन जहां इन अशया का किसी को यह इस्त-
[illegible] गवर्नमेन्ट खुद अपने मसरफ़ के वास्ते न चाहे
[illegible] को इजाज़त दे कि अपने काम में लावें मगर उन के म-
[illegible] कि गवर्नमेन्ट ने मुक़र्रर की हों या आइन्दा मुक़र्रर करे

अमल में लानी होगी ÷

दफ़ा सत्तरवीं रिफ़ाह आम के वास्ते अह्ल ग्रन्ट को हर भाठ घर काश्तकारों पर जो उस ज़मीन में रहते हैं एक चौकीदार रखना पड़ेगा और उसको या तो पांच एकड़ अच्छी ज़मीन मज़रूअः जागीर मिलेगी या मुशाहरा मिलेगा जो २॥) रुपया माहवारी से कम नहो हर तीन चौकीदारों पर एक गुड़इत या विलाहर तीन एकड़ अच्छी ज़मीन या मुशाहरा पर जो ७) रुपये माहवारी से कम न हो अह्ल ग्रन्ट की तरफ़ से रहैगा ÷

दफ़ा अट्ठारःवीं अह्ल ग्रन्ट को लाज़िम होगा कि ज़मीन मज़कूर पर अपनी तरफ़ से तूदा मुस्तहकम बंधवावे ताकि उसकी आराज़ी की हदें मालूम रहें ÷

दफ़ा उन्नीसवीं जो इख्तियार गवर्नमेन्ट का तमाम नहरों पर है आराज़ियात ग्रन्ट की नहरों पर भी रहेगा ख़ाह वह आबपाशी ख़ाह किश्ती चलाने के लिये अमल में आता है गवर्नमेन्ट जब कभी मुनासिब जाने नहियों को अपने इख्तियार में लेकर जिस तरह और जिन शर्तों पर चाहे उनका पानी तक़सीम करे मगर उन नहियों का इख्तियार लोगों को सिर्फ़ गवर्नमेन्ट की खास इजाज़त से मिल सकैगा ÷

दफ़ा बीसवीं जब शरायत मुफ़स्सिले बाला के मुताबिक़ कोई शख़्स ग्रन्ट के वास्ते दरख़ास्त गुज़राने तो ग्रन्ट नीलाम पर चढ़ाया जायगा और जो कोई नीलाम में सब से ज़्यादा क़ीमत देगा उसी को मिलैगा और अगर कोई दूसरा शख़्स ख़ाहां नहोगा तो दरख़ास्त दिहन्दा को उन्हीं शर्तों के बमूजिब इनायत होगा ÷

दोवम नमूना वारन्ट याने सनद ग्रन्ट का ॥

इस सनद से हर खास व आम पर वाज़ह हो कि नव्वाब लफ़्टिनेन्ट गवर्नर बहादुर ममालिक मग़रबी और शिमाली मुसम्मा और उस के वारिसों और वसीयों और मुख़्तारों और कारिन्दों को एक किता आराज़ी जंगल नादारी एकड़ वाक़े बसीगे ग्रन्ट इनायत फ़रमाते हैं कि शरायत मुफ़स्सिले ज़ैल के मुताबिक़ वह आराज़ी अब से पचास बरस तक उस के क़ब्ज़े और तसर्रुफ़ में रहेगी ÷

अव्वल अह्ल ग्रन्ट पर लाज़िम होगा कि बीस बरस में कुल आराज़ी

ज़मीन का तरद्दुद बमूजिब मुफ़स्सिले ज़ैल करे सिवाय   एकड़ आराज़ी
जो मुस्तस्नियात और एक रुबा याने   एकड़ बाक़ी ज़मीन का
मुस्तस्नियात के जिसके बाब में गवर्नमेन्ट ने मन्ज़ूर किया है कि दर
सूरत बहाली शरायत पट्टा के अहल ग्रन्ट के तसर्रुफ़ में रहैगी +

दोयम अगर पहिले साल में ज़मीन का तरद्दुद शुरू नहोजायगा
तो बन्दोबस्त फ़िस्ख़ होकर सरकार को इख़्तियार होगा कि ग्रन्ट बाज़या-
फ़्त करले और जिस तरह मुनासिब जाने उसका बन्दोबस्त करे +

सोयम अगर पहिले तीन बरस में   एकड़ ज़मीन का तर-
द्दुद शुरू नहोगा तो गवर्नमेन्ट को इख़्तियार होगा कि सब ग़ैर मज़रू-
अः ज़मीन बाज़याफ़्त करके जिस तरह चाहे उसका बन्दोबस्त करे औ
र   एकड़ों में से जितनी ज़मीन ग़ैर मज़रूअः रहैगी उसकी फ़ी एक-
ड़ चार आने के हिसाब से अहल ग्रन्ट पर जुर्माना होगा +

चहारुम अगर दस बरस में   एकड़ ज़मीन का तरद्दुद न
होगा तो ग़ैर मज़रूअः ज़मीन के बाज़याफ़्त करले का गवर्नमेन्ट को इख़्ति-
यार होगा और जो   एकड़ों में ग़ैर मज़रूअः रहैगी फ़ी एकड़ चार आ-
ने के हिसाब से अहल ग्रन्ट पर जुर्माना किया जायगा +

पंजुम अगर बीस बरस में   एकड़ ज़मीन का तरद्दुद न
होगा तो गवर्नमेन्ट को ग़ैर मज़रूअः ज़मीन के बाज़याफ़्त करने का इ-
ख़्तियार होगा और जो   एकड़ में ग़ैर मज़रूअः रहैगी उसके फ़ी
एकड़ चार आने के हिसाब से अहल ग्रन्ट पर जुर्माना किया जायगा +

शशुम जो जुर्माना कि अहल ग्रन्ट पर ऊपर की दफ़ओं में कि-
सी के मुताबिक़ किया जायगा वह मज़रूअः ज़मीन से उसी तरह
वसूल होगा जिस तरह सरकार की बाक़ियात माल वसूल की जा-
ती है अगर अहल ग्रन्ट और उसकी दूसरी जायदाद से कुछ मवाख़ि-
ज़ा नहोगा +

हफ़्तुम जिन्सबन्दी सुरहिन्नि मुक़ाम   के मुताबिक़ हर
साल जमा मुफ़स्सिले ज़ैल अहल ग्रन्ट से ली जायगी +

साल फ़सली	जमा	साल फ़सली	जमा
पहिले साल	०	१६ साल	०
२ साल	०	१७ साल	०
३ साल	०	१८ साल	०
४ साल	०	१९ साल	०
५ साल	०	२० साल	०
६ साल	०	२१ साल	०
७ साल	०	२२ साल	०
८ साल	०	२३ साल	०
९ साल	०	२४ साल	०
१० साल	०	२५ साल	०
११ साल	०	२६ साल	०
१२ साल	०	२७ साल	०
१३ साल	०	२८ साल	०
२४ साल	०	२९ साल	०
१५ साल	०	५० साल तक	०

हस्तुल आराज़ियात ग्रन्ट की सड़क में जो खास आम हकूक रखते हैं उन में किसी तरह की मुज़ाहिमत न होगी और वाहद ग्रन्ट में ज[illegible] मा कुल पर फ़ी सदी ५) रुपया खर्चा सड़क के वास्ते व [illegible] और [illegible] नालचात मरम्मत सड़क के लिया जायगा सिवाय सड़क आम के लिये

कुएं सड़क के बनवाने या मरम्मत कराने में अहल ग्रन्ट को गवर्नमेन्ट से हर्जान
न मांगने का इस्तहक़ाक़ न होगा ॥

नहुम ज़मीन की पैमायश बहिसाब अंगरेज़ी एकड़ के जो चार हज़ार
गज़ की चालीस गज़ मुरब्बा का होता है हुआ करैगी और गवर्नमेन्ट को इख़्ति-
यार होगा कि जब चाहै ज़मीन को नापे ता मालूम रहै कि शर्तों के मुताबि-
क़ क़ब्ज़ का तरद्दुद अर्से मुऐयना में हुआ या नहीं ॥

दहुम अहल ग्रन्ट को लाज़िम होगा कि अपनी ज़मीन के चारों तरफ़
हदबन्दी पायदार करा ले और उनकी मरम्मत कराता रहै ॥

याज़दहुम ग्रन्ट की अराज़ियात मज़रूअः बतौर मुहाल ख़ालसा
के शुमार की जायगी याने बतौर मुहालात मालगुज़ारी के होगी और क़वा-
नीन जिस तरह मुहालात ख़ालसा में मुतअल्लिक़ हैं उससे भी होंगे अहल
ग्रन्ट तामीआद पट्टा बतौर मालिक ख़ालसा के तसव्वुर किया जायगा और
जितने लवाज़िमात क़ानून की रू से मुहालात ख़ालसा के मालिकों से मु-
तअल्लिक़ हैं उससे भी मुतअल्लिक़ होंगे ॥

दुवाज़दहुम इस सनद से अहल ग्रन्ट को ज़िराअत और ज़मीन मज़रू-
अः की पैदावार का इस्तहक़ाक़ होगा मगर जो चीज़ें कि ज़मीन में अज़-
ख़ुद पैदा होती हैं या मादनियात वग़ैरः ज़मीन के ऊपर हों या नीचे उन-
का इस्तहक़ाक़ न होगा जहां कहीं अहल ग्रन्ट के सिवाय और अशख़ास
अशयाय मज़कूरा को तसर्रुफ़ में लाते रहे होंगे उन से अहल ग्रन्ट कुछ मुज़ा-
हिमत न करैगा जब तक कि उसकी अराज़ियात मज़रूअः में मुदाख़िलत
या नुक़सान न करें लेकिन जहां इन अशया का किसी को इस्तहक़ाक़
न हो वहां अगर गवर्नमेन्ट ख़ुद अपने मसरफ़ के वास्ते न चाहै तो अहल
ग्रन्ट को इजाज़त दे कि अपने मसरफ़ में लावै मगर जो शर्तें कि गवर्नमे-
न्ट उन के ऊपर मुक़र्रर की हों या आइन्दा मुक़र्रर करै अमल में ला-
नी होंगी ॥

सेज़दहुम रिफ़ाह आम के वास्ते अगर साहब मजिस्ट्रेट चाहैं तो
अहल ग्रन्ट को हर आठ घर या कुनबों के लिये जो वहां बस्ते हों एक चौ-
कीदार मुक़र्रर करना पड़ेगा कि तनख़्वाह उसकी या तो पांच एकड़ ज़मीन मज़-
रूअः बतौर जागीर होगी या मुशाहरा नक़द मिलैगा जो ३।) रुपया मा-
हवारी से कम न हो हर तीन चौकीदारों पर एक गुड़इत या चिलादार ब-
तौर जागीर तीन एकड़ अच्छी ज़मीन मज़रूअः के या ब मुशाहरे नक़द के

जो २) रुपये माहवारी से कम नहो अह्ल ग्रन्ट की तरफ़से रहेगा ॰

चहारदहुम जो इख़्तियार गवर्नमेन्ट का तमाम नहरों पर है आबा-ज़ियात ग्रन्ट की नहरों पर भी रहेगा ख़्वाह आबपाशी के वास्ते ख़्वाह किश्तियों की आमदरफ़्त के लिये दरकार हों और जब कभी फ़वाइद आम्मके लिये मुनासिब जाने गवर्नमेन्ट उन नद्दियों को अपने इख़्तियार में लेकर जिस तरह और जिन शर्तों पर चाहे उनका पानी तक़सीम करे और उन नद्दियों का इख़्तियार उन लोगों को सिर्फ़ गवर्नमेन्ट की ख़ास इजाज़त से मिलसकेगा ॰

पांज़दहुम जिस क़दर ज़मीन इस ग्रन्ट में शामिल है नक़्शा मुन्ज़ैं ज़ैल से वाज़ह होगी ॰

नम्बर मुताबिक़ नक़्शः	ग्रन्ट यानी क़िताः ज़मीन का नाम	अह्ले ग्रन्ट का नाम	रक़्बा कुल व हिसाब एकड़	मिनजुम्ले बाबत अराज़ी ग़ैरमुमकिन नाक़ाबिल ज़िराअत	बाक़ी ज़मीन क़ाबिल ज़िराअत	मिनजुम्ले उसके एक रक़्बा मिस्ल ज़मीनात क़ाबिल ज़िराअत [illegible]	रक़्बा जिस पर जमा लगेगी

हुदूद ग्रन्ट
- शिमाली . . . .
- मशरक़ी . . . .
- जनूबी . . . .
- मग़रबी . . . .

और अगर अह्ल ग्रन्ट इन सब शर्तों को क़रार वाक़ई बजा लावेगा तो वह ज़मीन बाद इन्क़िज़ाय मीआद अह्ल ग्रन्ट के क़ब्ज़े में इन्हीं शर्तोंपर रहेगी और क़ानून की रू से वह लवाज़िम उससे मुतअल्लिक़ होंगे जोज़िला मग़रबी और शिमाली के देहात ख़िराजी से मुतअल्लिक़ हैं ॰

नवाब लफ़्टिनेन्ट गवर्नर बहादुर ममालिक मग़रबी व शिमाली के हुक्म से तारीख़ को जारी हुआ — अलअब्द साहब सक्रटरी गवर्नमेन्ट

सोवम

आराज़ियात मोक़ादः को ग्रन्ट के लिये क़ितओं में तक़सीम करने के वास्ते सहल पैमायश की हिदायतें ॥

१ जितनी ज़मीन मुतअल्लिक़े गवर्नमेन्ट ग्रन्ट के लिये तजवीज हो ज़रूर है कि उसका हलक़ा नाप लिया जाय ताकि उसकी हद्दूद सही हु और मुशख्ख़स हों ✢

२ तब उस ज़मीन को क़तओं में जो तख़मीनन चार चार हज़ार एकड़ के हों तक़सीम करना चाहिये और हत्तुलइमकान हदें उन क़तआत की क़ुदरती जैसे दरया वग़ैरा रहें और इस बात की भी इहतियात हो कि हर क़ितअ में हत्तुलवसा यकसां गुंजायश की ज़मीन आवे सिवाय इन चार हज़ार एकड़ मुऐयना के किसी क़दर ज़मीन ग़ैर मुमकिनुलज़िराअत भी मुलहिक़ करनी चाहिये ताकि क़ितअ बतौर हलक़ेबन्दी के हो और कज और पेच निकल जाय ✢

३ जहां मुस्तहकम निशान हुद्दूद के बनाने होंगे वहां चाहियेकि फ़िलहाल मिट्टी या पत्थर या लकड़ी से जो मुनासिब हो तूदे बंधवाये जायें और यह निशान नक़शे में किसी तौर मुनासिब से ज़ाहिर रहैं

४ तब हर क़िते की ज़मीन को गिर्द नवाह की उसी क़िस्म ज़मीन मज़रूआ के अन्दाज़े कैफ़ियत से मुक़ाबला करके देखा जाय कि क़ाबिलज़िराअत है या ग़ैर मुमकिन और जैसी हो उसकी क़िस्म का लिख लेना चाहिये ✢

५ जो क़तआत इस तरह बनाये जांय मुनासिब है कि उनकी पैमायश हो और उन पर नम्बर लगाये जांय और एक फ़हरिस्त में हर एक का नम्बर और हुद्दूद और रक़बा क़ाबिल ज़िराअत व ग़ैर मुमकिनुलज़िराअत लिखा जाय ✢

६ हर एक क़ितअ का एक नक़शा बनाया जाय और उसपर क़िते का नम्बर लिखा जाय यह नक़शा फ़ी मैल ४ इंच के पैमाने से बने और उस में क़ितअ की हद्दों के निशान और रक़बा क़ाबिलुलज़िराअत और ग़ैर मुमकिन और मैदान और जंगल और नदियां और नहरें और रास्ता वग़ैरा ज़ाहिर रहें ✢

७ फिर कुल आराज़ी जंगल की सब क़तओं का एक नक़शा

व पैमाने एक इंच की मील बनाया जाय और उसमें हर क़ित्ते की हुदूद और नम्बर और वज़ा अराज़ी ज़ाहिर हो ❖

इश्तिहार

सीग़े माल

मुक़ाम आगरा यकुम मई सन् १८५५ ईसवी

इस ममालिक के गवर्नमेन्ट को दरयाफ़्त हुआ है कि बाज़े मुक़ामों में जहां क़तआत जंगल और ज़मीन उफ़्तादा बमूजिब क़वायद मजरिये मुन्दर्जे तितिम्मा नम्बर २१ हिदायत नामा मालगुज़ारी के अता हुए हैं उन क़तआत की जमा कामिल बमूजिब हिसाब मुऐयना के औसत शरह मालगुज़ारी याने शरह मुजमिलन अराज़ी मज़रूअः व क़ाबिल ज़िराअत देहात ख़ालसा गिर्द नवाह से ज़ायद है ❖

दफ़ा २ गवर्नमेन्ट को मनज़ूर है कि जमा कामिल ऐसे क़तआत की औसत शरह मालगुज़ारी उन देहात ख़ालसा से बिला ख़ास वजह ज़ायद न हो जो किसी परगना व पट्टा वग़ैरा में क़तआत मज़कूर से मुलहिक़ हों और बहालत न होने ख़ास वजह के मिक़दार जमा का तसफ़िया हर एक मुक़द्दमे में अस्ल ग्रन्ट के साथ किया जायगा ❖

दफ़ा ३ हुक्काम माल देखने नक़्शे परगनः सिवाना तुमः और भी बन्दोबस्त के नक़्शे रक़बा व जमा नम्बर ४ से उस परगने के देहात मुलहिक़ा की फ़ेहरिस्त व आसानी तैयार कर सक्ते हैं जिसमें क़तआत मज़कूर वाक़े हों और अगर यह क़तआत सरहद पर हों तो परगना मुलहिक़ा की फ़ेहरिस्त तैयार करनी होगी और औसत शरह मालगुज़ारी जुमला देहात ख़ालिसा जो मुलहिक़ हों इसी तरह पर दरयाफ़्त हो सक्ती है ❖

दफ़ा ४ बाज़ अतराफ़ में परगनात पट्टाजात पर मुनक़सिम हैं और पट्टाजात गिर्द नवाह के देहात ख़ालसा के औसत शरह मालगुज़ारी बन्दोबस्त के नक़्शा नम्बर ४ में मुन्दरिज है ऐसी सूरत में औसत शरह मालगुज़ारी गिर्द नवाह की कमाल आसानी के साथ दरयाफ़्त हो सक्ती है ❖

दफ़ा ५ नज़ीर आइन्दा और मुलाहिज़ा के लिये फ़ेहरिस्तें तैयार करनी चाहिये अकसर जंगल और अराज़ी उफ़्तादा परगनः के मुक़द्दमों

जिस्म में रकबे वाके होती हैं ऐसी हालत में एक फ़ेहरिस्त काफ़ी होगी लेकिन जहां कि वह कतआत मुन्तशिर हों ख़ाह वसीअ परगनात में वाके होते हों तो फ़ेहरिस्त कतअवार दरकार है॥

दफ़ा ६ इन फ़ेहरिस्तों में जो बमूजिब नमूने मशमूला के तैयार हों तो वह देहात ख़ासकर मुन्दरिज होवें जो जंगल व आराज़ी उफ़तादा की कसरत में ५ ता १० मील के अन्दर वाके हैं॥

दफ़ा ७ अलावा उसके साथ नकशःजात बन्दोवस्त मामूली उन अराज़ियात के जो सफ़ाई जंगल की शर्त पर दी जाती हैं एक ज़मीमा या हाशिया बमूजिब नमूना मशमूला भेजना चाहिये ताकि गवर्नमेन्ट को इतमीनान हो कि तशख़ीस जमा में कायदे मुअय्यना अमल में आया है॥

दफ़ा ८ आइन्दा की जमा का शुमार हस्ब तरीके साबिक किया जायगा लेकिन जमा कामिल अक्सर उस वक्त हासिल होगी जबकि हिसाब मुताबिक बन्दोबस्त आस पास के गांव बन्दोबस्ती की औसत शरह मालगुज़ारी के बराबर हो जाय या जहां तक हो सके उसकी हद तक पहुंचे जैसाकि देहात की फ़ेहरिस्त मुतज़क्किरै दफ़ा ५ और ६ से वाज़ह है॥

दफ़ा ९ उस हालत में आगाही गवर्नमेन्ट के लिये वजूह ख़ास लिखनी चाहिये जबकि इस कायदे से इन्हिराफ़ ज़रूर मालूम हो याने जब कि कुल या क़रीब जमा कामिल हिसाब मुजविज़ा साबिक का मुतालबा बावजूद होने ज़ायद आस पास की औसत शरह मालगुज़ारी से मुनासिब मालूम हो॥

नमूना

ज़िला	परगना	नाम मौज़ा ख़ासकर जो जिसका जंगल या मुलहिक़ है॥	शरह रकबा मालगुज़ारी बमूजिब नकशा नम्बर ४॥	औसत शरह मालगुज़ारी॥	कैफ़ियत बाबत मौका कतआत उफ़तादा जिनके वास्ते फ़ेहरिस्त मुरत्तब हुई है॥
१	२	३	४	५	६

फ़ायदा

जहां पर तफ़रीक़ पट्टाजात की हो तो खाने ३ और ४ की खानःपुरी पट्टाजात के हिसाब से करनी चाहिये॰

नमूना

यह क़ित्अः फ़लां परगनः की फ़लां सिम्त में वाक़े है और देखने फ़ह्रिस्त मशमूला से जो दरयाफ़्त इस बात के लिये मुरत्तब हुई है औसत शरह मालगुज़ारी आस पास के गांव ख़ालसा के फ़ी एकड़ व तादाद फ़लां मालूम होती है॰

जोकि औसत मज़कूर से ज़्यादा मुतालबा के वास्ते ख़ास वजूह पाई नहीं जातीं लिहाज़ा जमा कामिल हिसाब मुऐयना के फ़लां साल में हासिल होती है॰

या आंकि अगर वजूहात ख़ास हिसाब मुऐयना की जमा कामिल तलब करने की पाई जांय मसलन जारी होना नहर का व सर्फ़ सरकार ख़ाह मुक़र्रर होना नये और बड़े बाज़ारों वग़ैरा का तो यह सब वजूहात सराहत के साथ लिखी जांय॰

या यह लिखा जाय कि जोकि आस पास के गांव ख़ालसा की औसत शरह मालगुज़ारी हिसाब मुऐयना की जमा कामिल के बराबर है या ज़ायद है लिहाज़ा उस जमा कामिल से कुछ इन्हिराफ़ नहीं हुआ॰

इश्तहार

सरिश्ते माल २६ सितम्बर सन् १८५५ ईसवी

नम्बर २१०६ (अलिफ़) अज़लाअ कमायूं और गढ़वाल वाक़े क़िस्मत कमायूं में वास्ते काश्त चाय के हस्ब शरायत ज़ैल बतवस्सुत ख़ास मोसूमे असिस्टन्ट कमिश्नर आला ज़िला के ज़मीन दी जायगी॰

२ हर एक ग्रन्ट दूसरा एकड़ से कम और दो हज़ार एकड़ से ज़्यादः न होगा एक ग्रन्ट से ज़्यादः एक शख़्स को या एक जमाअत को इस तरह पर मिल सक्ता है कि दरख़ास्त दिहन्दा हाकिम ज़िला को जिसके मुहतमाम में सरिश्ते माल हो तसल्ली करदे कि उसके पास ज़रिये व सामान काफ़ी वास्ते सरंजाम ऐसी बड़ी काश्त व तजारत चाय की है॰

३ एक रुबा आराज़ी ग्रन्ट का व शर्त इत्फ़ाक़ शरायत मुन्दर्जे ज़ैल

तशख़ीस जमा में इन्साफ़ को मलहूज़ रक्खेगा ॥

४ मीआद पहिले ठेके की बीस बरस होगी पहिले चार बरस तक कुल बिला ख़िराज रहेगा पांचवें बरस एक आना फ़ी एकड़ तीन चौथाई यानी हिस्से अर्ज़ पर जो क़ाबिल तशख़ीस जमा है मुक़र्रर किया जायगा और छठे बरस फ़ी एकड़ बहिसाब दो आना और सातवें बरस में बहिसाब तीन आना और इसी तौर पर हर साल में एक आना बढ़ा दिया जायगा यहां तक कि अख़ीर साल में बारह आना बहिसाब एक रुपया सैकड़ा जमा पहुंच जाय पूरी जमा अर्ज़ तादादी दो हज़ार एकड़ की पंदरह सौ रुपया सालाना से ज़्यादा न होगी ॥

५ शरायत सफ़ाई हस्ब तफ़सील ज़ैल हैं ॥ तारीख़ अर्ज़ से पांचवें साल के अख़ीर में बीसवां हिस्सा रक़बा क़ाबिल तशख़ीस जमा और दसवें साल के अख़ीर में पांचवां हिस्सा रक़बा क़ाबिल तशख़ीस जमा पंदरवें साल के अख़ीर में निस्फ़ रक़बा क़ाबिल तशख़ीस जमा पिछले साल के अख़ीर में तीन चौथाई रक़बा क़ाबिल तशख़ीस जमा साफ़ होना चाहिये और दरख़्तान चाय व कसरत लगाये जांय ॥

६ इक्कीसवें साल बरवक़्त ईफ़ाय शरायत मुतज़क्किरे बाला हक़ ज़मींदारी उस अराज़ी का और इस्तहक़ाक़ मुआहिदा बा सरकार गीरिन्दा अर्ज़ और उसके विर्साय वसी या क़ायम मुक़ाम को उन्हीं शरायत से जो उमूमन मुतअल्लिक़ व मालिकान मुहालात वाक़े कमायूं हैं हासिल होगा और शरह लगान आराज़ी अर्ज़ की चाहे जिस तौर पर काश्त की जाय शरह लगान ज़मीन पैदावार ग़ल्ला से जो उसी मौक़े पर वाक़े हो ज़ियादा न ली जायगी ॥

७ दरसूरत न अदा होने जमा मुऐयना किसी साल के या ख़िलाफ़ वर्ज़ी शरायत बाला के कि जिस बाब में बाद तहक़ीक़ात मौक़ा मारफ़त मैनिजर असिस्टेन्ट कमिश्नर साहबान बोर्ड माल हुक्म क़तई सादिर करेंगे कुल अर्ज़ व इख़्तियार गवर्नमेन्ट व इस्तिस्नाय रक़बा क़ाबिल तशख़ीस जिस पर फ़िलहक़ीक़त काश्त चाय हो और दूसरा हिस्सः रक़बा जो बमिक़दार एक [illegible] रक़बा मज़कूरः जो दवाम के लिये ख़िराज से बरी हो क़ाबिल बाज़याफ़्त होगा जो हिस्सा इस तरह पर बरी रहे [illegible] के मुताबिक़ शरह और क़वायद तशख़ीस जमा

मुहाफ़िज़े ज़िला को देहेगा ॥

८ गीरिन्दे ग्रन्ट पर बनवाना मनारा सर हद्द व मुकामात मुअय्यन गि र्द हलक़े ग्रन्ट के अन्दर छः महीने के तारीख़ ग्रन्ट से लाज़िम होगा और अगर ऐसा न करेगा तो मनारजात मारफ़त अहालियान सरकार बन वा दिये जायंगे और उसकी लागत गीरिन्दे दख़्ल काल से उसी तरह पर वसूल की जायगी जैसे शरह मुअय्यना जमाबन्दी ॥

९ कोई दावा निसबत हक़ व मराफ़िक़ ग्रन्ट बर बिनाय दख़्ल क़ाल मिनजानिब असल गीरिन्दे ग्रन्ट जायज़ न क़रार दिया जायगा ताव क़े कि दाख़िल ख़ारिज नाम मुन्तक़िल इलेह का कचहरी सेनियर असि स्टन्ट कमिश्नर में न हो जाय ॥

१० जब तक ज़ेर एहतमाम अहालियान सरकार दख़्ल हान पै दावारी व कारख़ाना चाय जारी है वर तबक़ दर्ख़ास्त मौसूमे साहब सु परिन्टेन्डेन्ट बाग़ सरकार ममालिक मग़रबी व शिमाली बीज और पौद जिस क़दर उनके इख़्तियार में हो मुफ़्त मिल सक्ती है ॥

मिसिल्या नम्बर २२

मुतअल्लिके दफ़ा २१३

सरकुलर मुसदरै साहबान सदर बोर्ड ममालिक मग़ रबी नम्बर १६ मरक़ूमै १६ सितम्बर सन् १८४८ ईसवी

दफ़ा १ हुक्काम सदर बोर्ड साहबान कलक्टर की हिदायत के वा स्ते जिन देहात की ज़मीन में गंग शिकस्त या गंग बरामद का एहतमा ल है तग़ैयुर व तबदील की तहक़ीक़ात और रिपोर्ट के वास्ते यह दस्तूरुल अ मल जारी करते हैं ॥

दफ़ा २ पहिले यह बात चाहिये कि हर साहब कलक्टर जितने देहात उनके इलाक़े में दरिया के सबब से तग़ैयुर व तबदील के लायक़ हैं उनकी फ़ेहरिस्त हरएक तहसीलदारी की बाबत तैयार करावें चुनांच ज़ैल में उसका नक़शा है

नाम मुहाल	हाल बन्दोबस्त				पिछला बन्दोबस्त सरसरी				कैफ़ियत
	रक़बा			जमा	रक़बा			जमा	
	काबिल ज़िराअत	मालगुज़ारी	कुल		काबिल ज़िराअत	मालगुज़ारी	कुल		
									मसलन् इस मुहाल में कुछ तग़य्युर व तबदील नहीं हुई ॥
									इस मुहाल में थोड़ी गंग बरामद हुई मगर इस क़दर नहीं कि सरसरी बन्दोबस्त की हाजत हो ॥
									इस गांव की गंग शिकस्त की रपोर्ट अलाहिदः की गई ॥
									इस गांव में गंग बरामद बहुत हुई और तहक़ीक़ात दरकार है ॥

चाहिये कि यह नक़शा मुहालवार बनाया जाय और उस्से कुल रक़बा और मालगुज़ारी और मज़रूअः रक़बा मुन्कशिफ़ हो और जमा जो बन्दोबस्त के वक़्त मुक़र्रर हुई और भी जमा पिछले सरसरी बन्दोबस्त की जो उसके बाद हुआ हो ॥

दफ़ा २. बरसात के बाद और जब सैलाब कमायन्बग़ी कम हो तहसीलदार कुल मुहालात मुन्दर्जे फ़िहरिस्त की सैर करे और कैफ़ियत के ख़ाने में जो मरातिब हर मुहाल की बाबत तहक़ीक़ात के बमोजिब दरयाफ़्त हों उनको मुन्दरिज करे गंग शिकस्त के हर मुक़द्दमे में जहां

ज़मीदार तहक़ीक़ात और कमी जमा का दावा करते हैं चाहिये कि तह-सीलदार उनकी वजूहात बयान करे और जिस ज़मीन की शिकस्त का दावा है उसकी कैफ़ियत लिखे और सरसरी तहक़ीक़ात जिस क़दर व सहूलत हो उससे और अपनी वाक़िफ़ियत से दावा की बाबत अपनी राय लिखे इस रपोर्ट से साहब कलक्टर को मालूम होगा कि किन मुक़द्दमात में तहक़ीक़ात मतलूब है और किन मुक़द्दमात में ज़्यादा अहकाम दरकार नहीं ❖

दफ़ा ४ यकुम नवम्बर या उसके बाद जिस क़दर जल्द मुमकिन हो साहब कलक्टर या डिपटी कलक्टर तहसीलदार के साथ उन देहात की तरफ़ जिनमें ऐसा तग़ैयुर वाक़े हुआ और तहक़ीक़ात ज़रूर हो जांय और वहां इस क़िस्म के हर मुक़द्दमे को जो दायर हों फ़ैसल करें ❖

दफ़ा ५ जब तहक़ीक़ात ख़त्म हो तो जिन देहात में ऐसी तग़ईर व तबदील हुई जिस के सबब से जमा की तबदील ज़रूर हो उनकी रपोर्ट अक़साम ज़ैल में की जाय पहिले बन्दोबस्त गंग बरामद के सबब से दूसरे बन्दोबस्त गंग शिकस्त के सबब से तीसरे बन्दोबस्त मुहालात नौ बरामद का ❖

पहिली क़िस्म जिस वक़्त गंग बरामद के सबब ज़मीन मज़रूआ: या चरागाह या जो ज़मीन किसी और तरह पैदावारी के लायक़ हो बन्दोबस्त के मज़रूआ: रक़बा से बहिसाब दस बीघा फ़ी सदी तक पहुंचे तो सरसरी बन्दोबस्त कर के रपोर्ट करनी चाहिये और इस सूरत में मालगुज़ार के इख़्तियार के बमूजिब बन्दोबस्त या सिर्फ़ गंग बरामद की नई ज़मीन का होगा या कुल मुहाल का नक़शा ख़सरे में या अगर ज़रूर हो अलाहिदा नक़शे में गंग बरामद की नई ज़मीन व तसरीह लिखी जाय और उसमें जो क़तआत मज़रूआ: या क़ाबिल ज़िराअत के हैं बाक़ी मुन्दा ज़मीन से मुमताज़ किये जांय रपोर्ट के साथ रक़बे की कैफ़ियत मुफ़स्सिल: और उसकी निकासी का अन्दाज़ा और असल बन्दोबस्त के नक़शजात नम्बर २ और ३ भेजे जांय ❖

दूसरी क़िस्म जिस सूरत में गंग शिकस्त के सबब मज़रूआ: ज़मीन या क़ाबिल ज़िराअत फ़ी सदी दस बीघा के हिसाब से कट जाय या पिछले बन्दोबस्त के मज़रूआ: रक़बे की निकासी में गंग शिकस्त के सबब

[illegible] के हिसाब से कम हो जाय तो मुहाल का बन्दोबस्त नया [illegible] चाहिये और जो ज़मीन कट गई है उसका निशान ख़सरे में सुर्ख़ [illegible] में किया जाय और रपोर्ट में कैफ़ियत मुफ़स्सिल उसकी लिखी जाये ॥

[illegible] जिस वक़्त कोई नई ज़मीन दर्या से निकले कि बमूजिब क़ानून ११ सन १८४७ ईसवी के किसी ख़ास मुहाल से मुतअल्लिक़ नहीं तो नया मुहाल क़ायम करके बन्दोबस्त करना चाहिये और साहब कलक्टर [illegible] तजवीज़ करें कि वह नया मुहाल ज़िले की तौज़ीह में क़ायम हो [illegible] में ख़सरे का नक़शा और पैमायश की तशरीह और ज़मीन की निकासी का अन्दाज़ा रपोर्ट के साथ भेजना चाहिये ॥

दफ़ा ६ ऐसे सरसरी बन्दोबस्त के बाद जब तक गंग शिकस्त या बरामद के सबब बन्दोबस्त का ख़ाका या निकासी फ़ी सदी दस रुपये तक न पहुंचे कुछ तग़य्युर व तबदील करनी न चाहिये ॥

दफ़ा ७ जब बिलकुल मुहाल दर्या से कट जाय कि उसका कुछ निशान बाक़ी न रहे तो मुहाल का नाम ज़िले की तौज़ीह से महो किया जाय ॥

दफ़ा ८ साहब कलक्टर को ज़रूर है कि सालाना रपोर्ट उन तहवीलों की जो इस सरकुलर में मज़कूर हुईं ऐसी भेजें कि साहब कमिश्नर के पास पहिली अप्रैल तक पहुंचा करें और अगर कोई मुक़द्दमा गंग शिकस्त या बरामद का न हुआ हो तो वैसी रपोर्ट करें ॥

दफ़ा ९ साहब कमिश्नर को एहतियात करनी चाहिये कि इस दस्तूरुल अमल के मुवाफ़िक़ कारवाई हुआ करे और माह मई के आख़ीर तक रपोर्ट करें कि अज़लाअ मातहत में इस सरकुलर की क्या तामील हुई ॥

दफ़ा १० जब कभी तग़य्युर या तबदील किसी दर्या में वाक़ै होने से या गंगबरामद के सबब नई पैमायश मसाहत की रूसे ज़रूर मालूम हो तो [illegible] मातहत उसकी रपोर्ट सदर बोर्ड को करें ॥

तितिम्मा नम्बर २३

मुतअल्लिक़ दफ़ा २४५

[illegible] बयान [illegible] मुआफ़िक़ा उन अराज़ियात के

जो सरकारी काम में आवें उनों मरकूमए मनज़ूरे

सदर बोर्ड ममालिक मगरबी नम्बर ४

दफ़ा २२ गवर्नमेन्ट की तजवीज़ मवर्रिखे ३१ जनवरी सन १८२६ ईसवी की नकल ज़ैल में लिखी जाती है साहबान सदर बोर्ड हुक्म देते हैं कि जमीअ मुकद्दमात जिन में किसी मुआमले मुतअल्लिके फ़ौज के वास्ते ज़मीन ली जाती है मालिकों के ज़र मुआविज़े के तसफ़िये में इन क़वायद पर अमल करना चाहिये ✦

यह तजवीज़ ज़ैल की चार दफ़ा में यानें दफ़ा २३ से २६ तक मुन्दरिज है ✦

दफ़ा २३ अफ़सरान फ़ौज किसी किते ज़मीन पर मुदामी क़बज़ा न करें जब तक गवर्नमेन्ट से इजाज़त न हो ✦

दफ़ा २४ जब ज़मीन ऐसे काम के वास्ते दरकार हो तो वारिक मास्टर या और अफ़सर जो इस काम पर मुतऐयन हो ज़मीन की पैमायश ब एहतियात करके ऐसा नकशा तैयार करें जिस्से हुदूद में कुछ शुबहा न रहे और कैफ़ियत रक़बे की सब्त हो ✦

दफ़ा २५ जब गवर्नमेन्ट उस नकशे को फ़ौज के दफ़्तर में मंज़ूर करें तो साहब कलक्टर के पास भेजा जाय कि फ़िलफ़ौर क़ानून अव्वल सन १८२४ ईसवी के तरीके से तहक़ीक़ात करें कि ज़मीन मज़कूर से क्या हक़ूक़ और मिल्कियत मुतअल्लिक है और साहब कमिश्नर की हिदायत के मवाफ़िक ऐसा इन्तिज़ाम करें कि ज़मीन मज़कूर अहालियान फ़ौज के सिपुर्द हो ऐसे मुकद्दमात में साहब कमिश्नर इख़्तियारात मुन्दर्जे ज़िम्न २ और दफ़ा २ क़ानून मज़कूर अमल में लावें और अगर तरफ़ैन इस तरह से तसफ़िया मुआमला से कारबन्द हों साहब कलक्टर के नाम हुक्म मुनासिब ज़मीन की ख़रीद के वास्ते जारी करें ✦

दफ़ा २६ जब ज़मीन को सरकार के सिपुर्द करने का बन्दोबस्त बैअ ख़ानगी या पंचायत की रू से न होजाय तो साहब कमिश्नर ब दिल व एहतियात दरयाफ़्त करें कि सब अशख़ास के दावों का तसफ़िया होगया और जुमला क़तआत की मौज़ा जो साहब कलक्टर या मुहासिल मुतअल्लिक़ के काग़ज़ात में मुन्दरिज है पैमायश के रक़बे में मिलती है या नहीं अगर नहीं मिलती तो सबब इसका ब तफ़सील दरयाफ़्त करें बाद उसके साहब मौसूफ़ को इत्तिलाअ देवें कि साहब

इत्तिलाबाद दफ़आत ५ और ६ चिट्ठी जान थारस्टन सा-
हब सेक्रटरी गवर्नमेन्ट ममालिक मग़रबी और शिमा
ली बनाम वलयम मेवर साहब सेक्रटरी सदर बोर्ड मा-
ल ममालिक मज़कूरः मक़ाम आगरा मवर्रिख़ २७
जनवरी सन् १८४५ ईसवी नम्बर ३६॰

दफ़ा ५ अहालियान नहर हवेली दरस्त फ़स्ल कोई इमारतों के ज़र मु-
आविज़ा का तसफ़िया ख़ुद करें और अपने ख़ज़ाने से नक़द क़ीमत दें और
सनद के वास्ते रसीद लें और मालिकों से फ़ारिग़ख़ती लिखवावें ओहदे-
दारान माल को हमेशा इख़्तियार है कि जब किसी मुक़द्दमे में ज़र मुआ-
विज़ा को बहुत कम समझें या मुआमले में कोई बात क़ाबिल एतराज़ के
देखें हुक्काम आला के हुज़ूर में रपोर्ट करें ॰

दफ़ा ६ ज़मीन की बाबत जो ज़र मुआविज़ा देना है उसका त-
सफ़िया साहब कलक्टर करें फ़स्ल की ज़मीन हो या बाग़ मज़रूअः हो या
ओक़ादा या ग़ैर मुमकिन ख़िराजी हो या लाख़िराजी ऐसे मुक़द्दमात में
जिस वक़्त नहर का अफ़सर दाग़बेल लगा चुके तहसीलदार और साहब
कलक्टर के पास कैफ़ियत भेजे जिसमें तादाद ज़मीन मतलूब की और
जिस पर निशान हुआ मुन्दरिज हो और यह बात कि ज़मीन का ख़ा-
ली किया जाना किस तारीख़ को ज़रूर होगा और अलल उमूम चाहि-
ये कि तारीख़ मज़कूर साल हाल फ़सली के आख़ीर हो जिस वक़्त सब
फ़स्ल कट जावे बाद पहुँचने इस कैफ़ियत के तहसीलदार फ़िलफ़ौर
तहक़ीक़ करके साहब कलक्टर को रपोर्ट करे कि ज़मीन मज़कूर कि-
स तरह से और किस ग़रज़ की मक़बूज़ा है और दस्तूरुल अमल मु-
रव्विजा के बमूजिब जमा की तख़फ़ीफ़ ख़्वाह ज़र मुआविज़ा किस तर-
ह से देना चाहिये साहब कलक्टर के ज़िम्मे होगा कि जिस वक़्त ज़मीन
अफ़सरान नहर को दरकार हो या उसके बाद जितनी जल्दी हो सके
तख़फ़ीफ़ या मुआविज़े की मद्द फ़ौरन मुक़र्रर करें और यह कि ज़-
मीदारों पर उस ज़मीन की बाबत कोई मुतालबा नाहक़ न किया जाय
जब साहब कलक्टर तख़फ़ीफ़ मालगुज़ारी की रपोर्ट गवर्नमेन्ट की मं-
ज़ूरी के वास्ते साहब कमिश्नर की हुज़ूर में रवाना करें तो नहर के साह-
ब कलां के पास भी नक़ल उसकी भेज दें ताकि साहब मौसूफ़ को इ-
त्तिलाअ हो कि अगर उनको अपने कारख़ाने की निस्बत इस ख़र्चे में

मुक़ निस्बत उसकी कैफ़ियत लिखें ॰

नक़ल चिट्ठी नम्बर ५६६ मवर्रिखे १५ फ़रवरी सन
१८५८ ईस्वी मिनजानिब जान थारन्टन साहब से-
क्रेटरी गवर्नमेन्ट बनाम विलियम मेवर साहबसे
क्रेटरी सदर बोर्ड

दफ़ा १. मालूम हुआकि अहकाम साबिक़ मरक़ूमे २२ जनवरी सन
१८५५ ईस्वी ऐसी मुजम्मत में तामील नहीं हुए कि सख़्ती और बे इन्सा-
फ़ी मालिकान ज़मीन की निसबत जिन की ज़मीन नहर गंग में आगई है
वाक़ेअ न हो ॰

दफ़ा २. ज़ाहिर है कि अगर सरकारी तलबी का इल्तिवा उसी
तारीख़ से शुरू न होता जिस पर ज़मीन ली गई तो मालिकों पर सख़्ती
इस तरह से होती कि ज़र तलबी जो वाजिब नहीं वसूल किया जाता
और बाद उसके ख़ाह मख़ाह मुआफ़ होता आइन्दा से तलबी के इल-
तिवा में जल्दी होने के वास्ते दस्तूरुल अमल ज़ैल के बमूजिब कार-
वाई करनी चाहिये ॰

दफ़ा ३ तलबी का इल्तिवा उन क़िस्तों से शुरू हो जिन क़िस्तों
की तहसील बमवजब दरामद ज़मीन के मना हुई अगर नहर के अफ़स
रों की तरफ़ से जैसा चाहिये हुस्न इन्तिज़ाम हो खड़ी फ़स्ल उखेड़ने
या बरबाद करने की ज़रूरत न होगी मगर दरसूरत कि कभी ऐसी ज़रूरत
वाक़े हो तो वह आप ज़र मुआविज़ा दें कि ज़र मज़कूर फ़स्ल की क़ीमत
मुनासिब हो और इसी सबब से सरकारी मुतालबा जो फ़स्ल की बाबत
चाहिये उसके वास्ते किफ़ायत करें अगर वाज़ह हो कि कोई दावा वास्ते
बरबाद होने फ़स्ल के बाद एलान अफ़सरान नहर के समाअ़त न कि-
या जायगा ॰

दफ़ा ४ जिस वक़्त कि अफ़सरान नहर दरामद ज़मीन की तज-
वीज़ करें मुनासिब है कि उसकी मिक़दार की पैमाइश और जिस क़दर
ज़मीन मालूम हो उसकी हदबन्दी करें और तहसीलदार के पास के-
फ़ियत मशमूल फ़िहरिस्तवार बाबत ज़मीन के भेज दें जिसमें हस्बुल म-
क़दूर नाम सब देहात का जिनमें ज़मीन वाक़े है मै मालिकों के मुन्द-
रिज हो और उस वक़्त ज़रूर है कि अफ़सरान नहर साहब कलक्टर के
पास भी उस कैफ़ियत की नक़ल भेजें फिर चाहिये कि मालिकान ज़मीन

को दस्ताम्द की तजवीज़ से ख़बर दिलावें बाद इसके अफ़सरान मज़कूर को वास्ते लिये जाने ज़मीन के इख़्तियार होगा +

दफ़ा ५ बतौर वरूद कैफ़ियत मज़कूर के तहसीलदार मालिकों के नाम इत्तिलानामा जारी करे और इत्तिलानामे की रसीद के तहसीलदार को चाहिये कि मालिकों ख़्वाह पटवारी से तादाद ज़र मुजराई तक़रीबन जो बमूजिब दस्तूरुलअमल हाल के ज़मीन मतलूब के वास्ते दरकार होगा तहक़ीक़ करे और अगर हो सके तो मालिकों से एक राज़ीनामा बमूजिब ज़र मुजराई मज़कूर के लेले बाद इसके चाहिये कि साहब कलक्टर के पास रपोर्ट इस बाब में भेजे और यह रपोर्ट अफ़सर नहर की कैफ़ियत के पहुंचने से एक हफ़्ते के अन्दर इरसाल करे और ताउज्र सानी ज़र मुजराई की तलबी से बाज़ रहे +

दफ़ा ६ रपोर्ट पहुंचने के बाद फ़िलफ़ौर साहब कलक्टर हिसाब को मुलाहिज़ा करें और अपने दफ़्तर के काग़ज़ात से जांच लें बाद अज़ां तहसीलदार के नाम बाबत बहाली या तर्मीम ज़र मुजराई मुजविज़ा उसके के हुक्म सादिर करें और उस हुक्म में हमेशा मुन्दरिज करें कि जिसक़दर जमा क़रीन इन्साफ़ जानें तो हुक्म सानी मुलतवी हो माबाद चाहिये कि बमूजिब ज़ाबिता मंज़ूरी के वास्ते साहब कमिश्नर और साहबान सदरबोर्ड की मारफ़त इस मामले की रपोर्ट करें और चाहिये कि यह रपोर्ट तहसीलदार की अर्ज़ी पहुंचने की तारीख़ से एक महीने के अन्दर की जाय +

दफ़ा ७ ज़रूर है कि जिस तरह से ज़मीन नहर के काम में आली जाय इस क़िस्म के मुक़द्दमात तै किये जांय अगर ज़मीन की दरामद बाबत अमल में आती है नहर के साहब मुहतमिम हफ़्तःवार कैफ़ियत बाबत ज़मीन दरामद उस हफ़्ते के साहब कलक्टर और तहसीलदार के पास भेजा करें मुनासिब नहीं कि किसी ज़मीन की कैफ़ियत रवाना होने और मालिकों को ख़बर पहुंचने से पहिले अपने दख़ल में ले और कैफ़ियत मज़कूर का इस उज्र से मुलतवी रखना न चाहिये कि अभी तादाद ज़मीन बैनतयुन में कुछ शुबहा है बहतर है कि जिस क़दर ज़मीन बिलफ़ेल दरकार है ले लें आइन्दा अगर और दरकार होगी तो बवक़्त ज़रूरत ले सक्ते हैं फिर कैफ़ियत में तवक़्क़ुफ़ इस सबब से न चाहिये कि ज़मीन दरामद क़लील है अगर दरामद के बाद किसी क़िते की ज़रूरत न रहे फिर मालिकों को वागुज़ाश्त हो और कैफ़ियत साहब कलक्टर और तहसील

के पास भेजी जाय ताकि फिर नौक़ीस पर चढ़े ✦

दफ़ा ८ लफ़्टिनेन्ट गवर्नर बहादुर इस बात की उम्मेद क़वी रखते हैं कि जब अफ़सरान माल और नहर इस दस्तूरुल्‌अमल की तामील में पूरी कोशिश करेंगे नहर के साहब कलां को चाहिये कि ममानियत कुल्ली अपने अफ़सरान मातह्त को करें कि किसी ज़मीन पर दख़ल लें जब तक पैमायश और हदबन्दी न होले और कैफ़ियत तहसीलदार और साहब कलक्टर के पास न भेजी जाय और मालिकों को एलाम न किया गया हो और साहब कमिश्नर ऐसा बन्दोबस्त करें कि साहब कलक्टर और तहसीलदार अफ़सरान नहर की कैफ़ियत के बमूजिब व उजलत कारबन्द हों चाहिये कि साहबान कमिश्नर और अफ़सर कलां नहर के दर्मियान ख़त और किताबत अपने अफ़सरान मातह्त की कारवाई की बाबत बराबर जारी रहे और अगर कुछ सहल‌अंगारी या ग़फ़लत हो तो एक दूसरे को इत्तिला दें काहिली और सुस्ती के इन्सिदाद के वास्ते मुनासिब है कि अफ़सरान नहर और साहब कलक्टर और तहसीलदारों के महकमे में नक़्शाजात बनाये जांय जिन में तारीख़ हर मरातिब की मुन्दरिज हो और वह नक़्शा बज़बान उर्दू तैयार हो मगर चूंकि यह मुआमला जल्द इख़्तिताम को पहुंचेगा किसी नक़्शे का नमूना मुक़र्रर करना ज़रूर नहीं ✦

दफ़ा ९ साहबान कलक्टर को इस बात पर लिहाज़ करना चाहिये कि जब ज़मीन इस तरह से किसी सरकारी काम में आवे तो अक्सर देहात मुश्तर्का के बन्दोबस्त में ख़लल वाक़े होगा और शुरका के हाल में तबदीली होगी जिससे तनाज़ा पैदा होगा और गांव की बहतरी में नुक़सान करेगा जिन देहात में ज़मीन मुश्तरका और शुरका के अलाहिदा अलाहिदा क़ब्ज़े में है तो जिस शरीक की ज़मीन नहर में आवे चाहिये कि उसको ए-वज़ में और ज़मीन मिले या उस ज़मीन का कुल ज़र मुजराई उसके हिस्से में मख़्सूस हो इस वास्ते ऐसे मुक़द्दमात में सिर्फ़ हुक्म मुजराई का काफ़ी न होगा बल्कि इस बात का भी तशख़ीस किया जाय कि जिस शख़्स या पट्टी की ज़मीन ली गई उसका ज़र मुआविज़ा किस तौर से दिया जाय जिन देहात में शिर्कत हक़ीयत बमूजिब विरासत के है यह भी हो सकता है कि अगर उस गांव की ज़मीन कसीर नहर में आवे तो कुल ज़मींदारों को तक़्सीम नये सिरे से ज़रूर पड़ेगी अलग़रज़ साहब कलक्टर को लाज़िम है कि अपनी रिपोर्ट में मुफ़स्सिल लिखें कि हर मुक़द्दमे में इस

जान पर तवज्जुह की और क़वाइदों के इन्सिदाद का बन्दोबस्त किया २

इश्तिहार

सरकुलर नम्बर २१ मरकूमे २४ अकतूबर सन १८५४ ईसवी

हुक्काम सदरबोर्ड अमालिक मग़रबी जमीअ ओहदेदारान सरिश्ते माल की इत्तिला और हिदायत के लिये क़वायद मुन्दर्जे ज़ैल दरबाब फ़ैसलहोने दआवी मुआविज़ा उस ज़मीन के जो इस अज़लाअ में सड़क आहनी के वास्ते ली जाय मुश्तहिर फ़रमाते हैं और वाज़ह हो कि यह क़वायद गवर्नमेन्ट के हुज़ूर से मंज़ूर हो चुके हैं ॰

क़वायद

दरबाब फ़ैसल होने दआवी मुआविज़ा उस ज़मीन के जो सड़क आहनी के वास्ते लीजाय

जो ज़मीन वग़ैरा कि सड़क आहनी के वास्ते लीजायगी उसके मुतअल्लिक़ जिस क़दर ख़ास ख़ास उमूरात हैं वह हस्बुल हुक्म गवर्नमेन्ट तहसीलदारों से मुतअल्लिक़ किये गये हैं और यह बात क़रीन मसलहत मुतसव्वर हुई है कि जिस इलाक़े में हो कर सड़क मज़कूर निकले उसी इलाक़े के तहसीलदार के सिपुर्द यह इन्तिज़ाम किया जाय क्योंकि ज़ाहिर है कि इस अफ़सर को बनिसबत उसके जो चंद रोज़ के वास्ते मुक़र्रर होवे इस इलाक़े में ज़्यादा वाक़िफ़ीयत और दबाव हासिल होगा जब तहसीलदार को तहसील का काम छोड़ कर जाना पड़े तो उसकी ग़ैर हाज़िरी के अर्से के लिये चाहिये कि कोई दूसरा शख़्स बतौर क़ायम मुक़ाम तहसीलदार रख लिया जाय और उसको ताकीद करदी जाय कि सड़क आहनी के काम में तहसीलदार की हर तरह पर इआनत करे ॰

दफ़ा २ जब तहसीलदार सड़क आहनी के काम पर जाय तो उसको सिरिश्तेदार और अहलकारान तहसील जो बिला हर्ज काम तहसील के मिल सकें मिलेंगे और परगने का क़ानूनगो भी उसके हमराह रहेगा बल्कि बाज़ औक़ात ज़रूरत इस बात की भी होगी कि पैमायश के वास्ते अमीन रक्खे जांय और ऐसी सूरतों में मुनासिब होगा कि शरह मासिक़ी के हिसाब से उजरत दीजाय याने सौ बीघा की पैमायश के एवज़

[illegible] और काग़ज़ात की तरतीब के वास्ते आठ आना ❖

दफ़ा ३ तहसीलदार का अव्वल काम यह होगा कि अपने इलाक़े में साहब इनजिनियर के हमराह रहै और आगे के तहसीलदार को वक़्त मुनासिब पर इत्तिला दे ताकि जिस वक़्त साहब मौसूफ़ उसके इलाक़े में पहुंचें वह उनकी इमदाद के वास्ते तैयार रहै ❖

दफ़ा ४ जो कि मालूम हो कि सड़क आहनी और उसकी पटरियों की तामीर करने के वास्ते मक़बूलात होवें उसको इख़्तियार होगा कि अग़राज़ सहराई और फ़स्ल और मकान और दरख़्त वग़ैरा को बाद करने तक़सीमः और देने मुआविज़ा के दूर करे लेकिन इस काम इब्तिदाई में कभी कभी हाजत इस बात की होगी कि तसफ़िया मुलतवी किया जाय और ऐसी सूरत में तहसीलदार को लाज़िम है कि तसफ़िया आइन्दा के वास्ते एक याद्दाश्त व क़ैद तख़मीना नुक़सान मै कैफ़ियत हक़ूक़ मालिकान बहुत एहतियात से लिख लिया करै ❖

दफ़ा ५ तहसीलदार इस बात की भी एहतियात करैगा कि दाग़बेल लगाने में कुछ मुज़ाहिमत न होवै क्योंकि आहनी सड़क गाड़ी की सड़क नहीं है जो बाज़ बाज़ ख़ास सूरतों में मिल्कियत की क़ीमत के लिहाज़ से या मालिकों के दआवी के बाइस सीधे रास्ते से फेर दी जाय बल्कि इस अम्र अहम में कि तमाम मुल्क के वास्ते मुफ़ीद होगा किसी क़िस्म की हक़ीयत के सबब हर्ज पड़ना जायज़ न होगा और अगर उनमें कोई शख़्स बज़ोर या ब तख़वीफ़ या और तरह पर बाइस मुज़ाहिमत का होवे तो लाज़िम है कि तहसीलदार जिसको इख़्तियार अफ़सर पुलिस नीज़ का हासिल होगा उसकी मुदाफ़अत करै और अगर ज़रूरत हो तो फ़ौरन् साहब मजिस्ट्रेट को इत्तिला दे ❖

दफ़ा ६ इनजिनियर के बाद साहब सर्वेयर याने मस्साह आवैगा और पैमाइश उस ज़मीन की करैगा जिस पर साहब इनजिनियर ने [illegible] की हो तहसीलदार को चाहिये कि अपनी मिसिल भी उसी वक़्त [illegible] तैयार करै और इस काम के लिये उसके पास हर मौज़े के बन्दोबस्त का ख़सरा और शजरा और और काग़ज़ात मौजूद रहैंगे ताकि [illegible] वह [illegible] और रक़मों की सिहत को बहुत होशियारी से [illegible] ❖

दफ़ा ७ [illegible] की मिसिल मौक़े पर तैयार होगी और उसमें

हस्ब नमूना नम्बर १ और २ और ३ मशमूलै हाज़ा तीन रजिस्टर मौज़ः वार और मुहालवार होंगे रजिस्टर नम्बर १ आराज़ियात मालगुज़ारी के वास्ते और नम्बर २ आराज़ियात मुआफ़ी व लाख़िराज मक़बूलै गवर्नमेन्ट के लिये होंगे और नम्बर ३ में आबादी व दरख़्त व बाग़ व मकान व कुए वग़ैरा का हाल जो नम्बर १ और २ में न हो लिखा जायगा॰

दफ़ा ८ रजिस्टर नम्बर १ में नम्बर के दो ख़ाने हैं एक में वह नम्बर तरतीब वार दर्ज होंगे जो तहसीलदार ख़ुद क़ायम करे और दूसरे में वह जो बन्दोबस्त के ख़सरा और किश्तवार नक़शे में लिखे हों हर एक खेत और क़िता ज़मीन ख़्वाह मज़रूअः क़ाबिल ज़िराअत व अफ़्तादः हो ख़्वाह ग़ैर मुमकिन जुदे जुदे नम्बर पर क़ायम किया जाय और जहां तक मिसिल बन्दोबस्त से मुताबिक़ हो सके बन्दोबस्त का नम्बर ख़्वाह काग़ज़ात देही का नम्बर क़ायम रक्खा जाय लेकिन अक्सर जगह बन्दोबस्त के वक़्त आराज़ी अफ़्तादः के क़ितआत पर नम्बर न लगाये गये थे और अब वह आराज़ी मज़रूअः हो गई है लाज़िम है कि हर एक नम्बर की ख़ानापुरी हिदायत मुऐयना के मुताबिक़ कमाल सेहत से की जाय और एहतियात इस अम्र की रहै कि जो ज़मीन ली जाय उस की हुदूद बन्दोबस्त के नक़शे किश्तवार पर ख़त खींचकर ज़ाहिर कर दिये जांय वजह हो कि यह रजिस्टर मुहालात मालगुज़ारी के वास्ते है॰

दफ़ा ९ रजिस्टर नम्बर २ की भी यही सूरत है लेकिन मुहालात मुआफ़ी मक़बूलै सरकार के वास्ते मख़सूस है क्योंकि आराज़ियात मुआफ़ी की मद्द आराज़ियात मालगुज़ारी की मद्द से मुनफ़सिल होगी॰

दफ़ा १० रजिस्टर नम्बर ३ घरों और कुवों और तालाबों और मकानों और बाग़ों और दरख़्तों के वास्ते है जो सड़क आहनी के काम में आवें या दूर किये जांय और जिनके वास्ते मुआविज़ा दिया जाय॰

दफ़ा ११ चौथा रजिस्टर उन सार्टीफ़िकटों के वास्ते है जो तहसीलदार अशख़ास मुस्तहक़ मुआविज़ा को देंगे और जो बाद मंज़ूरी मुनासिब सनद इस बात की होंगी कि ख़ज़ाने सदर या तहसीली में जैसा साहब कलक्टर तजवीज़ करें अशख़ास मज़कूर को ज़र मुआविज़ा

[illegible] रजिस्टर में तहसीलदार के नम्बर रजिस्टर अव्वल व दोयम [illegible] के नम्बरों से मुताबिक़ होवें ✦

दफ़ा १२ जो ज़मीन वग़ैरा कि सरकारी काम के वास्ते ली जाती है उसका मुआविज़ा बमूजिब क़ानून दो तरह से तजवीज़ किया जाता है [illegible] यह कि मालिक व अफ़सर सरकार आपुस में मुआमला करलें और दूसरे यह कि हस्ब ज़ाबिता पंचायत मुक़र्रर हो कर मुआविज़े की मिक़दार तजवीज़ की जाय अगर कुछ भी तवज्जुह और इन्तिज़ाम अमल में [illegible] तो यक़ीन है कि तरीक़ अव्वल ही से हर एक अम्र तै हो जायगा

दफ़ा १३ तहसीलदार को चाहिये कि मालिकों को मौक़े पर बुला कर तस्फ़िया करे और देहात क़ुर्ब जवार के दो या तीन मुअज़्ज़िज़ श[illegible] से इस्तिम्ज़ाज करे और उन से सलाह ले और अन्दाज़ा करावे और जिस मुक़द्दमे का तस्फ़िया हो चुके उस की बाबत मालिकों से रा[ज़ीनामा] लिखवावे और उसी के मुताबिक़ उनको सार्टी दे यक़ीन है कि नक़द रुपिया मिलने और वाजिबी मुआमला होने से काम बहुत आसान और बिला तवक़्क़ुफ़ होगा ✦

दफ़ा १४ चाहिये कि इस क़िस्म के तस्फ़ियों की कारर्वाई रोज़[नामचा] [illegible] रूबकारी में तजवीज़ हुआ करे ताकि जब कभी कोई तकरार [illegible] कि उसमें हस्ब ज़ाबिता पंचायत करनी पड़े तो उस वक़्त काम में आवे ✦

दफ़ा १५ जिस मुक़द्दमे में बग़ैर पंचायत तस्फ़िया न हो सके उस [illegible] तहसीलदार को चाहिये कि साहब कलक्टर के पास एक रपोर्ट ब[illegible] नाम पंचों के जो सरकार की तरफ़ से मुक़र्रर किये जांय भेजे और [मं]ज़ूर आने पर एक या दो पंचों को सरकार की तरफ़ से और एक या दो [को] मालिक की तरफ़ से इजाज़त तजवीज़ करने सरपंच और फ़ैसल [करने] मुआमले की दे और अगर तरफ़ैन के पंच आपुस में सरपंच के [illegible] की बाबत मुत्तफ़िक़ नहीं तो किसी को सरपंच बनावे ✦

दफ़ा १६ जब पंचायत जमा होले तो सबूत बहम पहुंचाने और [illegible] और हस्बुज़्ज़रूरत इहतियाज पैमाइश कराने और गवाहों [illegible] के हाज़िर करने और फ़ैसला लिखाने में पंचों को हर तरह पर [illegible] पहुंचानी चाहिये ताकि तस्फ़िया जल्द होवे ✦

दफ़ा १७ इस बात की इहतियात चाहिये कि आपस के मुआमला

मुक़द्दमों में मदद देने के वास्ते या पंचाइत के मुक़द्दमों में पंच बनने के लिये बारबार एकही शख़्स या अशख़ास से काम न लिया जाय वरना वह लोग इस काम को ज़रीअ़ इख़्तियार का समझेंगे और साज़िशें और कुचाहनें पैदा होंगी॥

दफ़ा १८ मुहालात मालगुज़ारी में ज़मीन के लियेजाने और रजिस्टर में दाख़िल होने के बाद सब से अव्वल यह बात तजवीज़ करनी चाहिये कि किस क़दर जमा मुलतवी की जाय चूंकि आराज़ी मालगुज़ारी और मज़रूआ: की लगान की शरह मालूम है इस वास्ते जमा की वह मिक़दार तजवीज़ करनी चंदां दुशवार नहोगी लेकिन इसबात को याद रखना चाहिये कि मिक़दार मज़कूर सिर्फ़ रुपयों में होगी और आना और पाई हिसाब से ख़ारिज रहेंगे और जो कुछ तजवीज़ हो उसकी इत्तिला फ़ौरन साहब कलक्टर को की जायगी ताकि साहब ममदूह अफ़सर तहसील को हुक्म दें कि तलबी इस क़दर जमा की फ़िलफ़ौर मुलतवी करें

दफ़ा १९ बाद उसके चाहिये कि मालिक के साथ नुक़सान की तादाद का तक़रार हो और उसपर दस रुपये सैकड़े का मामूली इज़ाफ़ा दिया जाय और बशर्ते क़बूल करने मालिक के जमा में उसकी बाबत भी मुतालबे की इत्तिला किया जाय कि यह रुपिया आख़िरश जमा में कम कर दिया जायगा अगर किसी मुक़द्दमे में इस शरह से ज़्यादा दिया जाय तो उसकी वजह माक़ूल बतलानी होगी लेकिन उमूमन लाज़िम है कि तख़फ़ीफ़ जमा की बाबत ऐसी शरह की पाबन्दी रहै और अगर मालिक राज़ी हो तो ज़्यादा के एवज़ में नक़द रुपया दे दिया जाय अज़रूय ज़िम्न ३ दफ़ा ६ क़ानून अव्वल सन् १८२४ ईसवी इस बात का तजवीज़ करना गवर्नमेन्ट ने अपने हाथ में रक्खा है कि कामगुज़ार की दरसूरत तख़फ़ीफ़ जमा के किस क़दर मुआविज़ा दिया जाय और क़वायद मुतअल्लिक़ा के बमूजिब मुआविज़े की मिक़दार उस जमा से ज़्यादा न होनी चाहिये जो आराज़ी माख़ूज़ा पर बन्दोबस्त की शरह की हिसाब से मै इज़ाफ़ा दस रुपया सैकड़ा के होवे लेकिन अगर ऐसा होगा कि ज़मीन के लिये जाने के सबब मालिक का बहुत नुक़सान होवे और अगर्चे क़रीन मसलहत नहीं है कि जमा की ज़्यादा तख़फ़ीफ़ के सबब ज़िले की मौज़ीअ़ घटाई जाय मगर इक़तिज़ाय इन्साफ़ है कि जब मामूली शरह किफ़ायत न करे तो मालिक को उसके नुक़सान के

ज़र में बक़दर मुनासिब नक़द रुपया दिया जाय और मिक़दार उस ज़रन
क़द की मुनासिब ऊपर बमसाहत ज़मीन और गुंजायश मुनाफ़ा के होगी इ
स क़ायदे की रिआयत में असल क़ायदे में जो मंशा इस बात का है कि
आसामी मौरूसी का तख़मीना होकर मालिक को मरहमत हो कुछ हर्ज
नहीं आता ॰

दफ़ा २० लेकिन हर मुक़द्दमे में अकेला ज़मींदार ही ज़मीन के मु
आवज़े का मुस्तहक़ नहीं होता बल्कि मुमकिन है कि ज़मीन मज़कूर
किसी किस्म के काश्तकार के क़ब्ज़े में हो या गांव के रवाज के मुताबिक़
किसी ऐसे शख़्स के नफ़ा में हो जो अदाय लगान से बरी है या गांव की पु
लिस के लिये बतौर मआश मुक़र्रर हो और ऐसी सूरतों में वाजिब भी है कि
जिस किसी का नुक़सान होवे उसको मुआवज़ा दिया जाय और तहसील
दार को चाहिये कि हस्ब मज़कूर बाला तख़मीना कुनिन्दगान माक़ूल की
मदद से हर शख़्स मुस्तहक़ के लिये मुआवज़ा मुक़र्रर करे और ज़मींदारों
के साथ तसफ़िया हो जाने के बाद आसामियों वग़ैरा के साथ तसफ़िया क
रने में उनको बड़ी दिक़्क़त न पड़ेगी ॰

दफ़ा २१ काश्तकारान ग़ैर मालिक की मक़बूज़ा ज़मीन से जब
आसामी फ़सल दूर की जाय तो इस फ़स्ल की बाबत मुआवज़ा देना ज़रूर
पड़ेगा लेकिन क़ब्ज़े की बाबत मुआवज़ा तजवीज़ करने में इस फ़र्क़
पर लिहाज़ रखना चाहिये कि बाज़े असामी का क़ब्ज़ा दवामी होता है
और बाज़े का आरज़ी याने बाज़ों को इख़्तियार होता है कि जब तक चा
हें क़ाबिज़ रहें और बाज़ों का मुआहिदा सिर्फ़ मीआद मुऐयना के वास्ते
होता है या साल बसाल बदलता रहता है इस बात की भी इहतियात
चाहिये कि इस क़िस्म के काश्तकार उन लोगों की बराबर न समझे जा
वें जो मालिकान ख़ुद काश्त के महज़ शिकमी चाकर होते हैं और
उनका नाम काग़ज़ात में दाख़िल नहीं होता बल्कि अपने आक़ा की
मर्ज़ी और आसामियान किश्तकारी से काम करते और उसकी ज़मीन के
एवज़ में कुछ बतौर नक़दी या ग़ल्ला देते हैं इन लोगों को इस्तहक़ाक़
क़ब्ज़े का नहीं आता और न वह दावा मुआवज़े का करसक्ते हैं बजुज़ अ
पनी खड़ी फ़स्ल और तैयारी ज़मीन के जो तरद्दुद आइन्दा के वास्ते की
हो इस बात पर भी लिहाज़ रहे कि मौरूसी असामी जो लगान मुक़र्रर
पर अराज़ी लेता है उस असामी से मुमताज़ होता है जो आस पास की

औसत शरह के हिसाब लगान अदा करता है अगरचे इन दोनों को इख्ति-
यार कबज़ा दवामी का हासिल है लेकिन मौरूसी की कदर व निसबत
दूसरे के ज्यादा होती है क्योंकि वह तो अपनी महनत का फ़ायदा दूसरी
ज़मीन से भी हासिल कर सक्ता है लेकिन दूसरे को बग़ैर देने ज़र पेश-
गी के वह इस्तहकाक हासिल नहीं हो सक्ता ✤

दफ़ा २२ अगर आपुस में तसफ़िया न हो सके और मालिक पंचा-
इत कराने पर मुसिर हों तो चाहिये कि हर एक शख्स जो इस ज़मीन
में किसी तरह का इस्तहकाक रखता हो पंचों से इस बात की दरख़ास्त
करे कि वह अपने फ़ैसले में हर एक हक की कीमत तजवीज़ करें जब
कोई मुकद्दमा ऐसा उठे कि उसमें ज़र मुआविज़ा या कीमत की तकरार
नहो बल्कि तकरार इस बात की हो कि जो मुआविज़ा तजवीज़ किया
गया है वह किस किस शख्स को मिलना चाहिये तो तरफ़ैन को हिदाय-
त अदालत दीवानी की की जायगी ✤

दफ़ा २३ मुआविज़े का तसफ़िया ख़ाह पंचाइत के ज़रीए से
किया जाय ख़ाह बिला पंचाइत अगर कबज़े की बाबत कुछ तकरार
हो या लोग आपुस में ज़र मुआविज़ा से हिस्सा पाने की निसबत झगड़ा
करें तो ज़र मुआविज़ा अमानत में जमा रहैगा ता वक्तेकि मुतख़ासमी-
न अपने दआवी को अदालत से फ़ैसल करावें लेकिन मुहालात मु-
श्तरका में अक्सर ऐसा होगा कि ज़मीन के लिये जाने से शुरका के मा-
बैन कमी व बेशी ज़मीन की होगी और ऐसी सूरत में बमूजिब दफ़ा
८ हुक्म गवर्नमेन्ट नम्बरी ५६६ मवर्रिखे १५ फरवरी सन् १८४८ ईसवी
इस बात की तजवीज़ करनी लाज़िम पड़ेगी कि आया कुल मुहाल की
तकसीम जदीद अमल में आवे या न आवे और ऐसे मुकद्दमों में भीज-
ब तक साहब कलक्टर फ़ैसला करें ज़र मुआविज़ा जो तजवीज़ हो चुका
हो अमानत में जमा रहैगा लेकिन इन मरातिब के फ़ैसल होने तक और
मदारिज को जिन्हें साहब कलक्टर ख़ुद तजवीज़ करेंगे मुलतवी रख-
ना ज़रूर नहीं ✤

दफ़ा २४ मुहालात व कतआत ज़मीन की निसबत जो लाख़ि-
राज हों चन्द मदारिज को याद रखना ज़रूर है याने बाज़े सिर्फ़ काबि-
ज़ की हयात तक लाख़िराज होते हैं और बाज़ दवाम को अलावा उ-
सके बाज़ मुआफ़ीदार सिर्फ़ जमा सरकारी के मुस्तहक हैं और बाज़ों को

[illegible] और क़बज़ा ज़मींदारी वक़्त बन्दोबस्त तसलीम हो गया है औ कोई कोई ज़मीन ऐसी मुआफ़ नहीं है लेकिन मुक़र्ररी है याने उस पर सरकार ने किसी क़दर जमा मुआफ़ की है ✦

दफ़ा ७४ इस क़िस्म के मुआफ़ीदारों और मुक़र्ररीदारों के सिवाय औ-र ज़मींदारों व काश्तकारों के साथ तरीक़ मुआविज़ा का तरीक़ वही है जो मुताल्लिक़ मालगुज़ारी के नामे है और क़िस्म मज़कूर के मुआफ़ीदारों और मुक़र्ररीदारों को अलावा तरफ़ीफ़ उन के हिस्सा की जमा के दस रुपया सैकड़ा या और कुछ व एवज़ मुनाफ़ा के उसी तरह मिलैगा जैसा उस सूरत में मिलता जब वह सरकारी मालगुज़ार होते और ज़मींदारों और काश्तकारों को सिर्फ़ व एवज़ नुक़सान फ़स्ल व क़बज़ व दख़ल के मुआविज़ा मिलता है ✦

दफ़ा ७५ गवर्नमेन्ट को मंज़ूर है कि मुआफ़ीदार का मुआविज़ा बजाय ब-तक़सीम याने सालाना के यकमुश्त ज़र नक़द तजवीज़ हुआ करे इस वास्ते ज़रूर है कि ज़मीन के लिये जाने से जिस क़दर नुक़सान जमा का हो उस के नक़द एवज़ाना का वाजबी तख़मीना होवे जो मुआफ़ीदार कि सिर्फ़ मु-स्तहक़ जमा का है उसको इस तख़मीने से ज़्यादा न मिलैगा और यह ज़र नक़द मुआफ़ी हीन हयात के वास्ते कम होगा व निसबत उसके जो मुआ-फ़ी दवामी के एवज़ में दिया जाय जो मुआफ़ीदार कि व इस्तहक़ाक़ ख़ुद ज़मींदार भी है वह मुस्तहक़ पाने क़ीमत अपने हक़ मुआफ़ी और ज़मीं-दारी दोनों का होगा और इसी तरह मुक़र्ररीदार मुस्तहक़ पाने एवज़ाना [illegible] का होगा जो ज़मीन मातूज़ा के वाजबी और मुक़र्ररी ज-मा के दरमियान हो और अगर वह मालिक भी है तो मिल्कियत का भी मुआविज़ा पावैगा मुआफ़ीदारान ख़ारिज के साथ और इन लोगों के साथ जिनकी ज़मीन [illegible] ज़ब्त हो कर निस्फ़ जमा पर बन्दोबस्त हुआ है मुआविज़ा का तस्फ़िया करने में लाज़िम है कि उनकी ज़मीन ऐसी [illegible] जाय कि बन्दोबस्त आइन्दा पर उसकी जमा तरमीम हो सकैगी और उसी मुताबिक़ मुआविज़ा तजवीज़ हो ✦

दफ़ा ७६ मकान और दरख़्त वग़ैरा का मुआविज़ा हस्बुलइमकान [illegible] होना चाहिये वास्ते व इत्तिफ़ाक़ पंचायत जब कोई म-कान [illegible] पड़े तो लाज़िम है कि मलबा उठा लेजाने के वास्ते मालि-क को [illegible] की [illegible] मिले और अगर मलबे की क़ीमत तजवीज़

हो चुकी हो तो उसी क़दर मुआविज़ा मे वज़ा हो जाय अगरचे इलाक़ नज़ूल के वास्ते किसी को मुआविज़ा न मिलैगा मगर ताहम उसकी क़ीमत का तख़मीना होकर लिख लिया जायगा लेकिन उस मकान व बाग़ की बाबत अलबत्ता मुआविज़ा दिया जायगा जो आराज़ी नज़ूल पर किसी शख़्स ने ब सर्फ़ ख़ुद नेक नीयती से तामीर किया हो जहां आराज़ी नज़ूल पर बाज़ार ख़्वाह गंज मे दूकानात वाक़े हों मालिकों को दूकान की बाबत और मुहाल के ज़मींदारों को महसूल पर जोट ख़्वाह महसूल ज़मीन आबादी के वास्ते मुआविज़ा मिलैगा ब शर्ते कि ज़मींदार उस महसूल को हमेशः से पाते रहे हों दरख़्तों और बाग़ीचों के मालिकान हक़ीक़ी को भी ब क़दर तख़मीने के मुआविज़ा मिलैगा लेकिन ख़ुदरो और ऐसे दरख़्तों की बाबत जो बाग़ ला वारिस कहलाते हैं और बसबब ला वारिस व मरजाने उन लोगों के जिन्हों ने या जिनके मूरिसों ने वह दरख़्त लगाये हों मिल्कियत ज़मींदारों की हो जाते हैं बनकर या फलकर की क़ीमत का तख़मीना हो कर मुहाल के जमीअ शुरका को मुआविज़ा दिया जायगा इल्ला उस सूरत में कि दरख़्तान मज़कूर बरज़ामन्दी हमदीगार ख़्वाह अज़रूय बटवारा किसी ख़ास हिस्सेदार या हिस्सेदारों के हिस्से में हों जब कोई भील सड़क आहनी में आजाय तो यही क़ायदा जलकर के वास्ते भी मरई रखना चाहिये +

दफ़ा २८ मंदिर वग़ैरा मआबिद जो सड़क आहनी के वास्ते ज़रूर गिराने पड़ें उन की निसबत रपोर्ट अलाहिदा करनी और हुक्म भी जुदा मंगाना चाहिये +

दफ़ा २९ जब दआवी का वाजबी तसफ़िया होशियारी और उजलत के साथ हो चुके तो उसी क़दर उजलत से रपोर्ट और दरख़्वास्त करनी लाज़िम है जिस वक़्त किसी मुहाल या मौज़े का तसफ़िया अमल में आचुके उसी वक़्त तहसीलदार को चाहिये कि साहब कलक्टर के हुज़ूर में एक मुकम्मिल कैफ़ियत इरसाल करे और जिस वक़्त तहसीलदार मज़कूर के इलाक़े का फ़ैसला हो जाय साहब कलक्टर दस्त ब नक़शा मुअय्यन साहब कमिश्नर के पास रपोर्ट भेजैं रुपया के दिये जाने में तवक़्क़ुफ़ होना मुनासिब नहीं और साहब कलक्टर पर लाज़िम होगा कि जिस वक़्त साहब कमिश्नर के पास रपोर्ट भेजें इस बात की तसदीक़ करें कि कुल दआवी का तसफ़िया हो गया है या रुपया दे दिया गया है या तकरार

के मुक़द्दमों में शामिल है +

दफ़ा ३० तहसीलदार की सार्टीफ़िकट जो मालिक से बवक़्त दि-
ये जाने रुपये के ले ली जायगी और राज़ीनामा यह दोनो मिसिल में शा-
मिल रहने चाहियें +

दफ़ा ३१ बाज़ जगह ज़रूरत इस बात की भी होगी कि आइन्दा
बाबत उस ज़मीन के जो महसूल आमदनी के खास हाल में आवे और भी
में ली जाय पस चाहिये कि उसकी निस्बत भी यही तरीक़ जारी रहे और
जुदी मिसिल मुरत्तब की जाय +

दफ़ा ३२ अगरचे ग़ालिब नहीं है लेकिन मुमकिन है कि जो ज़-
मीन अब तहत आमदनी के वास्ते ली जाती है उस में से किसी वक़्त थोड़ी
बहुत छोड़ दी जाय ऐसी सूरत में लाज़िम होगा कि ज़मीन मतरूका की
नयी तशख़ीस बतौर बन्दोबस्त सरसरी अमल में आवे जबकि ज़मीन
मतरूका किसी मुआफ़ी या मुकर्री मुहाल का जुज़्व हो तो मुआफ़ी-
दार या मुकर्रीदार जो ज़र मुआविज़ा ले चुका है उसको ज़मीन मज़-
कूर वापस मिलेगी ब शर्ते कि एक मीआद मुऐयना में मुआविज़ा वाप-
सी मक़दूर उसको फेर दे +

दफ़ा ३३ साहबान कमिश्नर को चाहिये कि जिस कलक्टर के
इलाक़े में यह काम शुरू होवे उससे कारर्वाई का माहवारी खुला-
सा मंगाया करें ता वक़्तेकि यह काम इस दर्जे को पहुंच जाय कि हु-
क्काम मातहत से फिर कुछ इलाक़ा न रहे +

रजिस्टर नम्बर १
बाबत आराज़ियात मालगुज़ारी

[illegible]	मुहाल	मौज़ा	[illegible]	बन्दोबस्त का नम्बर	रक़बा व हिसाब बीघा व बि-स्वा व बिसवान्सी	ज़मीन की नियाफ़्त [illegible]	किसके क़बज़ा व काश्त में है							कैफ़ियत
							मालिक मुद्दआ का नाम	लगान व हिसाब शरह आसामीवार	मिनहाईदार का नाम	लगान व हिसाब शरह आसामीवार	मौरूसी आसामी का नाम	ग़ैर मौरूसी आसामी का नाम	लगान नाक़ई	
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५

फ़ायदा

खाना नम्बर ६ में उस बीघे के मुताबिक़ रक़बा लिखना चाहिये जो बंदोबस्त के वक़्त क़रार पाया हो ✤

खाने नम्बर ७ में लिखना चाहिये कि आया ज़मीन मज़रूआ है या क़ाबिल ज़िराअ़त है या ओफ़्तादा जदीद है या ओफ़्तादा क़दीम है या ग़ैर मुमकिनुलज़िराअ़त है और अगर मज़रूआ हो तो उस पर क्या फ़स्ल है ✤

खाना नम्बर ८ में उस मालिक का नाम लिखना चाहिये जिसके क़ब्ज़े में ज़मीन बतौर सीर हो ✤

खाने नम्बर १० में उस काश्तकार का नाम दर्ज करना चाहिये जो गांव के रवाज के मुताबिक़ बिला अदाय लगान क़ाबिज़ हो मसलन गांव का पुजारी या पेशःवर या गुड़इत ✤

खाने नम्बर १४ में अगर बटाई या बावली की रू से लगान वसूल होती हो तो उसकी क़ीमत अज़रूय तख़मीना नक़दी में लिखनी चाहिये ✤ बनज़र सहूलत चाहिये कि अव्वल आराज़ी मज़रूआ और क़ाबिल ज़िराअ़त दर्ज की जाय बाद अज़ां ओफ़्तादा जदीद तब ओफ़्तादा क़ाबिलज़िराअ़त और सब के पीछे ग़ैर मुमकिनुलज़िराअ़त ✤

रजिस्टर नम्बर २

बाबत मुहालात माफ़ मक़बूले सरकार

परगना	मुहाल	मौज़ा	तहसीलदार का क़ायम किया नम्बर	बन्दोबस्त का नम्बर	रक़बा बहिसाब बीघा व बिसवा व बिसवांसी	ज़मीन की क़िस्म मुफ़स्सल हाल	किसके क़ब्ज़ा व काश्त में है							नाम सिक्किम पट्ट		
							मालिक ख़ुद काश्त का नाम	तअल्लुक़ेदार मुक़द्दम या आसामीदार	नाम मिनजानिब दार	तअल्लुक़ेदार या मुक़द्दम आसामीदार	आसामी मौरूसी का नाम	आसामी ग़ैर मौरूसी का नाम	लगान नक़दी	नाम मुआफ़ीदार या मुन्तज़िम का	... का नाम	कैफ़ियत
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७

ख़ाने नम्बर १ से १४ तक की निसबत रजिस्टर नम्बर १ के क़ायदे पर लिखना चाहिये ॰

ख़ाने नम्बर १५ और १६ अगर मुआफ़ीदार या मुक़र्रीदार व दस्तहक़्क़ाक़ ख़ुद ज़मींदार भी है तो दोनों ख़ानों में एक ही नाम होंगे लेकिन अगर ज़मींदार कोई दूसरा शख़्स है तो मुआफ़ीदार या मुक़र्रीदार का नाम नम्बर १५ में लिखा जायगा ॰

अराज़ी मज़रूआ और क़ाबिल ज़िराअत और अोक़ादा जदीद और अोक़ादा क़ाबिल ज़िराअत और ग़ैर मुमकिनुलज़िराअत उस तरतीब से लिखनी चाहिये जैसा कि रजिस्टर नम्बर १ में हिदायत हुई है ॰

रजिस्टर नम्बर ३

बाबत मकानों और बाग़ीचों और दरख़्तों वग़ैरा ॰

परगना	मुहाल	मौज़ा	ताल्लुक़ेदार या ज़मींदार का नाम [illegible]	क़िस्म शय	मालिक का नाम	क़ाबिज़ का नाम	मुआवज़े की तादाद	रक़म सवाई कि मुहाल के मालिक को [illegible]	रक़म सवाई की क़ीमत	कैफ़ियत
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११

ख़ाने नम्बर ५ अगर मकान है तो लिखना चाहिये कि कच्चा है या पक्का और अगर दरख़्त हैं तो उनकी तादाद और यह बात कि आया ख़ुदरौ हैं या लगाये हुए और फल देते हैं या नहीं और अगर झील या तालाब है तो यह बात कि उस में क्या पैदा होता है *

ख़ाने नम्बर ६ रक़ूम सवाई की तादाद गांव के काग़ज़ात में लिखनी चाहिये लेकिन इस में रक़ूम नाजायज़ या ख़ुद ज़मींदारों की इख़्तिराअ की हुई शामिल नहीं *

रजिस्टर नम्बर ४

बाबत सार्टीफ़िकट हाय अशख़ास मुस्तहक़ मुआफ़िक़ा

परगना	मुहाल	मौज़ा	रजिस्टर व नम्बर		ना॰ मुआफ़िक़ा जिसको मिलना चाहिये	ना॰ मुआफ़िक़ा की तादाद	कैफ़ियत
			रजिस्टर	तहसीलदार का क़ायम किया नम्बर			
१	२	३	४	५	६	७	८

इश्तिहार

रिफ़ानिव डिपार्टमेन्ट २१ नवम्बर सन १८५५ ईसवी

नम्बर ३५५० ∆ क़ायदे जो ज़ैल में छपे हैं वह सरिश्ते माल और महकमे

नहरों के अहलकारों के लिये दस्तूरुलअमल क़रार दिये गये सो उन के मु-
ताबिक़ उस वक़्त अमल करना चाहिये जब मिलजानिब मालिक या
काश्तकार आराज़ी इस शिकायत से दरख़ास्त गुज़रे कि हमारी आसामी
के रक़बे में किसी क़दर आराज़ी सैलाबी या और वजह से कट गई और
इसी सबब से नुक़सान हुआ सबब यह है कि सैलाबी मज़कूर कुल्लि-
यतन सरिश्ते नहर के अहलकारों की हरकत से हुई या किसी क़दर नु-
क़सान उनकी हरकत के बाइस वक़ूअ में आया ऐसी सूरत में जब स-
रिश्ते नहर के अहलकारों की तजवीज़ से दावे की निसबत फ़ैसला सा-
दिर न हो सके और सरिश्ते माल से दरख़ास्त गुज़रने पर मुआमले से अ-
हलकार माल को इत्तिला होवे उस वक़्त साहब कलक्टर और सरिश्ते न-
हर का अहलकार मुतअल्लिक़ बइत्तफ़ाक़ तहसीलदार इस बात को तज-
वीज़ करेंगे कि मालिक का किस क़दर नुक़सान हुआ है और वह दोनों
अहलकार इस बात की तहक़ीक़ करेंगे कि सरिश्ते नहर के अहलकारों की
हरकत के बाइस किस क़दर नुक़सान हुआ और किस क़दर मुआवज़े
का मुतालबा नुक़सान की बाबत सरिश्ते नहर से होना वाजिब है

अगर इन दोनों अहलकारों में इन उमूर की निसबत इख़्तिला-
फ़ वाक़ै हो तो अहलकार सरिश्ता नहर एक कैफ़ियत मुफ़स्सिल लिखकर
काग़ज़ात मुआमला को सपरिन्टेन्डेन्ट नहर हाय ममालिक मग़रबी के
पास भेजेगा और साहब कलक्टर व एतवार सरिश्ते माल जैसा मामूल है
अमल करेगा और अगर साहब मौसूफ़ साहब सुपरिन्टेन्डेन्ट की तज-
वीज़ से मुत्तफ़िक़ न हों तो साहब कलेक्टर साहब सुपरिन्टेन्डेन्ट से दरख़ा-
स्त करेगा और साहब सुपरिन्टेन्डेन्ट व ग़रज़ सदूर हुक्म सरकार मुक़द्द-
मा को सरकार में भेज देगा ॥

ऐसे तहसीलदार इस बात की दरयाफ़्त के लिये मुक़र्रर हैं कि आराज़ी
या पैदावार आराज़ी की निसबत उस क़दर नुक़सान हुआ है या न-
हीं कि जमा में से किसी क़दर मुआफ़ होवे चुनांचे उन क़ायदों की द-
फ़आत में जो ऊपर लिखे हैं यह तहसीलदार कि वह अम्र अव्वल से ग़ैर मु-
तअल्लिक़ हैं मुतलक़ वास्ता न रक्खेंगे बल्कि इस अम्र सानी की निसबत
मालूमात बज़रिये ख़ुद आबिना तजवीज़ करके व रिआयत उन क़ाय-
दों के जो सरिश्ते माल में मुरव्वज हैं अपनी कैफ़ियत मुरसिल करेगा

तमहीद

बाद सदूर इश्तिहार मुन्दर्जेवाला हुक्काम बोर्ड ने व वजह इसके कि साहव कमिश्नर देहली अपनी चिट्ठी में लिखता है कि उन क़वायद की तामील जिनमें हुक्म है कि तनकीह तादाद और वजूह नुक़सान की बिलइश्तिराक मारफ़त कलक्टरान और ओहदेदारान नहर के होगी दुश्वार मालूम होती है इसी बाब में गवर्नमेन्ट से इस्तिफ़सार फ़रमाया और हुक्काम मौसूफ़ीन ने अपनी चिट्ठी इस्तिफ़सारी में यह लिखा कि जल्द तर दावे का तसफ़िया और मौक़े पर जाकर तहक़ीक़ात करना एक अम्र निहायत ज़रूरी है और यह कि बदानिस्त बोर्ड अगर हस्ब तजवीज़ एजरटन साहव कलक्टर देहली के ऐसे दआवी का फ़ैसला फ़लक्टर से मुतअल्लिक़ रहे तो कुछ क़बाहत नहीं है इल्ला कलक्टर को मुनासिब है कि हर एक दावे का ख़ुलासा अंगरेज़ी जल्द तैयार करके अहलकार नहर के पास अगर वह नज़दीक या हाज़िर हो भेज देवें और मअन अहलकारान ज़िला को हिदायत करें कि वह लोग बक़दर इहतियाज अहलकार नहर की मदद करें और यह कि अहलकार नहर ब फ़ासले दूर व दराज़ मौजूद हो ताहम उसको दावे से जल्द तर इत्तिला देनी मुनासिब है और अहलकारान ज़िला को हुक्म देना चाहिये कि ब इन्तिज़ार मुराजअत अहलकार नहर के पहिले से तहक़ीक़ात इब्तिदाई बक़दर ज़रूरत के कर रक्खें ✦

चुनांच उस चिट्ठी के जवाब में गवर्नमेन्ट ने हुक्काम बोर्ड को यह लिखा कि तरीक़े मुतज़क्किरे बाला की तामील से कुछ क़बाहत लाज़िम न आवेगी और यह कि उम्दा ग़रज़ यह है कि अहलकार नहर को फ़ौरन दावे की इत्तिला होनेसे तामील अहकाम इश्तिहार साबिक़ ब आसानी अहलकार मौसूफ़ की मारफ़त हो सके मगर साहव कलक्टर को चाहिये कि बरवक़्त तरसील इत्तिला दावे के इब्तिदाय तसफ़िया मुक़द्दमा का अहलकार नहर ही की राय पर मुन्हसिर न करे ✦

तितिम्मा नम्बर २४

मुतअल्लिकै दफ़ा २२५

वाहाम्त मजरिये गवर्नमेन्ट

दफ़ा १ मुन्दर्जे आईन नहुम सन १८३३ ईसवी के वक़्त जो अहकाम मातहतों के मुन्कशिफ़ हुए बहुत मुनासिब है कि यकजा करके फ़ायदे ख़ास व आम के वास्ते छापे जांय इसका मक़सद महज़ तरक़्क़ी कारगुज़ारी सीग़ह इन्शा हर ज़िले की तवारीख़ सरकारी मालूम होगी और जिनमें मरातिब ज़िला की ख़ासियत और इन्तिज़ाम की कार रवाई के वास्ते अहलकारान सरकार को दरयाफ़्त करने चाहियें मुन्दरिज होंगे ॰

दफ़ा २ हर ज़िले के वास्ते एक जिल्द अलाहिदा हो ॰

दफ़ा ३ हर जिल्द के तीन हिस्से होंगे पहिला हिस्सा अहवाल दूसरा नक़्शा तीसरा नक़्शजात मुतअल्लिके जुग़राफ़िया ॰

दफ़ा ४ हिस्से अव्वल याने अहवाल में मरातिब ज़ैल लिखेजांयगे कुल ज़िले की कैफ़ियत ख़ास मै हुदूद और क़ुदरती अलामतों के और हाल पैदावारी का और तवारीख़ क़ब्ल और बाद अमलदारी सरकार को जिस क़दर दरयाफ़्त हो सके और यह कि हुदूद हाल किस वक़्त मुअय्यन हुई और दीवानी व फ़ौजदारी व माल के इलाक़े में क्या क्या तग़य्युरात वाक़े हुए फिर साहबान जज व कलक्टर और मजिस्ट्रेट की फ़िहरिस्तें और जिन तारीख़ों में ओहदे पाये लिखे जांयगे अलावा इसके जो ख़ास तदबीरात जारी हुई हों मसलन इसपेशल कमिश्नर क़ानून अव्वल सन १८२१ ईसवी या मुआफ़ी के डिपटीकलक्टर या कमिश्नर क़ानून ३ सन १८२८ ईसवी और तारीख़ उनके दफ़्तर की लिखी जायगी और जिस वक़्त किसी तरीक़े में कुछ तबदील न हुई हो जैसे कोर्ट अपील का इख़्तियार बन्द होना और मुक़द्दमात फ़ौजदारी की तजवीज़ का इख़्तियार सिशिन जज से मुतअल्लिक़ होना इसकी तारीख़ भी लिखी जायगी ॰

दफ़ा ५ फिर ज़िले की क़िस्मतें लिखी जांयगी याने परगनात व तअल्लुक़ात थानजात मुन्सफ़ियां नक़्शा इनका व सहूलत बाब अहवाल के परगनों में मुन्दरिज हो सक्ता है और परगनात इस तरतीब से चाहियें कि उत्तर और पच्छिम के कोने से शुरू हों और पूरब और दक्खिन की तरफ़ सिलसिला बसर चले जांय और रक़बा और जमा और मरदुमशुमारी भी मुन्दरिज हो ॰

दफ़ा ६ इन मरातिब आम के बाद मरातिब मुफ़स्सिल परगनः

वार इस तौर से लिखे जांय कि नक्शा की तरतीब मलहूज़ रहे ✣

दफ़ा ७ हर परगने की तवारीख मुतअल्लिके माल मुन्दरिज होगी और जमा साबिक़ का मुक़ाबला जमा हाल के साथ किया जाय अगर शुरूअ अमलदारी से जमावासिलवाक़ी बन सके तो बहुत तोज़ीह होगी यह कागज़ सन् १८४० ईसवी और ४१ ईसवी तक फ़सलीसाल के हिसाब से बनाया जाय बाद उसके जिस साल से फिर जितनी रक़ूमात ग़ैर मुमकिनुलवसूल होने के बाइस इब्तिदा से मुआफ़ हुई उन की भी याद्दाश्त और जिस साल की बाबत मुआफ़ हुई और जिस साल हुक्म मुआफ़ी का हुआ लिखा जाय ✣

दफ़ा ८ मिल्कियत ज़मीन के अक़साम की कैफ़ियत और इख्तियाज़ व सेहत मुमकिन और खेती करने वालों की बाबत जो खासियतें हों मसलन क़ौम और हाल ज़माने माज़ी व हाल का और शरीफ़ और रज़ील होना और रवैया उनका लिखा जायगा ✣

दफ़ा ९ बड़े शहर और बड़े क़सबात का ज़िक्र और उन की मिक़दार और महासिल और इब्तिदाय आबादी और अगले पिछले हालात और यह कि आइन्दा उम्मैद तरक़्क़ी की है या तनज़्ज़ुल की लिखा जाय ✣

दफ़ा १० अगर कोई मुक़द्दमा या मुआमला नम्बरदार हो वह भी ज़िक्र किया जायगा और किसी इलाक़े मुस्ताजरी या तअल्लुक़ादारी का मौक़ूफ़ होना और खानदान क़दीम और अहल इख्तियार का तनज़्ज़ुल या नये खानदान की तरक़्क़ी इस्तीगन्न कमीशन का जो कुछ असर हुआ हो और माल और दीवानी के इन्तिज़ाम की तासीर आम जब मालूम हो कि उसके सबब मिल्कियत एक क़िस्म लोगों के हाथ से दूसरी क़िस्म की तरफ़ मुन्तक़िल हुई मुन्दरिज हो ✣

दफ़ा ११ हत्तुलइमकान पिछले बन्दोबस्त की कैफ़ियत मुफ़स्सिल लिखी जायगी याने कब शुरू और कब खत्म हुआ और किस के एहतमाम में और किस क़ायदे पर और फिर किस तरह चला बन्दोबस्त की रपोर्टें तितिम्मा में मुकम्मिल छापी जायगी ✣

दफ़ा १२ इल्म की कैफ़ियत लिखी जायगी याने मकतबों और तालिब इल्मों की तादाद और यह कि तालिबइल्म क्या पढ़ते हैं और मुअल्लिम क्या पाते हैं ✣

दफ़ा १३ जो ज़मीनें तरक़्क़ी के मौजूद हैं मुन्दरिज हों याने नदी जिसे आबपाशी या किश्ती का चलना किसी तदबीर से मुमकिन है और नई सड़क के बनाने से बाज़ार की आबादी मुतसव्वर है और कहीं तालाब या हौज़ या बन्द बनाना या झील से पानी निकालना ज़रूर है ✦

दफ़ा १४ तहक़ीक़ात लिखना चाहिये कि मरातिब बाला किताबों में शामिल हुए या काग़ज़ात सरकारी या ख़ुद अपनी दरयाफ़्त से ✦

दफ़ा १५ दूसरा हिस्सा याने नक़्शा इस में हर परगने के कुल देहात मुआफ़ी और ख़ालसा लिखे जांय कोई दक़ीक़ा न रहजाय इस तरह पर कि तफ़सील की मीज़ां कुल परगने की मीज़ां से मुताबिक़ हो तरतीब हरूफ़ तहज्जी पर हो और अंगरेज़ी में नाम बमूजिब क़ायदे नक़्शे १ १ हिदायतनामा बन्दोबस्त के सिलसिला नम्बर १ पर रुजू चाहिये ✦ ज़मीनों के लिखाजाय इन नक़्शाजात का क़ायदा यह है कि ज़मीन रक़बात तफ़सीलवार मुन्दरिज हों और मीज़ानें जो इन तफ़सीलों से हासिल होती हैं व लगाई जांय रक़्मात अफ़सर बन्दोबस्त के जनरल स्टेटमेन्ट याने नक़्शे आम से अख़ज़ की जांय इन नक़्शों की तरतीब में बहुत एहतियात दरकार होगी क्योंकि अगर सहीह नहीं तो बिलकुल नाकारा हैं तरतीब में ख़ास फ़ारसी हरूफ़ पर लिहाज़ हो याने जब दो नामों का पहिला हर्फ़ एक हो तो दूसरे हर्फ़ पर और अगर दो हर्फ़ एक हों तो तीसरे हर्फ़ पर लिहाज़ किया जाय अहल हिन्द इसको कमतर समझते हैं ✦

दफ़ा १६ मुनासिब है कि नक़्शाजात अव्वल उर्दू बनें फिर अंगरेज़ी में तर्जुमा हों ✦

दफ़ा १७ तीसरा हिस्सा नक़्शाजात जुग़राफ़िया और यह हिस्सा परगनः व ज़िला के नक़्शाजात से मुरक्कब होगा ✦

दफ़ा १८ परगनात के नक़्शे एक इंच फ़ी मैल के अन्दाज़े से बनाये जायंगे और उन में हर गांव की हदें और मौक़े आबादी और राहें और नदियां मुन्दरिज होंगी ✦

दफ़ा १९ ज़िले के नक़्शे एक इन्च फ़ी चार मैल के अन्दाज़ पर मुरत्तब होंगे और जितने देहात अढ़ाई सौ घर से ज़्यादा के हों

उनका मौक़ा और नाम मुन्दरिज होगा और जितने छोटे और देहात मुमकिन हों तहरीर के तरीक़े से गांव की मिक़दार और मौक़ा और ख़ासीयतें मालूम होंगी सड़कें और नदियां मुन्दरिज होंगी क़िस्मतें और रंग परगनावार हों ❖

दफ़ा २० इसके सिवाय तीन नक़्शे होंगे जिनमें सिर्फ़ परगना और बड़े क़सबात मुन्दरिज होंगे और उनके रंग तहसीलवार और थानावार और मुन्सिफ़ीवार अलाहिदा अलाहिदा हों जहां परमट की सरहद हो वहां तक और नक़्शा हो जिससे परमट की हद और चौकी और इलाक़ा जाना जाय ❖

दफ़ा २१ यह नक़्शे बवजह अहसन छापे जायंगे और हर ज़िले की अलाहिदा जिल्द बनेगी ❖

तफ़सील तरीक़े तहरीर

जो गांव अढ़ाई सौ घर से कम हो	Agra
अढ़ाई सौ से हज़ार तक	Agra
हज़ार से दो हज़ार तक	Agra
दो हज़ार से ऊपर	AGRA
थाना	♁
तहसीलदारी	⊕
कचहरी मुनसिफ़ी	-○-
चौकी पुलिस	♁
खुली चौकी परमट की	♁
बाज़ार बक़ैद दिन के	M F — मौक़े के नीचे बतौर अलामत बाज़ार के पहिले हरफ़ लिखे जांय ❖
क़सबात या परगने का मुक़ाम	II
मुक़ाम सदर ज़िलअ	⚑
डाक घर	♁
डाक चौकी	♁
क़िलअ	□
उनमें से जो बाज़े एक जगह हों	II
पगडंडी	⁓
गाड़ी की राह	⁓

नक़शा रजिस्टर देहात परगने फ़लां ज़िले फ़लां

नम्बर परगना	गांव का नाम उर्दू में	गांव का नाम व खत्त अंगरेज़ी	बन्दोबस्त की जमा कामिल	कुल रक़बा व कैद एकड़	ज़मीन मुआफ़ी बकैद एकड़	रक़बा खिराजी बकैद एकड़ — मज़रूआः — आबपाशी	रक़बा खिराजी बकैद एकड़ — मज़रूआः — ग़ैर आबपाशी	रक़बा खिराजी बकैद एकड़ — क़ाबिल ज़िराअत	मरदुम शुमारी सन १८ ईस्वी — हिन्दू — मज़ारे	मरदुम शुमारी — हिन्दू — ग़ैर मज़ारे	मरदुम शुमारी — मुसलमान — मज़ारे	मरदुम शुमारी — मुसलमान — ग़ैर मज़ारे	कैफ़ियत
१	अकबरपुर		६००)	७००	२०	१४५	६५६	५०	२००	५०	४४	३६	
२	सोसरी		६००)	६००	६०	२००	६८४	६०	१७८	१६	१०१	२४	
३	औमरी		१४००)	२०००	७८	६५६	१२४५	१५०	६२३	६८	२१३	१७	२—१
४	दौलतगंज		५००)	५००	२३	१४८	२३५	१२०	२३	६	२०६	३४	
५	डोमरी		८००)	७००	३२	२८३	६००	६२	१६२	४१	६७	२०	४
६	रोबन		४६६)	६४२	४५	१५७	८१०	३६	२०६	१६	००	७	
७	रचनी		५००)	५६७	१५	६८	३२१	१४	१०५	४३	५६	२	
८	सगरौढ़ः		२६४५)	३४००	७६	१४५०	१५६२	१४८	१४३२	५६	८५	००	
९	सैनपुर		३४८१)	३२६६	३५	७६०	१२१८	२४५	१०४०	२५	००	००	
१०	शुजाअतपुर		५००)	६८१	६८	६६	४०२	१२१	२००	१६७	५४	४१७	
११	कड़वारा		६००)	४५६	५४	१०२	२२१	२७	२१६	३०	७४	००	
१२	गौरी		६००)	२६७	८	१०५	४५	३८	७८	४०	२०	२६	२

डिपटी कलक्टरों को इख़्तियारात ख़ास मुन्दर्जे दफ़ा २० क़ानून ७ सन १८२२ ईसवी और क़िस्मत बनारस के साहबान कलक्टर और डिपटी कलक्टरों को इख़्तियारात ख़ास मज़कूर दफ़ा २ क़ानून ९ सन १८२५ ईसवी के मरहमत फ़रमाते हैं ॰

२ जमीअ हुक्काम माल को चाहिये कि दफ़आत कैल की तरफ़ जिन से इख़्तियारात मज़कूरे बाला का हाल और इस्तेमाल का तरीक़ा वाज़ह होता है मुतवज्जह हों ॰

३ इस फ़रमान से यह मुराद है कि साहबान कलक्टर को इख़्तियार हो कि ज़मीन के हक़ूक़ की फ़र्दें जो बन्दोबस्त के वक़्त तैयार करनी चाहिये थीं उसकी तकमील और जहां कहीं फ़र्दें मज़कूर ख़िलाफ़ वाक़े हों उसकी तसहीह करें ॰

